फाल्गुन, शुक्ल पक्ष 12, वर्ष 12, अंक 27, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

वाराणसी, शनिवार, 4 मार्च, 2023



# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : आईपीएल की तैयारी के लिए चेन्नई पहुंचे कप्तान महेंद्र सिंह धोनी



अन्दर : असम में बेदखली अभियान पर उठ रहे सवाल

डाक/ नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

## विस में समाजवाद पर बहस गरमाई, वॉकआउट

### 'समाजवाद' को लेकर योगी की समझ पर अखिलेश ने उठाया सवाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में समाजवाद पर योगी आदित्यनाथ की टिप्पणी को लेकर हंगामा मच गया। योगी ने समाजवाद को बीते दिनों 'पाखंडी' बताया था, जिसे लेकर शुक्रवार को नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने बहस की कोशिश की। सदन में बीजेपी विधायक सलिल विश्नोई के विशेषाधिकार हनन के मामले पर अदालती कार्रवाई की जानी थी, इस वजह से स्पीकर ने इस पर बहस से इनकार कर दिया, जिसके बाद अखिलेश ने अपनी पार्टी के साथ कार्यवाही से वॉकआउट कर दिया। उन्होंने योगी पर आरोप लगाया कि उन्होंने किसी और के भाषण को अंग्रेजी से हिंदी कर दिया।

**सपा का वाकआउट**

**सुरेश खन्ना बोले-सीएम योगी ने संविधान को कोट नहीं किया इसलिए इस बहस को लाना नहीं चाहिए, अखिलेश बोले-ये सरकार बाबा साहेब के संविधान के खिलाफ है**



बीते दिनों योगी आदित्यनाथ के समाजवाद को लेकर दिए गए बयान पर अखिलेश ने सत्ता पक्ष से सवाल किया था, जिस पर योगी की अनुपस्थिति में सुरेश खन्ना ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि योगी ने समाजवाद पर अपने विचार प्रस्तुत किए थे और इसके लिए उन्होंने संविधान का हवाला नहीं दिया था। हम संविधान का आदर करते हैं। खन्ना के जवाब से अखिलेश संतुष्ट नहीं हुए और उन्होंने सदन से वॉकआउट कर दिया। वॉकआउट से पहले अखिलेश ने कहा, 'हमारे देश को जो आजादी मिली है, इसके लिए न जाने कितनी कुर्बानियां देनी पड़ीं। जो अंग्रेज आए, न जाने कितनों को फांसी पर चढ़ा दिया।

नेता सदन (योगी) ने किस स्पीच का, किसकी स्पीच का हिंदी करके समाजवाद को समझाने की कोशिश की थी। मैं जानना चाहता हूं कि नेता सदन ने जो समाजवाद का पहाड़ा पढ़ाया सदन में, वो किसकी स्पीच थी? देश के किसी एक प्रधानमंत्री ने किस वजह से भाषण दिया था, उसका हिंदी करके आप समाजवाद हमें समझा रहे हो? बाबा साहेब का दिया संविधान, जिसकी भूमिका में समाजवाद है। हम जिसकी शपथ लेते हैं, उसके बारे में आपके ये शब्द हैं, ये विचार हैं? अखिलेश ने आगे भी कहा, 'ये अंग्रेजी में कहां से सीखकर समाजवाद आए थे। याद है जब नेता सदन दूसरे सदन में थे, न जाने कहां से समाजवाद की परिभाषा लेकर आए थे। किसकी अंग्रेजी हिंदी कर दी उन्होंने? मैं ये जानना चाहता हूं कि किसकी स्पीच थी? चूंकि नेता सदन योगी आदित्यनाथ वहां मौजूद नहीं थे, इसलिए उनकी ओर से संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'जो संविधान 26 जनवरी 1949 को आत्मार्पित किया गया था, उसमें ये शब्द नहीं थे। ये 3 जनवरी 1977 को एक संविधान संशोधन जोड़ा गया, उसमें ये शब्द बाद में आया लेकिन ये सही है कि संविधान में ये शब्द दिया हुआ है। उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में 11 दिन की कार्यवाही में सदन 36 मिनट के लिए स्थगित हुआ और 83 घन्टे 15 मिनट सदन की कार्यवाही हुई, विधानसभा स्पीकर सतीश महाना ने होली की शुभकामनाओं के साथ सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने की घोषणा की।

## कोयला कारोबारी के घर से तीन करोड़ कैश जब्त

**रांची।** निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। पूजा सिंघल के करीबी माने जाने वाले कोयला कारोबारी इजहार अंसारी और अशोक कुमार के 14 ठिकानों पर एऊने छापेमारी की है। एऊने इजहार अंसारी के हजारीबाग वाले घर से 3 करोड़ कैश जब्त किए हैं। अशोक कुमार जेएसएमडीसी के पूर्व प्रोजेक्ट डायरेक्टर हैं।राजधानी रांची के हरमू स्थित ब्लू सिप्रा अपार्टमेंट के साथ-साथ रामगढ़ और हजारीबाग में मनी लॉन्ड्रिंग को लेकर कई ठिकानों पर छापेमारी हुई है। एऊकी टीम अब भी कई घरों की तलाशी ले रही है।

इजहार अंसारी कोयले का बड़ा कारोबारी है। कई नेताओं और अधिकारियों के साथ इसके रिश्ते हैं। बताया जा रहा है कि हाल में ही इजहार अंसारी ने जमशेदपुर में एक बड़ी पार्टी

**कार्रवाई**

**पूजा सिंघल के 2 करीबियों के 14 ठिकानों पर ईडी की रेड**



दी थी। इस पार्टी में राज्य के कई वरिष्ठ अधिकारी और नेता भी शामिल हुए थे। अशोक कुमार सिंह को पूजा सिंघल का नजदीकी भी माना जाता है। कोल तस्करी से जुड़े कई कंपनियों के पते पर यह छापेमारी की जा रही है। अशोक सिंह की नियुक्ति जेएसएमडीसी में कॉन्ट्रैक्ट पर हुई थी। बताया जाता है कि निलंबित आईएएस पूजा सिंघल का संरक्षण इन्हें मिला हुआ था।







## अतीक के एक और करीबी पर गरजा बुलडोजर

**उमेश पाल हत्याकांड**

**माशूकउद्दीन प्रधान और कवी अहमद का मकान ध्वस्त, भारी फोर्स रही तैनात**



**प्रयागराज।** विधायक राजू पाल हत्याकांड के आरोपी कवी अहमद के सरायअकिल स्थित मकान को पीडीए ने बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। साथ ही माफिया अतीक के करीबी और गुर्गों को फंडिंग करने के आरोप में पुरामुफ्ती में असरौली के प्रधान माशूकउद्दीन के मकान को ध्वस्त कर दिया गया। मौके पर बड़ी सख्या में फोर्स तैनात है। कवि अहमद के मकान से आधा दर्जन अवैध कट्टा और तमंचा बरामद किया गया है। माशूकउद्दीन माफिया अतीक अहमद का बेहद खास है। यह उसके गुर्गों को फंड उपलब्ध कराता है। इस कार्रवाई से पूरे इलाके में हड़कंप मचा रहा। माशूकउद्दीन के साथ ही कौशांबी के भखंडा में राजू पाल हत्याकांड के आरोपी कवी अहमद के मकान पर भी बुलडोजर चलाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सामान को बाहर निकाला जा रहा है।

उमेश पाल और उनके दो गनर की हत्या के बाद सरकार किसी भी दशा में माफिया को माफ करने के मूड़ में नहीं है। बुलडोजर की कार्रवाई तेजी से चल रही है। पहले जपर का कान गिराया गया जो चकिया में है। इसी में अतीक की पत्नी बच्चों के साथ रहती थी। इसके बाद शूटरों को असलहा मुहैया कराने वाले सफदर अली के चकिया साठ फीट रोड स्थित मकान को गिराया गया। इसके बाद पुरामुफ्ती इलाके में असरौली में ग्राम प्रधाम माशूकउद्दीन के मकान को गिराया गया। साथ ही सरायअकिल कौशांबी के भखंडा में कवी अहमद के मकान पर बुलडोजर की कार्रवाई की जा रही है। विधायक राजू पाल हत्याकांड के आरोपी कवी अहमद के सरायअकिल स्थित मकान को पीडीए ने बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स के बीच कई जेसीबी और एक पोकलैंड मशीन लगाकर मकान को ध्वस्त कर दिया गया। माफिया अतीक अहमद के खास गुर्गे कवी अहमद के मकान के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से पहले घर के सामान को बाहर निकाला गया। इस दौरान आधा दर्जन अवैध तमंचे मिले। कवी अहमद का घर कौशांबी जिले में सरायअकिल थाना क्षेत्र में भखंडा गांव में है। कवी अहमद का नाम पूर्व विधायक राजू पाल हत्याकांड में आया था।

## सीबीएसई सीटेट का रिजल्ट घोषित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने शुक्रवार को केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा या सीटेट के दिसंबर 2022 सत्र के परिणाम की घोषणा कर दी है। परीक्षा में 9.5 लाख से अधिक उम्मीदवार क्वालिफाई हुए हैं। उम्मीदवार अपना स्कोर चेक करने के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर लॉग इन कर सकते हैं। सीबीएसई ने कहा कि सीटीईटी यानी सीटेट का परिणाम डिजिलॉकर पर भी उपलब्ध होगा।

**17 लाख से अधिक उम्मीदवारों ने कराया था रजिस्ट्रेशन**

इस बार सेंट्रल टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट यानी सीटेट दिसंबर 2022 के पेपर 1 के लिए कुल 17,04,282 उम्मीदवारों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिनमें से 14,22,959 ने परीक्षा दी थी और 5,79,844 उम्मीदवारों ने क्वालिफाई किया है। वहीं, पेपर 2 में, पंजीकृत उम्मीदवारों की कुल संख्या 15,39,464 है। उनमें से 12,76,071 परीक्षा में शामिल हुए और 3,76,025 ने क्वालिफाई किया है। उम्मीदवार अपने रोल नंबरों का उपयोग करके आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं।

## मिलावटी सरसों तेल से तीन की मौत

**दुखद**

**प्रयागराज में ड्रॉप्सी की एंट्री से मचा हड़कंप**

**चिकित्सा एवं स्वास्थ्य महानिदेशक ने मांगी रिपोर्ट**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में ड्रॉप्सी से तीन लोगों की मौत मामले में घरेलू सरसों के तेल में भटकटैया (आजीमोन) के बीज का अंश मिला है। अब घरेलू तेल में इसके मौजूद होने के कारणों की पड़ताल की जा रही है। इसके लिए आसपास के आठ सैंपल भी लिए गए हैं, जिसकी जांच रिपोर्ट आना बाकी है। दूसरी तरफ स्वास्थ्य महानिदेशालय ने पूरे मामले में मुख्य चिकित्साधिकारी से रिपोर्ट मांगी है।

प्रयागराज में ड्रॉप्सी से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत का मामला लखनऊ पहुंचा तो हलचल मच गई। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग सक्रिय हुआ। उप आयुक्त हरिशंकर सिंह ने प्रयागराज की सहायक आयुक्त (खाद्य) ममता चौधरी से रिपोर्ट तलब की। रिपोर्ट में बताया



गया है कि टीम ने मौके पर जाकर पड़ताल की। परिजनों ने बताया है कि वे खेत में तैयार सरसों की पेराई कराए थे। उसी तेल का प्रयोग करते रहे हैं। लेकिन, जब उनके घर में रखे तेल की जांच कराई गई तो उसमें आजीमोन पाया गया है। अब घरेलू तेल में आजीमोन आने के कारणों की पड़ताल की जा रही है। इसके लिए गांव से अन्य आठ घरों से सैंपल लिए गए हैं। इसकी जांच रिपोर्ट आने के बाद स्थिति साफ होगी।

इस पौधे को भटकटैया व भरभंडा भी कहते हैं। इसका बीज सरसों के बीज की तरह होता है। इसके मिलावट वाला सरसों का तेल खाने से ड्रॉप्सी बीमारी होती है। केजीएमयू के गैस्ट्रोलॉजिस्ट डॉ. अनिल गंगवार के मुताबिक ड्रॉप्सी में हाथ-पैर फूल जाते हैं। शरीर पर चकत्ते पड़ जाते हैं। रक्तचाप कम हो जाता है। लिवर प्रभावित होने से कई बार मरीज की मौत हो जाती है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. लिली सिंह ने बताया कि तीन लोगों की मौत मामले में प्रयागराज के सीएमओ से विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। विभाग की टीम ने मौका मुआयना किया है।

## भाजपा विधायक का पुत्र 40 लाख घूस लेते धराया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में गुरुवार को लोकायुक्त ने भाजपा विधायक मदल वीरुपक्षप्पा के बेटे प्रशांत कुमार को 40 लाख रुपए घूस लेते गिरफ्तार किया। प्रशांत की गिरफ्तारी पिता के बेंगलुरु स्थित कर्नाटक सोप एंड डिटर्जेंट लिमिटेड से दफ्तर से हुई। लोकायुक्त ने केएसडीएल दफ्तर और प्रशांत के घर पर छापा मारा तो 8 करोड़ कैश बरामद हुआ। गिनती करने के बाद अफसरों ने नोटों के बंडल बिस्तर पर रख दिए।

भाजपा विधायक मदल वीरुपक्षप्पा ने केएसडीएल के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि जिस टेंडर के मामले में बेटे ने घूस ली, उसमें मैं शामिल नहीं हूं। वीरुपक्षप्पा के इस्तीफे से पहले कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा था कि लोकायुक्त को दोबारा शुरू करने का मकसद राज्य में भ्रष्टाचार को खत्म करना था। लोकायुक्त अधिकारियों के

**कलंक कथा**

**ऑफिस-घर से 8 करोड़ रुपये कैश मिला, विधायक पिता ने कंपनी का चेयरमैन पद छोड़ा**

**प्रशांत ने 80 लाख घूस मांगी थी, लोकायुक्त बोले- बेटा और पिता, दोनों दोषी**

मुताबिक, प्रशांत कर्नाटक एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस के 2008 बैच के अधिकारी हैं। उन्होंने साबुन और अन्य डिटर्जेंट बनाने के लिए कच्चे माल को खरीदने की डील के लिए एक ठेकेदार से 80 लाख रुपए की डिमांड की थी। जिसके बाद ठेकेदार ने इसकी शिकायत लोकायुक्त से की थी। शिकायत पर लोकायुक्त ने प्रशांत को रंगे हाथ पकड़ने के लिए योजना बनाई। अधिकारी ने बताया कि केएसडीएल के चेयरमैन और भाजपा विधायक मदल वीरुपक्षप्पा ओर से ये रकम ली गई है। ऐसे में रिश्वत लेने के इस मामले में पिता और पुत्र दोनों आरोपी हैं।



**प्रशांत के पिता बोले- मैं किसी टेंडर में शामिल नहीं**

प्रशांत के पिता मदल वीरुपक्षप्पा कर्नाटक के दावणगेरे जिले के चन्नागिरी से विधायक हैं। उन्होंने कहा- मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। इसकी जानकारी मुझे मीडिया के जरिए मिली। इस बारे में मैंने अपने बेटे से बात नहीं की है, क्योंकि वह अब लोकायुक्त की कस्टडी में है। मैं किसी टेंडर में शामिल नहीं हूं।



बाबा के साथ गौरा मां की रजत पालकी यात्रा निकालते भक्त

## सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार को जारी किया नोटिस

**लखनऊ।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश निकाय चुनावों में ओबीसी कोटे से संबंधित मामले में ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर की याचिका पर नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि धारा 15 के अनुसार महापौर अपने पद पर बने रहने के हकदार हैं। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच ने नोटिस जारी करते हुए कहा कि मामले पर तीन हफ्ते बाद सुनवाई की जाएगी। सीजेआई ने बताया कि हम पहले ही निर्देश दे चुके हैं। आप कह रहे हैं कि महापौर नियम एस15 के तहत बने रहने के हकदार हैं? वहीं चीफ जस्टिस के पूछे जाने पर वकील ने कहा कि जी हाँ! इसी वजह से पहले मैंने एक हस्तक्षेप किया था और अब मैंने एक नई एसएलपी दाखिल की है। याद रहे कि

**निकाय चुनाव**

**तीन हफ्ते में मांगा जवाब, फिर होगी सुनवाई**

अखिल भारतीय महापौर परिषद ने कहा है जब यूपी में मेयर चुनाव नहीं होता है तब तक जो लोग मेयर बने हुए हैं, उन्हें काम काज करने दिया जाए। बेंच ने वकील कि दलील से सहमति जताते हुए उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी कर 3 हफ्ते में जवाब मांगा। याचिक में कहा गया है कि महापौर धारा एस15 के तहत वह मेयर बने रहने के हकदार हैं। गौरतलब है कि इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने यूपी में मेयर चुनाव पर ओबीसी आरक्षण के मामले में राज्य सरकार के रिपोर्ट आने तक चुनाव पर रोक लगा दी थी।

## हरियाणा के सीएम का बनाया मृत्यु प्रमाण पत्र !

### गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार, मनोहर लाल का दो फरवरी को बनाया था फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** हरियाणा के सीएम मनोहर लाल का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के वाले गिरोह का पुलिस ने शुक्रवार को पर्दाफाश किया है। पुलिस इस गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। हालांकि सीएम का मृत्यु प्रमाण बनाने के पीछे क्या राज रहा इस बात का खुलासा नहीं हो सका है।

चुर्क पुलिस लाइन सभागार में पत्रकार वार्ता के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने बताया कि गत 10 फरवरी को डाटा प्रोसेसिंग असिस्टेंट जन्म मृत्यु कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी मनोज कुमार ने पन्नूगंज पुलिस को सूचना दिया कि मनोहर लाल पुत्र हरवंश लाल के नाम से 2 फरवरी 2023 को मृत्यु प्रमाण पंजीकरण संख्या

**बड़ी कार्रवाई**

**जन्म मृत्यु आंकड़ा अनुभाग में स्टेट कोऑर्डिनेटर के पद पर तैनात संविदा कर्मी भी गिरफ्तार**

डी/2023.60339-000021 जारी किया गया है, जो पूर्णतः फर्जी है। एसपी डा. यशवीर सिंह के निर्देश पर एएसपी व सीओ सदर डा. चारु द्विवेदी के पर्यवेक्षण में मामले में पुलिस विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी में जुट गई थी। सूचना के आधार पर घटना में संलिप्त गिरोह के पांच सदस्यों प्रशांत मौर्या पुत्र रामरतन मौर्या निवासी हरैया, थाना कोतवाली शहर (आजमगढ़), मोनू शर्मा उर्फ शिवानंद शर्मा पुत्र उग्रनाथ मौर्या निवासी हरैया, पोस्ट भवरनाथ, थाना कोतवाली शहर (आजमगढ़), अंसार अहमद पुत्र स्व.



पकड़े गए गिरोह को पत्रकारों से रूबरू कराते एएसपी त्रिभुवन नाथ

कमरूद्दीन अंसारी निवासी मेहनगर बाजार, थाना मेहनगर (आजमगढ़), मो. कैफ अंसारी पुत्र अली हुसैन निवासी ग्राम गौरा, थाना मेहनगर (आजमगढ़) और जन्म मृत्य आंकड़ा अनुभाग में स्टेट कोआर्डिनेटर के पद संविदा कर्मी यशवंत पुत्र बदन सिंह निवासी रिवाडी, थाना सकिट (एटा) को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के पास से घटना में प्रयुक्त 4 अदद लैपटाप और 7 अदद मोबाइल फोन बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ के दौरान बताया गया कि स्वास्थ्य भवन लखनऊ के जन्म एवं मृत्यु आंकड़ा अनुभाग में स्टेट को-आर्डिनेटर के पद पर कार्यरत यशवंत द्वारा इन्हें जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने हेतु बनाये गए सीआरएस पोर्टल की आईडी व पासवर्ड दिया जाता है तथा इनके मोबाइल नंबर को उस आईडी पर पंजीकृत कर दिया जाता है। जिससे लागिन करते समय ओटीपी भी मिल जाता है, जिसकी सहायता से हम जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने का कार्य करते हैं। जिसके एवज में हमें प्रत्येक प्रमाण पत्र पर धनराशि मिलती है। 2 फरवरी को एक व्यक्ति नाम पता वह लोग नहीं जानते है। मनोहर लाल पुत्र हरवंश लाल निवासी 719 न्यू प्रेम नगर पोस्ट प्रेमनगर करनाल हरियाणा पिन-132001 का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने हेतु उन्हें व्हाट्सएप के माध्यम से विवरण भेजा गया था। जिसे उन्होंने बनाकर व्हाट्सएप के माध्यम से उसे भेज दिया।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

सोनभद्र। हरियाणा के सीएम का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करने वाली पुलिस टीम में थाना पन्नूगंज प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह, प्रभारी सर्विलांश सेल निरीक्षक मो. साजिद सिद्दीकी, प्रभारी एसओजी निरीक्षक शेषनाथ पाल, थाना करमा प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र प्रताप सिंह, चौकी प्रभारी लोढ़ी सरोजमा सिंह, उप निरीक्षक संजीव कुमार राय, मुख्य आरक्षी जगदीश मौर्या, अतुल सिंह, सौरभ कुमार राय, प्रकाश सिंह, आरक्षी अमित सिंह, रितेश सिंह पटेल, अजीत यादव, स्वाट, एसओजी व सर्विलांस टीम शामिल रहे।

# क्लासरूम में तब्दील होंगी तीस बेकार सिटी बसें

**नई पहल**

**मलीन बस्ती के आसपास स्थापित कर बच्चों को करेंगे शिक्षित**

**वाराणसी सिटी की तीस बसों को बनायेंगे स्मार्ट क्लासरूम**

**अश्विनी कुमार श्रीवास्तव**

**वाराणसी।** स्कूल की दहलीज पार ना कर पाने वाले बच्चों के लिए वाराणसी सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस ने नई पहल की है, वीसीटीएस की कंडम बसों को सचल स्कूल के रुप में तब्दील कर स्मार्ट क्लासरुम बनाया जायेगा। इन बसों को मलीन बस्ती के आसपास स्थापित कर बच्चों को शिक्षित किया जायेगा।

कैंट रोडवेज से संचालित होने वाली सिटी बसें जो अब बेकार हो चुकी हैं उन्हें कबाड़ में बेचने से बेहतर मलीन बस्ती के बच्चों के लिए उपयोग किया जायेगा। इसके लिए बीते दिनों मंडलायुक्त की अध्यक्षता एक बैठक आयोजित की गयी थी। जिसमें मंडलायुक्त ने वाराणसी सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस के एमडी गौरव वर्मा को निर्देश दिया था कि ऐसी बेकार पड़ी सभी बसों को स्कूल के रुप में तब्दील कर मलीन बस्ती के उन बच्चों को शिक्षित करें जो आज भी स्कूल की दहलीज पार नहीं कर पायें हैं।



बस के अंदर कुछ इस तरह होगा स्मार्ट क्लास

आकर्षण होगा बस का क्लासरूम छोटे क्लास के बच्चों को पढ़ाई के दौरान किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े इसके लिए इस स्कूल के क्लासरूम में रंग-बिरंगी और अलग-अलग डिजाइन की मेज और कुर्सियां, किताबों को रखने के लिए अलमारी की सुविधा भी दी जायेगी। इतना ही नहीं बच्चों को बस जैसा फील देने के लिए बस के स्टेयरिंग



रंग रोगन के बाद कुछ इस तरह दिखेंगी बेकार घोषित सिटी बस

**कबाड़ में जाने वाली बस**

वाराणसी सिटी ट्रान्सपोर्ट सर्विस की कुल तीस बसों को निलाम के लिए रखा गया है, जिसको कबाड़ के रुप में तब्दील कर दिया जायेगा लेकिन अब इन बसों को स्मार्ट क्लास के रुप में स्थापित कर शिक्षा का नया आयाम दिया जायेगा। बच्चों को देखते हुए बस के अंदर के भाग को पूरी तरह से स्मार्ट बनाया जायेगा जिससे बच्चें आर्कषित हों।

सिटी बस की बैठक के दौरान मंडलायुक्त की ओर से शिक्षा के नये आयाम के लिए इस बात का निर्देश दिया गया, इसकी पहल की जा रही है। मंजूरी मिलते ही इस पर काम शुरू कर दिया जायेगा। कुल तीस बसों को स्मार्ट क्लास रुम में तब्दील किया जायेगा।
**गौरव वर्मा,प्रबंध निदेशक, वाराणसी सिटी ट्रान्सपोर्ट सर्विस**

# करोड़ों के गबन में दो प्रिंटिंग प्रेस संचालक अरेस्ट

**संस्कृत विवि का मामला**

**ईओडब्लू टीम को मिली सफलता, जांच में फर्जी भुगतान का मामला आया था प्रकाश में**

**दुर्लभ पांडुलिपियों-ग्रंथों के मुद्रण और प्रकाशन के लिए आवंटित हुआ था 10.20 करोड़**

**वाराणसी।** आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्लू) की स्थानीय इकाई ने करोड़ों रुपये के गबन के मामले में शुक्रवार को दो प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। गिरफ्तार किये गये प्रिंटिंग प्रेस संचालकों पर सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय की दुर्लभ पांडुलिपियों एवं ग्रंथों के मुद्रण/प्रकाशन की राशि को गबन करने का आरोप है। गिरफ्तार दोनों प्रेस संचालकों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

ईओडब्लू वाराणसी के निरीक्षक सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि शासन ने सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय को वित्तीय वर्ष 2000-2001 से 2009-10 के मध्य दुर्लभ पांडुलिपियों एवं ग्रंथों के मुद्रण/ प्रकाशन के लिए 10,20,22,000 रुपये की धनराशि आवंटित किया था। जांच के दौरान पाया गया कि मुद्रण के लिये जिम्मेदार विश्वविद्यालय के प्रकाशन संस्थान के तत्कालीन निदेशक हरिश्चंद्र मणि त्रिपाठी ने वित्त विभाग के अधिकारियों, प्रिंटिंग प्रेस मालिकों और अन्य लोगों से मिलीभगत करके दुर्लभ पांडुलिपियों और ग्रंथों का बिना मुद्रण कराये ही लगभग 5.90 करोड़ रुपये का शासकीय धन का फर्जी भुगतान दिखाकर गबन कर लिया था। उन्होंने बताया कि जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि प्रकाशन विभाग ने महज लगभग 3.67 करोड़ रुपये का वैध मुद्रण कराया और शेष धनराशि लगभग 63 लाख रुपये को अंतिम वित्तीय वर्ष 2010 में शासन को वापस कर दिया।



गबन के आरोप में गिरफ्तार प्रिंटिंग प्रेस संचालक-लाल घेरे में। साथ में गिरफ्तार करने वाली टीम

## तत्कालीन कुलपति ने की थी शासन में शिकायत

निरीक्षक सुनील वर्मा ने बताया कि प्रकरण वर्ष 2010 में तत्कालीन कुलपति वेम्पटी कुटुम्ब शास्त्री के कार्यालय में इनके हस्ताक्षर के फर्जी मोहर प्राप्त होने और दुरुपयोग होने की संभावना भी प्रकाश में आयी है। कुलपति ने इसकी शिकायत प्रदेश शासन में किया था। शासन ने इसकी जांच ईओडब्ल्यू वाराणसी को सौंपा था। जांच में यह तथ्य पाया गया कि प्रकाशन विभाग ने बाहरी प्रेसों से दुर्लभ पांडुलिपि और ग्रंथ, जिसमे वेद शास्त्र, तंत्र शास्त्र, पुराणेतिहास, मीमांसा दर्शन, योग दर्शन, न्याय दर्शन, सरस्वती सुषमा, विश्वविद्यालय वार्ता, ज्योतिष शास्त्र और आयुर्वेद शास्त्रों की विभिन्न किताबों का मुद्रण कराये जाने के नाम पर खेल खेला। इस प्रकरण में प्रकाशन विभाग द्वारा लेखा अनुभाग और अन्य लोगों से मिलीभगत करके बिना मुद्रण कराये ही प्रेस स्वामियों को मिलाकर फर्जी भुगतान प्रेस के बिलों पर बिना वित्तीय स्वीकृति कुलपति से प्राप्त किये भुगतान कर दिया गया। यह राशि लगभग 5.90 करोड़ रुपये की थी। प्रेसों को भुगतान प्रक्रिया में पांच पत्रावलियों पर तत्कालीन किसी भी कुलपति से वित्तीय स्वीकृति प्राप्त नही किया गया, बल्कि कुलपतियों के मूल हस्ताक्षर के स्थान पर समय-समय पर फर्जी हस्ताक्षर का मुहर बनवाकर प्रयोग किया गया और अनियमित तरीके से धनराशि साजिशन मुद्रण एजेंसियों को भुगतान किया गया। उस समय कुलपति के हस्ताक्षर का मुहर वित्तीय कार्यों में नही होता था।

जांच टीम का नेतृत्व करने वाले निरीक्षक सुनील वर्मा ने बताया कि प्रेस संचालकों में जगतगंज निवासी शारदा प्रिंटिंग प्रेस के संचालक दिवाकर त्रिपाठी एवं लक्सा निवासी तारा प्रिंटिंग प्रेस के संचालक रवि प्रकाश पांड्या को सिद्धगिरीबाग-सिगरा से दोपहर में गिरफ्तार किया गया। इनके खिलाफ चेतगंज थाने में अपराध संख्या 213/2014 धारा-409, 420, 467, 468, 471, 120बी भादवि दर्ज है। पुलिस महानिदेशक ईओडब्लू आरके विश्वकर्मा की तरफ से चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक ईओडब्लू वाराणसी डी प्रदीप कुमार की तरफ से गठित टीम ने यह सफलता पायी है।

उन्होंने बताया कि इस मामले में प्रकाश विभाग के एक निदेशक के अलावा पांच वित्त अधिकारी और पांच प्रिंटिंग प्रेस संचालकों के खिलाफ रपट दर्ज है। इसमें दो की गिरफ्तारी हुई है। शेष की गिरफ्तारी के लिए कार्यवाही चल रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक संजय सोनकर, मुख्य आरक्षी शशिकांत सिंह, विनीत पांडे, रामाश्रय सिंह, रोहित सिंह आदि शामिल है।

## संक्षेप

### आत्महत्या को विवश करने के आरोपी को पांच साल की सजा

**वाराणसी।** अपर जिला जज (पंचम) मनोज कुमार तिवारी की अदालत ने आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में आरोपी वासुदेव को दोषी पाते हुए पांच साल की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने आरोपी पर 13 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अदालत में अभियोजन की ओर से एडीजीसी ओमकार नाथ तिवारी ने पैरवी की। प्रकरण के मुताबिक चौबेपुर थाने के गोबरहा गांव निवासी वादी की पुत्री संजू देवी का विवाह वासुदेव से हुआ था और 12 दिसंबर 2018 को आत्महत्या कर लेने से उसकी मृत्यु हो गई थी। अदालत ने कहा कि जो आरोपी की पत्नी थी तथा उसे अपने पास रखने और उसकी भली-भांति पालन पोषण करने की जिम्मेदारी उस पर थी। उसमें उसके साथ मारपीट करते हुए शारिरिक व मानसिक प्रताड़ना दी। जिससे तंग आकर विवाहिता ने आत्महत्या कर ली।

### दबंगों ने छात्रों को लाठी-डंडों से पीटा, रपट दर्ज

**बड़ागांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कनियर स्थित एक इंटर कॉलेज में परीक्षा देकर लौट रहे कक्षा 12 के दो छात्रों को रास्ते में रोककर कतिपय दबंगों ने लाठी-डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। घायलों का उपचार स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कराया गया। जानकारी के अनुसार, इसी थाना क्षेत्र के रामनगर गांव निवासी छात्र ललित पांडेय अपने सहपाठी अमन पांडेय के साथ दूसरी पाली में इंटर की परीक्षा देकर लौट रहा था कि रास्ते में अंकित यादव, सुधीर यादव अपने अन्य अज्ञात साथियों के साथ उन्हें घेरकर मारने- पीटने लगे। छात्रों की चीख-पुकार सुनकर क्षेत्रीय लोगों ने बीच-बचाव किया और घायल छात्रों को अस्पताल पहुंचाया। एक घायल छात्र के पिता रविशंकर पांडेय ने दो नामजद सहित अन्य अज्ञात लोगों के विरुद्ध स्थानीय थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मनबढ़ों ने जमीन में लगे पिलर को तोड़ा

**तरना।** शिवपुर थाना क्षेत्र के कानुडीह निवासी चंद्रशेखर ने शिवपुर थाने में लिखित तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराया कि कानूडीह में आराजी नंबर 445 उसकी जमीन है, जिसे उसने लगभग 50 पिलर के माध्यम से बैरिकेटिंग किया था। बीते 29 जनवरी 2023 को सरसवां गांव के मनबढ़ और दबंग प्रवृति के लोग पिलर को तोड़ने लगे। पीड़ित के मना करने एवं वीडियो बनाए जाने पर दबंगों ने असलहा लहराते हुए परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी। शोरगुल मचाने पर आसपास के लोग जुटे तो वे सभी बदमाश जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। इससे वे और उनका परिवार दहशत में हैं। पीड़ित ने तहरीर देकर अपने व अपने परिवार के जान-माल की सुरक्षा लगायी है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

### व्यापारियों के समर्थन मे उतरे सपाई

**वाराणसी।** दशाश्वमेध स्थित चितरंजन पार्क के इर्द-गिर्द बसे कारोबारियों के उजाड़े जाने का आरोप लगाते हुए समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता उनके समर्थन में सड़क पर उतरे और शुक्रवार को पीड़ितों से मुलाकात की। सपाइयों के प्रतिनिधिमंडल ने मौके का स्थलीय निरीक्षण भी किया। पीड़ितों त्रिलोकी रूपानी, रंजन कोहली, रमेश वाधवानी, अतुल मिश्रा आदि ने प्रतिनिधिमंडल से अपना दर्द बयां किया। बताया कि न्यायालय में हम लोगों का वाद विचाराधीन है। फिर भी हम लोगों को उजाड़ दिया गया। पीड़ितों ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नाम पत्रक भी दिया। प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ितों को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा, किशन दीक्षित, डॉ. ओपी सिंह, पूजा यादव, जगदीश यादव, शंकर विशनानी, राजू यादव, प्रदीप जायसवाल, मुरलीधर जायसवाल, अखिलेश गुप्ता आदि थे।

### जालसाजों ने उड़ाए 18 हजार

**वाराणसी।** कैन्ट थाना क्षेत्र के नदेसर स्थित एक गैस एजेंसी के प्रबंधक को गैस बुक कराने के नाम पर जालसाजों ने क्यूआर कोड के जरिए 18 हजार ठग लिए। ठगी का अहसास होते ही पीड़ित ने कैंट थाने में मुकदमा दर्ज कराया। तहरीर के अनुसार मदन कुमार निवासी ग्राम गोइठहा, भगवती नगर कालोनी-लालपुर पाण्डेयपुर के मुताबिक इमलाक कालोनी (द्वितीय) नदेसर स्थित वाराणसी गैस सर्विस में बतौर प्रबन्धक के पद पर कार्यरत है। बीते 27 फरवरी को प्रार्थी के मोबाइल नंम्बर 6306361505 पर मोबाइल नंबर 7438924053 से फोन आया। फोनकर्ता ने गैस लेने की बात कहीं। भुगतान के लिए गुगल पे का क्यूआर कोड भेज कर भुगतान करने की बात कहीं। प्रार्थी ने जब क्यूआर कोड स्कैन किया और मात्र एक रुपया भेजा। दो बार स्कैन किये जाने के बाद कुल नौ बार में मेरे खाते से 18000 रुपये डेबिट होने का मैसेज प्राप्त हुआ। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

### दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान 8 मार्च को बन्द रहेंगे

**वाराणसी।** सहायक श्रमायुक्त अधिकारी देवब्रत यादव ने बताया कि जनपद स्थित दुकानों एवं वाणिज्य अधिष्ठानों पर उत्तर प्रदेश दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम 1962 लागू है। अधिनियम की धारा 8 के अन्तर्गत होली का अवकाश लोक अवकाश के रूप में घोषित है। ऐसी दुकानों एवं वाणिज्य अधिष्ठान जिन्हें अधिनिमय की धारा 5 और धारा-8 से छूट प्राप्त है यथा-भोजन, जलपान, समाचार पत्र, औषधियों, चिकित्सीय एवं शल्य उपकरणों शाक सब्जी, मिठाई, दूध, फूल, पान व सुपारी, मांस, ताजे फल इत्यादि की दुकानों को छोड़कर अन्य सभी दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान 08

## आढ़ती की हत्या के प्रयास में नामजद आरोपित पुलिस की पकड़ से बाहर

**वाराणसी।** लालपुर पांडेयपुर थाना क्षेत्र के पहड़िया मंडी में बीते गुरुवार को ट्रक खड़ा करने के मामूली विवाद में आढ़ती की हत्या के प्रयास मामले में नामजद आरोपित अजीत राय और मंडी समिति का कर्मचारी पारस यादव अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। आरोपितों की तलाश में लालपुर-पांडेयपुर पुलिस ने श्रीनगर कॉलोनी से लेकर गाजीपुर तक कई जगह दबिश दी।

बता दे कि आरोपी अजीत राय नारियल पानी का थोक कारोबारी मूलतः गाजीपुर के भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के रामपुर का निवासी है। यहां श्रीनगर कॉलोनी में किराये पर रहकर कारोबार कर रहा था। गुरुवार को आढ़ती बबलू सोनकर से विवाद के बाद पिस्टल लेकर आया और बबलू को लक्ष्य कर गोली चला दी। हालांकि तीन गोली चलाई, तीनों मिस कर गई। इसके बाद पैदल ही पिस्टल लहराते हुए भाग निकला था। पुलिस ने बबलू सोनकर की तहरीर पर अजीत राय, घटना में साजिश के आरोप में कर्मचारी पारस यादव व अन्य अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कराया है।

### पीस कमेटी की बैठक

**वाराणसी।** जैतपुरा थाने में शुक्रवार को आयोजित पीस कमेटी की बैठक में आगामी छह मार्च को होलिका दहन सकुशल सम्पन्न कराने पर चर्चा हुई। कर एसीपी चेतगंज और इंस्पेक्टर जैतपुरा ने बताया कि आगामी छह मार्च को ही होलिका में आग लगेगी और सात मार्च को होली मनाई जाएगी। वहीं होली के दिन पड़ रहे शबे बरात को लेकर भी मुस्लिम पक्ष के लोगों से बात हुई। पुलिस प्रशासन ने कहा कि रंग खेलने के बाद शबे बरात का आयोजन किया जायेगा। विवादित स्थानों पर पुलिस और पीएसी के जवान तैनात रहेंगे। माहौल बिगाड़ने वाले लोगों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

## टेंट सिटी में ग्लोबल बिजनेस समिट




**आयोजन**

**पीएम नरेंद्र मोदी के स्पेशल एडवाइजर डॉ. दीपक वोहरा भी करेंगे शिरकत**

**वाराणसी।** एमिकेबिलटी डिप्लोमेटिक क्लब की ओर से गंगा पार टेंट सिटी में ग्लोबल बिजनेस समिट का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश के कई दिग्गज कंपनियों के सीईओ समेत विदेशी कंपनियों के प्रतिनिधि शिरकत करेंगे।

शुक्रवार को कैंटोमेंट स्थित एक होटल में ग्लोबल बिजनेस समिट की जानकारी देते हुए एमिकेबिलटी डिप्लोमेटिक क्लब इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मूर्ति देवर पोटला ने बताया कि इस ग्लोबल बिजनेस सम्मिट की वाराणसी में मेजबानी करना एक सौभाग्य है।

बताया कि द स्पिरिचुअल वे का आयोजन रविवार को आयोजित है। शिखर सम्मेलन आर्थिक विकास और विकास के नए अवसरों का पता लगाने के लिए दुनिया भर के व्यापारिक नेताओं, आध्यात्मिक नेताओं, नीति निमार्ताओं, उद्यमियों, निवेशकों और राजनायिकों को एक साथ लाएगा। इस दौरान डॉ. तसनीम शरीफ, डॉ मा श्रीनिवास,डॉ रमाना देवराकंदा, मिस पद्मा लोया उपस्थित रहे।

## नाबालिग लड़की बरामद, अपहरणकर्ता गिरफ्तार

**मिर्जामुराद।** क्षेत्र के खजुरी पुलिस चौकी में पड़ने वाले एक गांव से बीते चार फरवरी को गायब हुई नाबालिग लड़की को पुलिस ने बरामद करते हुए अपहरणकर्ता को गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया।
थानाध्यक्ष दीपक कुमार राणावत ने बताया कि बीते चार फरवरी को रहस्यमय स्थित में एक नाबालिग लड़की गायब हो गई। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन जब लड़की नही मिली तो बीते छह फरवरी की रात लड़की के भाई ने राजातालाब के टोदरपुर गांव निवासी प्रदीप राय पर बहन को घर से बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर युवक के खिलाफ धारा 363/366/376(3) भादवि व 5एल/6 पाक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज करते हुए तलाश में जुट गई थी। शुक्रवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर रखौना रिंग रोड के पास पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए नाबालिग लड़की को बरामद कर लिया गया। गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया गया। जबकि लड़की का मेडिकल-मुआयना कराया गया। पुलिस के इस कदम से पीड़ित पक्ष को उम्मीद है कि न्याय मिल सकेगा।

## ब्लॉक के चलते वाराणसी गोरखपुर आज निरस्त



**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मण्डल के वाराणसी सिटी -सारनाथ स्टेशनों के मध्य समपार संख्या-23अ पर सीमित ऊँचाई के सब-वे निर्माण के लिये शनिवार को ब्लाक दिये जाने के चलते आधा दर्जन ट्रेनों को निरस्त करते हुए कई के मार्ग में परिर्वतित किया गया है।

वाराणसी मंडल के जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि ट्रेन संख्या 05427/05428 वाराणसी सिटी-आजमगढ़-वाराणसी सिटी, 05148 वाराणसी सिटी-भटनी, 05147 भटनी- वाराणसी सिटी, 15111/15112 वाराणसी सिटी-छपरा-वाराणसी सिटी इंटरसिटी, 15129/15130 गोरखपुर-वाराणसी सिटी-गोरखपुर, 05138 प्रयागराज रामबाग-मऊ गाड़ी निरस्त रहेगी।

### परिवर्तित मार्ग से चलेगी ये ट्रेनें

गोरखपुर से चलने वाली गाड़ी सं-15018 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस दादर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग औंड़िहार-वाराणसी सिटी- वाराणसी जं के स्थान पर परिवर्तित मार्ग औंड़िहार-जौनपुर-जंघई, अहमदाबाद से चलने वाली गाड़ी सं-19489 अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग वाराणसी-वाराणसी सिटी-औंड़िहार के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाराणसी झजौनपुर-औंड़िहार के रास्ते, दुर्ग से चलने वाली गाड़ी सं-18201 दुर्ग-नौतनवां एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-मिजार्पुर-वाराणसी जं-वाराणसी सिटी- औंड़िहार-गोरखपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मानिकपुर-प्रयागराज-प्रतापगढ़-अयोध्या-मनकापुर-गोरखपुर के रास्ते चलाई जाएगी।प्रयागराज से चलने वाली गाड़ी सं-05170 प्रयागराज-बलिया मेमू गाड़ी को 60 मिनट प्रयागराज स्टेशन पर, छपरा से चलने वाली गाड़ी सं-15160 15017 लोकमान्य तिलक टर्मिनस झगोरखपुर दादर एक्सप्रेस को उत्तर रेलवे पर नियंत्रित कर चलाया जायेगा।

## दूधिया रोशनी से जगमगायेगी काशी

**जी-20 सम्मेलन**

**सड़कों के डिवाइडर पर लगाए जाएंगे खास डबल आर्म के डिजाइनर पोल**

**चौकाघाट से नमोघाट पड़ाव, गिलट बाजार-एयरपोर्ट रोड आदि सड़कें होंगी रोशन**

**वाराणसी।** विश्व की सबसे प्राचीन और जीवंत नगरी काशी आधुनिकता के साथ कदमताल करते हुए विकास के सफर पर तेजी से दौड़ रही है। काशी के विकास मॉडल की चर्चा पूरे विश्व में हो रही है। इसी काशी में अब जी-20 सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। जी-20 देशों के मेहमानों के स्वागत के लिए काशी की सड़कें दूधिया रोशनी में नहाई हुई दिखेंगी। वाराणसी की सड़कों पर सवा चार सौ से अधिक खास एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाए जाने की योजना चल रही है। दो सड़कों को करीब दो करोड़ की योजना से जगमग किया जाएगा।

प्रधानमंत्री का संसदीय क्षेत्र वाराणसी जी-20 देशों की अगवानी के लिए तैयार हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी-20 सम्मेलन के लिए काशी को संजाने संवारने में जुटे हैं। वीडीए उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल ने बताया कि जी-20 सम्मेलन को लेकर वाराणसी के सौंदर्यीकरण का काम चल चल रहा है। जिसमें शहर की प्रमुख सड़क चौकाघाट से नमोघाट और पड़ाव तक की चार किलोमीटर की सड़क पर 152 हेरिटेज व मॉडर्न पोल पर 232 लाइट लगाई जाएगी। ऐसे ही गिलट बाजार तिराहे से एयरपोर्ट रोड वाया शिवपुर सब्जी मंडी करीब आठ किलोमीटर की सड़क पर 112 पोल लगाए जाएंगे, जिसपर 188 लाइट लगेंगी। खास डबल आर्म की डिजाइनर पोल डिवाइडर पर लगाई जाएगी। साथ ही सड़क के किनारे सिंगल एआरएम की लाइट लगाई जाएगी। वाराणसी में जी-20 की छह बैठक प्रस्तावित है। जिसकी तैयारी के लिए अलग-अलग विभागों को जिम्मेदारी दी गई है। जिसमें पार्क के सौंदर्यीकरण, थीम आधारित पेंटिंग और चित्रकारी, खास चौराहों को भी विशेष थीम पर बनाने की योजना का खाका खींचा जा रहा है।

## बीएचयू में महिला दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

**वाराणसी।** प्रसूति तंत्र विभाग आयुर्वेद संकाय, चिकित्सा विज्ञान संस्थान, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की ओर से शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उद्घाटन पद्मश्री प्रोफेसर सरोज चूड़ामणि, डीसीपी ममता रानी, मेजर सोनाली तिवारी, संकाय प्रमुख प्रो के एन द्विवेदी, प्रो. सुनीता सुमन, प्रो विश्वेस बी एन विभागाध्यक्ष, प्रो दीपा मिश्रा, डॉ अनुराधा रॉय, डॉ प्रीति चौहान, डॉ शिखा सिंह ने किया। वक्तओं ने महिला सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए महिला व पुरुष को हर क्षेत्र में ने समानता का अधिकार दिए जाने की बात पर जोर दिया। विशिष्ट अथिति डीसीपी ममता रानी ने बताया कि लैंगिक विभेदीकरण ही महिलाओं के विकास में बाधक कारण है। मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रो सरोज चूड़ामणि ने महिला सशक्तिकरण पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि महिलाएं पुरुषों से ज्यादा क्षमतावान होती है तथा महिलाओं का समाज के विकास में मुख्य योगदान है। संचालन डॉ. मोनिका एवं डॉ. स्तुति शर्मा ने किया।

## नामचीन मिष्ठान विक्रेता ने जमा किया 43.5 लाख रुपये जुर्माना

**वाराणसी।** राज्य कर विभाग के एसआईबी की टीम के सघनता से जांच के बाद कचहरी स्थित एक नामचीन मिष्ठान विक्रेता ने कर चोरी की बात जहां स्वीकारी। वहीं, शुक्रवार को 43.5 लाख रुपये पेनाल्टी मद में जमा किया। एडिशनल कश्मिनर ग्रेड वन प्रिंस कुमार ने बताया कि जांच के दौरान अभिलेखों में काफी हेराफेरी पायी गयी। प्रथम दृष्टया जांच के पश्चात मिष्ठान कारोबारी पर 43.5 लाख रुपये पेनाल्टी लगाया गया, जिसे उसने विभाग में जमा कर दिया।

बता दें कि कचहरी स्थित नामचीन मिष्ठान विक्रेता के यहां बिक्री और कच्चे माल की खरीद को ध्यान में रखकर एसआईबी टीम ने गुरुवार को जांच की कार्यवाही शुरू की थी, जो शुक्रवार को भी जारी रही। मिष्ठान विक्रेता की तरफ से विभाग में दाखिल किये गये रिटर्न में इस बात की पुष्टि हुई थी कि आय को छुपाया गया है। लिहाजा, पुख्ता प्रमाण मिलने के बाद छापेमारी की कार्यवाही शुरू की गयी। छापेमारी के दौरान खरीद-बिक्री के अभिलेख, कारखाने और प्रतिष्ठान में निर्मित मिष्ठान के मूल्य का आंकलन, बैंक खातों की डिटेल आदि की जांच की गयी।

## मासूम की हत्या के चार आरोपी हिरासत में

**वाराणसी।** कैन्ट थाना क्षेत्र के पहलूकपूरा में बुधवार को लापता बच्ची की संदिग्ध हाल में मौत के प्रकरण में पुलिस ने आसपास के चार युवकों को हिरासत में लिया है। हिरासत में लिए गए युवकों से पूछताछ की जा रही है। हालांकि अभी पोस्टमार्टम में हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

मृत बच्ची के गले के पीछे की हड्डी टूटी मिली है। उसका विसरा पोस्टमार्टम के बाद सुरक्षित रख लिया गया है। आशंका है कि घटना को अंजाम देने वाले मुहल्ले के ही हैं। घटना भी बच्ची के मकान के सौ मीटर के दायरे में ही की गई है। बच्ची को किसी बहाने बुलाकर घटना को अंजाम दिये जाने की आशंका है। बुधवार को बच्ची करीब 10 बजे के बाद लापता हुई थी। उसके बाद से आसपास सक्रिय मोबाइल नंबरों के आधार पर संदिग्ध कुछ युवकों से पूछताछ की गई। इनमें से चार को पुलिस ने हिरासत में लिया है। अपर पुलिस आयुक्त अपराध एवं मुख्यालय संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। घटना के पहले किसी तरह के कुकृत्य के बारे में भी स्थिति स्पष्ट नहीं हो सका है। विशेषज्ञों की मदद से घटना के कारण की जानकारी ली जा रही है। संदेह के आधार पर कुछ युवकों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद बच्ची का शव गुरुवार देर रात परिजनों को सौंपा। पुलिस की मौजूदगी में सरायमोहाना क्षेत्र स्थित वरुणा नदी में बच्ची का शव प्रवाहित कर दिया गया।


### दो के खिलाफ दर्ज परिवाद पर सुनवाई टली


**वाराणसी।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में शुक्रवार को श्रृंगार गौरी केस के पैरोकार जितेंद्र सिंह विसेन समेत दो के खिलाफ दर्ज परिवाद पर सुनवाई टल गई। कोर्ट ने इस मामले में अगली सुनवाई 20 मार्च की तिथि नियत की है। वादिनी रेखा पाठक अधिवक्ता सुधीर त्रिपाठी , सुभाष नंदन चतुर्वेदी के साथ कोर्ट में पहुंची। प्रकरण की ही चार वादी महिलाओं ने पांचवीं वादी राखी सिंह के पैरोकार जितेंद्र सिंह विसेन के खिलाफ कोर्ट में धारा 156 (3) के तहत प्रार्थना पत्र दाखिल किया है।

जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत
सूचना
मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2010 अनुक्रमांक 2838552 का अंक पत्र व प्रमाण पत्र खो गया है। सत्यजीत यादव पुत्र योगेन्द्र यादव, चन्दवक बलिया।
आवश्यकता
आवश्यकता है- सेंट जेवियर्स लॉ कॉलेज मेहनाजपुर आजमगढ़ में( संबंध महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़) मे ला विभाग हेतु स्ववित्तपोषित योजना अंतर्गत प्राचार्य एक पद व प्रवक्ताओं की। योग्यता यूजीसी एवं विश्वविद्यालय परनियमावली अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपना समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र पासपोर्ट साइज फोटो लगाकर 21 दिन के अंदर महाविद्यालय के पते पर प्रेषित करें साक्षात्कार की सूचना बाद में दी जाएगी। प्रबंधक : 9415172266

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना
निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा [illegible] मंडल विद्युत इन्जीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है। [illegible]
http://www.ireps.gov.in [illegible]
[illegible]

# वाराणसी





### ठंडई का बाबा को लगता है भोग

**वाराणसी।** वाराणसी में रंगभरी एकादशी के साथ होली का आगाज हो जाता है। काशी में परंपरा होली में ठंडई पीने की भी है। लेकिन बाबा विश्वनाथ को ठंडई का भोग लगाया जाता है और यह एक परिवार के हाथों बनाई गई ठंडई से होता है। बाबा विश्वनाथ को सप्त ऋषि आरती से ठीक पहले ठंडई का प्रसाद चढ़ाया जाता है। खास बात ये है कि ये ठंडई पिछली तीन पीढ़ियों से एक ही परिवार तैयार करता है। ठंडई तैयार करने वाले शंकर सरीन ने बताया कि उनका परिवार करीब 70 सालों से बाबा विश्वनाथ के लिए ठंडई का प्रसाद बना रहा है। उनके पिता अमरनाथ सरीन ने इस परम्परा की शुरूआत की थी। शंकर सरीन ने बताया कि बाबा के लिए ठंडई को तैयार करने में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है। हर रोज शुद्ध गाय के दूध में केसर, काजू, पिस्ता, बादाम, मलाई को डालकर ठंडाई को बाबा को चढ़ाने के लिए तैयार किया जाता है। जब यह ठंडाई बाबा को चढ़ाने ले जाया जाता है तो इसके ऊपर से मलाई और केसर भी डाला जाता। उन्होंने कहा कि इस ठंडई को तैयार करने में 3 घंटे लगते हैं।



देवाधिदेव संग गौरा की पालकी यात्रा में रंगो की रही धूम

# अबीर-गुलाल की बौछार से लाल हुई काशी

जनसंदेश न्यूज

**होली की अनुभूति**

**देवाधिदेव महादेव संग गौरा की निकली रजत पालकी यात्रा**

**टेढ़ीनीम से लेकर काशी विश्वनाथ धाम तक अबीर गुलाल की हुई बौछार**

**डमरू दल संग भजनों पर सभी लोग जम कर झूमे, बाबा धाम में लगी रही कतारें**

**वाराणसी।** रंगभरी एकादशी पर शुक्रवार को हर कोई अबीर-गुलाल से सराबोर नजर आया। चाहे महिला हो या फिर पुरुष या फिर युवक हो या युवतियां सभी गुलाल से सराबोर रहे। हर कोई शिव-पार्वती की रजत प्रतिमा की झलक पाने को लालायित रहा। ऐसा लगा जैसे देवाधिदेव महादेव संग माता गौरा की रजत पालकी का दर्शन करने के लिए पूरी काशी ही उमड़ पड़ी। इस दौरान शिव भक्तों पर अबीर-गुलाल की खूब बौछार की गई। अबीर-गुलाल की बौछार से शायद ही कोई भक्त बच पाया होगा। रंगभरी एकादशी के साथ ही काशी में होली का आगाज हो गया।

बाबा विश्वनाथ को अर्पित करने के लिए मथुरा से खास तौर पर गुलाल मंगाया गया था जिसे देवाधिदेव महादेव और माता गौरा को अर्पित कर दिया गया। रंगभरी एकादशी पर बांसफाटक से लेकर टेढ़ीनीम व डेढ़सीपुल से लेकर काशी विश्वनाथ धाम और हर गलियों में युवा नगाड़ों के बीच नाचते झूमते नजर आये। टेढ़ीनीम स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर के महंत डा. कुलपति तिवारी का आवास उत्सव स्थल बना रहा। आवास के बाहर होली खेले मसाने में के बीच अबीर गुलाल से सराबोर सभी नाचते नजर आये। सांस्कृतिक कार्यक्रम में पुनीत पागल बाबा, आराधना सिंह, ममता शर्मा, संजय दुबे समेत कई कलाकारों ने होली गीतों से लोगों के बीच समां बांध दिया। इसका संयोजन राकेश तिवारी कर रहे थे। भारी भीड़ के चलते टेढ़ीनीम जाने वाले मार्ग पर पुलिस की तैनाती की गई थी। इसमें सीमित लोगों को ही गली में प्रवेश दिया जा रहा था। बावजूद इसके लोगों का आना जाना लगा रहा। पूरी गली खचाखच भरी रही। महंत आवास पर ब्रह्म मुहुर्त में बाबा का पूजन प्रारंभ हुआ। पं. सुशील त्रिपाठी के आचार्यत्व में ग्यारह वैदिक ब्राह्मणों ने बाबा विश्वनाथ व माता गौरा की चल प्रतिमाओं की पंचगव्य तथा पंचामृत से स्नान कराया। तत्पश्चात मंत्रोच्चार के बीच रूद्राभिषेक की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद चल प्रतिमाओं का दुग्धाभिषेक किया गया। भोर में पांच से सुबह आठ बजे तक वैदिक ब्राह्मणों ने षोडसोपचार पूजन किया। बाबा को फलों का भोग लगा कर महाआरती के बाद भक्तों के लिए पट खोल दिया गया। इसके साथ ही टेढ़ीनीम में चल प्रतिमाओं का दर्शन शुरू हो गया। बाबा की भोग आरती महंत डा. कुलपति तिवारी ने की। इसमें सहयोग संजीवरत्न मिश्र ने किया।



डमरू दल ने बांधा समा

### डमरु दल की गड़गड़ाहट के बीच निकली पालकी यात्रा

बाबा विश्वनाथ व माता गौरा की रजत पालकी यात्रा डमरू दल की गड़गड़ाहट व अबीर गुलाल की बौछार के बीच टेढ़ीनीम से निकाली गई। रजत सिंहासन को लोग कंधों पर लेकर चल रहे थे। हर-हर महादेव के भारी उद्घोष के बीच जैसे ही पालकी यात्रा प्रारंभ हुई सर्वत्र अबीर गुलाल की बौछार शुरू हो गई। पूरी गलियां अबीर-गुलाल से पट गया। इस पालकी यात्रा को निहारने के लिए टेढ़ीनीम से लेकर चारों तरफ महिलाएं व पुरुष खड़े थे। पालकी यात्रा महंत आवास से प्रारंभ होकर विश्वनाथ गली, साक्षी विनायक, ढुढ़िराज गणेश, अन्नपूर्णा द्वार से विश्वनाथ धाम तक पहुंची जहां पर मंदिर के गर्भगृह में रख दी गई। इस दौरान काशी विश्वनाथ धाम में चल प्रतिमाओं का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। काशी विश्वनाथ दरबार भी अबीर-गुलाल से सराबोर नजर आया।

## जांच के लिए खाद्य पदार्थों के चौदह सैंपल लिये

**वाराणसी।** आगामी होली के त्योहार को देखते हुए जनपद में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की ओर खाद्य पदार्थों की की दुकानों पर लगातार तीसरे दिन शुक्रवार को भी जांच अभियान जारी रखा। ताकि आम जनता को मिलावटी खाद्य पदार्थों से सेवन से बचाया जा सके। मुहिम के तहत महकमे की टीमों ने 28 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दूध, छेना, पनीर, नमकीन, पापड़, जीरा, सरसों का तेल, रिफाइंड सोयाबीन ऑयल, रसगुल्ला आदि के कुल 14 सैंपल एकत्र किये। विभाग के सहायक आयुक्त एवं अभिहित अधिकारी संजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में यह अभियान चलाया जा रहा है। टीमों में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित, खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमेश सिंह, योगेश कुमार राय, गोविंद यादव, अवनीश कुमार सिंह, मानवेंद्र कुमार सिंह, सीताराम सिंह कुशवाहा, राजू पाल, विजय बहादुर, बेबी सोनम, सुप्रिया सिंह, रीता, शीत कुमार सिंह, सम्राट श्रीवास्तव, सुरेंद्र प्रताप नारायण सिंह, सरोज कुमार, राकेश, महातिम यादव, राजकुमार यादव थे।



**शासन ने अंडा कारोबार पर कसा शिकंजा, अन्य राज्यों से लाए जाने वाले अंडों की ढुलाई में भी नियमों का पालन किया जरूरी**

# ...ताकि सूबे की जनता को उपलब्ध हो सकें 'शुद्ध' अंडे

सुरोजीत चैटर्जी

**खाका तैयार**

**अपर मुख्य सचिव ने सभी डीएम को जारी किये दिशा-निर्देश आगामी 15 अप्रैल से होगा लागू, मानकों का पालन अनिवार्य**

**अन्य राज्यों से लाए जाने समेत उत्तर प्रदेश में 150 किमी से अधिक दूरी से परिवहन पर रेफ्रिजरेटडे वाहन हर हाल में है आवश्यक**

**वाराणसी।** सूबे की आम जनता को गुणवत्तापूर्ण अंडा उपलब्ध कराने के लिए देश के विभिन्न प्रदेशों से राज्य में अंडा आयात करने समेत यूपी के विभिन्न जनपदों में उसके परिवहन को लेकर शासन से तय नियम व शर्तों का सख्ती से पालन कराने की तैयारी की है। इस पर आगामी 15 अप्रैल से निगरानी शुरु होगी और अंडा परिवहन पर कड़ी चौकसी की जाएगी। यह कवायद इसलिए भी है कि बाजार में खराब क्वालिटी के अंडों की बिक्री पर रोक लगाना संभव हो। इसके लिए प्रदेश सरकार ने सभी जिलाधिकारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006, ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड यानि बीआईएस और उत्तर प्रदेश कोल्ड स्टोरेज विनियमन अधिनियम 1976 के नियमों का पालन कराने के निर्देश दिये हैं।

उत्तर प्रदेश कुक्कुट विकास नीति-2013 के अंतर्गत राज्य में बड़ी संख्या में पोल्ट्री फार्म संचालित हो रहे हैं। इसके बावजूद सूबे में अन्य प्रदेशों से भी अंडों का आयात हो रहा है। अन्य राज्यों से बंद वाहनों में लंबी दूरि तय कर अंडे लाए जाने के कारण कारण अंडे खराब हो जाते हैं। ऐसे खराब अंडे मानव शरीर के लिए बेहद हानिकारक होते हैं। आमलोगों को इस स्थिति से बचाने के लिए निर्धारित नियम-शर्तों का अब हर हाल में पालन करना होगा।

इसके तहत अन्य प्रदेशों से यूपी में अंडों का आयात प्रत्येक दशा में रेफ्रीजेरेटेड वाहनों यानि शीत यान में लाना होगा। ऐसे वाहनों को जीपीएस और डाटा लॉगर डिवाइस से लैस करना अनिवार्य रहेगा। जबकि उत्तर प्रदेश के अंदर 150 किमी से अधिक दूरी तक अंडों की ढुलाई भी जीपीएस एवं डाटा लॉगर डिवाइस से युक्त शीत यान से ही करनी होगी। प्रत्येक गाड़ी के साथ अंडा ट्रेडर या किसान की ओर से जारी इनवॉयस , कैशमेमो, पक्का बिल लाना होगा।

साथ ही क्रेता या ट्रेडर्स का गंतव्य स्थान, दूरि समेत उसका मोबाइल नंबर उसका पूरा पता कंटेनर नंबर के साथ बिल पर दर्ज किया जाएगा।

इसी प्रकार अन्य राज्यों से अंडा मंगवाने वाले प्रत्येक ट्रेडर या वितरक संबंधित विवरण तय ई-मेल या डिजिटल माध्यम अथवा भौतिक रूप से अपर निदेशक/ संयुक्त निदेशक कुक्कुट पालन, पशुपालन निदेशालय को मुहैया कराएगा। इस आधार पर टाडाबेस तैयार करेंगे।




### खराब अंडों से यह है खतरा

लंबी दूरी तक बंद वाहन में अंडों का परिवहन करने से उसकी गुणवत्ता नष्ट हो जातीहै। बंद गाड़ियों से उनकी ढुलाई करते समय अंडे की नमी निकलकर आर्द्रतापूर्ण वातावरण निर्मित होने से उसके ऊपर का प्राकृतिक सुरक्षा कवच 'ब्लूम' नष्ट हो जाता है। उस स्थिति में अंडों पर सल्मोनेल्ला, ई-कोली, स्यूडोमोनसोआ एस्पेरजिलस, म्यूकर एवं फ्यूसारियम आदि बैक्टीरिया फंगस का संक्रमण होने का खतरा बना रहता है। परिवहन के दौरान खराब हुए अंडों से मानव में कई प्रकार के बैक्टीरियल इंफेक्शन आदि हो सकता है, जो मनुष्य की सेहत के लिए अत्यंत हानिकारक हैं।

### ऐसे भी रहेगी निगरानी

अन्य राज्यों और यूपी में उत्पादित अंडों की ट्रे और बॉक्स पर संबंधित विवरण देते हुए स्टीकर चस्पा करेंगे। कोल्डस्टोरेज या कोल्ड रूम में रखे जाने वाले अंडों पर अमिट स्याही से उसके उत्पादन की तिथि और प्रोडक्शन प्लेस दर्ज होगा। – अंडों के परिवहन और कोल्ड स्टोरेज में रखने संबंधी मानकों का पालन अनिवार्य रहेगा। कोल्ड स्टोरेज में रखने से पहले अंडों पर पैराफीन लिक्विड आदि का स्प्रे करेंगे। कोल्ड स्टोरेज से अंडा बाजार में भेजने के लिए निकालने के बाद विक्रेता को उस पर 'शीतगृह में परिरक्षित' शब्द, निकासी तिथि एवं उपभोग की अवधि अधिकतम तीन दिन अंकित करेगा या संबंधित स्टीकर चस्पा करेगा। एक बार कोल्ड स्टोरेज से बाहर लाए जाने के बाद अंडों को दोबारा कोल्ड स्टोरेज में नहीं रखा जाएगा। प्रत्येक अंडे को अधिकतम तीन माह के लिए कोल्ड स्टोरेज के अलग कक्ष में निर्धारित तापमान एवं अर्द्रता के दायरे में रखना होगा। उस चेंबर में ऐसा कोई प्रोडेक्ट नहीं रख सकते जो कृषि उत्पादों से विपरीत या गंधविरोधी हों।

### व्यापक मंथन के बाद दिये निर्देश

प्रदेश सरकार में अपर मुख्य सचिव पशुधन डॉ. रजनीश दुबे ने पोल्ट्री संचालकों, स्टेक होल्डर्स, केंद्रीय पंक्षी अनुसंधान संस्थान बरेली, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग और पशुपालन विभाग के निदेशक प्रशासन एवं विकास के साथ हुई बैठक में प्राप्त सुझावों पर मंथन करने के बाद जनता को गुणवत्तापूर्ण अंडे उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यूपी के सभी जिलाधिकारियों को इस बारे में निर्देश जारी कर अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा है।

### संवासी के पलायन की मजिस्ट्रेटी जांच

**वाराणसी।** रामनगर स्थित राजकीय बाल गृह (बालक) में रखे गये और क्षेत्रीय लालबहादुर शास्त्री राजकीय चिकित्सालय में इलाज के लिए दवा लेते समय पलायित अल्फाजुद्दीन गाजी (12) पुत्र शौकत अली गाजी के मामले की मजिस्ट्रेटी जांच होगी। डीएम ने यह जांच अपर उप जिलाधिकारी सदर कंडारकर कमल किशोर देशभूषण को सौंपी है।

# एसडीएम राजातालाब के ट्रांसफर की मांग



मांगो के समर्थन में नारेबाजी करते वकील



मांग संबंधित ज्ञापन देते अधिवक्तागण

जनसंदेश न्यूज

**प्रस्ताव पारित**

**द तहसील बार एसोसिएशन राजातालाब के अधिवक्ताओं ने प्रस्ताव पारित कर भ्रष्टाचार के विरोध में भरी हुंकार**

**वाराणसी।** प्रस्तावक अधिवक्ता विनोद कुमार के प्रस्ताव पर आयोजित सदन की कार्रवाई की अध्यक्षता करते हुए द तहसील बार एसोसिएशन राजातालाब के अध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार राय सहित अन्य अधिवक्ताओं ने बैठक में प्रपोजल पास किया कि भ्रष्टाचार के मुद्दे पर जल्द से जल्द राजातालाब के उप-जिलाधिकारी गिरीश कुमार द्विवेदी का स्थानांतरण किया जाए, इसके साथ ही सोमवार को सम्पूर्ण कार्य दिवस न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए अपराह्न 12 से दो बजे तक एसडीएम राजातालाब के पोर्टिको में बार एसोसिएशन की ओर से धरना दिया जायेगा।

इसके साथ ही सभी ने आवाज उठायी कि तहसील में कार्य की सुगमता के लिए रखे गये आउट साइडरों को भी जल्द से जल्द बाहर का रास्ता दिखाया जाए। बताया कि आउट साइडरों के चलते भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। सभी ने आरोप लगाया कि तहसील राजातालाब में बिना सुविधा शुल्क लिये कोई कार्य पूरा नहीं किया जाता। इतना ही नहीं, सुविधा शुल्क नहीं मिलने पर पत्रावली तक गायब कर दी जाती है। एडीएम राजातालाब से शिकायत के बाद भी आज तक कोई कार्रवाई न होना भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना है। सभी अधिवक्ताओं ने साफ तौर पर कहा कि एसडीएम के खिलाफ ऊपर तक शिकायत की जायेगी। इस दौरान अधिवक्ताओं में लक्ष्मी कुमार पांडेय, अखिलेश कुमार मिश्रा, श्याम सुंदर त्रिपाठी, सुनील कुमार सिंह, मनोज कुमार चौबे, सर्वजीत कुमार भारद्वाज, छेदी लाल यादव, विनय कुमार पांडेय, दिनेश कुमार शर्मा, विश्वजीत श्रीवास्तव, नंदकिशोर सिंह पटेल, अमृत लाल पटेल, सहित अन्य अधिवक्ताओं ने पारित प्रस्ताव पर अपना समर्थन दिया। संचालन महामंत्री अधिवक्ता विजय कुमार भारतीय ने किया।



















# पावर कॉरपोरेशन के खिलाफ कर्मचारियों ने खोला मोर्चा

**किया प्रदर्शन**

### एमडी कार्यालय पर सभा कर लिखित समझौते को लागू करने की उठायी आवाज

### दी चेतावनी-समय रहते ऐसा नहीं हुआ तो 16 मार्च से 72 घंटे का आंदोलन तय



भिखारीपुर स्थित एमडी कार्यालय पर सभा को संबोधित करते शैलेंद्र दुबे

**वाराणसी।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले कर्मचारियों और अभियंताओं ने पावर कॉरपोरेशन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। शुक्रवार को भिखारीपुर स्थित पूर्वांचल-डिस्कॉम के एमडी कार्यालय के समक्ष सभा कर लिखित समझौते को लागू करने की आवाज बुलंद की। चेतावनी दी कि यदि समय रहते उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो 16 मार्च की रात से 72 घंटे की हड़ताल तय है।

सभा की अध्यक्षता करते हुए समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने कहा कि लिखित समझौते के प्रति ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबंधन के नकारात्मक रवैये, उत्पादन निगम तथा पारेषण में बड़े पैमाने पर निजीकरण किये जाने के फैसले से बिजली कर्मियों में भारी रोष व्याप्त है। ओबरा एवं अनपरा में 800-800 मेगावाट क्षमता की दो-दो इकाइयों को स्थापित करने का एमओयू एनटीपीसी के साथ किया गया है। इसके लिए ओबरा में 500 एकड़ क्षेत्र बसी कॉलोनी गिरायी जायेगी। यह दोनों परियोजनाएं उप्र राज्य विद्युत उत्पादन निगम की हैं। इसका निजीकरण विगत कई समझौतों का खुला उल्लंघन है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार पारेषण में 200 केवी एवं उच्च विभव के सभी विद्युत उपकेंद्रों एवं लाइनों का कार्य निजी क्षेत्र को देने की प्रक्रिया चल रही है। संचालन राजेंद्र सिंह ने किया। सभा को जितेंद्र सिंह गुर्जर, जय प्रकाश, जीबी पटेल, बीसी उपाध्याय, मायाशंकर तिवारी, सीबी उपाध्याय, जवाहर लाल विश्वकर्मा, श्रीचंद गौतम, रमाशंकर पाल, आरके वाही, अमित त्रिपाठी, संजय भारती, नीरज बिंद, बृजेश आदि ने संबोधित किया।

**संघर्ष समिति की प्रमुख मांगें**

1. बिजली निगमों का एकीकरण कर यूपीएसईबी लि. का गठन किया जाए।
2. वर्ष 2000 के बाद में सभी बिजली कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन की व्यवस्था लागू की जाए।
3. ओबरा व अनपरा में स्थापित की जा रही नई बिजली परियोजनाएं उत्पादन निगम को दी जाए।
4. पारेषण के नये बनने वाले सभी विद्युत उपकेंद्रों एवं लाइनों का कार्य यूपी पावर ट्रांस्को को दिया जाए।
5. शक्ति भवन मुख्यालय पर लगायी जा रही फेस रिकगनिशन प्रणाली को वापस लिया जाए, यह धन का अपव्यय है।
6. तेलंगाना, राजस्थान आदि प्रांतों की भांति निविदा/संविदा कर्मचारियों को नियमित किया जाए।

# 13 स्वास्थ्य केंद्रों पर बनेंगे एमएनसीयू वार्ड

**वाराणसी।** जिले के 13 स्वास्थ्य केंद्रों पर जल्द ही मातृ-नवजात शिशु देखभाल यूनिट (एमएनसीयू) वार्ड बनाएं जाएंगे। इसके लिए शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में सीएमओ डॉ संदीप चौधरी की अध्यक्षता में सभी स्वास्थ्य केन्द्रों के चिकित्साधिकारियों और स्टाफ नर्सों को प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में बताया गया कि कम वजन के नवजात शिशुओं को कंगारू मदर केयर (केएमसी) विधि से हाइपोथर्मिया व अन्य समस्याओं से बचाया जा सकता है। इससे माँ का बच्चे से लगाव बढ़ेगा और उसके स्वास्थ्य में भी सुधार होगा। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा संदीप चौधरी ने स्वास्थ्य कर्मियों के साथ पूर्व में बैठक कर निर्णय लिया गया। जिसके तहत जनपद के जिला अस्पताल व बीएचयू समेत 13 ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य केंद्रों पर एमएनसीयू वार्ड के निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एमएनसीयू वार्ड निर्माण में कम्यूनिटी एम्पावरमेंट लैब (सीईएल) संस्था का वैज्ञानिक एंव तकनीकी सहयोग लिया जाएगा। सीएमओ ने बताया कि नव निर्माण एमएनसीयू वार्ड में कम वजन के नवजात शिशु को माँ के साथ केएमसी देते हुए बेहतर तरीके से प्रशिक्षित स्टाफ नर्स व चिकित्सक के जरिए उपचार किया जाएगा, जिससे शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी। यहां बनेंगे एमएनसीयू वार्ड अर्बन सीएचसी चौकाघाट, अर्बन सीएचसी शिवपुर, अर्बन सीएचसी दुर्गाकुंड, अर्बन सीएचसी काशी विद्यापीठ, सीएचसी आराजीलाइन, सीएचसी चोलापुर, पीएचसी हरहुआ, पीएचसी सेवापुरी, पीएचसी पिंडरा, डीडीयू चिकित्सालय पाण्डेपुर, एलबीएस चिकित्सालय रामनगर, जिला महिला चिकित्सालय कबीरचौरा



# ईको प्लस गोल्ड टीएमटी का शानदार आगाज

**जनसंदेश न्यूज**



**वाराणसी।** वाराणसी से उत्पादित होकर निर्माण के क्षेत्र में पूरे उत्तर भारत में बनारस का परचम लहराने वाले ईको प्लस ग्रुप के वार्षिक समारोह का आयोजन छावनी क्षेत्र स्थित होटल में हुआ। इस अवसर पर समूह के सैकड़ों डीलर्स व डिस्ट्रीब्यूटर्स ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी।

मुख्य अतिथि आरके चौधरी ने दीप प्रज्जवलन के साथ समारोह की शुरूआत की। इस मौके पर कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट मार्केटिंग सागर प्रताप सिंह ने कहा कि सफलता की सीढ़ी के लिए प्रोजेक्ट की क्वालिटी का अहम योगदान होता है। अच्छी क्वालिटी के कारण ही आज ईको प्लस निर्माण के क्षेत्र में एक मजबूत नाम बन कर उभरा है। हम अपने नये उत्पाद ईको प्लस गोल्ड टीएमटी को इस मंच से लांच करने जा रहे हैं।

कहा कि अपने नाम के अनुरूप ईको प्लस गोल्ड टीएमटी निर्माण के लिए खरा सोना साबित होगा। ग्रुप के निदेशक विपिन अग्रवाल ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर अजय अग्रवाल, सुजीत अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, कमल अग्रवाल, विनोद सरवांगी मौजूद थे।

# कार्यकर्ता संगठन की मजबूत कड़ी

**कार्यशाला**

### भाजपा महिला मोर्चा महानगर व जिला इकाई का संयुक्त आयोजन

**जनसंदेश न्यूज**



**वाराणसी।** भाजपा महिला मोर्चा महानगर एवं जिला इकाई के संयुक्त बैनर तले रोहनिया स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित एक दिनी कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री डॉ. कृतिका अग्रवाल ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की मजबूत कड़ी है। आगामी लोकसभा चुनाव में अभूतपूर्व जीत प्राप्त करने के लिए एक-एक बूथ को सक्रिय व मजबूत बनाना होगा।

उन्होंने आगामी कार्ययोजना की चर्चा करते हुए कहा कि महिला मोर्चा के लिए प्रमुख रूप से चार अभियान सम्पन्न कराने हैं। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को सभी बूथों पर सुनना, सेल्फी विद लाभार्थी, समाज के प्रबुद्ध वर्ग व उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रत्येक जिले से 10 महिलाओं को 'सुषमा स्वराज अवार्ड' से सम्मानित करना और ऑनलाइन प्रशिक्षण अभियान चलाना शामिल है।

उन्होंने कहा कि बूथ सशक्तिकरण अभियान तथा मंडलों का सत्यापन का कार्य भी महिला मोर्चा के लोगों को सम्पन्न कराना है। अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष नम्रता चौरसिया ने की। स्वागत जिलाध्यक्ष विनीता सिंह व संचालन जिला महामंत्री रेखा चौहान ने किया। धन्यवाद महानगर अध्यक्ष कुसुम सिंह पटेल ने दिया। कार्यशाला में सुमन शर्मा, किरण मिश्रा, साधना सिंह, आरती पाठक, प्रीति पुरोहित, मोनिका माहेश्वरी, रिचा सिंह, नेहा कक्कड़, रेखा सोनी, मुमताज बानो, सुनीता सिंह, सुमन शर्मा, गौरी यादव, अंजू शर्मा आदि उपस्थित थीं।

# अवैध निर्माण स्थल पर पहुंचा वीडीए



**जनसंदेश न्यूज**

**थमायी नोटिस**

### क्षेत्रीय लोगों ने वीडीए में की थी इस बात की शिकायत

**वाराणसी।** आदमपुर के किला कोहना (राजघाट) में लबे सड़क रेलवे की विवादित जमीन पर अवैध निर्माण की शिकायत पर शुक्रवार को विकास प्राधिकरण के अधिकारी मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। वीडीए के मुताबिक निर्माण कार्य अवैध रूप से किया जा रहा है। मामले में भू-स्वामी को नोटिस दी गयी है। वीडीए के अधिकारियों का कहना है कि यदि भू-स्वामी ने खुद अवैध निर्माण को नहीं हटाया तो अवैध निर्माण कार्य ध्वस्त किया जायेगा। साथ ही भू-स्वामी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि आदमपुर जोन के तहत पड़ने वाले किला कोहना (राजघाट) के पास जीटी रोड से सटे रेलवे की विवादित जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर ढ़लाई कराने के साथ चारदीवारी बनायी जा रही है। इस पर आसपास के लोगों ने आपत्ति जताई थी और विकास प्राधिकरण से इसकी शिकायत की थी।

# लू तापघात जानलेवा, बचाव ही उपचार

**वाराणसी।** गर्मी बढ़ते ही लू प्रकोप व तापघात से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से हेल्थ एड्वाइजरी जारी की गई है। इस मौसम में बच्चों से लेकर वृद्धजन को बेहोशी, मांसपेशियों में जकड़न, मिर्गी दौरा पड़ना, चिड़चिड़ापन, सिरदर्द, अधिक पसीना आना, कमजोरी, चक्कर आना, सांस व दिल की धड़कन तेज होना, मतली और उल्टी आना, नींद पूरी न होना आदि परेशानी हो सकती है। इससे बचाव के लिए प्राथमिक उपचार बेहद जरूरी है। इसके लिए सभी जिला स्तरीय चिकित्सालयों में 10-10 बेड एवं सीएचसी पर दो से पांच बेड आरक्षित करने के लिए निर्देशित किया गया है। सीएमओ ने बताया कि लू से जन-हानि भी हो सकती है। इसके असर को कम करने के लिए और लू से होने वाली मौत की रोकथाम के लिए कई सावधानियाँ बताई गईं हैं जो इस प्रकार हैं।

# बहरेपन का आधुनिक इलाज करेगा सत्कृति हॉस्पिटल



**वाराणसी।** हर वर्ष तीन मार्च को वर्ल्ड डे हियरिंग (विश्व श्रवण दिवस) के रूप में मनाया जाता है, इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को बहरेपन के प्रति जागरूक करना है।

सत्कृति हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सक व डायरेक्टर डॉ. मनोज कुमार गुप्ता (नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ) ने शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि दुनिया में लगभग 150 करोड़ लोगों को किसी न किसी रूप में सुनने की समस्या है। बताया कि हेडफोन, ईयरबड के अलावा स्मोकिंग, हाई बीपी, शुगर और कुछ संक्रमण के कारण यह क्षमता घटती है। तेज आवाज वाली जगहों जैसे फैक्ट्री, ट्रैफिक, डीजे आदि में काम करने वालों को भी प्रभावित करता है। अब सत्कृति हॉस्पिटल ने एक कदम और आगे बढ़ाते हुए श्रवण हानि से ग्रसित मरीजों को उनके बहरेपन से मुक्ति के लिए प्रीमियम हियरिंग केयर ब्रांड सिगनिया के साथ काम करेगा।

बताया कि सिगनिया (वेस्टसाउंड सेंटर) देश भर में फैले 320 से अधिक केंद्रों के साथ हियरिंग केयर के सबसे बड़े नेटवर्क में से एक है।

# पुलिस उपमहानिरीक्षक ने पीएसी का किया निरीक्षण



**रामनगर।** स्थानीय 36 वीं वाहिनी पीएसी का पुलिस उपमहानिरीक्षक आईपीएस अजय कुमार सिंह ने शुक्रवार को पूर्वाह्न वार्षिक निरीक्षण करने पहुंचे पीएसी, वाराणसी अनुभाग के द्वारा पुलिस उपमहानिरीक्षक के 36 वीं वाहिनी पीएसी आगमन पर सेनानायक डॉ अनिल कुमार पाण्डेय द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।

परेड की सलामी ली गई व परेड निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में प्लाटून ड्रिल,शस्त्र- हैंडलिंग, टर्नआउट, शस्त्र-अभ्यास आदि का निरीक्षण किया गया। जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए वाहिनी क्वार्टर -गार्ड पहुंचकर गार्द निरीक्षण किया, गार्द रूम, समस्त दलों के शस्त्रों की साफ-सफाई, रख-रखाव, रजिस्टर मेंटेनेंस आदि का अवलोकन किया, सभी को संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।निरीक्षण के क्रम में परिवहन शाखा, वाहिनी चिकित्सालय, कैंटीन व आवासीय परिसर स्थित विभिन्न भवनों का मरम्मतीकरण रंगाई-पुताई, वाहिनी में युद्धस्तर पर चल रहे विभिन्न निर्माण कार्य व जवानों के लिए बनाए जा रहे बैरक आदि का निरीक्षण किया गया। सेनानायक द्वारा पुलिस उपमहानिरीक्षक का धन्यवाद ज्ञापन किया। व स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस दौरान राजेश कुमार-सहायक सेनानायक, कैलाश नाथ यादव-शिविपाल समेत वाहिनी के समस्त अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## योग, प्राणायाम और आध्यात्मिकता से कैंसर हो सकता है नियंत्रित

**सारनाथ।** अनुभूति ट्रस्ट, पुनरुत्थान संस्था एवं सी-3 हेल्थ केयर के संयुक्त तत्वावधान में कैंसरः आधुनिक आयुर्वेदिक एवं आध्यात्मिक दृष्टिकोण विषयक कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को सारनाथ स्थित केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान के अतिशा सभागार में किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. अंशुमान कुमार ने योग व आध्यात्मिक दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्राणायाम, योग व योग निद्रा के बदौलत कैंसर जैसे रोग पर नियंत्रण किया जा सकता है। कहा कि फास्ट फूड व खाने मे प्लास्टिक के बर्तन का इस्तेमाल करने से कैंसर जैसे रोग फैलता है। वैद्य प्रभात मिश्र ने कहा कि गलत दिनचर्या व फास्ट फूड के इस्तेमाल से पित्तदोष बढ़ता है। पित्तदोष कई रोगों का कारण बनता है। दिनचर्या को सुधार कर दार्शनिक दृष्टिकोण अपनाकर मजबूत इच्छाशक्ति से असाध्य रोगों पर काबू पाया जा सकता है। मौके पर धर्मराज पांडेय द्वारा रचित पुस्तक गजेंद्र मोक्ष का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर विपिन पांडेय, आशुतोष तिवारी, डॉ चंद्रभान पांडेय, विष्णु देव मिश्र सहित आदि उपस्थित थे।

# गैस सिलेंडर की बढ़ायी दर वापस ले सरकार

**नाराजगी**

### आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मुद्दे को लेकर शास्त्री घाट पर किया प्रदर्शन

**जनसंदेश न्यूज**



रसोई गैस सिलिंडर की मूल्य वृद्धि के खिलाफ 'आप' कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को शास्त्री घाट पर प्रदर्शन किया

**वाराणसी।** रसोई गैस सिलिंडर की मूल्य वृद्धि के खिलाफ शुक्रवार को आम आदमी पार्टी यानि 'आप' कार्यकर्ताओं ने प्रदर्श किया। संगठन की जिला एवं महानगर इकाई की ओर से वरुणापुल क्षेत्र स्थित शास्त्री घाट पर यह आयोजन था। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने होली के त्यौहार पर महिलाओं को गैस सिलिंडर मुफ्त देने का वादा कर सिलिंडर का रेट 50 रुपये बढ़ाकर वादाखिलाफी की है। सो, गैस सिलिंडर की बढ़ायी हुई दर सरकार वापस ले।

'आप' जिलाध्यक्ष रमाशंकर सिंह पटेल एवं महानगर अध्यक्ष डॉ. अखिलेश पांडेय के नेतृत्व में यह प्रदर्शन था। इस मौके पर वक्ताओं ने आरोप लगाया कि जनता पहले से ही महंगाई से बेहाल है। पेट्रोल-डीजल के दाम आसमान छू रहे हैं।

खाने-पीने की सामग्री में बेतहाशा बढ़ोतरी होने से हा-हाकार मचा हुआ है। जनता किसी प्रकार अपने परिवार, बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य का खर्च उठाने के लिए जद्दोजहद कर रही है। त्यौहार से मात्र एक सप्ताह पहले घरेलू गैस की कीमतों में 50 रुपये और व्यवसायिक गैस की कीमत में 350 रुपये की वृद्धि करना न्यायोचित नहीं है।

उन्होंने आरोप लगाया कि गैस के दाम बढ़ाना सिर्फ एक बहाना है वास्तव में सरकार अपने मित्र को बढ़ते कर्ज से बचाने की कोशिश कर रही है। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय कार्य परिषद सदस्य देवकांत वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी घनश्याम पांडेय, रेखा जायसवाल, अनुराग अग्रवाल, कन्हैया मिश्र, मनीष गुप्ता, प्रमोद भारती, अर्चना श्रीवास्तव, मोहिनी महेंद्रु, अनीता यादव, गीता पटेल, संजय कुमार आदि रहे।

## संक्षेप

### सर्वश्रेष्ठ पीएमआरएफ परियोजनाओं का सम्मान आईआईटी पीएचडी छात्र को भी



**वाराणसी।** आईआईटी-बीएचयू स्थित मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग विभाग में प्रधानमंत्री रिसर्च फेलो रोहित झा के परियोजना कार्य को राष्ट्रीय समिति-पीएमआरएफ ने सभी इंजीनियरिंग/विज्ञान विषयों के बीच सर्वश्रेष्ठ 51 पीएमआरएफ परियोजनाओं में से एक चुना है। बीते महीने आईआईटी-मद्रास में 17 और 18 फरवरी को आयोजित दो दिवसीय प्रधानमंत्री रिसर्च फेलो की राष्ट्रीय संगोष्ठी-2023 में उन्हें यह सम्मान मिला। इसके अलावा, इस परियोजना कार्य को सामग्री विज्ञान, और धातुकर्म इंजीनियरिंग, खनन इंजीनियरिंग में सर्वश्रेष्ठ-फाइव पीएमआरएफ परियोजनाओं में चुना गया है।

### मो पे डारो न रंग गिरधारी रे पर दर्शक मंत्रमुग्ध



**वाराणसी।** सिडबी-स्पिक मैके के तत्वावधान में शुक्रवार को कृष्ण मूर्ति फाउंडेशन राजघाट स्थित बसंता कॉलेज के सभागार में बनारस घराने के कथक कलाकार रुद्रशंकर का कथक नृत्य हुआ। पं रुद्र शंकर नृत्य का शुभारम्भ भगवान शिव के डमरू बाजे बोल पर किया। 16 मात्रा में 16 गोपियां एक श्रीकृष्ण को पकड़ने की कोशिश को भी नृत्य के माध्यम से प्रस्तुति दी। उन्होंने श्रीकृष्ण के माखन चोरी की कथा का नृत्य के माध्यम से प्रस्तुति की जिसे देख कर दर्शक मंत्रमुग्ध रहे। उन्होंने होली के अवसर पर दादरा मोपे डारो ना रंग गिरिधारी रे... तत्पश्चात रंग डारूंगी नन्द के लालन रे पर नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्पिक मैके के चेयरपर्सन उमेश चंद्र सेठ, प्राचार्या प्रो. अलका सिंह पं माता प्रसाद मिश्र ने दीप प्रज्वलित कर किया। तबले पर संगत उदय शंकर मिश्र, सितार पर नीरज मिश्रा एवं गायन पर संतोष मिश्रा तथा बोल पढ़ंत पं माता प्रसाद मिश्र ने किया। कार्यक्रम में स्वागत प्राचार्या डॉ अलका सिंह संचालन श्रिया सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन उक्त अवसर पर डॉ हनुमान प्रसाद गुप्ता, मेधना कश्यप, सुदेशना बसु, स्पिक मैके के डॉ शुभा सक्सेना, डॉ विभा सिंह, पवन सिंह, वीना सेठ सहित छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे।

### प्रतियोगिता में महिला-पुरुष खिलाड़ियों ने की हिस्सेदारी



**वाराणसी।** सांसद खेल स्पर्धा के तहत शुक्रवार को पिंडरा और बड़ागांव विकास खंडों में क्रमशः फूलपुर और सियरहां में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मछली शहर के अंतर्गत यह कार्यक्रम था। उसमें महिला व पुरुष खिलाड़ियों ने कबड्डी एवं वॉलीबॉल में हिस्सेदारी की। विजेता खिलाड़ी आगामी पांच मार्च को मछलीशहर संसदीय क्षेत्र के जौनपुर में जिले में करंजाकला ब्लॉक के सिद्दीकपुर में इंदिरा गांधी स्टेडियम भागीदारी करेंगे। इस मौके पर शैलेश पांडेय, सत्येंद्र सिंह, जिला युवा कल्याण अधिकारी अजय कुमार सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, शिवाकांत बाजपेई, प्रियंका मिश्रा, विवेक सिंह, मंगला सिंह, भारत शुभम साहू, विवेक रंजन यादव, हरिश्चंद्र यादव, चंद्रशेखर पटेल, राजेश कुमार सिंह, रामकुमार वर्मा, संदीप वर्मा, प्रेम कुमार सिंह, अवधेश कुमार यादव आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।

### ग्राम न्यायालय की स्थापना को लेकर वकील मुखर

**पिंडरा।** पिंडरा तहसील के वकील ग्राम न्यायालय के स्थापना के बाद भी न चलने से आक्रोशित होकर तीन दिनों तक सांकेतिक रूप से न्यायिक कार्य के बहिष्कार की घोषणा की। शुक्रवार को तहसील परिसर में हुई बैठक में वकीलों ने एसडीएम पिंडरा को पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए पूर्व में ग्राम न्यायालय के स्थापना के लिए खरीदी गई 10 एकड़ भूमि पर जल्द निर्माण कार्य करने व तहसील परिसर में बने अस्थाई ग्राम न्यायालय के शुरू करने की मांग को लेकर तीन दिवस तक कार्य बहिष्कार की घोषणा की। बैठक के दौरान बार अध्यक्ष राजेश पटेल, महामन्त्री श्याम मोहन उपाध्याय, हेमन्त दुबे, श्याम शंकर सिंह, संतोष सिंह, विपुल मिश्र, आशीष, उमेश सिंह, संजय दुबे समेत अनेक अधिवक्ता रहे।

### काशी क फगुआ बड़ा जबरदस्त हौ..



**वाराणसी।** होली का त्योहार करीब है लेकिन इसके पूर्व ही गंगा के किनारे काशी के कलाकारों की टोली ढोलक हरमुनिया तबले की थाप पर राजनीतिज्ञों पर तंज कसते हुए जोगीरा और पारंपरिक कजरी को गाते हुए सुर लगा रहे थे। जोगीरा सररर.. कहते एक नया तंज कस रहे थे। गीतकार कन्हैया दुबे केडी के संयोजन में लिखे हुए गीतों को लोक गायक अमलेश शुक्ल स्वर से सजाते हुए जोगीरा सा रा रा रा से होली गीत फगुआ चैती गा रहे थे। महा श्मशान में भोले बाबा और भोले की टोली रे... काशी क फगुआ बड़ा जबरदस्त हव.. इहै फगुनवा देखकर बाबा जुटीहै.. सहित अनेक गीत सुना कर फगुआ का एहसास कराया। तबले पर दीपक सिंह ढोलक पर नसीम हारमोनियम पर दयानंद संगत कर रहे थे। सील बट्टा भांग ठंडई रसवंती मिठाई के साथ बनारसी अंदाज में प्रभाकर यादव पीसते हुए नजर आये। इसमें महिलाएं भी फागुनी अंदाज में झूमती नाचती नजर आयी।

### रंगभरी एकादशी पर मारकण्डेय बाबा का दरबार रहा गुलजार



**चौबेपुर।** रंगभरी एकादशी तिथि पर शुक्रवार को मारकंडेय महादेव कैथी में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर पूर्वांचल के विभिन्न जिलों से आए भक्तों ने बाबा के साथ होली खेली। मंदिर द्वारा विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां कलाकारों ने भगवान शिव की लीला का मंचन किया। साथ ही कलाकारों ने भजन कीर्तन के साथ फाग गीत सुनाये। कार्यक्रम के अंत में लोगों ने जमकर अबीर गुलाल उड़ाये और एक दूसरे को होली की बधाई दी। सबसे पहले भगवान शिव की पूजा अर्चना के बाद अबीर अर्पित किया गया। जिसके बाद अबीर को प्रसाद के रूप में सभी के माथे पर लगाकार होली शुभकामना दी गई। इस अवसर पर पुजारी नितेश गोस्वामी, लालू गिरी, श्यामू गिरी पप्पू गिरी, प्रेम नाथ गिरी बजरंगी गिरी जीतेश सिंह शक्ति सिंह सनिश सिंह रघुवंशी भूमि धरी बाग मालिकान अजितेश पांडे,अवनीश पाठक निशू शिवम यादव बबन आदि उपस्थित रहे।

### संगीत जीवन को नया अर्थ देता है : श्रीप्रकाश

**वाराणसी।** भोजपुरी अध्ययन केंद्र, बीएचयू की ओर से आयोजित 'संगीत संध्या सह होली मिलन समारोह' में होली गीतों से पूरा परिसर गूंज उठा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा की निदेशक आर्यमा सान्याल रहीं। अध्यक्षता वित्ताधिकारी ,बीएचयू डॉ अभय ठाकुर ने की। सबसे पहले केन्द्र के शोध छात्रों द्वारा केंद्र समन्वयक व वरिष्ठ कवि प्रो. श्रीप्रकाश शुक्ल द्वारा लिखित स्वागत गीत की सुंदर प्रस्तुति की गई जिसके बोल थे- 'भोजपुरी में होली मिलन बा रंगे संगे तू आवा'। इसके बाद इन्हीं छात्रों द्वारा एक समूह होली गीत प्रस्तुत किया गया। जिसके बोल थे-'सिया निकलीं अवधवा की ओर, होलिया खेलयं राम लला'। अगली प्रस्तुति बीएचयू के मंच कला संकाय के डॉ. रामशंकर द्वारा हुई। उन्होंने 'विनती सुनो नंद के ललना, रंग डारो न, डारो न, डारो न' और 'श्री गिरिराज किशोरी शम्भु संग खेलत होरी' गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद प्रसिद्ध गायिका सुचरिता गुप्ता ने 'होरी खेलन राधा निकसी, होरी खेलन आयो श्याम व शिव सती खेलें फाग' गीतों की प्रस्तुति दी। इसके बाद शास्त्रीय गायक डॉ.आशीष मिश्र ने 'देखो लला मेरी आँखन खटके तथा आज बिरज में होरी रे रसिया' गीतों की प्रस्तुति दी। हिंदी विभाग,बीएचयू के डॉ. विंध्याचल यादव ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए कहा कि काशी में संगीत की परंपरा का विशेष महत्व है तथा भोजपुरी अध्ययन केंद्र की यह संगीत संध्या उसी परंपरा से कहीं न कहीं जुड़ती है। कार्यक्रम में सुनीता शुक्ल, प्रो.वीरेंद्र नाथ मिश्र, प्रो.के.एम. पाण्डेय, प्रो.संजय कुमार, प्रो.देवेंद्र मिश्र, प्रो.प्रभाकर सिंह, डॉ.प्रभात कुमार मिश्र, डॉ. महेंद्र कुशवाहा, डॉ. रविशंकर सोनकर, डॉ. प्रियंका सोनकर के साथ भारी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे।



# फंदे पर लटकती मिली महिला की लाश

**सनसनी**

### शिवरामपुर घाट पर फुल्की बेचने गया था पति

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** नगर के रामपुर उदयभान में शुक्रवार की सुसबह महिला की लाश फंदे से लटकती मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों की जानकारी होगी।

बताया जाता है कि भिंड, मध्यप्रदेश के भोरौली थाना क्षेत्र्त्र के सरां निवासी प्रदीप राठौर नगर में ठेला पर फुल्की बेचने का काम करता है। वह अपनी पत्नी नेहा के साथ नगर के रामपुर उदयभान मुहल्ले में किराये के मकान में रहता था।

शुक्रवार को वह ठेला लेकर गंगा नदी के शिवरामपुर घाट पर फुल्की बेचने गया था। इसी बीच पड़ोस में रहने वाले उसके रिश्तेदार कमरे में पहुंचे तो देखा कि प्रदीप की पत्नी नेहा राठौर (28) की लाश फंदे से लटक रही है। उन्होंने तत्काल मामले की सूचना प्रदीप एवं पुलिस को दी। कोतवाल राजीव सिंह, चौकी प्रभारी मंडी समिति नागेन्द्र पांडेय मौके पर पहुंच गये। पूछताछ के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## गंगा स्नान कर रहा किशोर डूबा, खोज जारी

**लालगंज।** हाईस्कूल की परीक्षा देकर चार दोस्त शुक्रवार को गंगा स्नान करने शिवपुर घाट पर पहुंचे गए, जिसमें एक किशोर गंगा नदी में डूब गया। उसके साथ नहा रहे तीन अन्य किशोर डूबने से बचा लिए गए। सूचना पर पहुंची दोकटी पुलिस ने पहले जाल और बाद में गोताखोर बुलाकर उसकी खोजबीन किया, लेकिन समाचार लिखे जाने के तक उसका पता नहीं लग सका। बैरिया थाना क्षेत्र के रानीगंज बाजार निवासी नितिन केशरी (15) पुत्र भैरव प्रसाद केशरी दिब्याभा इंटर कालेज श्रीपालपुर में दसवीं की परीक्षा दे रहा था। परीक्षा का अंतिम पेपर देकर वह अपने दोस्तों के साथ घर न जाकर शिवपुर घाट पर गंगा स्नान करने चला गया। गंगा स्नान के दौरान चारो दोस्त गहरे पानी में डूबने लगे। आस-पास के लोगों ने तीन किशोरों को बचा लिया, लेकिन नितिन केशरी गंगा में डूब गया। सूचना पर थानाध्यक्ष दोकटी मदन पटेल, एसआई अखिलेश सदल-बल घाट पर पहुंचे। सर्वप्रथम नदी में मछली मारने वाला जाल लगाया गया, लेकिन किशोर का पता नहीं चलने पर थानाध्यक्ष दोकटी मदन ने रेवती से गोताखोरों को बुलाया।

## आग में दो परिवारों का आशियाना जलकर राख

**बलिया।** मनियर ब्लाक के अंतर्गत ग्राम सभा रिगवन मठिया में दिव्यांग व्यक्ति के घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। इससे घर-गृहस्थी का सारा सामान, नगदी एवं जरूरी प्रपत्र आदि जलकर राख हो गया। अगलगी की इस घटना में दिव्यांग व्यक्ति की ट्राई-साइकिल भी जलकर नष्ट हो गई। रिगवन मठिया निवासी दोनों पैरों से दिव्यांग आदर्श कुमार प्रसाद ने बताया कि बीती रात तिलकोत्सव में शामिल होने के लिए गया था। इसी बीच मध्यरात्रि के बाद किसी ने मेरे घर में आग लगा दी। इसके चलते घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया है। अगलगी की घटना में मेरी ट्राई साइकिल भी जलकर नष्ट हो गई है। दिव्यांग आदर्श ने सरकार से मदद की गुहार लगाई है। वहीं, पकड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत सहुलाई तकिया गांव में हरेराम चौहान के घर अज्ञात कारणों से लगी आग में पांच बकरियां, दो दर्जन मुर्गियों समेत एक भैंस की जलकर मौत हो गई। वहीं, घर में रखा गृहस्थी का सामान भी स्वाहा हो गया। परिजनों के शोर मचाने पर जुटे ग्रामीणों ने आग पर किसी तरह काबू पाया, लेकिन तब तक सब कुछ जलकर समाप्त हो चुका था। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

# बच्चों ने प्रस्तुत किया रंगारंग कार्यक्रम



**बलिया।** सनबीम स्कूल अगरसंडा में किंडरगार्टन वर्ग के केजी-2 के बच्चों का दीक्षांत समारोह अत्यंत भव्यता एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. अर्पिता सिंह ने तुलसी वेदी पर दीप प्रज्वलन करके किया। इसके बाद विद्यालय के किंडरगार्टन रूपी बगीचे के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई।

कार्यक्रम में केजी प्रथम के बच्चों ने इट्स टाइम टू डिस्को तथा आई एम ए डिस्को डांसर गाने पर शानदार प्रस्तुति दी। इसी क्रम में बाल मंडली द्वारा प्रस्तुत शिव स्तुति ने सभी अभिभावकों एवं विद्यालय के सदस्यों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दीक्षांत समारोह में कक्षाध्यापिका क्रमशः श्रीमती सुष्मिता रानी सिंह, निधि गुप्ता एवं विद्यार्थीगण आदित्री सिंह, नमन मौर्य ने अपने खट्टे-मीठे अनुभवों को साझा किए, जिसे सुनकर सभी भाव विभोर हो उठे। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या डॉ. अर्पिता सिंह ने सभी बच्चों को उनके आगामी कक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए ढेरों आशीष प्रदान किया। साथ ही उनके अभिभावकों को भी सही दिशा-निर्देश देते रहने के लिए प्रेरित किया। किंडरगार्टन वर्ग की समन्वयिका श्रीमती निधि सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासक संतोष कुमार चतुर्वेदी, पंकज सिंह, सहर बानो, नीतू पांडेय आदि मौजूद रहे।

# हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव संपन्न



कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक एवं आंगनबाड़ी वर्कर

जनसंदेश न्यूज

**लालगंज।** बीआरसी केंद्र मुरली छपरा पर हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन शुक्रवार को किया गया। मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनिराम सिंह ने प्री प्राइमरी कक्षाओं को निपुण लक्ष्य की प्राप्ति में पहली सीढ़ी बताते हुए निपुण लक्ष्य की प्राप्ति में इसके महत्व को रेखांकित किया।

कार्यक्रम को सीडीपीओ राकेश कुमार तथा खंड शिक्षा अधिकारी दुर्गा प्रसाद सिंह ने संबोधित किया। उन्होंने उपस्थित अध्यापकों तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से सरकार की प्री-प्राइमरी से जुड़ी महत्वाकांक्षी योजना को सफल बनाने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में अध्यापक शशिकांत द्वारा बनाये गये टीएलएम सामग्री की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनीराम सिंह ने किया। इस अवसर पर विनोद यादव, शशिकांत आदि मौजूद रहे।

## पुलिस लाइन में नीलामी 20 को

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर ने बताया है कि पुलिस लाइन में राजकीय सम्पत्ति की अनुपयोगी वस्तु, कम्प्यूटर मय उपसाधक, इलेक्ट्रानिक उपकरण व अन्य की नीलामी 20 मार्च को प्रातः 10 बजे किया जाना है। नीलामी हेतु इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि व समय पर पुलिस लाइन में उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते हैं। प्रत्येक बोली बोलने वाले व्यक्ति को निर्धारित धरोहर की धनराशि रूपया 20 हजार सर्वप्रथम जमा करना होगा, उसके बाद ही नीलामी में भाग ले सकेगा। जिस व्यक्ति की सबसे अधिक बोली होगी, उसे नीलामी की सम्पूर्ण धनराशि तत्काल जमा करना होगा। शेष बोली में भाग लेने वाले व्यक्तियों की धरोहर धनराशि तत्काल वापस कर दी जायेगी। नीलामी लेने वाले व्यक्ति को नियमानुसार जीएसटी व सेलटैक्स जमा करना होगा। नीलामी को किसी भी समय निरस्त किये जाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। क्रेता द्वारा नीलामी ली गयी सामग्री को नियत समय के अन्दर नीलामी की धनराशि जमा कर सामान अपने खर्चे पर ले जाना होगा। अन्यथा धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

# हाईटेक होंगे जिले के तीन राजकीय आईटीआई

**उपलब्धि**

### प्रत्येक आईटीआई पर खर्च किया जायेगा 32.58 करोड़

**बलिया।** राजकीय आईटीआई में वर्तमान तकनीकी मांग के अनुसार प्रशिक्षु तैयार करने के लिए शासन ने टाटा टेक्नोलाजी के साथ करार किया है। करार के मुताबिक उक्त कंपनी प्रदेश की 150 राजकीय आईटीआई को वर्तमान तकनीकी मांग के अनुरूप स्थापित करने के साथ ही यहां प्रशिक्षण लेने वाले प्रशिक्षुओं को दक्ष करेगी। इसे वैश्विक पटल पर ब्रांड के रूप में स्थापित करेगी। इस योजना से जनपद के तीन राजकीय आईटीआई लाभान्वित होंगे। योजना के अनुसार काम हुआ तो यहां प्रशिक्षण लेने वाले प्रशिक्षु विश्व स्तरीय कंपनियों की वर्तमान मांग के अनुसार तैयार होंगे और उन्हें प्लेसमेंट भी मिलेगा।

टाटा टेक्नोलाजी ने प्रदेश में 150 औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्रों के उन्नयन के लिए राज्य सरकार के साथ एमओयू साइन किया है। इसमें जनपद के तीन आईटीआई बलिया, रसड़ा और सीयर भी शामिल है। प्रत्येक आईटीआई पर 32.58 करोड़ की धनराशि खर्च की जाएगी। करार के अनुसार वर्तमान औद्योगिक मांग के अनुरूप किए राजकीय आईटीआई के पाठ्यक्रम किए जाएंगे। यहां के प्रशिक्षु तकनीकी रूप से सशक्त व दक्ष होंगे। लाभप्रद रोजगार के योग्य बनाए जाएंगे। कंपनी राजकीय आईटीआई को वैश्विक पटल पर उच्च गुणवत्ता युक्त कौशल प्रशिक्षण संस्थानों के रूप में स्थापित कर इन्हें ब्रांड के रूप में स्थापित करने के लिए रिपोर्ट भी तैयार करेगी। स्थानीय व वैश्विक औद्योगिक इकाइयों से समन्वय स्थापित कर इसे ट्रेनिंग काउंसलिंग और प्लेसमेंट सेंटर के रूप में विकसित करेगी। चयनित कंपनी ही नई प्रौद्योगिकी के अनुसार उपकरण, मशीनें, साफ्टवेयर स्थापित कर प्रयोगशालाओं को हाईटेक बनाएंगी। साथ ही इनका पांच साल तक रख-रखाव भी करेगी। प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचार और नवीन सिद्धांतों पर आधारित पाठ्यक्रम सामग्री तैयार की जाएगी। प्रत्येक आईटीआई पर 32 करोड़ 58 लाख की धनराशि खर्च की जाएगी। इस पर होने वाले खर्च में 87 फीसद से अधिक की भागीदारी टीटीएल की होगी।

**अपडेट होंगे प्रशिक्षक**

**बलिया।** चयनित आईटीआई में पहले दो वर्षों के लिए दो प्रशिक्षक तथा तीसरे वर्ष के लिए एक प्रशिक्षक की उपलब्धता टीटीएल कराएगी। टीटीएल द्वारा कुल 11 दीर्घकालीन और 23 अल्पकालीन प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों को विकसित किया जाएगा। विभाग में कार्यरत शिक्षकों को पहले तीन वर्षों में नई तकनीक के अनुसार प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके लिए चार नोडल केंद्र बनाए जाएंगे। इसमें राजकीय आईटीआई को विभाजित किया जाएगा।

**राजकीय आईटीआई का होगा उन्नयन**

**बलिया।** इस संबंध में राजकीय आईटीआई बलिया के प्रिंसिपल संजय भारती ने बताया कि शासन की ओर से टाटा टेक्नोलाजी के साथ एमओयू साइन किया गया है। चयनित 150 राजकीय आईटीआई में बलिया जनपद के भी तीन राजकीय आईटीआई शामिल हैं। योजना के तहत चयनित राजकीय आईटीआई का उन्नयन किया जाना है। अभी विस्तृत कार्ययोजना मिलने के बाद भी ज्यादा कुछ बताया जा सकेगा।

# धनाभाव में राजकीय चिकित्सालय का निर्माण कार्य ठप

**यह है हाल**

### दिसंबर-2023 तक अस्पताल को तैयार करने का लक्ष्य

**बैरिया।** जिस दावे एवं वादा के साथ कार्य शुरु किया गया, उस हिसाब से कार्य न होना चिन्ता का विषय हैं। जी हां, हम बात कर रहे सीएचसी सोनबरसा के बगल में पिछले पांच वर्षों से निर्माणाधीन 100 बेड के राजकीय चिकित्सालय की। यहां निर्माण कार्य धनाभाव के कारण एक बार फिर ठप पड़ गया है। दिसम्बर 2020 में इस अस्पताल को तैयार करने का लक्ष्य स्वास्थ्य विभाग ने निर्धारित किया था।

इसे एक वर्ष और बढ़ाकर दिसम्बर 2023 तक इस अस्पताल का निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित हुआ है। 29 करोड़ 27 लाख 25 हजार रुपये की लागत से बनने वाले इस अस्पताल के लिए शासन द्वारा 20 करोड़ 27 लाख रुपये निर्गत कर दिए गए है। शेष नौ करोड़ रुपये बाकी है। इसके चलते इस अस्पताल का निर्माण कार्य ठप पड़ गया है। कार्यदायी संस्था निर्माण निगम के अवर अभियंता गोविंद कुमार ने बताया कि एक सप्ताह पहले मुख्य चिकित्साधिकारी के माध्यम से उपभोग प्रमाण पत्र स्वास्थ्य भवन लखनऊको भेजा गया है। पैसा मिलने के बाद आगे का कार्य शुरू कराया जाएगा। अवर अभियंता के अनुसार मुख्य अस्पताल भवन का 80 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। आवास, सड़क, बाउंड्रीवाल का कार्य लगभग 50 प्रतिशत हुआ है। ओभर हैड टैंक का निर्माण कार्य 90 प्रतिशत हो चुका है। अस्पताल भवन का फिनिशिंग, आवासों की ढलाई, वाटर सप्लाई पाइप लाइन, सेनेटरी व बिजली वाईरिंग का कार्य बाकी है। धन मिलते ही इन कार्यो को शुरू करा दिया जाएगा।



सोनबरसा में निर्माणाधीन अस्पताल

**किंतु-परन्तु की गुंजाइश नहीं : मस्त**

**बैरिया।** सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने निर्माण निगम एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से दो टूक में कहा है कि हर हाल में अप्रैल 2023 तक 100 बेड का अस्पताल चालू हो जाना चाहिए। इलाज व जांच में प्रयुक्त होने वाली करोड़ों रूपये की मशीन स्वस्थ्य विभाग भेज चुका है। ऐसे में कहीं से भी किन्तु-परन्तु की गुंजाइश नही है। कम से कम मुख्य भवन तैयार हो जाय, जिसमे चिकित्सकीय कार्य शुरू हो जाय। इस संदर्भ में निर्माण निगम के प्रबन्ध निदेशक व सीएमओ ने उन्हें भरोसा दिया है कि मुख्य भवन का कार्य अप्रैल से पहले पूरा हो जाएगा।

## मुख्य आरक्षी के खाते में वापस कराया पैसा

**बलिया।** मुख्य आरक्षी के खाते से धोखाधड़ी करके निकाले गये 70250 रुपये को शुक्रवार को साइबर सेल एवं कोतवाली पुलिस ने उनके खाते में वापस करा दिया। थाना कोतवाली मे पंजीत मुअसं-730/2022 धारा-66(डी) आईटी एक्ट में वादी मुख्य आरक्षी मैनेजर यादव रिजर्व पुलिस लाईन्स जनपद बलिया के भारतीय स्टेट बैंक के खाते से 17 अक्टूबर 2022 को भिन्न-भिन्न धनराशियों में कुल-75250/- रूपये फर्जी तरीके से स्थानान्तरण किया गया है। पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर के निर्देशन में कोतवाली पुलिस ने अभियान चलाकर विवेचना के क्रम में विधिक कार्यवाही की। इसके फलस्वरूप वादी मुख्य आरक्षी मैनेजर यादव के खाते में धोखाधड़ी की धनराशि कुल-70250/- रूपये को वापस कराया गया तथा शेष धनराशि को भी वापस कराने का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। वादी मुख्य आरक्षी मैनेजर यादव ने बलिया पुलिस की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया है। पुलिस टीम में निरीक्षक अपराध संजय शुक्ल, आरक्षी अमरनाथ मिश्र शामिल रहे।

# 49 स्वास्थ्य केन्द्रों पर बनेगा अतिरिक्त भवन

**बलिया।** जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए जिला अस्पताल आने की जरूरत नहीं है। शासन ग्रामीण क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों को हाईटेक कर रही है। वहां मरीज को भर्ती करने से लगायत अन्य संसाधन मुहैया करा रही है। जिले के सभी ब्लाकों के 49 स्वास्थ्य केंद्रों पर छह से 20 बेड की सुविधा मिलेगी। इसके लिए अतिरिक्त भवन का निर्माण होगा, जिसमें मरीज को भर्ती के सभी संसाधन मौजूद रहेगा।

शासन अतिरिक्त भवन निर्माण पर करीब तीन करोड़ से अधिक खर्च करेंगा। ग्रामीण क्षेत्रों के स्वास्थ्य केंद्र पर बेड होने से मरीजों को काफी सहूलियत मिलेगी। तबीयत खराब होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्वास्थ्यकर्मी प्राथमिक उपचार के लिए मरीज को भर्ती कर इलाज कर सकेंगे।

पहले स्वास्थ्य केन्द्रों पर बेड के अभाव में थोड़ी सी भी तबीयत खराब होने पर मरीज को तत्काल जिला अस्पताल को रेफर कर देते थे। अब समय रहते मरीज का इलाज शुरू होने से मरीजों की मृत्यु दर में कमी आएगी। जनपद के 17 विकास खंड के 15 सीएचसी पर 20 बेड का भवन, 10 पीएचसी पर छह बेड, 24 न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर छह बेड के भवन का निर्माण होगा। आगे सभी बेडों को आक्सीजन पाइप लाइन से भी जोड़ा जाएगा। कुछ केन्द्रों पर भवन बनकर तैयार भी हो गए है, जहां मरीजों को भर्ती करने की सुविधा मिलेगी।

**पहल**

### ग्रामीण क्षेत्र के स्वास्थ्य केन्द्रों को हाईटेक करने की योजना

**मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा**

**बलिया।** इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के नोडल निर्माण डा. विजय यादव ने बताया कि जिले के सीएचसी, पीएचसी व न्यू पीएचसी पर बेडयुक्त भवन का निर्माण होने वाला है। करीब 15 स्वास्थ्य केन्द्रों पर भवन बन चुका है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी।

# बलिया-आरा रेल लाइन का डीपीआर बनकर तैयार

**बैरिया।** दो राज्यों को जोड़ने वाली बलिया-आरा नई रेल लाइन के निर्माण के लिए डीपीआर बनकर तैयार हो गया है। जल्द ही नई रेल लाइन बिछाने के लिए धन की स्वीकृति होगी। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया कि इसका सर्वे का कार्य पूर्व मध्य रेलवे के अभियंताओं द्वारा किया गया है। आरा पूर्व मध्य रेलवे में है, जबकि बलिया पूर्वोत्तर रेलवे में है। यह नई रेल लाइन सहतवार रेलवे स्टेशन से कटेगी, जो सोनवानी, हल्दी के पूरब होते हुए जाएगी।

गंगा नदी पर नैनीजोर के पास रेल पुल बनेगा। इसकी कुल लम्बाई 65 किमी होगा। आरा रेलवे स्टेशन से होते हुए जगजीवन हाल्ट स्टेशन से यह रेल लाइन गुजरेगी। आरा के मसाड़ हाल्ट, धमार उमरावगंज, धनवल, नैनीजोर गंगा उस पार के स्टेशन होंगे, जबकि इस पार पालपुर व सोहिलपुर में रेलवे स्टेशन बनेगा।

यह रेलवे लाइन हल्दी के पूरब नैनीजोर के पास गंगा नदी पार कर बलिया में प्रवेश करेगी। डीपीआर के मुताबिक नैनीजोर एवं पालपुर स्टेशन के बीच की दूरी लगभग साढ़े तीन किमी होगी। इस बावत पूछे जाने पर पूर्वोत्तर रेलवे वराणसी के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार चौधरी ने बताया कि डीपीआर को अभी अंतिम रूप अधिकारियों ने नहीं दिया है। डीपीआर को अंतिम रूप दिए जाने के बाद ही इस बाबत कुछ कहा जा सकता है।

फिलहाल यह कह सकता हूं कि सर्वे का कार्य पूरा हो चुका है। जल्द ही डीपीआर को अंतिम रूप दिए जाने के बाद उस पर आगे की कार्यवाही होगी।

# कलेक्ट्रेट से गोंड-खरवार जन जागरण रथ रवाना

**आयोजन**

### आदिवासी जनजाति समुदाय का प्रमाण पत्र जारी करने की मांग

### 13 मार्च से घेरा डालो-डेरा डालो आंदोलन करने की चेतवानी

**बलिया।** गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के तत्वावधान में शुक्रवार को गोंड-खरवार जन जागरण रथ कलेक्ट्रेट स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को नमन कर जिला भ्रमण के लिए रवाना हुई। पार्टी के प्रदेश महासचिव गोपाल जी खरवार एवं प्रदेश प्रभारी अरविन्द गोंडवाना ने संयुक्त रूप से गोंगपा का झंडा दिखाकर उसे रवाना किया।

नेता द्वय ने संयुक्त रूप से कहा कि भारत के राजपत्र संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश संशोधन अधिनियम-2002 द्वारा बलिया जिले में निवास करने वाले गोंड, खरवार जाति को अनुसूचित जनजाति के रूप में मान्यता दी गयी है। इसके अनुपालन में बलिया जिले में निवास करने वाले गोंड, खरवार जाति को अनुसूचित जनजाति का प्रमाण-पत्र सुगमतापूर्वक जारी होता रहा है, लेकिन भाजपा शासन में लेखपाल एवं तहसीलदार शासनादेश की घोर अवमानना/अवहेलना कर रहे हैं।

जाति प्रमाण पत्र के अभाव में जिले के गोंड, खरवार समुदाय के छात्रों-नौजवानों का भविष्य अंधकारमय नजर आ रहा है। वह अगली कक्षा में प्रवेश, छात्रवृत्ति व नौकरी की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के आवेदन करने से वंचित हो जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में बाध्य होकर अपने संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिये गोंड, खरवार जन जागरण रथ जिले के सभी छह तहसीलों में भ्रमण करेगी। आदिवासी जनजाति समुदाय को जागरूक कर गोंड, खरवार को अनुसूचित जनजाति का प्रमाण-पत्र सुगमतापूर्वक जारी करने की मांग को लेकर 13 मार्च से मॉडल तहसील पर विशाल धरना-प्रदर्शन अनिश्चितकालीन घेरा डालो-डेरा डालों आन्दोलन प्रारम्भ किया जायेगा। मौके पर मनोज शाह, राकेश कुमार गोंड, दादा अलगू गोंड, सुमेर गोंड, परशुराम खरवार, संजय गोंड, शिवशंकर खरवार, रामसेवक खरवार, जयप्रकाश खरवार, भिखारी खरवार, बच्चा लाल गोंड, अशोक कुमार गोंड, ओमप्रकाश गोंड, सुरेश, उमाशंकर गोंड, सुदेश, शिवमंगल, मनोज, हृदय नारायन, चन्द्रशेखर, दीपू गोंड, राहुल गोंड, हरिशंकर गोंड, गुड्डू गोंड, जयप्रकाश गोंड आदि मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट से गोंड-खरवार जन जागरण रथ को रवाना करते लोग

## संक्षेप

### दूसरे की जगह परीक्षा दे रहा किशोर धराया

**बैरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के यशोदा देवी बालिका इंटरमीडिएट कालेज दुबे छपरा में दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहे किशोर को पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर शुक्रवार को उसे न्यायालय के सुपुर्द कर दिया है। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि केंद्र व्यवस्थापक राकेश कुमार पाठक ने तहरीर देकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दोकटी थाना क्षेत्र के कर्ण छपरा गांव निवासी एक किशोर दूसरे के स्थान पर इंटरमीडिएट के इतिहास विषय की परीक्षा दे रहा था। सघन तलाशी के दौरान वह पकड़ा गया। बैरिया थाने में उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। उसे जेल भेज दिया गया है।

### अवध बिहारी अध्यक्ष, मंत्री बने बच्चा यादव

**बेल्थरारोड।** यपी रोडवेज इम्पलाईज यूनियन की ओर से बेल्थरारोड डिपो के नये पदाधिकारियों का चुनाव क्षेत्रीय अध्यक्ष आजमगढ़ त्रिभुवन नारायण सिंह तथा मण्डलीय प्रतिनिधि अनिल कुमार मिश्र की देखरेख में सम्पन्न हुआ। इसमें अवध बिहारी अध्यक्ष, रितेश चन्द पाण्डेय व श्यामकरण द्विवेदी उपाध्यक्ष, बच्चा यादव मंत्री, रामकेवल संयुक्त मंत्री, विनोद कुमार संगठन मंत्री, राजाराम कोषाध्यक्ष के अलावा सतीश कुमार सिंह, जयप्रकाश, कमलेश, द्वारिका प्रसाद, रजनीश कुमार, राजीव कुमार जायसवाल, रजनीकान्त यादव कार्यकारिणी के सदस्य बनाये गये।

### नवागत डीएम से एसपी ने की मुलाकात



**बलिया।** जिलाधिकारी रवींद्र कुमार कार्यभार ग्रहण करने के बाद जनता की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण कर रहे है। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर ने नवागत जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार से मुलाकात की। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक में लगभग आधा घंटा तक कई मुद्दों पर चर्चा हुई। इसमें जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने, विकास कार्यों को गति देने एवं आगामी त्योहारों को सकुशल संपन्न कराना शामिल रहा।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह की चल रही तैयारी



**बलिया।** टाउन पालिटेक्निक के मैदान में 13 मार्च को होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में वर-वधू को आशीर्वाद देने के लिए यूपी के डिप्टी सीएम केशव मौर्या आ सकते है। नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभाओ से जुड़े वर-वधू के लिए एक साथ कई शादी मंडप तैयार होंगे। यह आयोजन नगर विधानसभा क्षेत्र का है। इसको लेकर नगर विधायक व परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह खुद आयोजन से जुड़ी तैयारियों के बारे में जानकारी ले रहे है। वहीं, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू एवं धर्मेंद्र सिंह ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया है। वैसे 1001 जोड़े के लिए शादी मंडप बनेगा।

### नवागत डीएम का स्वागत करने पहुंचे लोग



**बलिया।** नवागत जिलाधिकारी रविंद्र कुमार का दूसरा दिन भी जनता की समस्या सुनने वाला रहा। जिलाधिकारी समय से अपने कार्यालय सुबह 10 बजे पहुंचे और अपराह्न 12 बजे तक जनता की फरियाद सुनते रहे। इस दौरान डीएम को बधाई देने वालों की भीड़ लगी रही। यहां बुके लेकर लोग डीएम के इंतजार में खड़े रहे। जैसे ही जिलाधिकारी पहुंचे, लोग उन्हें बुके देकर स्वागत करने लगे। स्वागत करने वालों में व्यापारी, समाजसेवी भी मौजूद रहे। समाजसेवी कन्हैया उपाध्याय, सुनील शर्मा, शिवकुमार गुप्ता, संतोष दुबे, मनोज ने भी डीएम को बुके देकर स्वागत किया।

### ज्ञानीज आइसक्रीम पार्लर की नई शाखा का शुभारंभ



**बलिया।** शहर के कासिम बाजार स्थित चन्दा किरण काम्प्लेक्स में देश की सुप्रसिद्ध ज्ञानीज आइसक्रीम पार्लर की नई शाखा का शुभारंभ समाजसेवी उमराव सिंह ने फीता काटकर किया। संस्था के प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने कहा कि जनपद में उद्योग एवं रोजगार को बढ़ावा देने की पहल के साथ ही भिन्न-भिन्न स्वाद मिलेगा। जनपद के शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी ज्ञानीज आइसक्रीम पार्लर के सभी प्रोडक्शन के बिक्री की व्यवस्था की जाएगी, ताकि भिन्न भिन्न स्वाद के साथ ही रोजगार को बढ़ावा मिल सकें। श्री सिंह ने ज्ञानीज आइसक्रीम पार्लर के बारे में कहा कि पूरे देश में 200 से ज्यादा आउटलेट्स खुल चुका है। यह एक आइसक्रीम नहीं, बल्कि एक इमोशन है। इसका स्वाद पूरे देश के लोग चख रहे हैं। 1956 में ज्ञानी गुरचरण सिंह ने इस व्यवसाय की शुरुआत की थी। मौके डा. जितेंद्र सिंह, डा. पीके सिंह गहलौत, डा. शशिकला सिंह, पूनम सिंह, पंकज, मनोज सिंह, नीलिमा सिंह, रजनीकांत, विजय, अनिल साहु, आशीष सिंह, बिझ सिंह, प्रियंका सिंह आदि मौजूद रहे।

### अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री ने सीएम योगी से की भेंट



**बलिया।** उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके 5 कालिदास स्थित आवास पर भेंट की। भेंट के दौरान जनपद बलिया के विभिन्न विकास के मुद्दे पर विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें मुख्य रुप से बलिया में हुए इन्वेस्टर समिट में हुए एमओयू को जल्द से जल्द धरातल पर उठाते हुए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरिमनी व जनपद के नौजवानों को रोजगार से और स्टार्टअप से जोड़कर उनको तरक्की की तरह आगे बढ़ाने संबंधित विषयों पर चर्चा हुई।

### जेएनसीयू में नकल विहीन हो रही परीक्षा



**बलिया।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. कल्पलता पांडेय के मार्ग दर्शन में तथा निदेशक शैक्षणिक डॉ. पूष्पा मिश्रा के निर्देशन में स्नातक एवं स्नातकोत्तर की परीक्षाएं नई शिक्षा नीति के अनुसार नकल विहीन परीक्षाएं कड़ाई से संचालित की जा रही है। जेएनसीयू की परीक्षाएं 30 जनवरी 23 से प्रारम्भ हुई है। परीक्षाओं के दौरान प्रोक्टोरियल समिति के सदस्य डॉ. रूबी, डॉ. विजय शंकर, डॉ. नीलमणि त्रिपाठी एवं डॉ. मनोज द्वारा छात्र-छात्राओं की कड़ाई से जांच की जा रही है। परीक्षा की केंद्राध्यक्ष डॉ. पूष्पा मिश्रा ने बताया कि अभी तक कुल 24 विषयों की परीक्षाएं सफलता पूर्वक संचालित की जा रही है साथ ही विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग किये जाने की अवस्था में उनपर कार्रवाई की जा रही है।

### 77 कृषकों को बैंक ने दिया 28.16 लाख ऋण



**बलिया।** जिला सहकरी बैंक लि., बलिया के प्रबन्ध समिति की बैठक विनोद शंकर दूबे की अध्यक्षता में हुई, जिसमें नाबार्ड से निरीक्षण हेतु आये निरीक्षण अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के निष्कर्षों पर चर्चा की गयी। बैठक में निरीक्षण अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के दौरान भ्रमण की गयी शाखाओं, समितियों पर मिली कमियों को दूर करने तथा बैंक के अभिलेखों में सुधार हेतु आवश्यक सुझाव दिया गया। बैठक में प्रबन्ध समिति के उपसभपति शकुन्तला पाठक, अनिल कुमार शुक्ला संचालक, घनश्याम पाण्डेय संचालक, सुधीर कुमार सिंह संचालक, रूद्र प्रताप यादव संचालक, जनार्दन प्रसाद मौर्य संचालक, उदय प्रताप पासवान संचालक, खड़ग बहादुर तवारी संचालक, बच्चा सिंह संचालक उपस्थित रहे। बैठक में अल्पकालीन ऋण वितरण की शाखावार प्रगति एवं वेतन भोगी समितियों की ऋण वितरण की हुई प्रगति ऋण वसूली एवं निक्षेप संचय की प्रगति की समीक्षा की गयी। बैंक द्वारा 77 कृषकों को 28 फरवरी तक मु. 28.16 लाख वितरण किया। 4 वेतन भोगी समितियों को मु. 124.52 लाख ऋण वितरण किया गया है। जनपद की 11 समितियों की ऋण सीमा बैंक द्वारा स्वीकृत है, जिसके माध्यम से समितियों के सदस्यों को ऋण वितरण का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। दिनांक 28 फरवरी तक मु. 8.90 लाख की वसूली हुई है। बैठक में बैंक द्वारा आगामी माह ऋण वितरण एवं वसूली निक्षेप में वृद्धि करने के लिए निर्देश दिये गये है।

# ट्रेन की चपेट में आने से बालिका की मौत

**दुखद**

## घर से पढ़ने के लिए जा रही थी विद्यालय



**रेवती।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बलिया-छपरा रेल खण्ड के मध्य कुंआ पीपर रेलवे क्रासिंग कुंआपीपर के समीप घर से विद्यालय को जा रही कक्षा चार की छात्रा की ट्रेन की चपेट में आने से शुक्रवार को दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही के उपरांत अन्त्य परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

जानकारी के अनुसार रेवती थाना क्षेत्र के बिशुनपुरा ग्राम सभा निवासी स्व.दशरथ राजभर की 12 वर्षीया पुत्री गुड़िया अपनी एक सहेली के साथ कम्पोजिट विद्यालय कुंआपीपर में पढ़ने के लिए जा रही थी। गुड़िया कक्षा चार में पढ़ती थी। वह घर से निकलकर विद्यालय जाने के लिए रेलवे लाइन को पार कर रही थी कि अचानक ट्रेन की चपेट में आ गई। ट्रेन की चपेट में आने के बाद छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की खबर सुनते ही मृतका की मां कुसुम देवी सहित परिजन तथा आस-पास के लोग भागे-भागे मौके पर पहुंचे। वहां की स्थिति देख मां बार-बार बेसुध हो जा रही थी। मौके पर पहुंचे परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल था। सूचना के पश्चात पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया।

## डीएम से मिला राज्य कर्मचारी महासंघ

**बलिया।** उप्र राज्य कर्मचारी महासंघ बलिया का प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को जिलाधिकारी से मिला और बधाई दी। इस दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी बलिया द्वारा नियम विरूद्ध किये गये ग्राम पंचायत सफाई कर्मियों के स्थानांतरण का मामला डीएम के संज्ञान में लाया गया। डीएम ने आश्वस्त किया कि इसकी निष्पक्ष जांच करायी जायेगी तथा मुख्य विकास अधिकारी को जांच हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर अजय कुमार यादव, रंजय कुमार यादव, विक्रमा यादव, गंगासागर राम, चंद्रभान सिंह, वीरेन्द्र कुमार, राजेश शाही, शिवजी प्रसाद, राजेन्द्र यादव, बृजबिहारी यादव, राजाराम यादव, श्रीभगवान, प्रेमशंकर यादव आदि मौजूद रहे।

## कल आयेंगी रिबू श्रीवास्तव

**बलिया।** समाजवादी पार्टी उप्र महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रिब्बू श्रीवास्तव का आगमन पांच मार्च, रविवार को पूर्वाह्न 10 बजे जिला कार्यालय पर होगा। यह जानकारी जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव ने देते हुए जिला महिला सभा की समस्त पदाधिकारियों एवं पार्टी जनों से उपस्थित रहने की अपील की है।

# जारी रहा अधिवक्ताओं का क्रमिक अनशन



**बेल्थरारोड।** ग्राम न्यायालय को संचालित करने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं का क्रमिक अनशन व कार्य बहिष्कार चौथे दिन भी जारी रहा। अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को एडवोकेट लक्ष्मण पांडेय के नेतृत्व में अपनी मांग को लेकर धरना दिया। इस दौरान उन्होंने उच्च न्यायालय प्रयागराज के मुख्य न्यायधीश के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम एआर फारुकी को सौंपा।

ग्राम न्यायालय के संचालन को लेकर अधिवक्ताओं के धरने को स्थानीय व्यापारी संगठन ने भी समर्थन किया। बिल्थरारोड में ग्राम न्यायालय स्वीकृत होने के बावजूद उसका संचालन नहीं होने से अधिवक्ताओं का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। आक्रोशित अधिवक्ता पिछले चार दिन से अपनी मांग को लेकर कार्य बहिष्कार कर रहे हैं। शुक्रवार को भी अधिवक्ताओं ने एडवोकेट लक्ष्मण पांडे के नेतृत्व में ग्राम न्यायालय संचालन की मांग को लेकर क्रमिक धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान न्यायिक कार्य का बहिष्कार जारी रहा। मौके पर लालबहादुर सिंह, सरफराज अहमद, श्याम बिहारी यादव, ज्ञानचंद प्रजापति, देवेंद्र कुमार गुप्त, राशिद कमाल पाशा, अनामुल हक, अमल, दिलरोज, अमर सिंह, पिंकी सिंह, राघवेंद्र मौर्य, महेंद्र, कलिंदर, दिलीप कुमार, मोहम्मद अजहर अली, अरुण कुमार, सविता, अब्दुल रहमान, संतोष, दिनेश आदि मौजूद रहे। संचालन सुनील ने किया।

## संक्षेप


### जनवरी एवं फरवरी में हुई एक हजार रजिस्ट्री

**बलिया।** बलिया के रजिस्ट्री विभाग में जनवरी एवं फरवरी माह में लगभग एक हजार रजिस्ट्री हुई है। ऐसे में स्टाम्प शुल्क का जो लक्ष्य विभाग को दिए गए थे, उसमें जनवरी माह में 94 और फरवरी में 96 प्रतिशत राजस्व प्राप्त कर चुकी है। एक सवाल के जवाब में रजिस्ट्रार विनय कुमार सिंह ने बताया कि सबसे ज्यादा ग्रामीण क्षेत्रों की जमीन की रजिस्ट्री हुई है। मार्च माह में भी विभाग लक्ष्य को पूरा करने का प्रयास कर रहा है। बलिया की जमीनों की कीमत अन्य शहरों से ज्यादा होने के कारण बहुत से लोग लखनऊ वाराणसी, अयोध्या सहित अन्य शहरों में जमीन ले रहे है। छोटे से कार्यालय में चल रहे रजिस्ट्री विभाग में भीड़ के चलते सबको परेशानी भी हो रही है। ऐसे रजिस्ट्री विभाग का कार्यालय और बड़ा होना चाहिए, ताकि किसी को कोई दिक्कत न हो।

### जमीन पर राज्यपाल की जगह दर्ज किया राष्ट्रपति का नाम

**बैरिया।** राजस्व विभाग की महिमा निराली है। सदर तहसील के गंगापुर में कटान पीड़ितों को आवासीय पट्टा के लिए भूमि उपलब्ध कराने हेतु राज्यपाल के नाम खरीदी गई जमीन पर सदर तहसीलदार कार्यालय द्वारा राज्यपाल की जगह राष्ट्रपति का नाम दर्ज कर दिया गया है। इससे कानूनी अड़चन पैदा हो गयी है। राष्ट्रपति के नाम दर्ज जमीन का आवंटन कटान पीड़ितों में राज्य सरकार कैसे करेगी? यह चर्चा का विषय बना हुआ है। जनवरी-2022 में उत्तर प्रदेश सरकार ने 63 लाख रुपये में जिलाधिकारी के माध्यम से रम्भा देवी निवासी रामगढ़ से जमीन खरीदा गया था। एक वर्ष बाद फरवरी-2023 में उक्त जमीन का नामांतरण का आदेश तहसीलदार के आदेश से जारी किया गया, किन्तु राज्यपाल की जगह महामहिम राष्ट्रपति के नाम उक्त जमीन का नामांतरण कर दिया गया है। इससे अब इस जमीन से राज्य सरकार का मालिकाना हक ही समाप्त हो गया। ऐसे में कैसे जिला प्रशासन इस जमीन को आवासीय पट्टा के रूप में कटान पीड़ितों को वितरित करेगा? यह अहम प्रश्न है। इस बावत पूछने पर तहसीलदार सदर निखिल शुक्ल ने बताया कि कम्प्यूटर आपरेटर की भूल के चलते राज्यपाल की जगह राष्ट्रपति का नाम दर्ज हो गया है।

### रंगभरी एकादशी, जमकर उड़े अबीर-गुलाल



**बलिया।** रंगभरी एकादशी पर बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर में जमकर अबीर-गुलाल उड़ाए गए। शिव भक्तों द्वारा बाबा बालेश्वर नाथ के शिवलिंग पर जल चढ़ाने के बाद अबीर लगाया गया। उसके बाद दीपों से आरती की गई। शुक्रवार को सुबह से शाम तक बालेश्वर नाथ मंदिर में अबीर-गुलाल लगाकर रंगभरी एकादशी का पर्व मनाया गया है। शाम के समय मंदिर में शिव भजन पर भक्त खूब झूमे।

### माशिसं का निर्वाचन कार्यक्रम घोषित

**बलिया।** उप माध्यमिक शिक्षक संघ बलिया का निर्वाचन कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। चुनाव अधिकारी गाजीपुर के जिलाध्यक्ष शिवकुमार सिंह की देखरेख में कुंवर सिंह इंका में निर्वाचन होगा। पांच मार्च को पूर्वाह्न 10.15 बजे तक प्रतिनिधि सूची प्राप्त कराना, पूर्वाह्न 10.30 बजे प्रतिनिधि सूची का अन्तिम प्रकाशन, पूर्वाह्न 10.30 से अपराह्न 12 बजे तक प्रतिनिधि सूची पर आपत्ति, अपराह्न 12 से एक बजे तक आपत्तियों का निस्तारण, अपराह्न 1.30 बजे तक प्रतिनिधि सूची का अंतिम प्रकाशन, अपराह्न 1.30 से तीन बजे तक विभिन्न पदों का नामांकन, अपराह्न तीन से चार बजे तक नाम वापसी, अपराह्न चार से पांच बजे तक नामांकन पत्रों की जांच होगा। यदि आवश्यक हुआ तो 12 मार्च को पूर्वाह्न 10 से अपराह्न दो बजे तक मतदान, अपराह्न 2.30 बजे से मतगणना तथा इसके बाद परिणाम की घोषणा की जायेगी।

### रसोइयों ने डीएम को समस्याओं से कराया अवगत



**बलिया।** रसोईया कर्मचारी संघ बलिया ने जिलाधिकारी से मिलकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। इसमें चार माह से लंबित मानदेय का भुगतान सहित अनावश्यक रूप से रसोइयों को सेवा से निष्कासित करने की मांग प्रमुख रही। जिलाधिकारी ने इसे गंभीरता से लेते हुए बीएसए को निर्देशित किया कि होली से पूर्व मानदेय का भुगतान कर दिया जाय। इस अवसर पर अजय कुमारयादव, रेनू शर्मा, श्वेता मिश्रा, विमला भारती, हृदयनारायण आदि मौजूद रहे।

# उद्यमियों को स्टांप ड्यूटी में मिलेगी छूट

जनसंदेश न्यूज

**राहत**

## उद्यमियों को प्रोत्साहित करने में सहयोग करेगा प्रशासन

**बलिया।** यूपी इन्वेस्टर्स समिट के तहत जिले में भी कई इकाई स्थापना के लिए करोड़ों के प्रस्ताव आए हैं। उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रशासन उनका सहयोग करेगा। भूखंडों की उपलब्धता से लेकर उनकी स्टांप ड्यूटी में छूट की मदद दिलाई जाएगी। यह छूट शत-प्रतिशत तक दी जा सकती है।

शासन के निर्देश के बाद जिले में उद्यमियों से चर्चा शुरू कर दी गई। विभिन्न इकाइयों के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिले में 1794. 243 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के लिए 72 निवेश के प्रस्ताव दर्ज किए गए हैं। इसमें सोलर प्लांट सहित दवा की फैक्ट्री, डेयरी, शिक्षा विभाग से जुड़ी नई इकाइयां स्थापित की जानी हैं। इनके लिए बड़े रकबे में जमीन की जरूरत भी पड़ेगी। प्रस्ताव शामिल कराने के बाद अब प्रशासन की बड़ी जिम्मेदारी प्रस्तावित इकाइयों को जमीनी रूप में स्थापित कराने की है। इसके लिए उद्यमियों से संपर्क किया जा रहा है। जिन उद्यमियों को भूखंडों की जरूरत होगी, उन्हें प्रशासन भूखंड उपलब्ध कराने में अपने स्तर से सहयोग करेगा। सबसे बड़ी मदद स्टांप ड्यूटी में छूट की रहेगी।

> प्रस्ताव आने के बाद अब इकाइयों को स्थापित कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसमें संबंधित प्राधिकारी को भूखंड उपलब्ध कराना, स्टांप ड्यूटी में छूट से लेकर अन्य मदद भी उपलब्ध कराई जाएगी।
>
> अशोक कुमार गुप्ता, सांख्यकीय अधिकारी, उद्योग विभाग

## आप के जिला उपाध्यक्ष समेत छह पर केस

**बलिया।** गड़वार पुलिस ने आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष समेत लगभग छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इन सभी पर प्रधानमंत्री के साथ ही जांच एजेंसी ईडी एवं सीबीआई के खिलाफ अपशब्द का प्रयोग करने तथा पुतला फूंकने का आरोप है। पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। गड़वार थाना प्रभारी राजकुमार सिंह की तहरीर पर गुरुवार की रात थाने में गड़वार निवासी आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रामदरश यादव, सत्येन्द्र वर्मा, रतसर निवासी विपिन तिवारी, फेफना थाना क्षेत्र के अजौरपुर निवासी उषा राय, गड़वार थाना क्षेत्र के संवरूपुर निवासी अमरनाथ यादव व पकड़ीतर निवासी श्रवण विश्वकर्मा के विरुद्ध अपशब्द कहने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप की धारा के साथ ही संयुक्त प्रांत विशेष अधिकार अधिनियम-1932 की धारा 6 के तहत नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी की तहरीर के अनुसार क्षेत्र के रतसर कस्बा के गांधी आश्रम तिराहा पर गुरुवार को दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के विरोध में प्रधानमंत्री के साथ ही सीबीआई एवं ईडी के विरुद्ध अपशब्द कहते हुए देख लेने की धमकी दी गई और पुतला फूंका गया।

# स्वयंसेवकों ने चलाया जन जागरूकता अभियान

**मुहिम**

## सुरक्षित यात्रा के लिए चालकों को दी नियमों की जानकारी

जनसंदेश न्यूज



जन जागरूकता रैली निकालते स्वयंसेवक

**मझौवां।** अमरनाथ मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुबेछपरा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सप्तदिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन की गतिविधियां यातायात एवं सड़क सुरक्षा पर केंद्रित रही। सर्वप्रथम स्वयंसेवकों ने पड़ाव स्थल प्राथमिक विद्यालय गोपालपुर में राष्ट्रगान और लक्ष्य गीत का गायन किया। इसके बाद सुरक्षित सड़क यात्रा के लिए प्रेरक नारों को बोलते हुए स्वयंसेवियों ने ग्राम गोपालपुर, उदई छपरा और दुबेछपरा में जन जागरूकता अभियान चलाया।

स्वयंसेवियों ने टोली में बंटकर सुरक्षित यात्रा हेतु नियमों की जानकारी दी। पुनः रैली के रूप में राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर आकर दोपहिया, तिनपहिया व चारपहिया वाहनों को रोककर हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट बांधने, नशा में गाड़ी न चलाने, गति सीमा का ध्यान रखने की बात समझाई गई। इस कार्य में कोतवाली बैरिया का भी सहयोग रहा। इसके बाद भोजनोपरान्त अपराह्न दो बजे से बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। बौद्धिक विमर्श का विषय सड़क सुरक्षा रहा। कोतवाली बैरिया के वरिष्ठ आरक्षी पवन सोनी और मुकेश सरोज ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए स्वयंसेवियों को सुरक्षित यातायात के गुर बताए।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय मिश्र ने विषय वस्तु पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए यातायात के संकेतों, चिन्ह, गुड सेमेरिटन तथा घायल व्यक्ति को गोल्डन आवर में मदद करने को विस्तार से समझाया।


इन्होंने अपील किया कि किसी भी घायल व्यक्ति की अवश्य मदद करें। इस अवसर पर डॉ. परमानंद पांडेय, रविन्द्र ठाकुर, स्वयंसेवी अंजुम सिंह, हर्षवर्धन सिंह, मानस पाण्डेय, सोनी तिवारी, सलोनी सिंह, अंजली वर्मा, शिवानी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

अन्त में प्राचार्य डॉ. गौरी शंकर दिवेदी के आशीर्वचन के बाद गोष्ठी का समापन हुआ।

### भाजपाइयों ने किया पूजा-पाठ एवं हवन

**बांसडीह।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के यूपी में सबसे ज्यादा वक्त तक मुख्यमंत्री रहने का रिकार्ड दर्ज होने पर शुक्रवार को भाजपा बांसडीह मण्डल अध्यक्ष प्रतुल कुमार ओझा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कचहरी चौराहा स्थित दुर्गा मंदिर पर विशेष पूजा पाठ और हवन के साथ ही प्रसाद वितरण का आयोजन मंदिर के पुजारी पंडित अशोक पांडेय के सानिध्य में किया। बताते चले कि बीते पांच साल और 347 दिन से योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री है। इसके पहले कांग्रेस शासन में डा. संपूर्णानंद पांच साल 345 दिन तक लगातार मुख्यमंत्री रहे थे। मुख्यमंत्री योगी द्वारा रिकार्ड बनाये जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूजा पाठ और प्रसाद वितरण किया। साथ ही पुजारियों द्वारा शंखनाद किये जाने से मन्दिर गूंज उठा। मौके पर मूनजी गोंड, तेजबहादुर रावत, अखिलेश तिवारी, अरुण पांडेय, अभिषेक सिंह, राकेश पासवान, शनि राजभर, रोहित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### बाल गृह में जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बलिया।** जिला प्रोबेशन अधिकारी के निदेर्शानुसार बाल गृह (बालिका) निधरिया बलिया में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रत्येक बच्ची से व्यक्तिगत रूप से मिलकर मित्रवत व्यवहार करते हुए उनकी समस्या सुनी गई और सरकार की सभी योजनाओं, हेल्पलाइन नंबर, बाल विवाह, वन स्टॉप सेंटर, कन्या भ्रूण हत्या तथा लैंगिक भेदभाव आदि सभी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रमों तथा इसके उद्देश्य के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में राजकीय बाल गृह बालिका की अधिक्षिका, अध्यापिका व महिला शक्ति केंद्र की टीम, वन स्टॉप सेंटर टीम उपस्थित रहे।

### फौजी के माता का निधन, शोक

**मझौवां।** इंडियन आर्मी के जवान की माता धनेश्वरी देवी (80) की मंगलवार की देर रात अपने पैतृक आवास पर निधन हो गया। वह कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। सोमवार को पेट में दर्द होने पर उनको इलाज के लिए सोनबरसा ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने जांच कर दवा दिया। अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई और निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार पचरुखिया के गंगा घाट पर किया गया। मुखाग्नि छोटे पुत्र शैलेन्दर सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने दिया।

### आपसी भाईचारे के साथ मनायें त्योहार

**बेल्थरारोड।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी होली तथा शबे-बरात का पर्व शांतिपूर्वक मनाए जाने हेतु शांति समिति की आवश्यक बैठक पुलिस चौकी सीयर में शुक्रवार की शाम संपन्न हुई। उप जिलाधिकारी अनवर राशिद फारुकी तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी मोहम्मद फहीम ने संयुक्त रूप से सभी से अपील करते हुए कहा कि चाहे कोई पर्व हो, आपस के मिल्लत व बिना भेदभाव के मनाया जाना चाहिए। इसमें किसी प्रकार का गैर सामाजिक कार्य नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि होली का रंग चाहे जो भी हो, इसमें जाने-अनजाने में किसी के ऊपर रंग पड़ गया तो उसे बुरा न माना जाए। अधिकारियों ने उभांव थाना क्षेत्र में पूर्व निर्धारित होलिका दहन स्थल की चर्चा कर मौके की स्थिति तथा संभावित विवाद के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही समय सारिणी के अनुसार होलिका दहन करने की अपील की। इस कार्य के लिए सख्त रूप से मना किया कि होलिका दहन के नाम पर किसी को आर्थिक क्षति न पहुंचाई जाए। उभांव थाने के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मिश्र ने कहा कि होली के दिन जुलूस में शांति कायम रहे। व्यापारी नेता दुर्गा प्रसाद मधु लाला ने कहा कि बेल्थरारोड का इतिहास रहा है कि यहां हिंदू-मुस्लिम सभी एक साथ मिलकर कोई भी पर्व मनाते हैं। इस मौके पर निवर्तमान चेयरमैन दिनेश कुमार गुप्त, डा. विक्रमसेन सोनकर, दुर्गा प्रसाद मधु लाला, प्रशांत कुमार जायसवाल मंटू, अशोक मधुर, सुनील कुमार जायसवाल टिंकू, डा. उमेश अंबेडकर, मनोज सर्राफ, मो. आतिफ जमील, अमित सोनी, धर्मेन्द्र सोनी, अंचल वर्मा, विनय प्रकाश डेविड, राम मनोहर गांधी, सूबेदार भाई, मिथिलेश कुमार, पिक्की वर्मा, धन्नू सोनी, प्रदीप कुमार गुप्ता, मनीष जायसवाल, गुलाब चन्द भोलू, तैमूर खान आदि मौजूद रहे। चौकी प्रभारी सीयर देवेन्द्र कुमार ने अन्त में सभी को जलपान कराकर विदा किया।



## संक्षेप

### शादी की जिद पर अड़ी प्रेमिका तो परिजनों और ग्रामीणों ने करा दी दोनों की शादी

**कोपागंज, मऊ।** प्रेमी प्रेमिका पिछले 8 वर्षों से एक दूसरे के साथ जीने मरने के लिए कसमें खा रहे थे इसी दौरान प्रेमी के बेरुखी और बदला मिजाज देख प्रेमिका के पैरों तले जमीन खिसक गई। और आव न देखा न ताव शुक्रवार को प्रेमिका सुबह प्रेमी के घर पहुंच गई और शादी के लिए परिजनों पर दबाव बनाने लगी प्रेमी के परिजनों ने जब विरोध किया तो प्रेमिका ने कहा कि प्रेमी के साथ जिएंगे साथ मरेंगे। प्रेमिका के रूख देख परिजनों के भी होश उड़ गए। इस दौरान प्रेमिका तत्काल पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रेमिका और प्रेमी के परिजनों को बुलवाया। प्रेमिका ने 8 वर्षों से प्रेम संबंध का हवाला देते हुए प्रेमी से शादी करने की जिद पर अड़ गई। परिजनों के लोक लाज और इज्जत की दुहाई देने के बाद भी बात नहीं बनी और आखिरकार प्रेमी और प्रेमिका के परिजनों और गांव के संभ्रांत लोगो के बीच घंटों तक चली पंचायत के बाद प्रेमी प्रेमिका की शादी करने के प्रस्ताव बनने के बाद प्रेमी प्रेमिका कोपागंज गौरी शंकर मंदिर पहुंचे। और परिजनों, ग्रामीणों की मौजूदगी में भगवान भोलेनाथ को साक्षी मानते हुए एक-दूसरे के गले में जयमाल और मांग में सिंदूर डालकर हमेशा-हमेशा के लिए विवाह के बंधन में बंध गए।

### स्कॉर्पियो-बाइक की टक्कर में पति-पत्नी घायल

**कोपागंज, मऊ।** शुक्रवार को टडियाव के पास दोपहर स्कॉर्पियो बाइक के आमने सामने टक्कर में बाइक पर बैठे पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। जब की गोद में बैठा मासूम बाल-बाल बच गया। सूचना के बाद डायल 112 पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई और मौके पर जुटे ग्रामीणों को की मदद से घायल पति पत्नी को जिला अस्पताल भिजवाया जहां घटना के बाद स्कार्पियो चालक मौका देख भाग गया। शुक्रवार को दोपहर मऊ की तरफ से घोसी की ओर तेज गति में स्कॉर्पियो जा रहा था। इसी दौरान घोसी के तरफ से आ रहा बाइक को स्कॉर्पियो ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद पति पत्नी बाइक पर से गिर गए और बुरी तरह घायल हो गये। जबकि पत्नी की गोद में बैठा बच्चा बाल-बाल बच गया। घटना देख वहां दर्जनों ग्रामीण इकट्ठा हो गया और जख्मी हालत में तड़प रहे पति पत्नी को इलाज के लिए कोपागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया जहां दोनों की हालत गंभीर देख डाक्टरों ने तत्काल जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उधर घटना के बाद मौका देगी स्कॉर्पियो भाग निकला।

### रजतेश्वर महादेव की स्थापना, भंडारे में उमड़ा भक्तों का रेला

**दोहरीघाट, मऊ।** श्रावण मास के प्रथम सप्ताह में सरजू नदी से उत्पन्न रजतेश्वर महादेव की स्थापना कार्यक्रम के भंडारे में दस हजार लोगों ने भाग लिया भंडारे में सुबह से ही नगर की महिलाएं पुरुष बच्चे अपना सहयोग देते रहे। आरती के बाद देर शाम से शुरू हुए महा भंडारे में सभी नगरवासी महिलाएं पुरुष बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया। महा भंडारे में सभी प्रकार की जातीय दलीय सीमाएं टूट गई। देर रात तक चले भव्य भंडारे में सब एक दूसरे का सहयोग करते नजर आए मंदिर के महंत मेला रामदास ने कार्यक्रम को शांतिपूर्वक सकुशल बनाने के लिए सभी नगर वासियों क्षेत्र वासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### जिला स्तरीय ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का सीडीओ ने किया शुभारंभ

**मऊ।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आयोजित जिला स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नगर द्वारा जिला उद्योग केन्द्र मऊ के कैम्पस में गाँधी जी के प्रतिमा पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्वलित करते हुये किया गया। यह प्रदर्शनी 3 मार्च से 6 मार्च तक लगाई जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया तथा बोर्ड द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना एवं मुख्य मंत्री माटी कला रोजगार योजना के लाभों के बारे में बताते हुये सम्मानित जनता को इन योजनाओं के लाभ प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया साथ ही ग्रामोद्योगी इकाईयों द्वारा उत्पादित समानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने एवं जन मानस के बीच विज्ञापन एवं प्रचार कराने के उद्देश्य से खादी बोर्ड द्वारा प्रदर्शनी लगाने का उल्लेख्य किया गया एवं कहा गया कि जन मानस को इस प्रदर्शनी में अधिक से अधिक ग्रामोद्योगिक सामान खरीदना चाहिए ताकि इसका लाभ ग्रामीण जनता को मिल सके। इस अवसर पर जिला ग्रामोद्योग अधिकरी वीपी धर द्वारा बताया गया कि प्रदर्शनी में सूती खादी, खादी रेशम, खादी पोली, खादी रेडीमेड वस्त्र लेडीज एंव जेन्टस हर्बल उत्पाद, आचार मुरब्बा एंव माटी कला आदि सामान का स्टाल लगाये गये हैं, साथ ही खादी वस्त्रों पर विशेष छूट दी जा रही है। खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी गाजीपुर तिराहा पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रदर्शनी का लाभ उठाएं।

# प्रशासन की कारवाई, विधायक अब्बास अंसारी के मकान पर चला बुलडोजर

**कसा शिकंजा**

## बिना मानचित्र स्वीकृति के कराया गया भवन निर्माण



**मऊ।** विजय बहादुर पुत्र विश्वनाथ, निवासी-खालसा उत्तर दक्षिण टोला, थाना कोतवाली, तहसील सदर जनपद मऊ द्वारा 17 दिसम्बर 2022 को शिकायती प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया। जिसकी जांच अवर अभियन्ता, विनियमित क्षेत्र द्वारा कर अपनी रिपोर्ट 19 दिसम्बर 2022 को नगर मजिस्ट्रेट/नियत प्राधिकारी को प्रस्तुत की गयी।

जांच रिपोर्ट में अवर अभियन्ता द्वारा यह पाया गया कि ह्यह्यबिना मानचित्र स्वीकृति के लगभग 36 फीट 32फीट में भूतल व प्रथम तल का निर्माण किया गया है। नियत प्राधिकारी द्वारा उनके न्यायालय में प्रकरण में वाद संख्या 1079/2022 दायर कर सुनवाई की गयी। तहसील से प्राप्त रिपोर्ट में यह पाया गया कि मौजा-खालसा उत्तर दक्षिण टोला में गाटा संख्या 869स रकबा-0.152 हे. विजय बहादुर आदि के नाम से संक्रमणीय भूमिधर खाते के नाम से अंकित है एवं उक्त आराजी में मस्जिद व मकान आदि बनाकर मुख्तार अंसारी व अब्बास अंसारी द्वारा अवैध कब्जा किया गया है।

अब्बास अंसारी व उमर अंसारी पुत्रगण मुख्तार अंसारी द्वारा 27 जनवरी 2023 को इस आशय का प्रार्थना-पत्र/आपत्ति प्रस्तुत किया गया कि उक्त भवन की स्वीकृति संख्या 452/2018 28 जुलाई 2018 को स्व. राबिया बेगम पत्नी सुभानउल्लाह के नाम से भवन मानचित्र स्वीकृत किया गया था तथा राबिया बेगम द्वारा वसीयत के आधार पर अब्बास अंसारी एवं उमर अंसारी पुत्रगण मुख्तार अंसारी के नाम खतौनी में दर्ज है। परन्तु तहसील द्वारा की गयी जांच में निर्माण गाटा संख्या 869स पर होना पाया गया। चूंकि निर्माण गाटा संख्या 869 पर किया गया है एवं मानचित्र की स्वीकृति गाटा संख्या 870 हेतु की गयी थी। उक्त आदेश के विरूद्ध 21 फरवरी 2023 को जिला मजिस्ट्रेट/नियत्रक प्राधिकारी के न्यायालय में उप्र निर्माण एवं कार्य विनियमन अधिनियम 1958 की धारा-15(2) में अपील दाखिल की गयी। जिसकी सुनवाई नियमानुसार सुनवाई कर शुक्रवार को अब्बास अंसारी एवं उमर अंसारी पुत्रगण मुख्तार अंसारी, सा.-दर्जीटोला युसुफपुर, जनपद-गाजीपुर की अपील संख्या 422/2023 को बलहीन पाते हुए निरस्त कर दिया गया। जिससे कि नगर मजिस्ट्रेट/नियत प्राधिकारी के आदेश 13 फरवरी 2023 को पारित ध्वस्तीकरण आदेश पुनः प्रभावी हो गया एवं उक्त आदेश के अनुपालन में शुक्रवार को ध्वस्तीकरण का कार्य कराया गया है।

## निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण पांच मार्च से 20 मार्च तक

**मऊ।** जिला पूर्ति अधिकारी विकास गौतम ने बताया कि जनपद के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत माह मार्च, 2023 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का वितरण दिनांक 05 मार्च 2023 से 20 मार्च 2023 के मध्य निःशुल्क खाद्यान्न वितरण तथा अन्त्योदय राशनकार्डों हेतु जनवरी फरवरी व मार्च, 2023 त्रैमास के सापेक्ष 3 किग्रा चीनी प्रति कार्ड रु. 18/- प्रति किग्रा की दर से रु. 54/- में वितरण कराये जाएंगे। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत खाद्यान्न का वितरण अन्त्योदय कार्डधारकों को 14 किग्रा. गेहूं व 21 किग्रा चावल कुल 35 किग्रा० प्रति कार्ड तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को उनके कार्ड से सम्बद्ध प्रत्येक यूनिट पर 02 किग्रा गेहू व 03 किग्रा चावल कुल 05 किग्रा प्रति वितरण तथा अन्त्योदय राशनकार्डों हेतु जनवरी फरवरी व मार्च, त्रैमास के सापेक्ष 03 किग्रा। चीनी प्रति कार्ड रु. 18/- प्रति किग्रा की दर से रु. 54/- में वितरण 05 मार्च से 20 मार्च तक किया जायेगा। जनपद के समस्त अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थी उक्त दिवस पर अपने उचित दर विक्रेता के यहां से उपरोक्तानुसार आवश्यक वस्तुएं प्राप्त कर सकते हैं।

# दो गांजा तस्करों की 6 करोड़ की सम्पत्ति कुर्क





**मऊ।** संगठित अपराध/अपराधियों के विरुद्ध पुलिस प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को उपजिलाधिकारी घोसी मय राजस्व टीम व क्षेत्राधिकारी घोसी मय भारी पुलिस बल की उपस्थिति में जिला मजिस्ट्रेट जनपद मऊ के आदेश 27 फरवरी 2023 के क्रम में संतोष जायसवाल व संजय जायसवाल पुत्रगण छेदीलाल निवासीगण रईसा थाना कोपागंज जनपद मऊ हाल पता बहरामपुर थाना मधुबन जनपद मऊ के विरूद्ध थाना कोपगंज में मुअसं 441/22 धारा 3(1) गिरोहबन्द अधिनियम का अभियोग पंजीकृत है तथा अभियुक्तगण अपराधिक मानसिकता के व्यक्ति है जो लगभग डेढ दशक से अपराध में संलिप्त है।

यह गिराहे अपने आर्थिक व भौतिक लाभ के लिए गांजा तस्करी करने व लूट/छिनैती जैसे संगीन अपराध कारित कर अवैध तरीके के व्यवसाय से अपराधिक बल का लाभ पाते अपने व अपनी पत्नी व अपने लड़को के नाम से अकूत धन इकट्ठा किया गया है। अभियुक्त संजय जायसवाल के द्वारा अपराध से अर्जित धन से अपने व अपनी पत्नी नीलम देवी के नाम मौजा उफरौली तहसील मधुबन जनपद मऊ स्थित गाटा संख्या 248 मे रकबा 0.535 हे. में से 28 व 56 कड़ी भूमी क्रय कर उसपर आलिशान मकान निर्मित किया गया तथा अपने नाम मौजा हिराजपट्टी तहसील मधुबन स्थित गाटा संख्या 67 रकबा 0.306 हे. मे से रकबा 30 कड़ी कर उसपर मकान का निर्माण कराया गया जिसकी कुल कीमत 02 करोड़ 42 लाख 47 हजार 645 रूपया है। अभियुक्त संतोष जायसवाल द्वारा अर्जित किये गये अवैध धन से अपने व अपनी पत्नी ममता जायसवाल व लडके रवि एवं राहुल के नाम से मौजा बहरामपुर तहसील मधुबन स्थित आराजी संख्या 213 रकबा 0.535 हे. में से 0.108 हे. व 0.072 हे. व अराजी संख्या 318 में रकबा 0.040 हे., आराजी संख्या 558 में 0.833 हे., आराजी संख्या 382 रकबा में 0.068 व 230 कड़ी व 184 कड़ी क्रय की गयी तथा वाहन 02 अदद पैशन प्रो मोटरसाइकिल, एक ट्रक, एक ट्रैक्टर क्रय किया गया गया है जिसकी कुल अनुमानित कीमत 03 करोड़ 66 लाख 44 हजार 842 रुपए है। इस तरह उक्त दोनो की कुल 06 करोड़ 08 लाख 92 हजार 487 रुपए कीमती चल/अचल सम्पत्ति शुक्रवार को कुर्क किया गया।

# ऑपरेशन के बाद महिला की मौत, डॉक्टर फरार

**दुखद**

### अवैध प्राइवेट अस्पतालों पर विभागीय अधिकारी मेहरबान



**मनिहारी।** जखंनियां तहसील में अवैध नर्सिंग होम का संचालन धड़ल्ले से चल रहा है। झोलाछाप डाक्टरों के इलाज से लगातार मरीजों को अपनी जान गवानी पड़ रही है। हालांकि सरकार से लेकर जिलाधिकारी ने जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया है कि अवैध प्राइवेट हास्पिटलों को अभियान चलाकर कार्रवाई की जाय।

लेकिन विभागीय अधिकारी सिर्फ खानापूर्ति कर अपना कार्य पूरा कर ले रहें है। वह प्राइवेट अस्पताल संचालकों पर मेहरबान दिख रहें है। जिसका खामियाजा शुक्रवार को एक महिला को अपनी जान गवा कर देना पड़ा। मृतक का पूरा परिवार सदमे में है। शादियाबाद थाना क्षेत्र स्थित बभनौली गांव में प्राइवेट अस्पताल का संचालन होता है। जहां मरीजों को लाने के लिए दलाल फिट किए गए है। शुक्रवार को जंगीपुर थाना क्षेत्र के तिलकारीपुर गांव निवासी सुमन राजभर (26) पत्नी रामअवतार राजभर ने बच्चेदानी के आपरेशन को लेकर भर्ती कराया था। अस्पताल में तैनात चिकित्सक के आपरेशन के बाद महिला मरीज की हालत खराब हो गई। जिसके बाद अस्पताल कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में अस्पताल कर्मचारी मरीज को लेकर वाराणसी जा रहे थे कि रास्ते में ही महिला ने दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी होते ही अस्पताल संचालक फरार हो गया। वहीं परिजनों ने अस्पताल पर शव रखकर जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंचे सीओ भुड़कुड़ा रविन्द्र कुमार वर्मा ने लोगों को समझा बुझाकर थाने ले आये। वहीं, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया कि पति के तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। बतादें, विगत एक सप्ताह पूर्व जखनियां तहसील स्थित विजय हास्पिटल में भी एक महिला की प्रसव के दौरान मौत हुई थी। लेकिन अधिकारी ऐसे फर्जी हास्पिटल पर लगाम लगाने से क्यों बच रहें है यह समझ से परे है।

## एसपी की निगरानी में दंगा नियंत्रण हथियारों का अभ्यास

**गाजीपुर।** पुलिस अधीक्षक ओमवरी सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। पुलिस लाइन में विभिन्न दंगा नियंत्रण हथियारों का ड्रिल/अभ्यास किया गया तथा दंगा नियंत्रण के उपाय बताए गए।

एसपी ने विभिन्न थानों से आई हुई पुलिस की गाड़ियों का निरीक्षण कर उनमें रखे गए सुरक्षा संबंधी उपकरणों को देखा तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। डॉयल 112 की गाड़ियों का निरीक्षण कर गाड़ियों का रिस्पांस टाइम जाना गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

पुलिस लाइन में स्थित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। लाइन में हो रहे निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया गया और लापरवाही पाएं जाने पर पर दंडित करने का निर्देश दिया।

## बाइकों के पाट्र्स बेचने वाला चोर गिरफ्तार , एक फरार

**जनसंदेश न्यूज**



मुहम्मदाबाद पुलिस की गिरफ्त में चोर।

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत चौकी प्रभारी द्वारा मोटरसाइकिल चुराने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। दूसरा मौके का लाभ उठाकर भाग गया। गिरोह मोटरसाइकिल को चुराकर उसके पाट्र्स को अलग करके बोरे में बंद कर अनियंत्रित बेच दिया करता था।

चौकी प्रभारी कृष्ण प्रताप सिंह ने गुरुवार की देर रात लगभग दस बजे मोटरसाइकिल चोरों को गिरफ्तार किया। क्षेत्र में गश्त के दौरान मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर चौकी प्रभारी सदल बल मालीचक की तरफ बढ़े।

वहीं पर उन्हें दो लोग एक प्लास्टिक के बोरे के साथ दिखाई पड़े। शक होने पर उन्होंने उन लोगों से पूछताछ आरंभ किया जिसमें एक ने अपने आप को मालीचक निवासी अजय राम पुत्र छोटेलाल 23 वर्ष और दूसरे ने अक्षय राम पुत्र मुन्ना राम 22 वर्ष बताया। मौका पाकर पुलिस कर रही थी तो अक्षय भाग चला।

पुलिस ने अक्षय को तथा मोटरसाइकिल के पाट्र्स जिसमें एक साइलेंसर ,एक अदद तेल टंकी एवं मोटरसाइकिल के अन्य पार्टस बरामद किए। गिरफ्तार करने वाली टीम में चौकी प्रभारी के अतिरिक्त हेड कांस्टेबल दीपक मिश्रा, प्रभाकर मिश्र, चंदन पासवान और नवीन थे।

## संक्षेप

### अधिशासी अभियंता ने संभाला कार्यभार



**गाजीपुर।** विद्युत वितरण खंड विद्युत आमघाट में अधिशाषी अभियंता सुजीत कुमार सिंह ने शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। पहले इनके जगह पर संजय सिंह थे। इनका इससे पहले प्रयागराज में तैनाती थी। पत्रकार वार्ता में अधिशाषी अभियन्ता सुजीत कुमार सिंह ने बताया कि मेरी पहली प्राथमिकता आम उपभोक्ताओं के लिए होगी। समय से बिल सही से बिल निर्गत करवाना,निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से संचालित करना,मोहल्ला एवं गांव में विद्युत विभाग के तरफ से कैंप लगाकर लोगों की समस्या सुनकर तत्काल समाधान करने के साथ ही साथ राजस्व वसूली बढ़ाने के लिए टीम गठित करके कटियामारों एवं विद्युत चोरों के खिलाफ गहन चेकिंग अभियान चलाया जायेगा। नगर क्षेत्र में जितने भी पोल,तार,ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त है। उसको बदलने के लिए रिवैम्ड योजना के तहत मोंटी कार्लो द्वारा कार्य कराए जा रहे हैं। ताकि नगर की विद्युत व्यवस्था में कोई कमी न हो। नगर की विद्युत सप्लाई सुचारू रूप से संचालित रखने के लिए चार ट्राली ट्रांसफार्मर की व्यवस्था के साथ ही साथ विद्युत आयल,ट्रांसफार्मर लग सहित सभी उपकरण रख लिया गया है। अवर अभियंता, गैंग,संविदा कर्मी,मीटर रीडर को मार्च माह को देखते हुए राजस्व वसूली के लिए फील्ड में लगा दिया गया है।

### एथलीटों ने यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में लहराया परचम



**देवकली।** छठवीं उत्तर प्रदेश यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता के प्रथत दिन शुक्रवार को एथलीटों ने प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण और एक रजत पदक प्राप्त किया। गाजीपुर के हैमर थ्रोअर गोलू यादव ने कौशम्बी में 65. 50मीटर थ्रो करके स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। वही वाराणसी में भोला यादव ने 1500 मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक व चंद्र प्रकाश यादव ने 400 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक प्राप्त किया। संघ के कार्यवाहक सचिव डा. रूद्रपाल यादव ने बताया कि गाजीपुर के एथलीटों का उम्दा प्रदर्शन लगातार जारी है। अभी कुछ दिन पहले आकाश यादव ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया था और आने वाले दिनों में गाजीपुर जिले के कुछ और भी एथलीट अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे और जिले तथा देश के लिए मेडल प्राप्त करेंगे।

### साहित्य चेतना समाज ने जारी किया परिणाम



**गाजीपुर।** साहित्य चेतना समाज के तत्वावधान में आयोजित गणित प्रतियोगिता का परिणाम जारी हो गया।चार वर्गों में आयोजित इस प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में कक्षा 4 से 6, मध्यम वर्ग में कक्षा 7 व 8, ज्येष्ठ वर्ग में कक्षा 9 व 10 एवं वरिष्ठ वर्ग में कक्षा 11 व 12 में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कनिष्ठ वर्ग में न्यू होराइजन एकेडमी तुलसीसागर के दिव्यांशु यादव ने प्रथम,श्री शिवकुमार शास्त्री इण्टर कॉलेज जंगीपुर के अंगद यादव ने द्वितीय एवं कम्पोजिट विद्यालय फदनपुर के दिव्यांशु यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।मध्यम वर्ग में कतवारू यादव मेमोरियल पब्लिक स्कूल रूहीपुर के प्रभात कुशवाहा ने प्रथम,एस.एस. पी.कॉन्वेंट स्कूल जंगीपुर के विकास यादव ने द्वितीय एवं सेन्ट जॉन्स स्कूल के दिव्यांश राठौर,न्यू होराइजन एकेडमी की कु.सृष्टि राय व माउंट लिट्रा जी स्कूल के आदित्य यादव ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। ज्येष्ठ वर्ग में एम.जे.आर.पी.पब्लिक स्कूल के पीयूष मौर्या व कृष्णा कुशवाहा ने क्रमशः प्रथम व तृतीय एवं गंगाप्रसाद रामप्रसाद यादव इण्टर कॉलेज रूहीपुर के सन्नी यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।वरिष्ठ वर्ग में एम.ए.एच.इण्टर कॉलेज के पंकज शर्मा,अंकित शर्मा एवं रवि कुमार बिन्द ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्था द्वारा आयोजित गणित सहित अन्य सभी प्रतियोगिताओं में चयनित प्रतिभागियों को 19 मार्च (रविवार) को आयोजित संस्था के 38वें वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं गाजीपुर गौरव सम्मान समारोह (चेतना महोत्सव-2023) में स्मृति-चिह्न व प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा।

### सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक को थानाध्यक्ष ने दी विदाई

**बिरनो।** थाना परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। उपनिरीक्षक अशोक कुमार पांडेय को प्रभारी निरीक्षक कासिमाबाद कमलेश पाल व बिरनो थानाध्यक्ष कृपेन्द्र प्रताप सिंह समेत अन्य पुलिसकर्मियों ने फूल माला पहनाकर एवं उपहार देकर विदाई दी। थाना बिरनो में तैनात दरोगा अशोक कुमार पांडेय काफी समय से कार्यरत रहे ।जो अपनी सेवाओं पर कुशलता एवं कार्य व्यवहार से लोगों के लिए बने प्रिय हुए थे। इस मौके पर दुल्लहपुर थानाध्यक्ष प्रवीण यादव, उपनिरीक्षक ओम प्रकाश यादव, चौकी प्रभारी मुन्ना लाल शर्मा , रमन सिंह, महेंद्र सिंह, भूपेन्द्र यादव, बंदना शुक्ला सहित मरदह दुल्लहपुर कासिमाबाद जंगीपुर के उपनिरीक्षक व कांस्टेबल मौजूद रहे।

### होली पर्व को लेकर साप्ताहिक बंदी में छूट

**गाजीपुर।** श्रम प्रवर्तन अधिकारी पूर्ति यादव द्वारा बताया गया है कि जिलाधिकारी आर्यका अखौरी द्वारा होली पर्व के दृष्टिगत जनपद-गाजीपुर के नगर पालिका परिषद/टाउन एरिया, नोटिफाइड क्षेत्रों के समस्त दुकानों व वाणिज्य अधिष्ठानों को साप्ताहिक बंदी से छूट प्रदान किया गया है।

### आज सैदपुर तहसील में डीएम सुनेंगी फरियाद

**गाजीपुर।** जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को तहसील सैदपुर में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में सम्पन्न किया जायेगा। तथा समस्त तहसीलों में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न होगा।

### सड़क पर बेलगाम घूम रहे छुट्टा पशु



**गाजीपुर।** शासन के द्वारा आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए तमाम तरह के आदेश पारित हुए लेकिन उसके ठीक विपरीत कासिमाबाद एसडीएम आवास के पास सड़क किनारे खड़े दर्जनों आवारा पशु तहसील आने जाने वाले लोगों को घायल करने के लिए दौड़ा रहे थे। जिससे लोग भय व्याप्त के साथ किसी तरह जान बचा कर निकल रहे थे। लोगों का कहना था कि जब एसडीएम आवास के पास ही दर्जनों आवारा पशु सड़क पर खुलेआम घूम रहे हैं और तांडव मचा रहे फिर आम ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का क्या होगा। कैटल कैचर वाहन ब्लॉक में खड़ी होने के बावजूद खुले सड़कों पर तांडव आवारा पशु मचा रहे हैं। आखिर कब आला अधिकारी की निद्रा टूटेगी। शुक्रवार के दिन पर एसडीएम आवास के पास जाने वाले मार्ग के किनारे दर्जनों आवारा पशु खुलेआम सड़कों पर घूम रहे थे और आने जाने वाले लोगों को दौड़ा रहे थे। जिससे लोग किसी तरह बच बचाकर तहसील और अपने गंतव्य स्थान तक कोसते हुए जा रहे थे। शासन के द्वारा कासिमाबाद विकास खंड क्षेत्र के लिए 20 लाख रुपए खर्च कर कैटल कैचर वाहन आवारा पशुओं को पकड़ कर गौ आश्रय केंद्र ले जाने के लिए लाया गया है। लेकिन यह कैटल कैचर वाहन ब्लॉक परिसर में शोपीस बन कर रह गया है। जबकि जनपद के जिलाधिकारी का आदेश हुआ था कि जिस क्षेत्र में आवारा पशु घूमते नजर आएंगे। उस क्षेत्र के अधिकारियों के ऊपर गाज गिरेगी।

### धूप में घंटों बस का इंतजार करने को मजबूर लोग

**गाजीपुर ।** जिला मुख्यालय के बस स्टैंड पर पर पिछले तीन वर्षों से गैर जनपद के रोडवेज बसें न आने से यात्री परेशान हैं। धूप व बरसात में सड़क के किनारे खड़े होकर यात्रियों को बसों की प्रतीक्षा करनी पड़ती है। रोडवेज बसें न मिलने से डग्गामार वाहनों से यात्रा करने को मजबूर हैं। इस मामले की शिकायत एआरएम से की गई, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। गाजीपुर से होते हुए गोरखपुर, बलिया आदि जगहों के लिए रोडवेज बसें आती और जाती हैं। लेकिन डिपो परिसर में बसों के नहीं आने से यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है।

**मुसाफिर बोले - गाजीपुर।** सुरतापुर निवासी गुप्तेश्वर तिवारी ने बताया कि गाँव से गाजीपुर तक प्राइवेट वाहन से आए हैं। यहां से गोरखपुर जाना है, बाईपास मार्ग पर धूप में खड़े होकर रोडवेज बस का तीन घंटे से इंतजार कर रहे हैं। लेकिन बस अभी तक नहीं आई है। करण्डा से सतीश कुमार सिंह बलियाजाने के लिए लंका चुंगी पर दो घंटे से सड़क के किनारे धूप में रोडवेज बस की प्रतीक्षा कर रहे हैं। बलिया जाना है, मगर बस का अता पता नहीं हैं।

## अनियंत्रित होकर बाइक गिरी, युवक घायल



सीएचसी भदौरा में घायल का इलाज करते स्वास्थ्य कर्मी।

**सेवराई।** गहमर थाना क्षेत्र के बारा गांव के यूनियन बैंक के समीप गुरुवार की रात अनियंत्रित होकर बाइक से गिरकर एक युवक बुरी तरह से घायल हो गया । मौके पर पहुंची पुलिस व स्थानीय लोगों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा में भर्ती कराया गया ।

जहां घायल की स्थिति गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी अनुसार गहमर थाना क्षेत्र के कुतुबपुर गांव निवासी सोनू राय (28) पुत्र दयाशंकर राय गुरुवार की रात आठ बजे गहमर की तरफ से अपने गांव कुतुबपुर जा रहा था अभी वह बारा यूनियन बैंक के समीप पहुंचा ही था कि बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गिर गया ।

जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों व मौके पर पहुंची सीआरबी पुलिस ने घायल को सीएचसी भदौरा पहुंचाया।

जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सको ने जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। इस सन्दर्भ में इलाज कर रहे चिकित्सक डा. रविरंजन ने बताया कि एक एक्सीडेंट का मामला आया था घायल के मुंह से शराब की दुर्गंध आ रही थी सिर में गंभीर चोट होने के कारण उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया।

## 20 मार्च तक पेंशन प्राप्त करें

**गाजीपुर।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल अरूण कुमार सिंह (अप्रा) ने बताया कि जनपद के समस्त द्वितीय विश्व युद्ध के पेंशन 20 मार्च तक पेंशन प्राप्त करने हेतु किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय में उपस्थित होकर अपना हस्ताक्षर कर दे।

ताकि पेंशन उनके बैंक खाते में ई-पेमेन्ट के माध्यम से भेजा जा सके।

## 81 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

**गाजीपुर।** जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वाधान में विधान सभा जंगीपुर के अन्तर्गत विकास खण्ड-मरदह परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में लगभग 250 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें से विभिन्न पदों पर कुल 81 अभ्यर्थियों का अन्तिम राउंड हेतु चयन किया गया।

# बेटी का हाथ पीला करने से पहले पिता की जिदंगी दांव पर



हादसे के बाद रोते-बिलखते परिजन।

**भांवरकोल।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मनिया के ठीक सामने गाजीपुर -भरौली राजमार्ग संख्या -31 पर शुक्रवार की दोपहर में दो बाइकों की जोरदार टक्कर में चालक बुरी तरह से घायल हो गये। जिन्हें पुलिस ने एंबुलेंस से ईलाज के लिए ट्रामा सेन्टर मुहम्मदाबाद भेजवाया। गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार करके जिला मुख्यालय रेफर कर दिए गया। समाचार लिखे जाने के समय दोनों की स्थिति गंभीर बनी थी।

जिसमें घायल डॉ. गणेश (45) की हालत चिंताजनक बताया जा रहा था। मनिया चट्टी पर निजी डिस्पेंसरी चलाने वाले डा. गणेश की लड़की की शुक्रवार को बारात आ रही थी। दूल्हे को दहेज में देने के लिए हीरो मोटरसाइकिल अभी हाल ही में खरीद रखे थे और उसी मोटरसाइकिल का पूजा पाठ करने के लिए अपने साथ सुनील कुमार को लेकर माता मंगला भवानी मंदिर कोरंटाडीह बलिय के लिए घर से खुशी-खुशी घर से निकले ज्योंहीं पेट्रोल पंप मनिया पर तेल लेने के लिए अपनी मोटरसाइकिल मोड़ रहे थे। पीछे से दो लड़कियों को स्वामी आत्मानंद इंटर कालेज टोडरपुर से हाईस्कूल सामाजिक विज्ञान का परीक्षा दिलवाकर बुलेट मोटरसाइकिल है। अपने घर जसदेवपुर जाने से पहले मनिया से तेल लेने के लिए तेज गति से पीछे से जाकर टक्कर मारी थी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों की मोटरसाइकिलें घीसटती हुई कुछ दूर तक गयी ओर चालक समेत सभी उछल कर काफी दूर जा गिरे।

जिसमें गणेश का सर काफी फटने के ब्लडिंग होने लगा। वहीं वहीं नगवा शाह को चोट आई है। हादसे में गाड़ी पर बैठी छात्राओं और लड़कों भी काफी चोटे आई।

पुलिस ने क्षतिग्रस्त दोनों गाड़ियों को थाने में लाकर खड़ा कर दिया है।

गणेश के घर आज उसकी मुन्नी की बारात आ रही है और अभागा पिता अस्पताल में भर्ती हैं। जहां दोपहर तक गणेश के घर मंगल के गीत गूंज रहे थे। अब बिल्कुल मातम का माहौल बना हुआ है। उसकी पत्नी और लड़की की रो-रो कर बुरी हालत बनी हुई थी।

# होली, शबे बारात को लेकर धर्मगुरुओं के साथ मंथन



जिला पंचायत सभागार में त्योहार को लेकर बैठक लेती डीएम आर्यका अखौरी एवं एसपी ओमवीर सिंह।

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता एंव पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की उपस्थिति में जनपद में आगामी होली त्योहार एवं शबे-बारात को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के दृष्टिगत विभिन्न धर्मो के घर्म गुरूओ संग पीस कमेटी की बैठक जिला पंचायत सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में त्योहारों को शान्तिप्रिय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण की परम्परा को बनाये रखते हुए त्योहारों को मनाये जाने की अपील की। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि त्योहारों में किसी भी दुर्घटना आदि की दशा से निपटने के लिए जिला चिकित्सालय सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को अलर्ट मोड पर रखा जाये। उन्होंने खासकर त्योहारो के दौरान पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के दृष्टिगत ईओ नगर पालिका सहित सभी नगर निकायों के अधिशाषी अधिकारियों को वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश दिये। उन्होंने जूलुस मार्गो को दुरुस्त करने हेतु अधिशाषी अभियन्ता पी.डब्ल्यू डी को निर्देशित किया तथा विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि मार्गों में बिजली के तारों आदि को पहले से ही देखकर ठीक कर लिया जाये। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी नई परम्परा की शुरूआत न किया जाये। त्योहारों के दौरान मदिरा की दुकानों की जांच एवं मिलावटी खाद्य पदार्थों के बिक्री को रोकने के दृष्टिगत जांच करने एवं सक्रिय रहने के निर्देश सम्बन्धित विभागीय अधिकारियो को दिये। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने आगामी त्योहारो की बधाई देते हुए कहा कि लोग मिल जुल कर शान्तिपूर्ण ढग से सौहार्दपूर्ण वातावरण मे त्योहार मनायें। होली रंगो, फुहारो एवं अल्हणपन का त्योहार है। कहा कि अधिकारीगण जागरूक स्थानीय लोगों से व्यक्तिगत रूप में भी सम्पर्क में रहें, संवेदनशील जगहों पर विशेष निगरानी रखी जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी विरा अरूण कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत चौधरी, पुलिस अधीक्षक शहर गोपी नाथ सोनी, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त थाना प्रभारी एंव समस्त जनपदस्तरीय अधिकारी, विभिन्न धर्मो के धर्म गुरू एंव प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

## भाजपा की विजय पर कार्यकर्ताओं में खुशी

**सेवराई।** पूर्वोत्तर राज्यों के चुनाव में भाजपा के विजय मिलने के बाद स्थानीय तहसील क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह मिठाइयां वितरित कर खुशी जताया। शुक्रवार को सेवराई तहसील मुख्यालय के समीप वरिष्ठ भाजपा नेता व गहमर के पूर्व प्रधान मुरली कुशवाहा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर त्रिपुरा, नागालैंड व मेघालय में भाजपा समर्थित सरकार बनने पर खुशी का इजहार किया।

तीनों राज्यों में भाजपा समर्थित सरकार बनने को लेकर तहसील क्षेत्र के कार्यकताओं में काफी उत्साह देखा गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरली कुशवाहा ने बताया कि पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा के मिली जीत 2024 के चुनाव का सेमीफाइनल के रूप में देखा जा रहा था। इस मौके पर रामविलास राजभर, आयुष उपाध्याय ,कृष्णदेव मौर्य, रामव्रत राजभर, श्याम बिहारी, जयराम कुशवाहा आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे ।

## ग्राम चौपाल लगाकर सरकार की योजनाओं की दी जानकारी



मरदह में चौपाल लगाकर सरकार की योजनाओं की जानकारी देते अधिकारी।

**मरदह।** ब्लॉक के ग्राम पंचायत हैदरगंज व तिलाड़ी के मिनी सचिवालय पर शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन सम्पन्न हुआ। भंवरहा गांव चौपाल के नोडल अधिकारी नवीन कुमार सिह ने कहा कि ग्राम पंचायतों के विकास एवं सरकार द्वारा चलायी गयी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुचाने एवं उसकी जानकारी से ग्रामीणों को अवगत कराने के उद्देश्य से चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

ग्रामीणों से गांव की 60 समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी।इस अवसर पर ग्राम चौपाल में पशु चिकित्साधिकारी डॉ चन्द्रकांत सिंह,ग्राम पंचायत अधिकारी सुनील कन्नौजिया,ग्राम प्रधान अनील राजभर,सोनू प्रजापति,भानू सिंह, अशोक विश्वकर्मा, विनोद कुमार,राजेन्द्र राम, आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में ग्राम पंचायत तिलाड़ी में नोडल अधिकारी मयंकधर राय ने 30 ग्रामीणों की समस्याएं सुन उसके निराकरण पर बल दिया तथा इस दौरान अविवाहित युवक-युवतियों सामूहिक विवाह में भाग लेने वाले लोग समय से पंजीकरण कराकर सामूहिक मुख्यमंत्री विवाह के कार्यक्रम में भाग ले।इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी अखिलेश प्रजापति,प्रधान रामाकांत यादव, पंचायत सहायक प्रिया पाण्डेय,अजीत कुमार, शिवनारायण,मीना देवी, पुनिता देवी उपस्थित रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की जमीन कब्जा मुक्त



दिलदारनगर-पचोखर मार्ग पर कब्जा की गई भूमि का सीमांकन करते अधिकारी।

**सेवराई।** उपस्वास्थ्य केंद्र के प्रस्तावित जमीन पर ग्रामीणों द्वारा किए गए अवैध कब्जा को उपजिलाधिकारी सेवराई के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा के अधीक्षक चिकित्साधिकारी की उपस्थिति में राजस्व कर्मियों ने भारी पुलिस बल के साथ जमीन की पैमाइश करा कर सीमांकन करके कब्जा मुक्त करा दिया गया। जानकारी के अनुसार दिलदारनगर मौजा अंतर्गत दिलदारनगर-पचोखर मार्ग पर ग्राम पंचायत दिलदारनगर के भूमि प्रबंधन समिति द्वारा वर्ष 2022 में स्वास्थ्य उप केंद्र हेतु जमीन का प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया था।

स्वास्थ्य उपकेंद्र के जमीन पर गांव के ही कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर कब्जा जमा लिया गया था। जिसकी शिकायत प्रधान द्वारा उपजिलाधिकारी सेवराई से किए जाने के बाद उपजिलाधिकारी राजेश प्रसाद ने राजस्व टीम बनाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा के प्रभारी अधीक्षक डा. धनंजय आनंद के उपस्थिति में भारी पुलिस बल के साथ जमीन की पैमाइश कर अवैध कब्जा मुक्त कराते हुए सीमांकन किया गया। इस संदर्भ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा के अधीक्षक चिकित्साधिकारी डा. धनंजय आनंद ने बताया कि स्वास्थ्य उप केंद्र की जमीन को राजस्व कर्मियों द्वारा पैमाइश पर अवैध कब्जा हटाते हुए सीमांकन कर दिया गया। शासन से धन अवमुक्त होते ही स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण शुरू करा दिया जाएगा ।

# घटिया सड़क निर्माण कार्य को ग्रामीणों ने रोका

**आक्रोश**

### चिन्हित जगह गिट्टी डालकर हो रहा था पिचिंग

### दस वर्ष से जर्जर सड़क पर चल रहे थे ग्रामीण और राहगीर

**जनसंदेश न्यूज**



खजूर गांव में मानक के विपरित हो रहे कार्य का निरीक्षण करते अधिशासी अभियंता एसबी सिंह।

**कासिमाबाद।** पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क निर्माण में जमकर मानक की धज्जियां उड़ाई जा रही है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य रोक कर धरना प्रदर्शन किया। आक्रोशित ग्रामीणों ने जिले के आला अधिकारियों की मांग करते रहें। सूचना मिलते ही आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों को समझाकर मामला शांत कराया। अधिशासी अभियंता ने अवर अभियंता के खिलाफ जांच का आदेश दिया।

तहसील क्षेत्र के गोविंदपुर-महाहर-कासिमाबाद संपर्क मार्ग से खजूर गांव एक किलोमीटर जाने वाले मार्ग पर मानक के अनुरूप सड़क निर्माण होने से सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने शुक्रवार को निर्माण कार्य बंद कराकर प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पिछले दस वर्षों से यह सड़क पूरी तरह से टूट कर बिखर गई है। शिकायत के बावजूद सड़क पर साफ कर चिन्हित जगहों पर गिट्टी डाला जा रहा है। जबकि इसका नवनिर्माण होना चाहिए जबकि केवल पिच का कार्य कराया जा रहा था।

सड़क का निर्माण मानक के विपरीत होने से ग्रामीणों में आक्रोश दिखा। मौके पर शशिकांत सिंह, शमशेर सिंह, रमेश सिंह, रामाकांत सिंह, केदार सिंह, हीरा गुप्ता, इंद्रजीत सिंह, देवेंद्र सिंह, प्रभात सिंह, राजेश सिंह, रमन सिंह ,अमित सिंह, राजीव सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे ।

### अवर अभियंता के खिलाफ जांच का आदेश

अधिशासी अभियंता एसबी सिंह ने सड़क निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि सड़क निर्माण कार्य मानक के अनुसार होगा। सड़क निर्माण कार्य में गिट्टी की मानक बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि इस मार्ग के निर्माण के लिए पिछले वर्ष दस अक्टूबर को 13 लाख 9 हजार रुपए स्वीकृत है। वहीं, कार्य प्रभारी अवर अभियंता पारस प्रसाद को हटाकर अवर अभियंता सुरेंद्र यादव को जिम्मेदारी दी। इसके अलावा मानक के अनुसार कार्य नहीं पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की बात कहें।

### बिना सड़क निर्माण कराए उतारे साढ़े आठ लाख

आरोप है कि इस सड़क के निर्माण में विगत वर्ष 2021 और 2022 में 8 लाख 48 हजार उतार लिया गया है। जबकि सड़क जर्जर होने के कारण क्षेत्र के लोगों का चलना दुर्लभ हो गया है। शिकायत के बाद ठेकेदार द्वारा सड़क की पिच का कार्य के लिए सड़क साफ कर कुछ चिन्हित जगहों पर बस गिट्टी डाला जा रहा। ग्रामीणों ने मांग किया कि मानक के अनुरूप हो रहे कार्य की जांच हो । भ्रष्टाचार में शामिल अधिकारी और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

## जनसंपादकीय

# नडेला से अजय बांगा तक

**आर.के. सिन्हा**



भारत के सात समंदर पार से भारतवंशियों के सफलता की खबरें-कहानियां लगातार भारतीय मीडिया की सुर्खियां बनने लगी हैं। आप गौर करें कि भारतवंशी सिर्फ सियासत में ही झंडे नहीं गाड़ रहे हैं। ये तो हम 1960 के दशक से सुन रहे हैं। तब पहली बार कैरिबियाई टापू देश गुयाना में छेदी जगन राष्ट्राध्यक्ष बने थे। उनके बाद न जाने कितने भारतवंशी गुयाना, त्रिनिडाड, फीजी, मारीशस, सूरीनाम में सर्वोच्च पदों पर पहुंचे। अब ब्रिटेन में भारतवंशी और इंफोसिस कंपनी के फाउंडर चेयरमेन एन.नारायणमूर्ति के दामाद श्रषि सुनक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बन गए। अब बात सियासत से हटकर बिजनेस की करेंगे। आप जानते हैं कि बीते बीसेक सालों के दौरान इंदिरा नुई (पेप्सी), पराग अग्रवाल ( ट्वीटर), विक्रम पंडित ( सिटी बैंक), सुंदर पिचाई ( गूगल), सत्या नेडाला (माइक्रोसाफ्ट), शांतनु नारायण (एडोब), राजीव सूरी (नोकिया) जैसी प्रख्यात कंपनियों के भारतीय सीईओ बन गए। अब बिल्कुल हाल ही में अजय बांगा को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बीडेन ने वर्ल्ड बैंक का अध्यक्ष मनोनीत कर दिया। बांगा की विश्व स्तर पर पहचान तब बनी थी, जब वे मास्टर कार्ड के सीईओ थे। दरअसल बिजनेस में अजय बांगा या उनके जैसे सैकड़ों भारतीय अमेरिका तथा यूरोप में अपनी इबारत इसलिए लिख रहे हैं, क्योंकि उन्हें अपने देश में बहुत ही स्तरीय शिक्षा प्राप्त करने का मौका मिला। श्रेष्ठ शिक्षा ग्रहण करने के चलते ही लाखों भारतीयों की हर साल तकदीर बदल रही है। भारत में एक से बढ़कर एक विश्व स्तर के शिक्षण संस्थान हैं। इसलिये कम से कम यह तो मत ही कहिये कि हमारे यहाँ की तमाम शिक्षण संस्थायें बकवास हैं ककुछ हो भी सकती हैं, जैसे कहीं भी हो सकती हैं, लेकिन सभी नहीं क

अजय बांगा को ही लें। उनका वर्ल्ड बैंक का प्रमुख बनना तय है। सबको गर्व है कि एक भारतीय मूल के शख्स को इतनी अहम जिम्मेदारी मिलने जा रही है। उन्होंने राजधानी के सेंट स्टीफंस कॉलेज तथा आईआईएम, अहमदाबाद में पढ़ाई की थी। पर जिस संस्था ने सेंट स्टीफंस कॉलेज की नींव रखी थी उसे कितने लोग जानते हैं। उसकी बात करना भी जरूरी है। इसका नाम है दिल्ली ब्रदर्स सोसायटी। इससे गांधी जी के सहयोगी और स्वाधीनता सेनानी दीन बंधु सीएफ एंड्रयूज भी जुड़े हुए थे। वे सेंट स्टीफंस कॉलेज में अंग्रेजी पढ़ाते थे। वे दक्षिण अफ्रीका में गांधी जी से 1914 में मिले थे। उन्हीं के प्रयासों से ही गांधी जी और कस्तूरबा गांधी पहली बार 12 अप्रैल-15 अप्रैल, 1915 को दिल्ली आए थे। वे ब्रिटिश नागरिक होते हुए भी भारत की आजादी के प्रबल पक्षधर थे। इससे अंदाजा लग जाएगा कि सेंट स्टीफंस कॉलेज को खोलने वाली संस्था का मूल चरित्र किस तरह का है। उसकी भारत को लेकर निष्ठा निर्विवाद है। बांगा ने इंडियन इंस्टीच्यूट आफ मैनेजमेंट (आईआईएम), अहमदाबाद से भी पढ़ाई की। भारत सरकार, गुजरात सरकार और औद्योगिक क्षेत्रों के सक्रिय सहयोग से एक स्वायत्त निकाय के रूप में 1961 में इसकी स्थापना हुई। चार दशकों में यह भारत के प्रमुख प्रबंधन संस्थान से एक उल्लेखनीय अंतरराष्ट्रीय मैनेजमेंट स्कूल के रूप में विकसित हुआ है। आईआईएम के विद्यार्थी सारी दुनिया में छाए हुए हैं। आईआईएम ने हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के साथ प्रारंभिक सहयोग किया था। इस सहयोग ने संस्थान के शिक्षा के दृष्टिकोण को काफी प्रभावित किया। धीरे-धीरे, यह पूर्वी और पश्चिमी मूल्यों के सर्वोत्तम संगम के रूप में उभरा।

**भारत या भारत से बाहर जाकर बड़ी कामयाबी हासिल करने वालों में आईआईटी में पढ़े छात्रों की तादाद बहुत अधिक है। एन. नारायणमूर्ति खुद आईआईटी कानपुर से हैं। पराग अग्रवाल पढ़े हैं आईआईटी, मुंबई में। इसने देश-दुनिया को चोटी के सीईओ से लेकर इंजीनियर दिए हैं। आप नए उद्यमियों जैसे सचिन बंसल और बिन्नी बंसल की चर्चा न करें ऐसा तो नहीं हो सकता।**

आप गौर करें कि भारत या भारत से बाहर जाकर बड़ी कामयाबी हासिल करने वालों में आईआईटी में पढ़े छात्रों की तादाद बहुत अधिक है। एन. नारायणमूर्ति खुद आईआईटी कानपुर से हैं। पराग अग्रवाल पढ़े हैं आईआईटी, मुंबई में। इसने देश-दुनिया को चोटी के सीईओ से लेकर इंजीनियर दिए हैं। आप नए उद्यमियों जैसे सचिन बंसल और बिन्नी बंसल की चर्चा न करें ऐसा तो नहीं हो सकता। इन दोनों ने 2007 में फ्लिपकार्ट की स्थापना की थी। ये दोनों आईआईटी, दिल्ली में रहे। भारत में पहली आईआईटी की स्थापना कोलकाता के पास स्थित खड़गपुर में 1950 में हुई थी। भारत की संसद ने 15 सितंबर 1956 को आईआईटी एक्ट को मंजूरी देते हुए इसे ҅राष्ट्रीय महत्व के संस्थान҆ घोषित कर दिया। इसी तर्ज.पर अन्य आईआईटी मुंबई ( 1958), मद्रास ( 1959), कानपुर ( 1959), तथा नई दिल्ली ( 1961) में स्थापित हुई। फिर गुवाहाटी में आई आई टी की स्थापना हुई। सन 2001 में रुड़की स्थित रुड़की विश्वविद्यालय को भी आईआईटी का दर्जा दिया गया। तो बहुत साफ है कि दशकों पहले भारत से संसार के विभिन्न देशों में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री तक बन रहे हैं। और अब भारत में ही शिक्षित नौजवान दुनिया के चोटी की कंपनियों के सीईओ बनाए जा रहे हैं। ये इसलिए हो रहा है, क्योंकि इन्हें श्रेष्ठ शिक्षा मिल रही है। पर हमें देश के तमाम कॉलेजों को सेंट स्टीफंस, आईआईटी और आईआईएम के स्तर के बनाने के बारे में विचार करना होगा। इन्हें आधुनिक सुविधाओं से लैस करना होगा। पर सबसे अहम चुनौती यह रहेगी कि इन में बेहतरीन फैक्ल्टी की नियुक्ति हो। हमें उन अध्यापकों को प्रोत्साहित करना होगा जो अपने शिष्यों के प्रति समर्पण का भाव रखते हैं। अध्यापकों को अपने को लगातार अपने विषय की आधुनिकतम जानकारी से अपडेट रखना होगा। आमतौर पर हमारे यहां बहुत से अध्यापक एक बार स्थायी पर लगने के बाद कभी कुछ नया लिखते-पढ़ते नहीं हैं। हमें अपने स्कूलों को भी निरंतर सुधार करते रहना होगा संतोष की बात कि दिल्ली ब्रदर्स सोसायटी अब दिल्ली-सोनीपत सीमा पर एक स्कूल स्थापित करने जा रही है। यानी कॉलेज खोलने के बाद अब स्कूल खोला जा रहा है। इसका भी लक्ष्य सर्वश्रेष्ठ शिक्षा ही देना होगा जहां से जैसे मेधावी छात्र पढ़कर बेहतर नागरिक बनें। जिस संस्था का संबंध दीन बंधु सीएफ एंड्रयूज से है, वह तो श्रेष्ठ स्कूल ही खोलेगी। दरअसल हमारे यहां कई धूर्त तत्वों ने स्कूलों को कमाई का धंधा बनाया हुआ है। उनको कसने की जरूरत है। इनका शिक्षा से कोई लेना-देना नहीं है। पर ये जुगाड़ करके स्कूलों के लिए जमीन हथियाने में सफल रहे। उसके बाद ये लूटपाट कर रहे हैं। इसी तरह से दिल्ली में अरविंद केजरीवाल सरकार ने स्कूलों में सुधार के नाम पर राजधानी वालों को बहुत ठगा है। हां, कुछ स्कूलों की इमारतें नई अवश्य बन गई हैं। इसके अलावा इनमें कहीं कोई सुधार नहीं हुआ। ये स्थिति बदलनी होगी।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

# साहित्यिक विमर्श में बुद्ध की प्रासंगिकता

**प्रसंगवश**

**डॉ. ललित कुमार**



जब पूरी दुनिया तीसरे विश्वयुद्ध की ओर अग्रसर हो और हर देश अपने को सुपर पावर बनने की होड़ में लगा हो तो आधुनिक तकनीक के जरिए हर एक देश दूसरे देश से ताकतवर बनकर यह बताना चाहता है कि दुनिया आने वाले समय में उसकी मुट्ठी में होगी। यही घमंड कभी न कभी अमेरिका को था, जिसने दूसरे विश्व युद्ध का फायदा उठाकर अन्य देशों का मजबूरन फायदा उठाया। एशिया महाद्वीप में चीन की बढ़ती ताकत यह बताती है कि वह अमेरिका की राह पर चलकर सुपर पावर बनने का सपना देख रहा है। कोरोना वायरस की उत्पत्ति कहां और किस रूप में की गई इसके प्रमाण कोरोना काल में देखने को मिले कि कोरोना वायरस को बनाने में किस देश का हाथ था।

बहरहाल, चीन दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला देश है, जहां बौद्ध धर्म को मानने वालों की तादाद सबसे ज्यादा है। या यूं कहें कि बुद्ध का सबसे ज्यादा प्रचार-प्रसार भी एशिया के पूर्वी देशों में हुआ और उसका कारण यह है कि इन देशों में बौद्ध धर्म को मानने वालों की संख्या भी सबसे अधिक है। बुद्ध भारत के लिए ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक ऐसे ध्रुव तारे के समान दिखाई देते हैं जो भी उनके संपर्क में आया वे मानव धर्म को अपनाकर उतने ही वैज्ञानिक और तार्किक होते चले गए। बुद्ध जातीय व्यवस्था पर तमाम तरह के प्रश्न खड़ा करते हैं, लेकिन उनके तर्कों का जवाब आज तक किसी के पास नहीं निकल पाया।

अपने शत्रुओं के बारे में भगवान बुद्ध हमेशा कहते थे कि बैर से बैर कभी शांत नहीं होता बल्कि अबैर से शांत होता है। बुद्ध का प्रासांगिक होना यह बताता है कि दुनिया जिस विनाशलीला की ओर जा रही है, वह उसके अलावा और कुछ नहीं। यानी पूरी दुनिया में हिंसा, धार्मिक-उन्माद और नस्लीय भेदभाव चाहे जिस भी रूप में चरम पर पहुंचा हो, वहां बुद्ध ने हमेशा मानवीय मूल्यों को आधार बनाकर मनुष्य को उच्च दर्जा देने की बात कही है। पूरे विश्व में धार्मिक कट्टरता के कारण मानवीय टकराव जैसे हालात पैदा होते चले जा रहे हैं। भारत में भी पिछले कुछ वर्षों से इस तरह की घटनाएं ज्यादा बढ़ी है। जिस वजह से धर्म के आधार पर हिंसात्मक गतिविधियों को अधिक बल दिया जा रहा है।

भारत में अगर धार्मिक स्वतंत्रता, धार्मिक निरपेक्षता और सार्वजनिक अधिकार को बचाना है तो बौद्ध धर्म द्वारा धार्मिक सहिष्णुता और करुणा-मैत्री के सिद्धांतों का पालन करना अपने जीवन में बेहद जरूरी है। बुद्ध के विचारों की प्रासंगिकता आज के समय में कितनी है? यह बुद्ध को पढ़कर और समझकर जाना जा सकता है। साहित्यिक विमर्शों के जरिए यह जाना जा सकता है कि बुद्ध के पंचशील सिद्धांत आज समाज के लिए भी उतने ही प्रासंगिक है, जितने देश दुनिया के लिए। दुनिया के तमाम धर्मों पर बुद्ध के विचार ऐसे प्रकाशमान हैं, जिनकी रोशनी से पूरे एशिया में ज्ञान का प्रकाश फैला है और यही कारण है कि दुनिया में बुद्ध के अनुयायी जिन भी देशों में गए, उन्होंने बुद्ध की उस परंपरा को आगे बढ़ाया जिनकी बदौलत बुद्ध को दुनिया में एक नई पहचान मिली। बुद्ध के संदेश पूरी तरह से मानव-सभ्यता को एक नई तार्किक राह दिखाने वाले साबित होते हैं। साथ ही जिनके संदेशों का असर तिब्बत, भूटान, चीन, जापान, बर्मा, थाईलैंड, हिंद चीन, मंगोलिया, कोरिया, श्रीलंका और पश्चिमी एशिया तक हुआ है। इसलिए एडमिन अर्नाल्ड ने बुद्ध को यूं ही एशिया का आलोक या 'लाइट ऑफ एशिया' नहीं कहा था। क्योंकि कुछ तो बात रही होगी बुद्ध में, जिन्होंने पूरी दुनिया को मानव-प्रेम, धर्म-दर्शन और तर्कशास्त्र का पाठ पढ़ाया या यूं कह सकते हैं कि बुद्ध की ज्ञान ज्योति की लौ भारत की धरती से उठकर विश्व स्तर पर पूरी दुनिया में प्रकाश फैलाने का काम करती है। जिस वजह से बुद्ध को बाहर के देशों में कहीं अधिक प्रासंगिक माना गया है।

**बुद्ध के पंचशील सिद्धांत आज समाज के लिए भी उतने ही प्रासंगिक है, जितने देश दुनिया के लिए। दुनिया के तमाम धर्मों पर बुद्ध के विचार ऐसे प्रकाशमान हैं, जिनकी रोशनी से पूरे एशिया में ज्ञान का प्रकाश फैला है और यही कारण है कि दुनिया में बुद्ध के अनुयायी जिन भी देशों में गए, उन्होंने बुद्ध की उस परंपरा को आगे बढ़ाया जिनकी बदौलत बुद्ध को दुनिया में एक नई पहचान मिली। बुद्ध के संदेश पूरी तरह से मानव-सभ्यता को एक नई तार्किक राह दिखाने वाले साबित होते हैं।**

साहित्यिक विमर्श में बुद्ध को याद करने का मतलब है कि बुद्ध को न जानने वालों में एक नई सोच से अवगत कराना। बुद्ध ने सारनाथ से पूरी दुनिया को 'अप्प दीपो भव' का संदेश देकर यह बताने की कोशिश की कि दुनिया में आप जो कुछ भी है सबसे पहले अपने अंदर के विवेक को पहचानों और उसी आधार पर अपने बौद्धिक कौशल के जरिए समाज में नई पहचान बनाकर तार्किकता के साथ आगे बढ़ो। इसलिए बुद्ध हमेशा एक महान शिक्षक के रूप में भी याद किए जाते रहेंगे। उन्नीसवीं शताब्दी में जब नवजागरण की शुरूआत होती है, तो उसके केंद्र में कहीं न कहीं गौतम बुद्ध ही होते हैं।

आधुनिक भारत को नया स्वरूप देने में बुद्ध के विचार एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं और भारत की रूढ़िवादी सोच और यहां की सांस्कृतिक जड़ता के विरुद्ध जिस संदेश को प्राचीन भारत में बुद्ध ने दिया वह जाति-प्रथा, धार्मिक-पाखंड और अंधविश्वास पर सीधे सवाल खड़े करता है। बुद्ध कहते हैं कि मनुष्य को परखने के लिए उसकी जाति की आवश्यकता नहीं, बल्कि चरित्र की आवश्यकता होती है। बुद्ध का यही संदेश समता, समानता और सामाजिक न्याय के विचारों में देखने को मिलता है। भारतीय संविधान की प्रस्तावना में भी बुद्ध के विचारों को देखा जा सकता है। जिसमें समता, संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक, सामाजिक न्याय की बात कही गई है। यह कहना गलत होगा कि बुद्ध के विचारों का प्रचार प्रसार भारत में कम हुआ है बल्कि बुद्ध के विचारों को जितना दबाने की कोशिश की गई। वह उतनी ही तेजी से दुनिया में स्थापित हुआ है। बुद्ध के जिन विचारों ने उनको आदर्श बनाया वह है करुणा, सहानुभूति, त्याग और सेवा। इन्हीं की बदौलत बुद्ध पूरी दुनिया में एक नई ऊंचाइयों तक पूरी मानव सभ्यता को लेकर जाते हैं।

आधुनिक हिंदी साहित्यिक विमर्शों के जरिए देश के बड़े लेखकों एवं आलोचकों की रचनाओं में बौद्ध दर्शन का संबंध कहीं न कहीं देखने को मिलता है। वरिष्ठ आलोचक रामचंद्र शुक्ल ने एडविन अर्नाल्ड की लिखित किताब 'लाइट ऑफ एशिया' का अनुवाद 'बुद्धचरित' के नाम से किया, जो मुख्य रूप से पूरे बुद्ध दर्शन की रूपरेखा को दशार्ती है। छायावादी चिंतक रहे जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित नाटक जिनमें राजश्री, विशाखा, अजातशत्रु, स्कंदगुप्त, चंद्रगुप्त और सम्राट कनिष्क के उन कनिष्ठों से संबंधित है, जिन्होंने बुद्ध धर्म को राज्य की शरण में रखा है। महादेवी वर्मा की रचनाओं में भी बौद्ध धर्म दुःखवाद और करुणा का प्रभाव स्पष्ट रूप में देखने को मिलता है। साथ ही निराला और सुमित्रानंदन पंत अपनी रचनाओं के माध्यम से बुद्ध के प्रति काफी प्रभावित दिखाई देते हैं। हजारों वर्षों से बुद्ध भारतीय ही नहीं बल्कि विश्व कविता और कला के जरिए साहित्य विमर्श के साथ-साथ लोगों का ध्यान इस ओर खींचने में भी काफी सफल हुए हैं।

अभी हाल ही में बुद्ध की उपदेशक धरती बनारस में 'बुद्ध की धरती पर कविता' काव्य-यात्रा की एक ऐसी श्रृंखला आयोजित होने जा रही है, जो बुद्ध के उद्देश्यों को लेकर पिछले चार वर्षों से अलग- अलग स्थानों पर आयोजित की जा रही है। मुख्य रूप से वर्तमान समाज में जिस तरीके से अहिंसा, अशांति, करुणा, मैत्री, प्रेम और एकता के मूल्यों के लिए खतरा पैदा हो रहा है। उससे बुद्ध की प्रासंगिता को साहित्यिक मंचो के जरिए देश दुनिया के सामने लाने की कोशिश हो रही है। 'बुद्ध की धरती पर कविता' की यह साहित्यिक चर्चा आने वाले समय में एक मिल का पत्थर साबित होगी। 'बुद्ध की धरती पर कविता' की श्रृंखला का यह कारवां वर्ष 2019 में बुद्ध की निर्वाण भूमि कुशीनगर से शुरू होकर, उसके बाद से जन्मभूमि लुंबिनी (2020) तथा बोध भूमि गया (2022) के बाद इस यात्रा का अगला पड़ाव 4-5 मार्च 2023 को उपदेश भूमि सारनाथ में आयोजित होने जा रहा है, जहां फिर से साहित्यिक लेखकों एवं आलोचकों के जरिए भारतीय और विश्व कविताओं में बुद्ध की उपस्थिति देखी जा सकती है। जिसमें देशभर से आने वाली बुद्ध केंद्रित कविताओं के जरिए यह संदेश देने की कोशिश की जाएगी कि बुद्ध की प्रासांगिकता फिर से एक नई अवधारणा को जन्म देंगी।

**(लेखक श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, भिलाई में पत्रकारिता के सहायक प्रोफेसर हैं)**

# असम में बेदखली अभियान पर उठ रहे सवाल

**प्रसंगवश**

**दिनकर कुमार**



असम के कई जिलों में चल रहे बेदखली अभियान से सार्वजनिक भूमि पर हजारों कथित अतिक्रमणकारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी क्रम में असम सरकार गुवाहाटी में सिल्साको बील (झील) के तट पर कथित अतिक्रमणकारियों से लगभग 400 बीघा भूमि को खाली करने को लेकर 27 फरवरी से अभियान चला रही है। इस बीच एक सात वर्षीय बच्चे की दिल दहला देने वाली अपील सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है।

दरअसल प्रशासन झील के आसपास हुए अतिक्रमण पर बुल्डोजर चला रहा है। बुल्डोजर एक घर को तोड़ने के लिए आगे बढ़ा तो एक लड़का पुलिसवालों से मार्मिक अपील करता है कि बुल्डोजर वालों को कहें कि उसके घर को अभी न तोड़ें उसमें कुछ सामान रखा है वह निकालना है। 19 सेकेंड की इस क्लिप में लड़के को प्लास्टिक की दो टोकरियां ले जाते हुए दिखाया गया है।

स्थानीय चैनलों ने उसी लड़के को रोते हुए और अपने घर के मलबे पर बैठे हुए दिखाया है। आम लोगों से लेकर सामाजिक कार्यकताओं, अधिवक्ताओं, पत्रकारों और विपक्षी सांसदों ने सरकार से इस अभियान को तुरंत रोकने की अपील की है। बहरहाल, मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा इस पर अड़े हुए हैं उन्होंने बुधवार को जोर देकर कहा कि प्रदेश के कई जिलों में चल रहा बेदखली अभियान, जो अपने तीसरे दिन में है, जारी रहेगा और धीरे-धीरे इसका विस्तार किया जाएगा।

असम की सरमा सरकार का बेदखली अभियान, जो स्पष्ट रूप से मुस्लिम समुदाय को लक्षित करता है, राज्य में अनियमित रूप से चल रहा है। दिसंबर 2022 में, असम विधान सभा के शीतकालीन सत्र के दौरान, जो असम के नागांव जिले के बटाद्राबा को खाली कराने के तुरंत बाद आयोजित किया गया था, विपक्ष के विधायकों ने विधानसभा में इस मुद्दे को उठाया था, लेकिन मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने स्पष्ट रूप से बेबाकी से कहा था कि ये बेदखली अभियान असम में सरकारी और वन भूमि को साफ करने के लिए हैं, और जब तक भाजपा राज्य में शासन करती है तब तक जारी रहेगी।

15 फरवरी, 2023 को भारी संख्या में सशस्त्र सुरक्षा कर्मियों के साथ, सोनितपुर जिला प्रशासन ने बेदखली अभियान शुरू किया था। उक्त अभियान ब्रह्मपुत्र नदी के दक्षिणी तट पर स्थित बुरहाचापोरी वन्यजीव अभयारण्य में लगभग 1,892 हेक्टेयर भूमि पर चलाया जाना है।

यह उल्लेख करना उचित है कि बड़ी संख्या में असम पुलिस और सीआरपीएफ के साथ-साथ नागरिक प्रशासन और वन विभाग के कर्मचारी इस अभियान को अंजाम देने में लगे हुए हैं।

फोरम फॉर सोशल हार्मनी के संयोजक, प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता एवं लेखक हरकुमार गोस्वामी ने इस अमानवीय बेदखली अभियान का पुरजोर विरोध किया। उन्होंने कहा कि गरीब किसानों और मजदूरों को सरकारी जमीन से बेदखली के नाम पर निशाना बनाया जा रहा है। बेदखली के ज्यादातर शिकार नदी के कटाव वाले भूमिहीन लोग भी हैं। जमीन और पट्टा देने के बजाय यह सरकार उन्हें एक-एक कर बेदखल करती जा रही है।

उन्होंने आगे कहा, ҅सरकार ने गरीब किसानों को, खासकर मुस्लिम इलाकों से बेदखल कर दिया है, जबकि दूसरी ओर, उन्होंने पिछले दो वर्षों में बाबा रामदेव और अन्य व्यापारियों को लाखों बीघा जमीन दी है।

फिर उन्होंने कहा कि, ҅लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष लोगों को एक साथ आना चाहिए और इन अमानवीय बेदखली और फासीवादी भाजपा सरकार के खिलाफ एक लोकतांत्रिक आंदोलन शुरू करना चाहिए।

इस बीच असम बोर्ड की अंतिम परीक्षा देने की तैयारी कर रहे छात्रों ने असम पुलिस बल और उनके कार्यों पर गंभीर आरोप लगाए। एक छात्र को यह कहते हुए सुना गया कि 'ये लोग पुलिस वाले हैं या डकैत?'

एक छात्रा ने दावा किया, पुरुष पुलिस अधिकारियों ने लड़कियों और अन्य महिलाओं को धक्का दिया और उन्हें अनुचित तरीके से छुआ भी।

एक अन्य छात्रा ने दुख जताते हुए कहा, ҅हमारी परीक्षा नजदीक आ रही है, अब हम कैसे पढ़ेंगे, यह सब चल रहा है? वे हमारे भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने हमारे घरों को नष्ट कर दिया; अब हम कैसे पढ़ सकते हैं?'

ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के नेता रफीकुल इस्लाम ने 19 फरवरी को मीडिया से बात करते हुए कहा, ҅पहले हम गुप्त हत्याओं के बारे में सुनते थे, लेकिन अब हम बेदखली अभियान और मुठभेड़ के नाम पर खुली हत्याएं देख रहे हैं।

इससे पहले, एआईयूडीएफ नेता करीम उद्दीन बरभुइया ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के निर्देश पर अल्पसंख्यकों के खिलाफ मुठभेड़ करने के लिए असम की राज्य सरकार के साथ-साथ राज्य पुलिस की भी आलोचना की।

सरकार आरएसएस के निर्देश के तहत मुसलमानों के खिलाफ बेदखली अभियान चला रही है, मुठभेड़ कर रही है। अगर आपको याद हो तो इस साल एक सवाल उठा था कि चालू साल में कितने एनकाउंटर हुए तो सरकार ने जवाब दिया कि एक भी एनकाउंटर नहीं हुआ. इससे पहले वे टीवी पर फ्लैश करते थे कि कैसे अपराधी पुलिस की गिरफ्त से भागे और कैसे एनकाउंटर हुआ। लेकिन अब, आप एक भी मामले को इस तरह नहीं देखेंगे, करीम उद्दीन बरभुइया ने कहा।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# एक चिट्ठी रंग-धड़ंग

**व्यंग्य**

**जवाहर चौधरी**



विद्रोही कवि 'प्रबल' को दरवाजे पर एक चिट्ठी पड़ी मिली । चिट्ठी क्या थी पन्ना था कॉपी का । लिखा था 'नौ दस ग्यारा बारा ... बारा को कर देंगे मडर तेरा, पुलिस को मत करना खबर वरना बिगाड़ देंगे खेल सारा' । वरना के बाद चाकू का चित्र बना हुआ था । 'प्रबल' ने चिट्ठी को तीन चार बार पढ़ा । बुदबुदाये कैसे मूर्ख हैं ! कम से कम ऊपर नाम तो लिखना था । कैसे पता चलेगा किसका मर्डर करने वाले हैं । वे सोचने लगे चिट्ठी यहाँ डाली है तो और कौन हो सकता है ! लेकिन उनका तो किसी से कोई झगड़ा नहीं है । दो तीन महीने से दूध का बिल नहीं दिया है । लेकिन वो मारेगा नहीं । मालिक मकान का भी बाकी है लेकिन वो आँख दिखने से आगे नहीं बढेगा । मन हुआ कि गंभीरता से लेने की जरुरत नहीं है । कल को कोई चिट्ठी छोड़ जाए कि तुम्हें जनकवि का सम्मान दिया जायेगा तो क्या सच मान लें ! जबकि वे इसके हकदार भी हैं । उनकी कविता समाज में व्याप्त जितनी भी फूहड़तायें हैं उनके खिलाफ आवाज उठाती है । अंधभक्त हों या धर्म के नाम पर दुकान चला रहे बाबा हों या किस्म किस्म नागा हों, उन्होंने खूब लिखा है । अगर वे मनुष्यता के साथ खड़े हैं तो मार डाले जाने योग्य तो नहीं हो जाते । ईमानदारी और जनजागरण का रास्ता बड़ा जोखिम भरा है वे जानते हैं, लेकिन इतना भी नहीं होना चाहिए । चालाकियां कितनी भी सफाई से की जा रही हों कुछ लोगों को समझ में आ ही जाती हैं । जनभावना को कच्चे माल की तरह उपयोग कर लेना आज की राजनीति है । चाँद दिखा कर बदन के कपड़े खींच रहा कोई, लेकिन किसको इतनी समझ ! एक कवि ही है जो चाँद को समझता है और दिखाने वालों को भी । अचानक 'प्रबल' को याद आया कि आज पांच तारीख है । चिट्ठी में बारह तारीख लिखी है । हप्ता भर का समय दिया है । क्या पता उनके लिए ही हो चिट्ठी । आजकल हत्यारों की मौज है, टल्ला लग जाए तो भी मार देते हैं । पुलिस जनता की सेवक है, लेकिन वो शायद अपराधियों को ही जनता मानती है । न जाने क्यों 'प्रबल' को चिट्ठी पर विश्वास होने लगा । और यह भी कि पुलिस कुछ नहीं करेगी । सारा तंत्र 'न्यूनतम जिम्मेदारी अधिकतम अधिकार' की नीति पर चलता है । कवि कोई वी.आइ.पी. तो है नहीं कि उसे सिक्युरिटी मिलेगी । जैसे गली गली में युवा हृदय सम्राट वैसे ही कवि भी । 'प्रबल' को खतरा सामने खड़ा दिखाई देने लगा । वे जानते हैं कि पुलिस, अपराधी और नेताओं का चोली-दामन का साथ है । अलग अलग है लेकिन मिल कर काम करते हैं । मिलीजुली इस शक्ति को ही शासन कहते हैं । चिट्ठी में हप्ता भर दिया है तो जरुरी काम निबटा लेने में ही समझदारी है । 'प्रबल' की निराशा बढ़ी । चिट्ठी जेब में रख कर सोचने लगे तो तमाम गलतियाँ दिखने लगीं । ख्याल आया कि जब लेखक बनना था तो परिवारिक जिम्मेदारी क्यों ली ! बच्चे छोटे हैं, मकान की किश्ते बाकी हैं । वह नहीं रहा तो परिवार को शोकसंदेशों के आलावा कुछ नहीं मिलेगा । काश बीमा ही करवा लिया होता । मूर्खता थी कि सोचते रहे अपन लिखने पढ़ने वाले, अपने को किसी से क्या डर । अब मिल गया मौत का फरमान तो नरक नजर आ रहा है । बावजूद तमाम नाउम्मीदी के 'प्रबल' थाने पहुंचे और चिट्ठी दिखाई । साहब बोले झ अभी तो सात दिन हैं आपके पास । लगता है भला आदमी है वरना फैसला करने में आजकल कोई देर थोड़ी करता है । आप जरुरी काम तो निबटा ही लो । बाकी हम देखते हैं ।

'क्या जरुरी काम निबटाऊँ साहब । देनदारियां हैं, कर्जे चुकाने हैं । ...'

'यही समय है ... और कर्जे ले लो जहाँ से भी मिले । संसार छूटा तो सब छूटा ।'

'तो ... क्या रिपोर्ट नहीं लिखेंगे ?'

'क्यों नहीं लिखेंगे ! लेकिन एक बार सोच लो, मरते आदमी को कोई कुछ नहीं देता है । उल्टा मांगने वाले चढ़ने लगेंगे । हमारा क्या है, बैठो अभी लिख लेते हैं ।'

'प्रबल' बोले - 'ठहरो सोच लेता हूँ । क्या पता चिट्ठी गलती से मेरे घर फैक दी हो किसी ने ।'

'वो गलती क्यों करेंगे ! उनका ये रातदिन का काम है । जैसे आपका काम कविता लिखना है । सारे अपराधी मंजे हुए होते हैं आजकल ।'

'प्रबल' घर लौट आये । सोचने लगे कौन सहायक होगा । नेता और पुलिस से उम्मीद नहीं । उन्हें याद आया कि 'गब्बर के ताप से एकही आदमी बचा सकता है खुद गब्बर' । आएगा सामने, वही बचाएगा । चिंता में दिन कटने लगे । ग्यारह की पूरी रात सो नहीं सके । सुबह सुबह आँख लगी थी कि आवाज से चौंके । लगा किसीने कुछ फैंका बाहर । देखा एक चिट्ठी थी पत्थर से बंधी हुई । 'प्रबल' को लगा आज तो गए । आसपास कोई दिखा नहीं, डरते हुए चिट्ठी खोली । गुलाल से भरी हुई, और लिखा था 'बुरा न मानों होली है' ।

**(लेखक व्यंग्यकार हैं)**

# होली के रंग, दफ्तर के संग

**व्यंग्य**

**ब्रजेश कानूनगो**



हमारे दफ्तर के सबसे वरिष्ठ सदस्य जीवनबाबू वैसे तो लगभग सेवानिवृत्ति के करीब थे लेकिन इस उम्र में भी उनका उत्साह किसी नौजवान से कम नहीं था. कठिन से कठिन और विपरीत परिस्थितियों में भी उनकी सहजता बनी रहती थी बल्कि अपने कार्य कलापों से वे माहौल को बहुत हल्का फुल्का बना दिया करते थे. उनकी उपस्थिति मात्र से महफिल में रोनक आ जाती थी. खूब चुटकुले सुनाते और सबको मुक्त कंठ से ठहाके लगाने को विवश कर दिया करते थे.

खासकर रंगपंचमी के दिन उनका जो रूप देखने को मिलता था वह कभी भुलाया नहीं जा सकता. दरअसल हमारा दफ्तर राष्ट्रीयकृत बैंक की एक शाखा थी जहां धुलेंडी को तो सार्वजनिक अवकाश होता था किन्तु रंग पंचमी को दफ्तर लेनदेन के लिए खुला रहता था. पूरा शहर जब रंगों में डूबा रहता हम बैंककर्मी अपना लटका हुआ चेहरा लिए किसी भंगेड़ी,नशेड़ी, रंगपुते इक्का-दुक्का ग्राहक के इंतजार में दोपहर तीन बजे तक बही-खाता खोलकर बैठे रहते. ऐसे में जीवन बाबू ही हमारा एकमात्र सहारा होते थे जो अपने दिलचस्प किस्सों से हमारा मन बहलाया करते थे.

तीन बजते बजते जीवनबाबू चुपचाप भांग-प्रसादी ग्रहण करके पूरे मूड में आ जाते थे. ग्राहकीय समय खत्म होने पर धीरे-धीरे हम सब पर भी होली का रंग चढने लग जाता. शाखा भवन से बाहर निकलने से पहले ही साथीगण एक दूसरे के कपड़ों पर चुपके चुपके हरी, नीली और लाल स्याही लगाने लग जाते. इस प्रयोजन से इंकपेड और रबर की मोहरों का भी खूब उपयोग होने लगता. जीवनबाबू रंगपंचमी को विशेषरूप से धवलवस्त्र धारण करके आते थे. उनके सफेद झक्क कपड़ों पर रंग बिरंगी स्याही से बैंक की मोहरें ठप्पित कर दी जातीं. जीवनबाबू एक तरफ से 'एकाउंट पेयी' हो जाते तो दूसरी तरफ से 'केश पेड'. पायजामें का पिछला हिस्सा किसी लिफाफे की तरह 'रिसिव्ड' और कुरते का अग्र भाग 'डीलिवर्ड' हो जाता था. दिलचस्प तो यह होता कि इसके पश्चात जीवनबाबू मुस्कुराते हुए स्वयम एक मोहर अपने कपड़ों पर लाल स्याही से लगा लेते वह होती थी 'आल अवर स्टेम्स आर केंसल्ड' याने हमारी सभी मोहरें निरस्त की जाती हैं.

दफ्तर के बाहर निकलकर थोड़ा अबीर गुलाल से होली खेली जाती लेकिन बाद में स्थिति नियंत्रण से बाहर हो ही जाती थी. बैंक भवन के बाहर पानी का एक बड़ा फव्वारा बना हुआ था जिसमें जीवनबाबू के निर्देशन में रंग घोल दिया जाता था. फिर एक दूसरे को उस 'रंग कुंड' में समर्पित करने का सिलसिला शुरू हो जाता. रंगपंचमी के दिन दफ्तर आते समय शहर की बस्तियों और चौराहों पर रखे कढावों में फैंके जाने से बचकर भले आ गए हों मगर दफ्तर के उस रंगकुंड से बचना बहुत मुश्किल हुआ करता था.

एक के बाद एक सबको रंगकुंड में स्वाहा किया जाने लगता तो कुछ लोग स्वयं ही फजीहत से बचने के लिए भीतर छलांग लगा देते. देखते ही देखते उस बड़े फव्वारे के होज में पानी से ज्यादा मुंडियां दिखने लगती, जैसे तालाब में रंगबिरंगे कमल खिले हों. जब काफी मटरगश्ती करने के बाद सब थक जाते तो धीरे धीरे बाहर निकल कर जमीन पर बैठकर सुस्ताने लगते.

जीवनबाबू सबसे आखिर में बाहर आते. एक बार तो काफी देर तक जब बाहर नहीं आये तो सबको चिंता हो गयी. उन्हें खींचकर बाहर निकाला गया तो वे फिर कूद गए. दोबारा निकाला तो फिर कूद गए. उनका चेहरा भी कुछ उतरा हुआ सा लग रहा था. सब चिंता में पड गए कहीं भांग ज्यादा तो नहीं चढ़ गयी उन्हें? लेकिन अगली बार जब वे कुंड से बाहर निकले तो चिपरिचित अंदाज में कहने लगे 'क्यों इकन्नी कर रहे हो यार ! बत्तीसी गिर गयी थी पानी में, उसे ही ढूंढ रहा था.' फिर तो जो ठहाके लगे थे उसे याद कर अभी भी चहरे पर मुस्कराहट तैर जाती है.

उधर भवन के केन्टीन में ठंडाई और पकोड़ी आदि बनती रहती थीं. नाश्ते के इंतजार में तुकबन्दियाँ ,चुटकुले , गीत गजल गायन होता. जीवनबाबू भांग के खुमार में दार्शनिक हो जाते. उनकी कुछ बातें अब तक याद हैं...आज आप भी मजा लीजिये...उन्होंने कहा था...'यार हम इंसानों से तो ये गधे कितने समझदार हैं जो सबका एक ही नाम रखते है,ये 'गधे' इनके पिता 'गधे' और प्रपिता भी 'गधे'..... और 'ये भी बड़ी चिंता है यार कि जब इस संसार से आखिरी व्यक्ति मरेगा तो उसे कंधा कौन देगा..?'

तो जनाब! ऐसी होती थी हमारे दफ्तर की रंगपंचमी.

**( लेखक व्यंग्यकार हैं)**

# श्रद्धा व सामर्थ्य के अनुसार धर्म रक्षा निधि में करें अर्पण : रामकृष्ण दास

जनसंदेश न्यूज



उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते महंत रामकृष्ण दास।

आजमगढ़। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में धर्म रक्षा निधि समर्पण कार्यक्रम का आयोजन नगर के ठंडी सड़क स्थित एक होटल में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री पूर्वी क्षेत्र गजेंद्र उपस्थित रहे। शेरपुर कुटी के पूज्य महंत परम पूज्य रामकृष्ण दास महाराज की गरिमामय उपस्थिति रही कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष प्रभुनाथ सिंह ने की। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए गजेंद्र ने कहा कि अपने स्थापना काल से ही पूज्य संतों के मार्गदर्शन में विश्व हिंदू परिषद हिंदू आस्थाओं एवं हिंदू मान बिंदुओं के स्थापना एवं संपूर्ण विश्व में उसके व्यापक स्वरूप को स्थापित करने की दिशा में सतत प्रयत्नशील है अपने इस कार्य में समग्र हिंदू समाज के हिंदू मान बिंदुओं की स्थापना के लिए विश्व हिंदू परिषद द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सेवा के अनेक कार्य किए जा रहे हैं खास करके वंचित एवं आदिवासी समाज के बीच ईसाई मिशनरियों एवं इस्लामिक संस्थाओं द्वारा बड़े पैमाने पर किए जा रहे धर्मांतरण पर अंकुश लगाने एवं समग्र हिंदू समाज को संगठित करने के लिए सेवा के अनेक कार्य किए जा रहे हैं निराश्रित गोवंश के लिए गौशालाओं की स्थापना सुदूर अंचलों में एकल विद्यालय का संचालन करके हुए इन मिशनरियों के धर्मांतरण के अभियान पर प्रभावी अंकुश लगाने में सफलता प्राप्त हुई है इसके अतिरिक्त विभिन्न कारणों से हिंदू धर्म से बाहर गए हुए लोगों को वापस हिंदू धर्म में लाकर उन्हें दीक्षित करने अन्यान्य अभियानों द्वारा जन जागरण के कार्य में तथा हिंदू समाज को जागरूक करने के लिए ईसाई मिशनरी तथा इस्लामिक प्रचारकों के मुकाबले विश्व हिंदू परिषद के पूर्णकालिक प्रचारको एवं कार्यकर्ताओं के माध्यम से जाति पंथ संप्रदाय और ऊंच-नीच में बटे हुए हिंदू समाज को जागृत कर संगठित करने का कार्य किया जा रहा है इस पुनीत कार्य में आने वाले व्यय के लिए विश्व हिंदू परिषद वर्ष में एक बार समाज से धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान के माध्यम से उनकी आय का एक अंश समर्पित करने का आवाहन करता है इस अवसर पर शेरपुर कुटी के पूज्य महंत परम पूज्य रामकृष्ण दास जी महाराज ने समस्त हिंदू समुदाय से अब अपनी श्रद्धा के अनुसार बड़े मन से अपनी सामर्थ्य के अनुसार धर्म रक्षा निधि अर्पण करने का आवाहन किया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए गणमान्य लोगों एवं कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# अभाविप ने बैठक कर बनायी कार्य योजना

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं की बैठक शहर स्थित बड़ा गणेश मंदिर में संपन्न हुई। बैठक में प्रांत संगठन मंत्री बाबा हरदेव का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। विभाग टोली की बैठक में आगामी माह मार्च और अप्रैल की वृहद योजना बनायी गयी। योजना बनाते समय उसके क्रियान्वयन की पद्धति को भी बनाया गया।



बैठक करते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता।

बैठक के मुख्य विषय में होली मिलन समारोह, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, 14 अप्रैल अंबेडकर जयंती, 23 मार्च बलिदान दिवस, क्षेत्रीय पूर्ण कालिक वर्ग, जिला समीक्षा योजना बैठक, प्रांत समीक्षा योजना बैठक, प्रांत कार्य समिति बैठक की विशेष योजना बनी। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए बाबा हरदेव ने कहा कि जीवन के किसी भी क्षेत्र में कार्य करने की पद्धति को यदि सीखना है तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ना चाहिए। प्रांत उपाध्यक्ष प्रो.प्रशांत राय ने कहा कि संगठन हमारे जीवन में आचरण और संस्कार के साथ-साथ बौद्धिक विकास में सहायक होती है। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री शिवम पाण्डेय, प्रांत छात्रा प्रमुख दीक्षा सिंह, विभाग संयोजक उत्कर्ष, गौरव शर्मा, गोलू सरोज, आकाश वर्मा, अनूप, रोशन, आशुतोष, आदर्श, आशीष, अंकित, रमन, डॉ.अब्दुल अजीज आदि मौजूद रहे।

# मुकम्मल कुरान सुनाने वाले छात्र हुए सम्मानित

सरायमीर (आजमगढ़)। मदरसा इस्लामिया अरबिया बैतुल उलूम के 9 छात्रों ने एक बैठक में मुकम्मल कुरान सुनाया, जिसमें मुहम्मद नाजिर पुत्र हाफिज हसीबुर्रहमान डेमरी ने अपने उस्ताद हाफिज फैजान अहमद की निगरानी में 100 फीसद नम्बर हासिल करके अव्वल पोजीशन हासिल किया। मुफ्ती मुहम्मद अहमदुल्लाह फूलपूरी ने साइकिल और एवार्ड से सम्मानित किया। अब्दुर्रहीम चरव्वां ने भी अपने उस्ताद हाफिज मुहम्मद साकिब की निगरानी में सौ फीसद नम्बर हासिल करके दूसरा इनाम कूलर और अवार्ड हासिल किया। इसके अलावा छात्रों को भी मौलाना जमाल अनवर व मुफ्ती मुहम्मद अजवदुल्लाह फूलपूरी ने पंखा, कूलर और एवार्ड से सम्मानित किया। इसके अलावा अध्यापकों में हाफिज फैजान अहमद, हाफिज अनीस अहमद, हाफिज जुनैद अहमद को भी सौ फीसद हाजरी पर कूलर और डिनर सेट वगैरह दे कर हौसला अफजाई की गयी। मुफ्ती मुहम्मद अहमदुल्लाह फूलपूरी ने कहा कि अध्यापकों की सौ फीसद उपस्थिति से छात्रों की तालीम में इजाफा होता है, और तलबा की मेहनत कभी बेकार नहीं जाती। कार्यक्रम का संचालन मौलाना महबूब आलम कासमी ने की।



छात्रों को सम्मानित करते मुफ्ती मुहम्मद अहमदुल्लाह।

## मानदेय भुगतान न होने से पंचायत सहायकों में आक्रोश

फूलपुर (आजमगढ़)। शासन व उच्चाधिकारियों के निर्देश के बाद भी पंचायत सहायकों का मानदेय उन्हें समय से नहीं मिल पा रहा है जिससे पंचायत सहायको को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। भुगतान न होने से पंचायत सहायकों में आक्रोश है। पंचायत सहायक और समूह की शौचालय पर नियुक्त दीदियों को 6 माह से मानदेय नहीं मिला है। आठ मार्च को होली का पर्व है। निदेशक पंचायती राज उत्तर प्रदेश का पत्र भी प्राप्त हो गया कि होली से पूर्व पँचायत सहायको का मानदेय किसी भी दशा में भुगतान कर दिया जाय। परन्तु अब तक मानदेय भुगतान नहीं किया गया। ऐसे में पंचायत सहायकों की होली फीकी रहने की प्रबल संभावना बनी हुई है। ग्राम पंचायत मीर अहमदपुर तिलक की पंचायत सहायक सुषमा यादव ने बताया कि मेरा जून 2022 से अब तक कुल नौ माह का मानदेय नहीं मिला। इस सम्बंध में सहायक विकास अधिकारी पँचायत फूलपुर चन्द्र प्रकाश दुबे ने बताया कि उच्चाधिकारी के निर्देश की जानकारी लिखित रुप से समस्त ग्राम पंचायत व ग्राम विकास अधिकारियों को दे दिया गया है कि होली से पहले मानदेय भुगतान कर कार्यालय को अवगत कराया जाय।

# विद्युत वसूली में लायी जाए तेजी

**बोले जिलाधिकारी**

कलेक्ट्रेट सभागार में की समीक्षा बैठक

कटिया कनेक्शन वालों के विरुद्ध करें कार्रवाई

जनसंदेश न्यूज



बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज।

आजमगढ़। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विद्युत विभाग की डिवीजन-1, डिवीजन-2 की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम पंचायत, ब्लॉक एवं तहसीलवार घरेलू और व्यावसायिक कनेक्शन को सत्यापित करते हुए राजस्व की वसूली सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों के विद्युत कनेक्शन के डाटा को नगर पालिका से मिलान करा लिया जाय।

जिलाधिकारी ने कहा कि 3 माह से खराब विद्युत मीटर को नियामक आयोग की गाइडलाइन के अनुसार बदल दिया जाय। पिछले साल की तुलना में इस साल बढ़ रहे विद्युत हानि को कम करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ट्यूबवेल में भी विद्युत लॉस कम किया जाय।

उन्होंने डिवीजनवार समीक्षा करते हुए कहा कि बड़े बकायेदारों को नोटिस देकर तत्काल वसूली सुनिश्चित की जाय। विद्युत बिल न जमा करने वालों के कनेक्शन को तत्काल काट दिया जाय।

उन्होंने कहा कि कटिया कनेक्शन वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाए। कैंप लगाकर विद्युत समस्याओं का समाधान एवं वसूली सुनिश्चित किया जाय।

उन्होंने कहा कि किसी का उत्पीड़न न किया जाय। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन अनिल कुमार मिश्र, एडीएम वित्त एवं राजस्व आजाद भगत सिंह, अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड प्रथम अरविन्द सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय रक्त नायक अवार्ड से नवाजे गये डॉ.डीडी सिंह

जनसंदेश न्यूज




अवार्ड देते हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर।

आजमगढ़। रक्तदान महादान है। इस कार्य में लंबे समय से नीमा अपना अहम योगदान दे रही है। आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान नीमा द्वारा मंडलीय चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक पर वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था। इसके लिए डॉ.डीडी सिंह और नीमा आजमगढ़ को राष्ट्रीय रक्त नायक अवार्ड प्राप्त हुआ है। डॉ.डीडी सिंह की अनुपस्थिति में यह अवार्ड उत्तर प्रदेश निफा के स्टेट कोऑर्डिनेटर दिलीप कुमार दुबे ने मुख्यमंत्री हरियाणा मनोहर लाल खट्टर से ग्रहण किया।

डॉ.डीडी सिंह ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान 17 सितंबर 2022 को नीमा आजमगढ़ ने एक वृहद रक्तदान शिविर लगाया था, जिसके लिए करनाल हरियाणा में आयोजित कार्यक्रम में निफा की ओर से मुख्यमंत्री हरियाणा मनोहर लाल खट्टर द्वारा राष्ट्रीय रक्त नायक अवार्ड दिया गया।

संस्था के साथ साथ आजमगढ़ में अभियान के संयोजक के रूप में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ.डीडी सिंह को व्यक्तिगत रूप से भी सम्मानित किया गया। उन्होने कहा कि नीमा के साथ पूरे जनपद के लिए यह गौरव की बात है। इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल करने के लिए नीमा आजमगढ़ के समस्त रक्तदाता, रक्तदात्रियो एवं सम्मानित जनता का एवं संस्था से प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सभी साथियों का आभार व्यक्त करता हूं।

## 31 मार्च तक अभिलेख जमा करें पीआरडी स्वयं सेवक

आजमगढ़। जिला युवा कल्याण एवं प्रा.वि. दल अधिकारी वीरेन्द्र कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि प्रान्तीय रक्षक दल के वैध रूप से प्रारम्भिक प्रशिक्षण प्राप्त किए पीआरडी स्वयं सेवकों का डाटा फीडिंग हेतु अभिलेख उपलब्ध कराये जाने के लिए अंतिम रूप से 31 मार्च तक का समय निर्धारित किया गया है। उक्त निर्देश के क्रम में जनपद के आनलाइन डाटा फीडिंग से छूटे हुए समस्त पीआरडी स्वयं सेवकों को सूचित किया जाता है कि अपने प्रशिक्षण सम्बंधित समस्त अभिलेख, जन्म तिथि प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, विभागीय पहचान पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, बैंक पासबुक आदि 31 मार्च तक अपने विकास खण्ड के क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उक्त तिथि तक यदि किसी पीआरडी स्वयं सेवक द्वारा समस्त वांछित सही अभिलेख उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो उन्हें अब अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा तथा उन्हें प्रान्तीय रक्षक दल से पृथक माना जायेगा।

# गाजे-बाजे के साथ हुई काल भैरव की प्राण प्रतिष्ठा

रानी की सराय (आजमगढ़)। डीहा स्थित बाबा सिद्धनाथ धाम मंदिर में कोतवाल बाबा कालभैरव की प्रतिमा स्थापना के लिए शुक्रवार को गाजे बाजे के साथ प्रतिमा भ्रमण कराया गया। इस दौरान जयघोष से क्षेत्र गुंजायमान रहा।

आस्था के प्रतीक बाबा सिद्धनाथ का मंदिर लंबे समय से बिराजमान है। इसी मंदिर परिसर के एक हिस्से में बाबा काल भैरव के मंदिर का जनसहयोग से नव निर्माण किया गया है। आचार्य पं.देवी प्रसाद के नेतृत्व में तीन दिन से पूजन चल रहा था। शुक्रवार को प्राणप्रतिष्ठा से पूर्व बाबा काल भैरव की प्रतिमा भ्रमण का कार्य शुरू हुआ। इस दौरान गाजे बाजे के साथ आसपास के गावों में प्रतिमा यात्रा गुजरी। प्रतिमा भ्रमण के बाद मंदिर परिसर में पहुंची जहां मौजूद विद्वानों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ प्राणप्रतिष्ठा शुरू की। पं.देवी प्रसाद ने कहा कि काल भैरव को कोतवाल कहा जाता है इनकी प्रतिमा स्थापना से आस्था की बयार बहेगी। प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही शनिवार को भंडारा में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेगें।



कालभैरव की प्रतिमा ले जाते श्रद्धालु।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने लिया नमूना



एक मिठाई की दुकान से नमूना लेते अधिकारी।

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। होली पर्व के दृष्टिगत आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ एवं जिलाधिकारी के आदेशानुसार जनपद के प्रतिष्ठित मिठाई प्रतिष्ठानों से एक पनीर व एक खोया का नमूना हरवंशपुर से लिया गया। हाईडिल चैराहा से एक छेने का रसगुल्ला एवं 01 गुलाब जामुन तथा सिविल लाइन्स से एक गोंद का लड्डू का संग्रह किया गया। मातबरगंज शंकर जी तिराहा से एक खोया का नमूना, इस प्रकार सचल दल खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा कुल 6 नमूनों को संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, दीपक कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा छापेमार दल द्वारा कार्यवाही की गयी। छापेमार कार्यवाही त्यौहार के दृष्टिगत अनवरत रूप से जारी रहेगी एवं आम जनमानस से अपील की गयी कि चमकीली व रंगीन मिठाईयों से परहेज करें। उक्त छापेमार दलों में खाद्य सुरक्षा अधिकारी राकेश कुमार शुक्ला, संजय कुमार सिंह एवं अंकित कुमार सिंह तथा खाद्य सहायक अनिल कुमार शामिल रहे।

# मकान मालिक ने महिला को पीटा

रानी की सराय (आजमगढ़)। स्थानीय थाना क्षेत्र के अनौरा गांव स्थित सोनवारा मार्ग के पास मकान में सामान लेने गयी महिला को मकान मालिक ने मारपीट कर जख्मी कर दिया। महिला ने सूचना थाने पर दी जहां काफी जद्दोजहद के बाद मेडिकल कराने के साथ ही दलित उत्पीड़न के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की जांच सीओ कर रहे हैं। वीरेंद्र कुमार अनौरा स्थित श्रीराम के मकान में किराये पर सपरिवार रहते थे। एक सप्ताह पूर्व मकान खाली कर दूसरे मकान में चले गये। गुरुवार की शाम पत्नी मकान में छूटे हुए सामान को लेने गयी थी। इसी दौरान कहासुनी में मकान मालिक ने महिला के साथ मारपीट की जिससे गंभीर चोटे आई। आभूषण भी छीन लिये महिला ने थाने पहुंच सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे मीडिया कर्मियो ने घटना की सूचना को मुख्यमंत्री समेत आईजी, पुलिस कप्तान को ट्वीट कर दी। हरकत में आई पुलिस ने घायल महिला सुनीता देवी का मेडिकल कराने के साथ ही मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

# अभया महिला सेवा संस्थान ने महिलाओं को किया सम्मानित

जनसंदेश न्यूज



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती महिलाएं।

आजमगढ़। अभया महिला सेवा संस्थान द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व मौके पर सशक्त नारी सम्मान समारोह 2023 का आयोजन हाफिजपुर स्थित एक इंटर कालेज के परिसर में किया गया। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान के लिए अभया महिलाओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची डीएम विशाल भारद्वाज की पत्नी डा.अंगिरा भारद्वाज का आयोजक सचिव अनामिका सिंह पालीवाल, अध्यक्ष आभा सिंह द्वारा बुके, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि डा.अंगिरा भारद्वाज ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं लेकिन अभी भी बहुत सी महिलाएं अपने हक-हकूक की बात करने में पीछे हैं। ऐसी महिलाओं के जीवन स्तर को उठाने के लिए अभया संस्थान द्वारा बहुत से सामाजिक दायित्वों का निर्वहन किया जा रहा है वह सराहनीय है। विशिष्ट अतिथि माधुरी सिंह ने कहा कि आज हर क्षेत्र में महिलाएं चुनौतियां पार कर बुलंदियों को छू रही हैं।

सामाजिक कार्यकत्री हिना देसाई ने कहा कि महिलाओं के जन्म दर में निरतंर कमी आ रही है, लिंगानुपात की इस कमी को ठीक करने के लिए हर महिला-पुरूष दोनों को जागरूक होना पड़ेगा। कार्यक्रम को डा.अंकिता कश्यप, ने भी संबोधित किया। आगंतुकों के प्रति आभार संस्थान सचिव अनामिका सिंह पालीवाल ने किया। इस मौके पर कुसुम मिश्रा, सीमा अग्रवाल बीनू पाठक, प्रतिभा राय, पूनम सिंह, श्वेता सिंह, उषा शर्मा, मधु श्रीवास्तव, संध्या राय वैशाली रस्तोगी, आदि मौजूद थीं।

## संक्षेप

### साथियों ने दी मृत सफाई कर्मी के परिजनों को आर्थिक मदद



रानी की सराय (आजमगढ़)। सफाई कर्मचारी के निधन पर सफाई कर्मचारी संघ ने मृतक के घर पहुंच कर शुक्रवार को आर्थिक सहायता प्रदान की। रानी की सराय ब्लाक में तैनात सफाई कर्मी हीरालाल की वीमारी से मौत हो गयी थी। कर्मी की मौत पर सफाई कर्मचारी संघ ने शुक्रवार को कोटवा स्थित आवास पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत राजनाथ तिवारी के साथ संघ के नंदलाल चैहान, नवीन कुमार चतुवेर्दी, लक्ष्मी शंकर यादव, यशवंत कुमार, विजेंद्र यादव, विमल गोंड़, कार्यालय प्रभारी पंच रतन सिंह, अनिल मौर्या और जितेंद्र कुमार, राम अवध यादव आदि ने मृतक परिवार को सहयोग राशि के रुप में चालीस हजार रुपये प्रदान की। इस दौरान संघ के कर्मचारियों ने कहा कि एक दूसरे की मदद ही सबसे बड़ा कार्य है।

### चोरी के आभूषण के साथ दो गिरफ्तार



आजमगढ़। थाना कोतवाली नगर ने कार्रवाई करते हुए चोरी की घटना का अनावरण किया। चोरी गये आभूषण के साथ 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। गौरव अग्रवाल पुत्र घनश्याम दास अग्रवाल निवासी करतालपुर बाईपास निकट जीडी ग्लोबल स्कूल सरायमन्दराज करतारपुर थाना कोतवाली नगर ने शिकायत किया कि वह अपने घर पर रखा गहना सोना, चादी व रूपया जिसको 18 फरवरी महाशिवरात्रि के दिन पूजा पाठ करने के बाद सुरक्षित आलमारी में रखा था। परन्तु दो मार्च को जब चेक किया तो आलमारी में रखा सोना चांदी व रूपया गायब है। उक्त मामले में पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में थी। शुक्रवार को पुलिस ने उत्कर्ष सिंह पुत्र अवधेश सिंह निवासी सिंहोरा थाना अतरौलिया व राहुल सिंह पुत्र सूर्यप्रकाश सिंह निवासी हरीरामपुर थाना कन्धरापुर को करतालपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### हिस्ट्रीशीटर चढ़ा पुलिस के हत्थे



आजमगढ़। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना कोतवाली जीयनपुर ने थाने के हिस्ट्रीशीटर को अबैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया। शुक्रवार को जीयनपुर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान खतीबपुर जाने वाले मार्ग नहर पुलिया के पास से अभियुक्त फखरे आलम उर्फ फखरू उर्फ लल्ली पुत्र बदरूद्दीन निवासी कुरैशनगर थाना जीयनपुर को एक अदद तमंचा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### अभियुक्त के घर नोटिस चस्पा



अतरौलिया (आजमगढ़)। स्थानीय पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गैंगेस्टर एक्ट में वांछित एक अभियुक्त के घर धारा 82 की नोटिस चस्पा की। अतरौलिया थाने के प्रभारी निरीक्षक प्रमेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में कांस्टेबल मुन्दन द्वारा यूपी गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त खुशरब्बे पुत्र जमालुद्दीन व दिलशाद पुत्र सगीर निवासी सोफीगढ़, थाना अहरौला के घर न्यायालय के आदेश पर धारा 82 सीआरपीसी के आदेश की प्रति चस्पा की गई एवं सार्वजनिक स्थान पर चस्पा व मुनादी कराकर प्रचार प्रसार किया गया। अभियुक्त के घर पुलिस द्वारा बार-बार दबिश देने व न्यायालय द्वारा जारी किए गए एनबीडब्ल्यू के उपरांत भी न्यायालय में हाजिर नहीं हुआ, तत्पश्चात अतरौलिया पुलिस द्वारा 82 की कार्रवाई की गई।

### लेखपाल पर लगाया जमीन कब्जा कराने का आरोप

फरिहा (आजमगढ़)। निजामाबाद तहसील क्षेत्र के फरिहा दक्षिण बस्ती में स्थित मैरिज हाल की जमीन को हल्का लेखपाल द्वारा पैसे के बल पर किसी अन्य को कब्जा दिलाने का क्षेत्रीय लोगों ने निजामाबाद उपजिलाधिकारी कुंदन राज कपूर के समक्ष आरोप लगाया। जिलेदार पुत्र रामनरेश निवासी फरिहा सहित क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि लेखपाल की मिलीभगत से बहुमूल्य जमीन का बंदरबांट किया जा रहा है। एसडीएम निजामाबाद से बात करने पर उन्होंने कहा कि प्रार्थना पत्र मिला है, जांच की जा रही है। दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में पुल्लू पुत्र श्यामनाथ निवासी फरिहा ने जिलाधिकारी व मंडलायुक्त के यहां प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि क्षेत्रीय लेखपाल रामप्यारे यादव नापने की एवज में 2000 से 5000 की मुंह मांगी रकम लेते हैं। रुपया न देने पर पैमाइश गलत ढंग से करते हैं जिससे फरिहां गांव में हमेशा अशांति फैली रहती है। कभी-कभी मारपीट की नौबत भी आ जाती है। यदि क्षेत्रीय लेखपाल रामप्यारे यादव को फरिहा से नही हटाया गया तो कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है। ग्राम वासियों ने ऐसा आरोप प्रार्थना पत्र देकर लगाया था लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई जिससे फरिहा क्षेत्र के ग्राम वासियों में लेखपाल के प्रति काफी आक्रोश है।

### होली के दिन बंद रहेंगी मदिरा की दुकानें

आजमगढ़। जिला मजिस्ट्रेट विशाल भारद्वाज ने जनपद में शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आदेशित किया है कि ह्लहोलीह्व के पर्व पर 8 मार्च (रंग के दिन) दिन बुद्धवार को सायं 5 बजे तक जनपद की समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, स्प्रिट, भांग एवं ताड़ी की थोक एवं फुटकर दुकानें बन्द रखी जाय। इस बन्दी के लिए अनुज्ञापियों को कोई प्रतिफल देय नहीं होगा।

### होलिका में करें कंडे का प्रयोग

रानी की सराय (आजमगढ़)। कृषि महाविद्यालय कोटवा में छात्र छात्राओं से अधिष्ठाता प्रो.धीरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि होली जैसे धार्मिक एवं महत्वपूर्ण पर्व पर जहां लोगों को सभी बुराईयों को भुलाकर एकता एवं प्रेम का संदेश देते हैं वहीं इस पर्व के माध्यम से हम हम लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ों की कटाई रोकने के लिए भी जागरूक कर सकते हैं। इस वर्ष से हम अभियान कंडे की होलिका दहन के माध्यम से मैं अपने कृषि महाविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केन्द्र से जुड़े शिक्षकों, वैज्ञानिकों, छात्रों एवं किसानों से यह आह्वाहन करता हूं कि इस बार होलिका दहन पर लकड़ी न जलाकर गोबर के कंडे जलायें।

### ट्रेन से कटकर अज्ञात की मौत

फूलपुर (आजमगढ़)। स्थानीय खुरासन रोड रेलवे स्टेशन से आजमगढ़ के लिए निकली सरयू यमुना ट्रेन में सवार 55 वर्ष के करीब अज्ञात ब्यक्ति खुरासन रोड़ सरायमीर रेलवे स्टेशन के बीच मनरा गांव के पास रेलवे ट्रैक पर गिर गया और मौके पर मौत हो गयी। मृतक चेकदार लुंगी ओर सफेद शर्ट पहने है। सांवला कलर लम्बाई पांच फिट के करीब है। कोतवाली फूलपुर पुलिस सूचना पर मौके पर पहुंच कर पहचान कराने का प्रयास कर रही है। खबर लिखे जाने तक पहचान नहीं हो सकी थी। शव थाना कोतवाली लाने का प्रयास किया जा रहा था।

### जनसुनवाई में आये 37 प्रार्थना पत्र

आजमगढ़। अपर पुलिस अधीक्षक नगर शैलेंद्र लाल व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राहुल रूसिया द्वारा शुक्रवार को जन सुनवाई की गयी। जनसुनवाई में प्राप्त कुल 37 प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

### एसपी ने किया स्टोर का निरीक्षण

आजमगढ़। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा पुलिस लाइन्स में स्थित स्टोर के सामानों का निरीक्षण, गैस गोदाम का निरीक्षण, पुलिस लाइन्स के आवासीय परिसर में हो रहें पेन्टिंग व मरम्मत के कार्यों का निरीक्षण, पुलिस क्लब में हो रहें निर्माण, मरम्मत का निरीक्षण, आरटीसी बैरक, लाइब्रेरी का निरीक्षण व अन्य स्थानों की साफ-सफाई आदि का निरीक्षण किया गया। उन्होंने सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया।

# मालगाड़ी की चपेट में आने से दो किशोरों की मौत

**दर्दनाक**

**मौत की जानकारी पर परिजनों में मचा कोहराम**

**सीमा विवाद को लेकर आधे घंटे चली पंचायत**

**जनसंदेश न्यूज**



घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीण व पुलिस

**मीरजापुर।** विंध्याचल थाना क्षेत्र रेहड़ा चुंगी पुरानी केबिन के पास नई रेलमार्ग पटरी पर शुक्रवार की सुबह लगभग 11:30 बजे मालगाड़ी की चपेट में आने से दो किशोर की दर्दनाक मौत मौके पर हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी आरपीएफ एवं सिविल पुलिस सीमा विवाद को लेकर आधे घंटे तक पंचायत हुई। विंध्याचल पुलिस ने दोनों मृतक शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। घटना की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आर्यन वर्मा उम्र 8 वर्ष पुत्र राजन वर्मा एवं राज सरोज उम्र 8 वर्ष पुत्र चिल्ली सरोज निवासी विंध्याचल थाना क्षेत्र के छोटकी मझरिया पावर हाउस गांव निवासी है मृतक दोनों सुबह 10 बजे घर से निकले थे। आपस में दोस्त थे। पावर हाउस के पास मैदान में खेल रहे थे। खेलते खेलते अचानक नई रेल पटरी पर जा पहुंचे। अप लाइन की ओर से आ रही मालगाड़ी की चपेट में आने से दोनों किशोर बालकों का दर्दनाक मौके पर ही मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही जीआरपी आरपीएफ सिविल पुलिस मौके पर पहुंची। सीमा विवाद को लेकर आधा घंटा तक पंचायत हुई। अंत में विंध्याचल पुलिस ने जिम्मेदारी लेते हुए दोनों शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। घटना की जानकारी पर दोनों परिवारों में कोहराम मच गया।

# लम्बित विवेचना का एक माह के अंदर करें निस्तारण : डीआईजी

## डीआईजी ने की साइबर सेल के कार्यों की समीक्षा

**मीरजापुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र आर0पी0 सिंह द्वारा परिक्षेत्रीय कार्यालय में मीरजापुर तथा सोनभद्र के साइबर सेल एवं परिक्षेत्रीय साइबर थाने के साइबर सेल के कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि लंबित विवेचनाओं का समयानुकुल यथाशीघ्र निस्तारण किया जाये तथा वर्ष 2020 के पूर्व का कोई भी मुकदमा लम्बित न रहे। एक माह के अन्दर सभी लम्बित विवेचनाओं का निस्तारण करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित करें तथा साइबर सेल प्रभारी को निर्देशित किया गया कि थाने पर पंजीकृत सभी साइबर अपराध के सम्बन्ध में एक रजिस्टर बनाकर जानकारी रखें तथा उनको उचित मार्गदर्शन करते हुए अपना सहयोग प्रदान कर मुकदमों का समय से निस्तारण करायें तथा पीड़ित व्यक्तियों के खाते से फ्रॉड कर गमन किए गये रुपये की पर्याप्त वापसी न करने पर अप्रसन्नता व्यक्त की गई तथा हिदायत दिया गया कि पीड़ित व्यक्ति के खाते से गयी धनराशि को वापस कराया जाये तथा जनपदों के पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि उनके द्वारा स्वयं माह में एक बार, अपर पुलिस अधीक्षक 15 दिनों पर एवं क्षेत्राधिकारी 07 दिन पर विवेचनात्मक समीक्षा करते हुए लम्बित विवेचनाओं का गुण-दोष के आधार पर निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

### तहसील सदर में चार को डीएम सुनेंगी फरियादियों की समस्या

**मीरजापुर।** शासन की मंशानुरूप फरियादियों के समस्याओं को तहसील स्तर पर निस्तारण हेतु जनपद के सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन 04 मार्च को किया जायेगा। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल तहसील सदर में उपस्थित होकर आने हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना जायेगा। इसी क्रम में तहसील में चुनार में मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल तहसील लालगंज तथा अपर पुलिस अधीक्षक प्रकाश सिंह के द्वारा तहसील मड़िहान में आने हुये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण किया जायेगा।

# सीडीओ ने ट्रेनिंग पार्टनर विद्याम के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने का दिया निर्देश

## कागज पर चल रहा था सेंटर, सीडीओ के निरीक्षण से हुआ भंडाफोड़

**मीरजापुर।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस द्वारा कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। विन्ध्यम स्कील एण्ड टेक्नोलाजी सर्विस प्र0लि0 कौशन विकास मिशन अन्तर्गत संचालित उक्त सेन्टर का पूर्वान्ह 10:50 बजे निरीक्षण करने पर मैनेजर द्वारा बताया गया कि उक्त सेन्टर को कुल-216 का लक्ष्य दिया गया जिसके सापेक्ष मात्र 135 बच्चों का ही बैच बनाया गया है, परन्तु मौके पर कोई भी बच्चें या प्रशिक्षक उपस्थित नहीं थें, के सम्बन्ध में पृच्छा करने पर उपस्थित सेन्टर मैनेजर कमलेश चन्द्र मौर्या द्वारा सही उत्तर नहीं दिया जा सका। सेन्टर के प्रत्येक कमरों के निरीक्षण में पाया गया किसी कमरों में क्लास नहीं चल रहा है। पंजीकरण कक्ष के बाहर टहल रहे बच्चों यथा- विकास, कमलेश पाल एवं विकास यादव उनके क्लास के सन्दर्भ में पृच्छा करने पर बताया गया कि वो लोग प्लम्बरिंग कोर्स के छात्र है, जिसका कक्षा-12 बजे से प्रारम्भ होती है, ग्रुप में मैसेज है कि आज किसी अधिकारी द्वारा सेन्टर का निरीक्षण किया जाना है, इसलिए हम लोग जल्दी आये है एव उन छात्रों के पास कोई नोट बुक नहीं पाया गया। सेन्टर पर मात्र एक प्रशिक्षिका पूजा चौहान का कोई भी शैक्षिक प्रमाण पत्र का अभिलेख नहीं था अभिलेखों में पूजा बिन्द की प्रमाण पत्र की प्रति पाया गया। कुछ छात्राऐ-दीपा वर्मा, सौम्या त्यागी, स्नेहा मौर्या जो प्लम्बरिंग कोर्स के लिए यहाँ आयी थी। ऑनलाईन उपस्थिति में 10 छात्राओं के नाम दशार्या गया है परन्तु मात्र तीन छात्रा ही उपस्थिति थी। कौशल विकास के नाम से बिना प्रशिक्षक एवं छात्राओं की उपस्थिति के, मात्र कागजों में केन्द्र चलाने सम्बन्ध में सन्दर्भ में प्रधानाचार्या आई.टी.आई को इस ट्रेनिंग पार्टनर के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिये गये।

# डीएम ने होली व शबे-बारात को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

**बैठक**

**शान्तिप्रिय और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाये त्यौहार : डीएम**

**महिलाओं व बेटियों के साथ छेड़छाड़ करने वालों के विरुद्ध होगी कड़ी कार्रवाई : दिव्या मित्तल**

**जनसंदेश न्यूज**



पंचायत हाल में अधिकारियों को संबोधित करतीं डीएम

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने पुलिस अधीक्षक डॉ राजीव नरायण मिश्र के साथ जिला पंचायत सभागार में आगामी होली त्योहार एवं शबे-बारात को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के दृष्टिगत जिला स्तरीय पीस कमेटी व स्थानीय प्रशासन द्वारा की गयी। तैयारियों की समीक्षा बैठक आहूत की गयी। जिलाधिकारी ने जनपद की शांतिप्रिय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण की परम्परा को बनाये रखते हुए त्योहारों को मनाये जाने के सम्बन्ध में पुलिस विभाग सहित अन्य सम्बन्धित विभागों को उनके कार्यों एवं उत्तरदायित्वों के सापेक्ष अब तक की गयी तैयारियों के बारे में सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों से बिन्दुवार विस्तृत पूंछतांछ करते हुये आवश्कतानुसार दिशा निर्देश भी दिये गये। उन्होंने कहा कि कोई घटना घटित हो इसके दृष्टिगत सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारी मौके पर जाकर सूक्ष्म निरीक्षण एवं भ्रमण अवश्य कर लें तथा स्थानीय स्तर के सम्भ्रांन्त व्यक्तियों के साथ भी स्थिति की समीक्षा कर लें, तांकि किसी भी दशा में असहज स्थिति न उत्पन्न हो। जिलाधिकारी ने त्योहारों के दौरान मदिरा की दुकानों की जांच एवं मिलावटी खाद्य पदार्थों के बिक्री को रोकने के दृष्टिगत जांच करने एवं सक्रिय रहने के निर्देश सम्बन्धित विभागीय अधिकारियो को दिया। उन्होने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा सघन अभियान चलाते हुये अवैध मदिरा बनाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी त्यौहारों में महिलाओं व बेटियों के के साथ कोई छेड़छाड़ न हो इसके लिये सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

उन्होने यदि कही ऐसा संज्ञान में आता है तो कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जायेगी। पुलिस अधीक्षक डॉ राजीव नरायण मिश्र ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को त्योहारों के दौरान जनपद में कानून व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा करते हुये आवश्यकतानुसार निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि खासकर जुलूस निकाले जाने वाले मार्गों पर पुलिस एवं सामान्य प्रशासन के अधिकारीगण मौके पर त्योहारों से पहले स्थली भ्रमण कर स्थितियों का जायजा ले लें तथा स्वयं के स्तर पर समीक्षा कर लें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीकान्त प्रजापति, उप जिलाधिकारी सदर चन्दभानु सिंह, चुनार नवनीत सेहरा, लालगंज भरत लाल सरोज, मड़िहान अश्वनी कुमार सिंह, विशेष भूति अध्याप्ति अधिकारी नीरज पटेल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजेन्द्र प्रसाद, जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय पुलिस अधिकारी व जनपद के प्रबद्धु गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें।

# जिले में स्थापित हुआ देश का पहला बायो हाईड्रोजन प्लांट

**पहल**

**भविष्य का ईंधन होगा लाभकारी, खेत के अपशिष्ट से पैदा होगी एनर्जी**

**ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट का डीएम ने किया शिलान्यास**

**जनसंदेश न्यूज**



प्लांट का पूजन करतीं डीएम

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने चुनार के रामपुर सक्तेशगढ़ में वाराणसी आरण्यक फ्यूल एंड पावर कम्पनी व बीजल ग्रीन एनर्जी के मेगा ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट का शिलान्यास किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जितने भी एम0ओ0यू0 ने हस्ताक्षर किया था यह उसकी प्रथम ग्रांउड मीटिंग सेरेमनी है जो बड़े स्तर पर हो रही हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि मैं सभी शुभकानायें देती हूॅ कि इनका कार्य आगे बढ़ें। उन्होने कहा कि इस कार्य के कई फायदे हैं। उन्होने कहा कि ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में बहुत ही ठोस कदम हैं साथ ही हमारे क्षेत्र में रोजगार की काफी सम्भावनायें हैं, जिससे क्षेत्र का विकास होगा। उन्होने कहा कि इस कार्य हेतु जिला प्रशासन का प्रयास रहेगा कि इस तरह के जितने भी व्यक्ति है वह आगे बढ़ रहे है जिससे देश, प्रदेश और जनपद को आगे लें जायेंगे। उन्होने कहा कि हम सभी पूरी तत्परता के साथ लगे हुये है। जिलाधिकारी ने बीजल ग्रीन एनर्जी के संस्थापक आईआईटी बीएचयू के हाइड्रोजन विज्ञानी डा. प्रीतम सिंह द्वारा ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में पिछले पांच साल से किए जा रहे शोध की सराहना करते हुए कहा कि उनके ही प्रयास से मीरजापुर के रामपुर सक्तेशगढ़ में स्थापित डिमास्ट्रेशन प्लांट अरण्यक फ्यूल द्वारा 50 करोड़ के निवेश के बाद औद्योगिक इकाई का स्वरूप ले लेगा। उन्होने कहा कि इतनी तत्परता के साथ तक लगे रहने के लिये साधुवाद देती हूॅ। इस अवसर पर प्लांट नवीन व हरित ऊर्जा व हाइड्रोजन मिशन में मील का पत्थर साबित होगा। इसमें पूर्व विधायक जगतंबा सिंह पटेल, बीजल के डायरेक्टर महातिम सिंह, अरणयक की डायरेक्टर मनीषा मिश्रा, संतोष आनंद मिश्र, पूर्व ब्लाक प्रमुख चेतनारायण सिंह, शिव कुमार सिंह, नीरज मिश्रा आदि उपस्थित रहें।

### बीडीओ ने चौपाल लगाकर सुनी समस्यायें

**जिगना।** विकासखंड 96 ग्राम पंचायत रामपुर हंसवार एवं कलना गहरवार गांवों में शुक्रवार को गांव की समस्या गांव में समाधान को लेकर ग्राम चौपाल संपन्न हुई। बैठक में रामपुर हंसवार में महिला ग्राम प्रधान संजना देवी पत्नी विद्या सरोज ने चौपाल की अध्यक्षता की। कलना गहरवार में प्रधान शांति देवी ने अध्यक्षता की। ग्राम पंचायत रामपुर हंसवार ग्राम पंचायत में हुए कार्यों से चौपाल में उपस्थित जनता संतुष्ट दिखी। ग्राम चौपाल में उपस्थित लोगों ने कहा कि हर घर नल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने में बदहाल मार्गों पर चलना मुश्किल हो गया है। चौपाल में लोगों ने आवास की मांग उठाई। इस दौरान खंड विकास अधिकारी हरिओम गुप्ता ने कहा कि राज्य वित्त आयोग की धनराशि से हैंडपंपों की मरम्मत कराने का निर्देश दिया। एडीओएस के प्रेमचंद पटेल कृषि दयाराम चौकसे एडीओ एसटी बिंध्यवासिनी पाठक ने पेंशन व किसान सम्मान निधि के मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया। कार्यक्रम का संचालन सचिव राकेश तिवारी ने किया। इस दौरान रामपुर हंसवार के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विद्या सरोज सहित भारी संख्या में पुरुष व महिला उपस्थित रहे।

# शॉर्ट सर्किट से रिहायशी मकान में लगी आग

## गृहस्थी का सामान हुआ जलकर राख

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लायन की धइकार बस्ती में शार्ट सर्किट से गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार साढ़े तीन बजे के करीब लल्लू पुत्र दूधनाथ धइकार के कच्चे मकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई। देखते देखते घर में रखा गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। आग की प्रचंड लपटों के आगे लोग तमाशबीन बनकर खड़े रहे। ग्राम प्रधान धर्म देव मिश्र की सूचना पर बरौंधा चौकी के हेड कांस्टेबल अनिल कुमार सिंह अखिलेश राय और हल्का लेखपाल मनोज कुमार मिश्र मौके पर स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से किसी तरह से आग पर काबू पाए। तब तक घर में रखा खान-पान और गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। गृह स्वामी लल्लू ने बताया कि बीस हजार नगद एक साइकिल और खाद्य सामग्री के अलावा बिस्तर कपड़ा पूरी तरह से राख हो गया। स्थानीय ग्राम प्रधान धर्म देव मिश्र ने बताया कि तहसील मुख्यालय पर फायर ब्रिगेड की व्यवस्था न होने के फलस्वरूप अगलगी की घटनाओं से लोगों को भारी क्षति हो रही है। उन्होंने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए लालगंज तहसील मुख्यालय पर फायर ब्रिगेड की व्यवस्था किए जाने की मांग की है। जिससे अगलगी की घटनाओं पर काबू पाया जा सके।



आग से जला घर

# संक्षेप

### एडीएम वि0/रा0 ने परीक्षा का किया निरीक्षण



**मीरजापुर।** हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा को नकल विहीन शुचितापूर्ण ढंग से कराए जाने के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ला ने भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा को शांतिपूर्ण व नकल विहीन संपन्न कराएं इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अपर जिलाधिकारी ने एस जुबली इंटर एवं जीआईसी में बनाए गए जनपद कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि इण्टर मीडियट प्रथम पाली में कुल 839 एवं द्वितीय पाली 4015 परीक्षार्थी तथा हाईस्कूल में 38990 परीक्षार्थी उपस्थित रहें।

### अधिकारियों ने समस्या निस्तारण का दिया आश्वासन



**जमालपुर।** शुक्रवार को क्षेत्र के भदावल गांव में संयुक्त खंड विकास अधिकारी ओमप्रकाश यादव एवं रसूलपुर गांव में एडीओ कोआपरेटिव कृष्ण मुरारी की देखरेख में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम चौपाल में ग्रामीणों ने आवास, शौचालय, नाली, खड़जा, सड़क, राशनकार्ड, पेंशन इत्यादि की मांग अधिकारियों से की एवं अधिकारियों ने जांच कर सरकारी योजनाओं का लाभ दिये जाने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया। शिवकुमार सिंह ने डीह बाबा के मंदिर जाने के लिए रास्ता बनवाए जाने, माधुरी देवी ने अंत्योदय राशन कार्ड बनवाए जाने, चेता यादव ने बृद्धा पेंशन बनवाए जाने की मांग किया। वहीं रसूलपुर गांव में आयोजित ग्राम चौपाल में ग्रामीणों ने आवास, खड़जा, नाली, चकरोड एवं शौचालय बनवाए जाने की मांग किया।

### रंगभरी एकादशी पर झांकियों के साथ निकाली गई प्रभात फेरी

**हलिया।** ड्रमंडगंज देवहट ग्रामसभा के ड्रमंडगंज बाजार में कई दशकों से एकादशी के अवसर पर गांव के वरिष्ठ एवं आस्थावान नागरिकों द्वारा प्रभात फेरी निकाली जाती रही है उसी को अनवरत जारी रखते हुए गाजे बाजे के साथ रंगभरी एकादशी पर शुक्रवार को तड़के ड्रमंडगंज बाजार में प्रभात फेरी निकाली गई और भव्य तरीके से शिवमंदिर में रंगभरी एकादशी के प्रभातफेरी का सफल समापन हुआ। लगभग साठ वर्ष से ड्रमंडगंज बाजार में वरिष्ठ एवं आस्थावान नागरिकों का समूह एकादशी के अवसर पर प्रभात फेरी निकलता आ रहा है जिसमें गांव के नागरिक सहभागिता करते हैं लेकिन इस वर्ष रंगभरी एकादशी पर भव्य तरीके से बाजार में प्रभात फेरी गाजे बाजे के साथ राधाकृष्ण, शंकर जी और पार्वतीपुरम जी की झांकी निकाल कर के पूरे बाजार में भ्रमण करते हुए प्रसिद्ध शिवमंदिर में रंगभरी एकादशी के प्रभातफेरी का समापन हुआ। शिवभक्त अंजनी सोनी के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाली गई जिसमें गांव के युवा एवं वरिष्ठ नागरिकों ने भागीदारी की गांव के कल्याण दास केशरी, समाजसेवी लवकुश केसरी सहित दर्जनों नागरिकों ने रंगभरी एकादशी पर प्रभातफेरी में भागीदारी की।

### मधुमक्खियों के झुंड ने किया हमला, दर्जनों घायल

**जमालपुर।** स्थानीय थाना परिसर में मकान के विवाद में जुटें ग्रामीणों को मधुमक्खीयों की झुंड ने हमला बोल दिया जिससे अफरातफरी का माहौल व्याप्त हो गया। लोग जान बचाने के लिए इधर उधर भागने लगे। कुछ लोग नहर और सरसों के खेत में छिपकर जान बचाई लेकिन इन मधुमक्खीयों के आक्रामक हमलें से दर्जनों जख्मी हो गए। शुक्रवार को जमालपुर बाजार स्थित एक मकान के विवाद में चल रहे पंचायत को लेकर थाना परिसर में जुटें ग्रामीणों के ऊपर अचानक मधुमक्खियों की झुंड ने हमला कर दिया। लोग जब तक समझ पाते तब तक इन मधुमक्खियों ने जगदीश सिंह, शक्ति सिंह, विकास पाण्डेय, अपरबल सिंह, मुसे, सुरेन्द्र सिंह निवासी जमालपुर सहित दर्जनों लोगों को काट लिया। वही मधुमक्खियों के घातक हमलें से चौकीदार गुलाब निवासी मठना अचेतावस्था में हो गए। जिसे पुलिस कर्मियों ने तत्परता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर ले आए जहां चिकित्सकों द्वारा उपचार के बाद हालत में सुधार आया। समाचार लिखे जाने तक चौकीदार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती रहा। वहीं उड़ रही मधुमक्खीयों के कारण लोग दहशत में हैं। ऐसी ही घटना थाना परिसर में करीब 10 माह पूर्व हुआ था, जिसमें सुशील सिंह निवासी जमालपुर मधुमक्खियों की डंक से जख्मी हो गए थे।

### विंध्य क्षेत्र में अपराधों पर नहीं लग रहा है अंकुश

**मीरजापुर।** विंध्य क्षेत्र में अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ती ही जा रही है पुलिस की नाकामी साफ देखी जा रही है। रात में पुलिस अगर गस्त लगातार करती रहती है तो अपराध कम होते हैं लेकिन पुलिस सिर्फ खानापूर्ति कर रही है जिसके कारण विंध्याचल धाम क्षेत्र में चोरी छिनैती का ग्राफ बढ़ गया। जिसके कारण क्षेत्र में दहशत व्याप्त है। विगत दिनों शादी समारोह लौटते समय बाइक सवारों ने महिला से मोबाइल छीन कर चोर फरार हो गए थे। पुलिस पर दबाव होने पर खुलासा किया गया। रेलवे स्टेशन मार्ग पर विगत दिनों श्रद्धालुओं के साथ मारपीट चुनौती की गई थी। वही एक पुलिसकर्मी पीटने का भी वीडियो वायरल हुआ था, क्षेत्र में आए दिन चोरी छिनैती की घटनाओं में इजाफा हुआ जिसके कारण क्षेत्र में अशांति का माहौल बना हुआ हो।

### अवैध शराब की बिक्री को लेकर जमकर चले लाठी-डंडे

**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत ददरा बाजार में दो दुकानदार आमने-सामने हो ग?ए और जमकर लाठी डंडे चले जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बीती रात ददरा बाजार में दो दुकानदार अवैध शराब बेचने को लेकर आपस में ही विवाद करने लगे और देखते ही देखते दोनों लोगों के परिवार लाठी डंडे से लैस होकर मारपीट करने लगे जिसमें महिलाएं बच्चे भी शामिल रहे। इस दौरान एक नाबालिग बच्चे सहित दो लोग घायल हो गये। आस पास के लोगों की सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने घायलों का इलाज कराया और गुलाब हरिजन को पूछताछ के अपने साथ ले गए। स्थानीय लोगों ने अवैध शराब की बिक्री को लेकर पुलिस प्रशासन की नाकामी और संलिप्तता पर आक्रोश जताया है और नशे के कारोबार पर प्रतिबंध लगाने की पुलिस अधीक्षक से मांग किया है।

### भंडारे में हजारों भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

**हलिया।** क्षेत्र के बैधा गांव में भाजापा के राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सदस्य अरुण सिंह के आवास पर आयोजित संगीतमयी सातदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के गुरुवार को समापन होने के बाद शुक्रवार को हवन पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में ग्रामीणों के अलावा प्रशासनिक अधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में प्रयागराज उच्च न्यायालय के न्यायाधीश विवेक सिंह, डीएम दिव्या मित्तल, नरेश सिंह, विनोद सिंह, एमएलसी विनीत सिंह, मड़िहान विधायक रमाशंकर पटेल, एसडीएम भरतलाल सरोज, सीओ दीक्षांत राज, सुधीर सिंह, धनंजय पांडेय, पंकज सिंह चंदेल आदि मौजूद रहे।

# गांव में चौपाल का किया गया आयोजन

**लालगंज।** स्थानीय विकास खंड क्षेत्र के लहंगपुर में ग्राम चौपाल का आयोजन खंड विकास अधिकारी संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में संपन्न हुई। चौपाल में खंड विकास अधिकारी ने ग्रामीणों की समस्या से अवगत हुए और समस्या के निदान के लिए सचिव को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ग्रामीणों ने शिकायत करते हुए कहा कि पेयजल की समस्या है, जिस पर समस्या के निस्तारण के लिए पानी की टंकी लगवाने का सचिव को निर्देश दिया गया। ब्लाक प्रमुख जयंत कुमार ने ग्रामीणों की समस्या से अवगत होते हुए उसके निस्तारण के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। ग्रामीणों द्वारा शिकायत की गई की गर्मी के शुरूआत में ही पानी का जलस्तर नीचे चले जाने से हैंडपंप पानी देना छोड़ दिए हैं जिससे पीने के लिए पानी की समस्या हो गई है। वहीं पर मौजूद ग्रामीण रामकिशुन ने शिकायत करते हुए कहा कि प्राथमिक विद्यालय नयागांव में बाउंड्री वॉल नहीं है न तो स्कूली बच्चों के पानी पीने की व्यवस्था है इस पर खंड विकास अधिकारी संजय श्रीवास्तव ने सम्बंधित सचिव को निर्देश देते हुए कहा कि बगल के हैंडपंप पर पानी की टंकी लगाई जाय या तो रिबोर करवाया जाय जिससे स्कूली बच्चों को पानी पीने की समस्या न हो। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को बृश्तित रूप से जानकारी दिया। वहीं पर ग्रामीणों ने राशन कार्ड में नाम बढ़वाने की मांग की। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार यादव, सप्लाई विभाग, विद्युत विभाग के सर्वेश दुबे, जगदम्बा पटेल, चंद्र भूषण पाल के अलावा भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहें।

### पुलिस पर लगा अवैध वसूली का आरोप, थानाध्यक्ष कर रहे जांच

**राजगढ़।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत ब्लाक मुख्यालय पर पुलिसकर्मियों के द्वारा आए दिन की जा रही वसूली लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। ताजा घटनाक्रम के अनुसार पीआरबी 112 में ड्राइवर पद पर तैनात पुलिस कांस्टेबल ने एक पीकप से जबरन वसूली करने का मामला प्रकाश में आया है। इस घटना के बाद वाहन चालक ने आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है, जिसकी जांच थानाध्यक्ष राजगढ़ द्वारा किया जा रहा है।

# बस्ती के नजदीक बनाए गए सुअर बाड़े पर ग्रामीणों ने किया विरोध

**नाराजगी**

**सुअर बाड़े से आ रही दुर्गन्ध के कारण ग्रामीणों को हो रही परेशानी**

**नियमों को ताक पर रखकर अवैध रूप से किया गया है सुअर पालन का कारोबार**

**जनसंदेश न्यूज**



बस्ती में बनाया गया सुअर पालन केंद्र

> गांव के नजदीक सुअर पालन करने से हमेशा संचारी रोग फैलने का खतरा बना रहेगा। साथ ही पशु पक्षियों से होने वाले रोग लोगों को प्रभावित कर सकते हैं। ऐसे में गांव व बस्ती के पास ऐसे व्यवसाय नियम विरुद्ध हैं। इसके बावजूद तहसील दिवस पर शिकायत की गई है। जिसकी जांच करने पर बस्ती के लोगों ने सुअर बाड़े का विरोध किया है। रिपोर्ट बनाकर उप जिलाधिकारी को दी जाएगी।
>
> **डाक्टर मुदस्सर अली, पशु चिकित्साधिकारी**

> जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के आदेशानुसार तहसीलदार फूलचंद यादव, पशु-चिकित्साधिकारी डा मुदस्सर अली, तथा चिकित्सा प्रभारी राजगढ़ पवन कश्यप के रूप में तीन सदस्यीय जांच टीम गठित किया गया है। जिसकी रिपोर्ट तीन दिवस के अन्दर देने की बात कही गई है लेकिन अभी तक जांच टीम ने रिपोर्ट तैयार नहीं किया है जिसके संबंध में जानकारी लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> **अश्विनी सिंह, उपजिलाधिकारी मड़िहान**

**राजगढ़।** स्थानीय विकास खंड क्षेत्र के भीटी गांव में सुवर बाड़ा खोले जाने का ग्रामीणों ने विरोध जताया है। बस्ती के नजदीक बनाए गए सुवर बाड़े से बदबूदार हवा का झोंका ग्रामीणों तक पहुंच रहा है जिससे उनका जीना मोहाल हो रहा है।

वहीं नियम कानून को ताक पर रखकर गांव के बस्ती से महज कुछ ही दूरी पर सुअर पालन का व्यवसाय किया गया है जिसमें उनके रहने खाने इत्यादि की व्यवस्था की गई है जहां से उनके मल मूत्र का दुर्गन्ध हवा को प्रदूषित करते हुए आस पास निवास कर रहे ग्रामीणों तक पहुंच रहा है और शुद्ध वातावरण को प्रभावित कर रहा है। बाहरी लोगों ने जमीन खरीदकर उद्योग लगाने तथा गांव के लोगों को रोजगार देने का झांसा देकर बिल्डिंग का निर्माण कराया गया जिसके बाद सुअर पालन का व्यवसाय संचालित किया जाने लगा। धीरे धीरे जब इस बात की जानकारी ग्रामीणों को हुई तो लोगों में आक्रोश फैलने लगा जिसके संबंध में स्थानीय पुलिस व तहसील प्रशासन को शिकायत दर्ज कराई गई है लेकिन अभी तक जांच पड़ताल के नाम पर मामले को ठंढे बस्ते में डाल दिया गया है जिससे गांव के लोगों में आक्रोश फैल रहा है।

# हर दिल हर दिन ध्यान से ही समष्टि में परिवर्तन सम्भव

**मीरजापुर।** पिपराडाढ़ अवस्थित श्रीरामचन्द्र मिशन आश्रम में भारतीय संस्कृति मंत्रालय आजादी का अमृत महोत्सव के तहत, श्री रामचंद्र मिशन और हार्टफुलनेस संस्थान के साथ मिलकर 'हर दिल ध्यान, हर दिन ध्यान' के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय ध्यान शिविर के प्रथम दिन राजकीय मेडिकल कालेज के कुल 50 छात्र छात्राओं तथा शिक्षकों को रिलैक्सेशन एवम मैडिटेशन का अभ्यास कराया गया। जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों के आत्मिक शांति, समानुभूति, समग्र कल्याण और उनके मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने के उद्देश्य से कार्यरत इस संस्थान में हृदयानुभूति आधारित ध्यान के अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में डा० कुलदीप पांडेय ने हार्टफुलनेस साधना पद्धति के त्रयी अभ्यास प्रक्रिया ध्यान सफाई व प्रार्थना महत्व पर अपना विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर डा० सुरेश कुमार त्रिपाठी, डा० सरिता त्रिपाठी, डा० राम महरोत्रा उपस्थित रहे। ध्यान शिविर कार्यक्रम का संचालन आश्रम प्रभारी प्रोफेसर जी० एस० द्विवेदी ने किया तथा डा० राम महरोत्रा ने उपस्थित सभी अभ्यासी भाई बहनों का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।



कार्यक्रम में शामिल लोग

# सी परियोजना की दूसरी इकाई से जल्द होगी उत्पादन

**बढ़ेगी क्षमता**

**660-660 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयों का दूशान पावर द्वारा कराया जा रहा निर्माण**

**जनसंदेश न्यूज**



जनरेटर स्टेटर मशीन के साथ परियोजना के अधिकारी

**ओबरा।** स्थानीय तापीय परियोजना के अंतर्गत निमार्णाधीन सी परियोजना की दूसरी इकाई को जल्द चालू करने की कवायद परियोजना अधिकारियों द्वारा तेज कर दी गई है। इकाई चालू करने को लेकर मुख्य महाप्रबंधक इं दीपक कुमार के नेतृत्व में अधिकारी अपनी पूरी क्षमता से लग गए हैं।

निर्माणाधीन सी परियोजना के अंतर्गत 660-660 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयों का मेसर्स दूशान पावर द्वारा निर्माण कराया जा रहा है। वही पहली इकाई का कार्य पूरा हो जाने के पश्चात दूसरी इकाई के महत्वपूर्ण मशीन 360 टन वजन के जनरेटर स्टेटर मशीन को शुक्रवार को स्ट्रैंड जैक सिस्टम द्वारा टरबाइन फ्लोर पर सुरक्षित तरीके से रखने का कार्य प्रारंभ करा दिया गया है।परियोजना अधिकारियों के अनुसार उक्त मशीन को गुजरात से मंगाया गया है जो इकाई में लगने के पश्चात सबसे पहले बिजली जनरेट करने का कार्य करेगा।उक्त जनरेटर स्टेटर मशीन को ओबरा सी थर्मल पावर में कार्यरत अभियंताओं एवं मेसर्स जी ई पावर के कठिन प्रयास से सफलता पूर्वक निर्धारित स्थान तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही परियोजना अधिकारियों ने बताया कि सी परियोजना की पहली 660 मेगावाट क्षमता की इकाई जल्द ही उत्पादन रत होने वाली है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि दूसरी 660 मेगावाट क्षमता की इकाई को भी कम से कम समय में उत्पादनरत करने का प्रयास किया जा रहा है।इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता इं राजेश्वर प्रसाद, अधिशासी अभियंता इं सुधांशु यादव, इं अवधेश कुमार सिंह, इं रिंकेश कुमार, सहायक अभियंता इं मनीष मिश्रा, इं सौरभ पांडेय, इं अश्वनी गुप्ता, मेसर्स दूशान पावर के सेचांगो ओ, मैसर्स जी ई पावर के देवाशीष पटनायक, शशि कांत पटेल, अंकित कुमार, सूर्या, एजाज आदि लोग मौजूद रहे।

## तहरीर देने के बाद भी नहीं दर्ज हुआ मुकदमा

**डाला।** स्थानीय चौकी क्षेत्र के इंडियन बैंक के समीप चार दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल बृद्धा मामले में अभी तक पुलिस मुकदमा पंजीकृत नही कर सकी। पीड़ित द्वारा चोपन व डाला पुलिस को तहरीर देकर पकड़े गए वाहन के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करने की गुहार लगायी। पीड़ित जावेद खान पुत्र जुनैद अहमद निवासी डाला बाजार ने चोपन थाने में तहरीर देकर बताया कि 83 वर्षीय शांति देवी पत्नी सत्यपाल शर्मा जो मेरे परिवार में एक साथ सदस्य की तरह रह रही है, जिसको बीते 28 फरवरी की सायं चोपन की तरफ से तेज रफ्तार से आ रही एक वैगनार कार ने धक्का मार दिया। घायल महिला का एक निजी अस्पताल में उपचार कराया जा रहा है। दुर्घटना में शामिल वाहन व वाहन चालक के विरुद्ध तहरीर देने के दो दिन बाद भी अब तक डाला व चोपन पुलिस द्वारा कोई मुकदमा पंजीकृत नहीं किया जा सका। इस सन्दर्भ में चौकी प्रभारी अरविंद गुप्ता ने बताया कि चोपन थाने में तहरीर मिल गई, मुकदमा लिख दिया जाएगा।

# देश में ओबरा परियोजना को मिला तृतीय स्थान




केंद्रीय ऊर्जा मंत्री से पुरस्कार लेते सीजीएम इं दीपक कुमार

**ओबरा।** ऊर्जा दक्षता ब्यूरो विद्युत मंत्रालय भारत सरकार के अधीन एक वैधानिक निकाय द्वारा नई दिल्ली में स्थापना दिवस व पैट योजना दशक बुधवार को मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर के सिंह ऊर्जा मंत्री भारत सरकार ने किया। इस आयोजन के तहत उद्योगों के उत्कृष्ट योगदान और उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए सत्र आयोजित किया गया। आयोजक मंडल के सदस्यों ने बताया कि ओबरा विद्युत तापीय परियोजना द्वारा अपने समर्पण और कड़ी मेहनत से उद्योग को आकार देने में मदद करने के साथ दूसरों के अनुसरण के लिए एक मानदंड स्थापित किया है।

इसके परिणामस्वरूप ओबरा परियोजना द्वारा संपूर्ण देश में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। ओबरा परियोजना ने बी पैट साईकल सेकंड के अवधि में कुल 89196 इनर्जी इफिसिएन्सी सर्टिफिकेट (ई-स्कट्र्स) अर्जित किया है। जिसके लिए ओबरा परियोजना को भारत वर्ष में तृतीय पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है।

इस दौरान आयोजित समारोह में ओबरा परियोजना की ओर से पुरस्कार प्राप्त करने हेतु इं दीपक कुमार मुख्य महाप्रबन्धक ओबरा को केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह ने पुरस्कार ग्रहण कराया गया।उक्त कार्यक्रम में भारत सरकार और राज्यों के प्रमुख मंत्रालयों, विभागों, उद्योगों, निमार्ता संघों, शिक्षाविदों, अनुसंधान निकायों और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक इं कुमार ने कहा कि उप्र राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के साथ साथ ओबरा तापीय विद्युत परियोजना के लिए यह अत्यंत गर्व का क्षण है। इस उपलब्धि के लिए परियोजना के सभी कार्मिक धन्यवाद के पात्र हैं।

## संक्षेप

### जिलास्तरीय टीएलएम प्रतियोगिता में दुद्धी को मिला द्वितीय स्थान



पुरस्कार के साथ अधिकारी

**दुद्धी।** टी एल एम प्रतियोगिता में दुद्धी को दूसरा स्थान मिलने से ब्लॉक के शिक्षकों में काफी हर्ष व्याप्त है। बता दें कि राबर्ट्सगंज डायट परिसर में जिला स्तरीय टीएलएम प्रदर्शनी आयोजित हुई। इसमें जिले भर के सभी ब्लॉकों से चुनिंदा प्रतिभागियों ने अपने टीएलएम के माध्यम से शून्य निवेश में आकर्षक नवाचार के उदाहरण प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में म्योरपुर को प्रथम व दुद्धी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। दुद्धी से मंजरी अग्रवाल की गणित बुक,अरुण राय का संख्या चार्ट, भूकंप सूचक यंत्र, जोड़ घटाव तराजू, रामरक्षा का विटामिन चार्ट आदि आकर्षण का केंद्र रहा। जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों ने विजेता दल को प्रोत्साहित किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी दुद्धी महेन्द्र मौर्या ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। एआरपी श्रवण कुमार, संतोष सिंह, मनोज जायसवाल, अखिलेश कुमार, शैलेश मोहन, अविनाश गुप्ता आदि ने कहा कि यह दुद्धी के लिए गर्व का विषय है।

### साप्ताहिक बाजार से बाइक चोरी

**डाला।** चोपन थाना क्षेत्र के गुरमुरा में गुरुवार की रात्रि बाजार से एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई। इसकी सूचना भुक्तभोगी ने चोपन थाने में तहरीर देकर दी। भुक्तभोगी ओमप्रकाश पुत्र रामलाल निवासी बेलहत्थी ने बताया कि गुरमुरा में लगने वाले साप्ताहिक बाजार के बाहर बाइक खड़ी करके सब्जी खरीदने गया, सब्जी खरीद कर जब वापस लौटा तो बाइक गायब मिली। इसकी सूचना पीआरबी पुलिस को दी गयी। जांच पड़ताल के बाद पीआरबी चोपन थाने में तहरीर देने की बात कहकर वापस चली गयी। इस सन्दर्भ में चोपन थाना प्रभारी लक्ष्मण पर्वत ने बताया कि मोटरसाइकिल चोरी होने की सूचना नही मिली है, न ही थाने पर कोई तहरीर अभी तक आई है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### शिक्षकों के विवाद मामले में जांच करने पहुंचे खंड शिक्षाधिकारी

**बीजपुर।** कम्पोजिट विद्यालय में गुरुवार को दो शिक्षकों के आपसी विवाद के मामले में शुक्रवार को जांच करने पहुंचे खण्ड शिक्षाधिकारी बेदमणि पांडेय ने बताया कि जो भी हुआ वह शर्मनाक है। फिलहाल इन दोनों शिक्षकों को यहां से हटाकर न्याय पंचायत के दूसरे विद्यालय पर अध्यापन के लिए कर दिया गया है और दूसरी टाइम दोनों शिक्षकों को बीआरसी देवरी में स्पष्टीकरण देने के लिए बुलाया गया है। प्रधानाध्यापिका, अध्यापक से पूछताछ कर रिपोर्ट जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को सौपी जायेगी। विद्यालय में लकड़ी से चूल्हे पर बन रहे भोजन के बारे में बताया कि रसोइयां डर से गैस पर खाना नहीं बना रही है। गैस उपलब्ध है। कक्षा 9 से 12 तक चल रहे अवैध विद्यालय के बारे में उन्होंने बताया कि यह हमारे अधिकार क्षेत्र से बाहर है। उच्चाधिकारियों को इसकी जानकारी देकर अग्रिम कार्यवाई के लिए बात करूंगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि कार्रवाई के बाद विद्यालय की व्यवस्था निश्चित रूप से सुधर जाएगी।

### कोयला चोरी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**शक्तिनगर।** एसपी द्वारा कोयला/डीजल चोरी करने वाले गिरोह के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी पिपरी के निर्देशन में पुलिस ने शुक्रवार को कोयला चोरी मामले में माफिया गैंग के सक्रिय सदस्य अवधेश शाह पुत्र लालचंद शाह निवासी- नवजीवन विहार वार्ड नम्बर 3, थाना विन्ध्यनगर, सिंगरौली को दुद्धीचुआं चौराहे के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी।

### 105 विवाहिताओं को दिया गया प्रमाण पत्र व उपहार

दुद्धी। स्थानीय ब्लॉक सभागार में सीएम विवाह में शामिल 105 विवाहिताओं को मुख्यमंत्री विवाह प्रमाण पत्र एडीओ कॉपरेटिव मनोज कुमार के हाथों बांटा गया। इसके साथ पायल बिछिया भी बांटा गया। एडीओ कॉपरेटिव ने बताया कि सभी विवाहिताओं के परिजनों के खाते में 35 हजार की धनराशि भी भेजी जायेगी।

## विराट रूद्र महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने सुनी रामकथा

**सोनभद्र।** उमामहेश्वर गुप्तकाशी शिवद्वार धाम मंदिर परिसर में नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ एवं रामकथा के आठवें दिन शुक्रवार को समूचा यज्ञ पंडाल वेद मंत्रों व हर हर महादेव के जयकारे से गुंजायमान रहा। वहीं श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर यज्ञ पांडाल में बैठकर रामकथा का रसपान किया। अंतिम दिन 4 मार्च शनिवार को गरीब कन्याओं की शादी होगी। कार्यक्रम के आयोजक/ संयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर ने बताया कि उमा महेश्वर गुप्तकाशी शिवद्वार धाम मंदिर परिसर में नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ आचार्य राधाकृष्ण तिवारी, आचार्य राजेश त्रिपाठी, आचार्य व्यास रामजी शास्त्री समेत आठ आचार्यो द्वारा संपन्न कराया जा रहा है। आरती के बाद आठवें दिन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य यजमान अजय कुमार, रामपति साहू, राजनारायण पाल, रेवती तिवारी, सुरेश गिरी, उदय प्रताप सिंह,रामखेलावन समेत तमाम लोगों ने रूद्र महायज्ञ, रामकथा व आरती पूजन में शामिल रहे। उन्होंने अधिक संख्या में लोगों को गरीब कन्याओं की शादी में

# डीएम ने किया सदर तहसील का निरीक्षण, जांची पत्रावलियां

**निरीक्षण**

**जारी की गई आरसी का रजिस्टर से कराया मिलान, अधिवक्ताओं की सुनी समस्या**

**जनसंदेश न्यूज**

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने शुक्रवार को सदर तहसील का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बारी-बारी से विभिन्न अनुभागों व कक्षों का निरीक्षण कर परिसर में साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया और साफ-सफाई बेहतर तरीके से बनाए रखने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। डीएम ने आरसी व खतौनी रजिस्टर को मंगवाकर देखा और इसके बाद कुछ लोगों को जारी की गयी आरसी से रजिस्टर से मिलान किया गया।

इसी प्रकार से कई लोगों के खतौनी का भी मिलान किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि परिसर में खराब पड़े सामानों को ठीक करा कर उपयोग में लाया जाए, जो समान काफी खराब हो गए हैं उसको हटाते हुए परिसर को साफ सुथरा रखा जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने अधिवक्ताओं के बैठने के लिए तहसील के सामने आवश्यक व्यवस्था करने हेतु एसडीएम को निर्देशित किया। डीएम ने मृत्यु प्रमाण पत्र की स्थिति, शिकायत निस्तारण रजिस्टर, मत्स्य आवंटन पत्रावली को मंगवाकर देखा और संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अधिवक्ताओं की समस्याओं को सुना और समस्या के निस्तारण के लिए उपजिलाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस मौके पर एसडीएम सदर रमेश कुमार, तहसीलदार सुनील कुमार, रामलाल यादव, राम आधार सहित अन्य संबंधितगण उपस्थित रहे।



सदर तहसील में पत्रावलियों की जांच करते डीएम

### एडीएम ने दुद्धी तहसील का किया निरीक्षण

**दुद्धी।** एडीएम नमामि गंगे आशुतोष कुमार दुबे ने शुक्रवार को दुद्धी तहसील का वार्षिक मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने फौजदारी कार्यालय, रजिस्ट्रार कार्यालय, अभिलेखागार खतौनी कार्यालय के साथ नायब तहसीलदार कार्यालय, तहसीलदार कार्यालय, उपजिलाधिकारी न्यायालय व उपजिलाधिकारी चेंबर के साथ समूचे तहसील परिसर का मुआयना किया। उन्होंने विभिन्न कार्यालयों में धूल व गंदगी देखकर सम्बंधितों को फटकार लगाई और नियमित साफ सफाई करवाने के निर्देश दिए। सर्वप्रथम फौजदारी कार्यालय पहुंचे एडीएम ने पत्रावलियों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद रजिस्ट्रार कार्यालय पहुँचे, जहाँ आर 6 रजिस्टर का अवलोकन किया। इस मौके पर एसडीएम श्याम प्रताप सिंह, तहसीलदार ब्रजेश कुमार वर्मा, नायब तहसीलदार विशाल पासवान समेत तमाम राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

# वज्रपात से बचाव को किया गया जागरूक

**जनसंदेश न्यूज**



वज्रपात से बचाव को जागरूक करती टीम

**चोपन।** राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और टाइम्स सेंटर फॉर लर्निंग लिमिटेड के तकनीकी सहयोग से पायलट प्रोजेक्ट के तहत बज्रपात सुरक्षा जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत सिंदुरिया पंचायत भवन में शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम में आपदा ट्रेनर सुभम मिश्रा ने प्रैक्टली रूप से बताया कि किस तरह से बज्रपात से प्रभावित लोगों को बचाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि बज्रपात के समय पक्की छत के नीचे न जाएं।

खिड़की के कांच, टिन की छत, गीले समान और लोहे के हैंडलों से दूर रहें, पानी में न रहें। खुली जगह पर हों तो कान पर हाथ रखकर एड़ियों को आपस में मिलाकर बैठ जाएं। सफर के दौरान शीशे बंद कर बैठें। बज्रपात के समय पेड़ के नीचे कभी भी न रहें, इलेक्ट्रिक उपकरणों से दूर रहें, दीवार के सहारे न खड़े हों, बिजली के खंभे के पास न रहें। उन्होंने यह भी बताया कि आंधी बिजली की स्थिति में बाहर खुले में कोई सुरक्षित नहीं रहता। टेलीफोन व पानी की लाइन में विद्युत प्रवाह हो सकता है। बज्रपात के कारण घायल व्यक्ति को छूने से कोई खतरा नहीं होता और इससे झटका भी नहीं लगता। इस मौके पर रामनगीना, प्रतिभा द्विवेदी, राम नारायण पाण्डेय, विजय शंकर पाण्डेय, रामसूरत पटेल, राजेन्द्र, विमलेश गिरी, रत्नेश, रविन्द्र पटेल, हीरालाल, मंजू, सोनू, राजू उपस्थित रहे।

# अल्ट्राटेक का जुलगुल लाइमस्टोन माइन्स फाइव स्टार रेटिंग से सम्मानित

**अवसर**

**खान मंत्रालय नागपुर में आयोजित समारोह में किया गया सम्मानित**

**जनसंदेश न्यूज**




खान मंत्री से स्मृति चिन्ह लेते अल्ट्राटेक डाला यूनिट हेड राहुल सहगल व माइंस हेड विवेक खोसला को प्रशस्ति पत्र देते खान सचिव संजय लोहिया

**डाला।** खान मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान से नागपुर में आयोजित 75वीं वर्षगांठ और स्टार रेटिंग पुरस्कार समारोह में अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड यूनिट डाला के जुलगुल लाइमस्टोन माइन्स को फाइव स्टार रेटिंग से सम्मानित किया गया। सम्मान केंद्रीय खान मंत्री प्रह्लाद जोशी द्वारा यूनिट हेड राहुल सहगल व माइंस हेड विवेक खोसला ने पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया।

पूरे देश में कुछ ही खदानों को फाइव स्टार रेटिंग की श्रेणी में रखा गया, जिसमें अल्ट्राटेक कि डाला यूनिट कि जुलगुल लाइमस्टोन माइन्स ने अपनी जगह बनाई। कार्यक्रम में खान सचिव संजय लोहिया एवं भारतीय खान ब्यूरो, नागपुर के उच्चाधिकारी की मौजूदगी में उत्तर प्रदेश के मुख्य खनिज खदानों में से एकमात्र जुलगुल लाइमस्टोन माइन्स को फाइव स्टार रेटिंग से सम्मानित किया गया। यूनिट हेड राहुल सहगल ने बताया कि जुलगुल लाइमस्टोन माइन्स में नवीनतम तकनीक के उपयोग से वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ खनन कार्य किया जा रहा है। इसमें मियावाकी तकनीक से पौधरोपण, पानी का संग्रहण डिजिटल माध्यम से माइंस का संचालन, कारपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी एवं सतत विकास इत्यादि सम्मिलित हैं। कार्य करने के तरीको ने हमे सम्मान दिलाया है। सम्मान मिलते ही अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी व आसपास के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया।

# मृत महिला के परिजनों के साथ सौदेबाजी का वीडियो वायरल

**मचा हड़कंप**

**मणी मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में दो दिन पूर्व हुई थी महिला की मौत**

**जनसंदेश न्यूज**

**सोनभद्र।** लोढ़ी स्थित पूर्व सांसद नरेंद्र कुशवाहा के मकान में चल रहे मणी मल्टी स्पेशियलिटी हास्पिटल में इलाज के दौरान दो दिन पूर्व हुई महिला की मौत के बाद परिजनों से सौदाबाजी करने का एक वीडियो शुक्रवार को वायरल हुआ। हालांकि जनसंदेश टाइम्स इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वीडियो में साफ तौर पर देखा जा रहा है एक मृतक महिला के दामाद को 60 से 80 हजार रूपए की रकम हास्पिटल में एक व्यक्ति द्वारा दिया जा रहा है, और हास्पिटल के खिलाफ कोई अन्य कार्यवाही नहीं करने की बात कहा गया। लेकिन वीडियो में मृतका की बेटी ने पैसा लेने से साफ इंकार कर दिया।

बता दें कि सहिजन कला निवासी राजकुमारी को सांस की समस्या थी। परिजनों का कहना था कि हालत बिगड़ने पर उन्हें मणि स्पेशियलिटी हॉस्पिटल लेकर आया गया। जिला अस्पताल से चंद कदम की दूरी पर स्थित मणी मल्टी स्पेशियलटी हॉस्पिटल में मरीज की अचानक मौत से खफा परिजनों ने जमकर बवाल काटा था। लोगों का गुस्सा बढ़ता देख डॉक्टर और स्टाफ भाग खड़े हुए थे। घंटों हंगामा चलता रहा। पुलिस के समझाने-बुझाने पर किसी तरह आक्रोशित परिजन शांत हुए। उधर, सूचना पर पहुंचे प्राइवेट चिकित्सालयों के नोडल डा. गुलाब शंकर यादव ने परिजनों से घटना की जानकारी ली थी। डाक्टर-स्टाफ के मौजूद न रहने को लेकर भी नाराजगी जताई थी।

हालांकि प्रभारी सीएमओ द्वारा नोडल को आदेशित करके नोटिस जारी करा दिया गया है तीन दिन में अपना स्पष्टीकरण देते हुए अस्पताल में तालाबंदी करा दिया। जनपद में लगातार जिलाधिकारी द्वारा अवैध हॉस्पिटलों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के बावजूद भी हास्पिटल संचालित हो रहे है। बता दें कि यह हास्पिटल जिलाधिकारी कार्यालय के ठीक नीचे मेन हाईवे पर संचालित हो रहा था। वायरल वीडियो में सौदेबाजी कराने वाला एक पैथालाजी का संचालक बताया जा रहा है। मौत के बाद सौदाबाजी करने वालों के विरूद्ध अब क्या कार्रवाई स्वास्थ्य विभाग करता है यह तो बाद में ही पता चल सकेगा। हालांकि मृतक के परिजनों द्वारा स्वास्थ्य विभाग में अस्पताल के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए कोई प्रार्थना पत्र नहीं दिया गया है।

# नोडल ने दुद्धी में दो अस्पताल किया सील

**दुद्धी/सोनभद्र।** प्रभारी सीएमओ आरजी यादव के निर्देश पर एसएमओ / नोडल जीएस यादव ने दुद्धी कस्बे में पत्ता कंपनी के पास संचालित केयर हॉस्पिटल सील कर दिया इसके अलावा बीडर गांव में संचालित जनहित हॉस्पिटल को भी सील कर दिया जिससे अस्पताल संचालकों में हड़कंप मच गया` संचालक नोडल के मूवमेन्ट देखने के लिए अपने लोगों को लगा दिया जो दूर से अधिकारियों को देख रहे थे जब टीम वापस हुई तो अवैध अस्पताल संचालकों में राहत की सांस ली।

शुक्रवार की दोपहर पहुँचे नोडल ने बीडर में लगे रोड संचालित जनहित अस्पताल की जांच की जहाँ ना तो कोई डिग्रीधारी चिकित्सक पाए गए और ना ही अस्पताल का रजिस्ट्रेशन दिखाया गया जिस पर एसीएमओ/ नोडल ने अस्पताल को सील कर दिया और उसका फोटो व वीडियोग्राफी करा करा लिया उसके बाद कस्बे के पत्ता कंपनी के समीप संचालित केयर अस्पताल पहुँच जहाँ का संचालक पहले से ही अस्पताल में ताला मार फरार था इस कारण टीम अस्पताल में इंस्ट्रूमेंट ,रजिस्ट्रेशन पत्रावलियां ,चिकित्सक आदि की जानकारी नही ले सकी ,टीम ने प्रवेश द्वार पर लगे ताले को सील मोहर लगा सील कर दिया`टीम के नेतृत्व कर रहे एसीएमओ जीएस यादव ने बताया कि इसकी रिपोर्ट सीएमओ को दी जाएगी उन्होंने कहा कि झोलाछाप अस्पतालों के खिलाफ जांच अभियान जारी रहेगा अगर कही भी इस प्रकार की अस्पताल सूचना हो उन्हें सूचित किया जाऐबता दे कि बुधवार की सुबह कस्बे के केयर अस्पताल में एक ल्युकोरिया से पीड़ित विवाहिता का बच्चेदानी का ऑपरेशन हुआ था जिसकी मध्यरात्रि हालत बिगड़ी और उसने दम तोड़ दियोपरिजनों ने गुरुवार को अस्पताल के बाहर विवाहिता की डेड बॉडी रखकर हंगामा किया था और कार्रवाई की मांग की थी जिस पर पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा दे उन्हें वहां से हटाया था , और शव का पीएम कराया गया।

# विकास प्रदर्शनी के माध्यम से सरकारी योजनाओं से रूबरू होंगे जनपदवासी

**निरीक्षण**

**विकास प्रदर्शनी का राज्य सभा सांसद ने किया शुभारम्भ**

**जनसंदेश न्यूज**



विकास प्रदर्शनी का अवलोकन करते राज्यसभा सांसद

**सोनभद्र।** सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों, नये कीर्तिमानों एवं नीतियों से सम्बन्धित रावर्ट्सगंज के रामलीला मैदान में आयोजित विकास प्रदर्शनी का शुभारम्भ शुक्रवार को राज्यसभा सांसद रामसकल ने फीता काटकर किया। भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे व अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह ने अतिथियों को विकास प्रदर्शनी में लगे सभी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। राज्यसभा सांसद ने बताया कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अन्त्योदय को भी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से रूबरू व परिचित कराने हेतु इस विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

इस दौरान उन्होंने विकास प्रदर्शनी की सराहना करते हुए प्रदर्शनी में लगे विभिन्न योजनाओं व उपलब्धियों का अवलोकन करने हेतु जनपदवासियों से प्रदर्शनी में आने की अपील किया। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्माननिधि योजना सहित अन्य विकासपरक कार्यों व योजनाओं पर बल दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनहितार्थ विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, विकास के पथ पर अग्रसर नये आयामों सहित जनपद के विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि विकास प्रदर्शनी के माध्यम से आमजनमानस को एक ही छत के नीचे सभी योजनाओं की समग्र जानकारी मिल रही है। डीआईओ ने बताया कि विकास प्रदर्शनी 6 मार्च तक संचालित रहेगी। उन्होंने महिलाओं व बालिकाओं, स्वास्थ्य, कौशल, रोजगार, कृषक, ऐतिहासिक व अध्यात्मिक विरासत व धरोहर प्रदेश व देश की प्रगति में अग्रसर विभिन्न योजनाओं नीतियों के बारे में बताया। इस मौके पर विजय शंकर चतुर्वेदी, सुनील तिवारी, नीतू यति सिंह, सीमा द्विवेदी, साधना मिश्रा, दीपका सिंह समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# जिला संयुक्त चिकित्सालय का डीएम ने जाना हाल

जनसंदेश न्यूज


चकिया जिला अस्पताल का निरीक्षण करते डीएम निखिल टीकाराम।

**चकिया।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने शुक्रवार की दोपहर जिला संयुक्त चिकित्सालय का निरीक्षण किया। जहां दवा स्टोर और कक्ष में एक्सपायरी दवाइयों का स्टीकर अलमारी पर चिपका देख नाराजगी जाहिर करते हुए जिलाधिकारी ने दवाइयों को क्रमबद्ध रखने के साथ-साथ लेटेस्ट सूची चिपकाने के सख्त निर्देश दिए। शुक्रवार की सुबह 11 बजे के आसपास जिला संयुक्त चिकित्सालय पहुंचे जिलाधिकारी ने इमरजेंसी, ओपीडी, एक्सरे रूम, बंद पड़े अल्ट्रासाउंड कक्ष, एनबीएसयू, महिला पुरुष वार्ड, ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कुपोषित बच्चों की माताओं से अस्पताल से मिलने वाली सुविधाओं के बाबत पूछताछ की। वहीं वार्ड में भर्ती मरीजों से मिलने वाली दवाएं और डॉक्टरों की मौजूदगी को लेकर जानकारी हासिल की। इसके अलावा जिलाधिकारी ने योग वेलनेस सेंटर को सुचारू रूप से खोलने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएमएस डॉ अजय सिंह गौतम द्वारा पास ही बनाए जा रहे पीआईसीयू भवन को जिलाधिकारी को दिखाया गया। जिस पर जिलाधिकारी ने आवास विकास परिषद और पीडब्ल्यूडी को निमार्णाधीन भवन का कार्य जल्द पूर्ण करने, सुगम सड़क मार्ग बनाने के साथ ही प्रवेश द्वार का भी निर्माण जल्द कराने के निर्देश दिए। इस दौरान सीडीओ एसपी श्रीवास्तव, हॉस्पिटल क्वालिटी मैनेजर डा दिलशाद, डा.निशांत उपाध्याय, डा. आरआर यादव, डा.अशोक सहित तमाम विभागीय स्टाफ मौजूद रहा।

## रेलवे ने 85 किन्नरों को पकड़ा, 64 हजार वसूले

**डीडीयू नगर।** पूर्व मध्य रेल डीडीयू मंडल सहित रेलवे के विभिन्न मंडलों के स्टेशनों व ट्रेनों में सफर कर रहे यात्रियों के साथ किन्नरों द्वारा जबरन पैसा मांगने व परेशान करने जैसी घटना की लगातार शिकायत मिल रहा था जिसकी रोकथाम को लेकर रेल प्रशासन द्वारा तीन दिवसीय अभियान चलाया गया। इस दौरान रेलवे सुरक्षा बल द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न स्टेशनों और ट्रेनों में चेकिंग कर 85 किन्नर व ट्रांसजेंडरों को यात्रियों को परेशान करने के आरोप में हिरासत में लिया गया। साथ ही पकड़े गए किन्नरों से 64 हजार रुपये दंडस्वरूप वसूल किया। इस विशेष अभियान के दौरान सोनपुर मंडल में 28, दानापुर मंडल में 24, पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 18, धनबाद मंडल में 08 तथा समस्तीपुर मंडल में 07 लोगों को गिरफ्तार किया गया। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पूर्व मध्य रेल द्वारा यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा।

# डीएम ने नौगढ़ में जनसमस्याओं को सुना

जनसंदेश न्यूज


जन चौपाल में ग्रामीणों की समस्या सुनते डीएम निखिल टीकाराम।

**नौगढ़।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को ग्राम पंचायत सोनवार व विशेषरपुर के कम्पोजिट विद्यालय में हुआ। जिसमें जनसमस्याओं को प्रमुखता के आधार पर सुनकर जिलाधिकारी ने कि सम्बंधित विभागाध्यक्षों को गुणवत्ता युक्त निस्तारण करके रिपोर्ट प्रेषित करने का निर्देश दिया। बताया कि सरकार द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाओं का अक्षरसः लाभ पात्रों को दिया जाना चाहिए।

जन चौपाल में लगाए गए विभागीय स्टालों का निरीक्षण कर जिलाधिकारी ने चार महिलाओं की गोदभराई व चार बच्चों के अन्नप्राशन भी कराया।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी उपजिलाधिकारी आलोक कुमार खंड विकास अधिकारी सुदामा यादव, एसडीओ मनीष सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी नागेन्द्र सरोज, आजाद अंसारी, प्रभारी निरीक्षक हरिश्चंद्र सरोज, थाना प्रभारी अतुल कुमार प्रजापति मौजूद रहे।

जन चौपाल में विशेषरपुर गांव निवासी राजेश पुत्र तेजा वनवासी ने प्रार्थना पत्र देकर के जिलाधिकारी को बताया कि पूर्व ग्राम प्रधान राधिका देवी के पुत्र ज्ञान प्रकाश उर्फ रिंकू यादव ने बताया कि स्वीकृत मुख्यमंत्री आवास का रुपया जबरीयन बैंक खाते से निकलवा कर ले लिया है।जिससे योजना का लाभ मिलने के बाद भी छत विहीन रहकर खुले आकाश के नीचे घास फूस के छप्पर मे जीवन बसर करना पड़ रहा है।

वहीं सोनवार गांव निवासी राजू पुत्र रामनरेश ने प्रार्थना पत्र देकर के ग्राम प्रधान बरहक अली पर आरोप लगाते हुए कहा कि गांव में कराए गए विकास कार्यों में बहुत काफी अनियमितता बरती गई है। जिसका जांच कराया जाना एकदम जरूरी है।

### ठेकहा का सफाई कर्मी हुआ निलंबित

**चंदौली।** डीपीआरओ ब्रह्मचारी दुबे ने कार्य के प्रति लापरवाही बरने पर शुक्रवार को शहाबगंज ब्लाक के ठेकहा गांव में तैनात सफाई कर्मी राकेश कुमार को निलंबित कर दिया है। उक्त सफाई कर्मी पर गांव में ड्यूटी नहीं करके एडीओ समाज कल्याण का कार्यभार संभालने का आरोप है। इस कार्रवाई से सफाई कर्मियों में हड़कम्प मचा रहा। डीपीआरओ ने बताया कि शहाबगंज विकास खंड के ठेकहा गांव में सफाई कर्मी राकेश कुमार कार्यरत है। लेकिन गांव में साफ-सफाई नहीं की जाती है, बल्कि ब्लाक में जाकर उक्त सफाई कर्मी एडीओ समाज कल्याण आफिस में कार्यभार संभाल रहा था। इससे गांव में सफाई के अभाव में गंदगी का अम्बार लगा है। यह मामला संज्ञान में आने पर उक्त सफाई कर्मी को कार्य में लापरवाही बरतने पर निलंबित कर दिया गया। साथ ही निलंबन अवधि में सकलडीहा विकास खंड से संबद्ध कर दिया गया है। वहीं जांच की जिम्मेदारी सकलडीहा सहायक विकास अधिकारी को सौंपी गई है। साथ ही एक पक्ष के अंदर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

## संक्षेप

### चंदौली पुलिस ने नष्ट की 1.15 करोड़ की शराब


नवीन मंडी में शराब नष्ट करती चंदौली कोतवाली पुलिस।

**चंदौली।** सदर कोतवाली पुलिस ने गुरुवार की देर रात नवीन मंडी परिसर में 18 हजार लीटर से अधिक अवैध शराब को नष्ट कर दिया गया। रोड रोलर चलाकर नष्ट किए गए अवैध शराब की अनुमानित कीमत 1.15 करोड़ से अधिक थी। सदर कोतवाली पुलिस ने इतनी बड़ी मात्रा में अवैध शराब की खेप को बिहार प्रांत भेजे जाने के पहले जब्त कर तस्करों को गिरफ्तार करने की कार्यवाही की थी। अवैध शराब की खेप को 5 ट्रैक्टर-ट्राली पर लादकर नवीन मंडी पहुंचाया गया। पुलिसकर्मियों और अफसरों की मौजूदगी में अवैध शराब के खेप को नष्ट करने की कार्रवाई शुरू की गई। वहीं शराब को नष्ट करने के दौरान वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी, आबकारी निरीक्षक, कार्यालय लिपिक दीपू कुमार, प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह, निरीक्षक अपराध अरविंद कुमार यादव, सब इंस्पेक्टर रामदरश यादव समेत अन्य अफसर मौजूद रहे।

### टैंकर के धक्के से साइकिल सवार घायल

**नियामताबाद।** अलीनगर थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव के समीप शुक्रवार को टैंकर की टक्कर से साइकिल सवार घायल हो गया। आपको बताते चलें कि शुक्रवार को मोहन यादव अपने साइकिल पर दूध का बाल्टा लादकर घर जा रहे थे तो दूसरी तरफ से आ रही टैंकर ने मोहन यादव कि साइकिल को धक्का मार दिया। जिससे मोहन यादव को चोट लग गई स्थानीय लोगों की मदद से मोहन यादव को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया वही ग्रामीणों ने टैंकर को रोककर चालक को पेड़ से बांध दिया। सूचना पर पहुंची अलीनगर पुलिस ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर ड्राइवर व टैंकर को थाने ले आए। इस बाबत अलीनगर थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि घायल व्यक्ति मोहन यादव जिनकी उम्र 60 वर्ष है बसंतु की मडई आलमपुर के निवासी हैं ड्राइवर और टैंकर को थाने ले आया गया है।

### खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने लिया बर्फी व मैदा का सैम्पल

**चंदौली।** जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे के आदेश पर होली पर्व पर खाद्य व पेय पदार्थों में मिलावटखोरी रोकने के लिए अभियान चलाकर विभागीय अधिकारी व कर्मचारी कार्यवाही में लगे हुए हैं। शुक्रवार को टीम ने विभिन्न तहसीलों में खाद्य प्रतिष्ठानों का संघन निरीक्षण कर आधा दर्जन सैम्पल इकट्ठा किए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सच्चिदानंद राय ने शुक्रवार को सकलडीहा में प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान एक बर्फी एवं एक मैदा का सैम्पल लिया। वहीं चकिया में नेहा त्रिपाठी ने सिविल लाइन में खाद्य प्रतिष्ठानों का संघन निरीक्षण करते हुए एक नमकीन बिस्किट, एक खोया, एवं मोहम्मदाबाद से एक गुलाब जामुन का नमूना संग्रहित किया। सभी सग्रहित नमूनों को जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला में प्रेषित किया गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने कारोबारियों एवं आम जनमानस को मिलावटी खाद्य पदार्थ से होने वाले नुकसान के संबंध में जागरूक भी किया।

### भूतपूर्व सैनिक जन कल्याण परिषद के जिलाध्यक्ष बने हीरालाल

**चहनियां।** सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए गठित भूतपूर्व सैनिक जन कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष दीनबन्धु पांडेय ने जनपद के लिए कार्यकारिणी का गठन किया गया। हीरालाल को अध्यक्ष, रामसुन्दर सिंह को उपाध्यक्ष, विवेक सिंह को प्रबन्धक, आनन्द नन्द पांडेय को कोषाध्यक्ष, सत्य प्रकाश को मीडिया प्रभारी, राजेश यादव को संगठन मंत्री, अरविंद यादव को मंत्री, सुरेंद्र कुमार तिवारी को लेखापरीक्षक मनोनीत किया है। कार्यकारिणी गठन के बाद जिलाध्यक्ष हीरालाल ने बताया कि पूर्व सैनिकों के हितों की लड़ाई के लिए हमारा संगठन सदैव तत्पर रहूंगा।

### किसान गोष्ठी में किसानों को रवि फसल की दी जानकारी

**चहनियां।** आत्मा योजनांतर्गत खण्ड विकास कार्यालय परिसर में विकास खण्ड स्तरीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे सम्मानित किसानों को जागरूक कर जानकारी दी गयी। गोष्ठी में उपसंभागीय कृषि प्रसार अधिकारी स्नेहा प्रभा ने मृदा स्वास्थ्य, पीएम किसान तथा रवि सीजन के खेती से जुड़ी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सफल किसान वही है जो कृषि तंत्र आधारित पर खेती करे। परम्परागत खेती को और आधुनिक बनाने के लिए सरकार सुविधाए दे रही है। पशुपालन विभाग से डा.सुभाष यादव ने पशु पालन की विस्तृत जानकारी दी। अग्रणी कृषक अनिल कुमार सिंह ने प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दिया। गोष्ठी में सहायक विकास अधिकारी कृषि राम अवतार यादव, रक्षा शिवाजी सिंह, शिवांगी पाण्डेय, दामिनी पटेल आदि उपस्थित थे। नगीना शर्मा व संचालन गिरिजेश कुमार सिंह ने किया ।

### देशी शराब संग दो तस्कर गिरफ्तार

**इलिया।** स्थानीय पुलिस ने मालदह नहर पुलिया के पास शुक्रवार शाम चेकिंग के दौरान भीम बिंद और सिंहासन बिंद नामक दो तस्करो को 80 शीशी ब्लू लाइम देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। स्थानीय पुलिस बिहार बॉर्डर की सीमा पर गौ तस्करों तथा शराब तस्करों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चला रही थी, इसी बीच दो व्यक्ति को बोरा में भरकर शराब लेकर जाते वक्त पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिसके विरुद्ध स्थानीय थाने में आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। थानाध्यक्ष मिर्जा रिजवान बेग ने बताया कि बिहार में तस्करी के लिए शराब ले जा रहे कैमूर जिला के लोहदन गांव निवासी भीम बिंद और सिंहासन बिंद को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार में थानाध्यक्ष के अलावा उपनिरीक्षक राम सिंह, कांस्टेबल महेश प्रताप सिंह शामिल रहे।

### जीवन प्रमाण-पत्र जमा नहीं किया तो रुकेगी पेंशन

**चंदौली।** जिला पूर्व सैनिक कल्याण समिति के जनरल सेक्रेटरी कैप्टन एसएन गुप्ता ने बताया कि जनपद के जिन पेंशनधारी पूर्व सैनिकों ने अपनी जीवन प्रमाण-पत्र जमा नहीं किया है उनकी पेंशन रूक सकती है। पीसीडीए इलाहाबाद की ओर से ऐसे पेंशनधारकों को 20 से 23 मार्च तक अपना जीवन प्रमाण-पत्र जमा करने की छूट दी गई। इसके बाद जीवन प्रमाण-पत्र जमा नहीं करने वाले पेंशनधारियों की पेंशन रोक दी जाएगी। बताया कि जीवन प्रमाण-पत्र जमा करने से संबंधित समस्या के निदान के लिए पूर्व सैनिक कल्याण समिति कार्यालय चंदौली से सम्पर्क कर सकते हैं।

# धानापुर क्षेत्र पंचायत की बैठक में पारित हुए कई प्रस्ताव

जनसंदेश न्यूज


धानापुर में क्षेत्र पंचायत की बैठक को संबोधित करते ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह।

**धानापुर।** क्षेत्र पंचायत की बैठक में शुक्रवार को वित्तिय वर्ष 2022-23 की कार्ययोजनाओं पर विचा-विर्मश के बाद उनका अनुमोदन किया गया। इस दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने क्षेत्र के विकास के लिए भी प्रस्ताव बैठक में प्रस्तुत किए। क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लॉक कार्यालय स्थित सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह ने किया।

बैठक में उपस्थित सदस्यों को उपस्थित अधिकारियों ने क्षेत्र पंचायत के विकास को उनके विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से अवगत कराया। ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह ने सभी बीडीसी सदस्य एवं ग्राम प्रधानों से अपने क्षेत्र में विकासकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बिना किसी भेदभाव क्षेत्र का विकास कराया जाएगा। जिसमें सभी सदस्यों के सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने ब्लॉक संबंधित योजनाओं की जानकारी दी और कहा की क्षेत्र पंचायत सदस्यों का भी कर्तव्य बनता है कि वे अपने क्षेत्र में आने वाली समस्याओं और विकास कार्यों के बाबत जागरूक हो। साथ उन कार्यों को कराए जाने के लिए भी प्रयासरत रहे, जिससे उनके क्षेत्रो के विकास कराए जा सके। बैठक में लेखाकार सन्तोष श्रीवास्तव, दयाल शरन श्रीवास्तव, विमल सिहं, रुस्तम खान, पवन गुप्ता, साधु मौर्य, राजेश भारती, राहुल राजभर, राहुल गिरी आदि लोग मौजूद रहे।

### ब्लासम एकेडमी के सभी बच्चों को मिला एडमिट कार्ड

**चंदौली।** ब्लॉसम एकेडमी चंदौली में कतिपय अभिभावकों द्वारा जिलाधिकारी से की गई शिकायत का बीएसए सत्येंद्र कुमार सिंह ने शुक्रवार को जांच की। आरोप है कि आरटीई एक्ट के अंतर्गत दुर्बल व अलाभित बच्चों का प्रवेश होने के बाद भी प्रधानाचार्य परीक्षा देने के लिए एडमिट कार्ड नहीं दे रहे हैं और इसके लिए फीस की मांग कर रहे हैं।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंदौली ने बताया कि उक्त शिकायत की जांच के क्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक से वार्ता की उस दौरान अभिभावक भी मौके पर उपस्थित थे। प्रधानाध्यापक द्वारा अवगत कराया गया कि ऐसी कोई समस्या नहीं है और न ही किसी अभिभावक से फीस की मांग ही की गई है, सभी छात्रों को एडमिट कार्ड दिया गया है और आरटीई एक्ट के तहत प्रवेश लिए सभी छात्र परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं। इस प्रकार के समस्या जनपद के किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय में ना उत्पन्न हो इस हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंदौली के कार्यालय से पत्र जारी कर सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है कि आरटीई एक्ट के तहत दुर्बल अलाभित समूह के अंतर्गत नामांकित बच्चों से जबरिया कोई फीस वसूली न होने पाए और न ही उनके साथ कोई भेदभाव होने पाए।

# विजलेंस टीम ने सात लोगों के खिलाफ दर्ज किया केस


सकलडीहा कस्बा में जांच करता बिजली विभाग और विजलेंस टीम

**सकलडीहा।** मार्च महीना में राजस्व की बढ़ोत्तरी और बिजली चोरी रोकने को लेकर अभियान शुरू किया गया है। शुक्रवार को एसडीओ संजय कुमार के नेतृत्व में विजिलेंस विभाग की टीम सकलडीहा कस्बा में 104 बिजली उपभोक्ताओं की जांच किया। इस दौरान विभिन्न धारा के तहत सात लोगों के खिलाफ केस किया। वही कई बिजली बकायेदारों का कनेक्शन विच्छेद किया गया। विभागीय जांच पड़ताल से खलबली मची है। शासन की ओर से लगातार बिजली बकाया जमा कराने व बिजली चोरी रोकने का निर्देश है। इस क्रम में एक्सईएन राजन कुमार के निर्देश पर सकलडीहा एसडीओ संजय कुमार और धानापुर एसडीओ जनमेजय शाहू के नेतृत्व में विजलेंस टीम लगातार जांच अभियान शुरू किया है। कस्बा में कुल 104 उपभोक्ताओं की जांच किया गया। जिसमें सात लोगों के खिलाफ केस किया गया। वही कई उपभोक्ताओं की बिजली बकाया होने पर कनेक्शन काट दिया गया। एसडीओ संजय कुमार ने बताया कि यह अभियान पूरे मार्च महीना तक चलाया जायेगा। बकाया हर हाल में जमा कराते हुए चोरी पर रोक लगायी जायेगी। इस मौके पर अवर अभियंता मनीष कुमार, विजलेंस दरोगा अरूण कुमार राय सहित अन्य मौजूद रहे।

# समाचार पत्र वितरकों ने दी श्रद्धांजलि


डीडीयू नगर में श्रद्धांजलि देते लोग।

जनसंदेश न्यूज

**डीडीयू नगर।** समाचार पत्र वितरक सेवा समिति की श्रद्धांजलि सभा शुक्रवार को वेस्टर्न बाजार प्रदेश महामंत्री भागवत नारायण चौरसिया के निवास स्थान पर जिलाध्यक्ष विजय जयसवाल के अध्यक्षता में हुई। श्रद्धांजलि सभा में समाजसेविका श्याम देई चौरसिया व प्रदेश महामंत्री भागवत नारायण चौरसिया की माता व मुगलसराय व्यापार मंडल के संस्थापक संरक्षक स्वर्गीय कवलेशवर नाथ चौरसिया की धर्मपत्नी की दूसरी पुण्यतिथि चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित करने के साथ ही दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

श्रद्धांजलि सभा में समरनाथ सिंह यादव, गुड्डू जायसवाल, विजय जायसवाल, पारसनाथ चौरसिया, कमलेश विश्वकर्मा, मनोज कुमार, बच्चन राम, धर्मेंद्र कुशवाहा, राजेश सिंह, दीना यादव, सूरज चौरसिया, चंद्रजीत चौरसिया, आदित्य चौरसिया, विजय गुप्ता, राजीव कुमार, दक्ष चौरसिया, धनंजय अग्रहरी, चंद्रिका यादव आदि लोग थे।

### असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटेगी कोतवाली पुलिस

**चकिया।** होली त्योहार को देखते हुए शुक्रवार की सायं कोतवाली में उपजिलाधिकारी ज्वाला प्रसाद व क्षेत्राधिकारी रघुराज की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें त्योहारों को गंगा जमुनी तहजीब को कायम रखते हुए त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने की अपील की। वही असामाजिक तत्व को शांतिपूर्वक होली मनाने की भी अपील की। इस दौरान उपजिलाधिकारी ने कहा कि होली के त्यौहार पर डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था की जाएगी। पुलिस क्षेत्राधिकारी रघुराज ने कहा कि त्यौहार के मद्देनजर पुलिस की गश्त बढ़ाने के साथ ही बार्डर क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाएं, कहीं कोई मादक पदार्थों की बिक्री करते या तस्करी करते मिले तो उसके विरुद्ध तत्काल कार्रवाई करें। इस दौरान कोतवाल मुकेश कुमार, एसआई हरेंद्र यादव, गिरीश राय, दिनेश पटेल, मुस्ताक अहमद खां, कैलाश जायसवाल, गुलाब मौर्या, मनोज कुमार, वैभव मिश्रा, राकेश मोदनवाल, अरविंद मोदनवाल, सुनील मद्धेशिया, असगर अली, सत्य प्रकाश गुप्ता मौजूद रहे।

# कस्तूरबा की किशोरियों को दी योजनाओं की जानकारी

कार्यक्रम

### किशोरियों के स्वावलंबन की चुनौतियों पर हुई चर्चा



कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में जानकारी देते वक्ता।

**चंदौली।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में शुक्रवार को जिला प्रोबेशन विभाग की ओर से आसमा है आगे कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान किशोरियों के स्वावलंबन की चुनौतियों पर चर्चा की गई। वहीं किशोरियों की समस्याओं को सुना गया। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए चल रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

महिला कल्याण निदेशक उत्तर प्रदेश ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाए जाने के निर्देश दिए हैं। इसके अनुपालन में शुक्रवार को बीएसए कार्यालय के पास स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में अपर जनपद न्यायाधीश ज्ञान प्रकाश शुक्ला, खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र बहादुर सिंह, बाल संरक्षण अधिकारी किशन वर्मा, महिला कल्याण अधिकारी दीक्षा अग्रहरि की मौजूदगी में आसमा है आगे गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बकाएदे किशोरियों की समस्याओं व स्वावलंबन के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। वहीं कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवायोजन, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, सामान्य महिला सुरक्षा, 1090, 1098, 112, 181, टोल फ्री नंबरों के साथ ही बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना की जानकारी दी गई। इस मौके पर जिला समन्वयक रागिनी सिंह, अनुराधा वर्मा, कस्तूरबा गांधी विद्यालय की अध्यापिकाएं आदि उपस्थित रहीं।

### किसानों को दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

**नौगढ़।** विकास खण्ड स्तरीय रबी गोष्ठी एव कृषि निवेश मेला का आयोजन शुक्रवार को विकास खण्ड परिसर में हुआ। जिसमें किसानों को जैविक खेती किसान सम्मान निधि किसान मानधन योजना कृषि यंत्र व बीज पर अनुदान फसल बीमा किसान क्रेडिट योजना किचेन गार्डेन, वर्मी कंपोस्ट व एफपीओ के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी डा.निशाकांत मौर्य ने कहा कि किसानों की आय दुगुनी करने के लिए सरकार नित्य नयी नयी योजनाओं को संचालित कर लाभान्वित करने में जुटी है। सहायक विकास अधिकारी रामऔतार राम ने बताया कि जैविक खेती मे बर्मी कंपोस्ट का अधिकाधिक उपयोग किया जाना चाहिए। जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति मे कमी नहीं आने के साथ ही उर्वरक की कम लागत आएगी। राजकीय कृषि बीज भण्डार प्रभारी प्रदीप कुमार ने बीज अनुदान के बारे में सविस्तार जानकारी दिया। वरिष्ठ प्राविधिक सहायक सुनील कुमार सिंह ने फसल बीमा व किसान क्रेडिट कार्ड किसान मानधन योजना कृषि यंत्र पर सब्सिडी एवं किचेन गार्डेन के बारे में बताया। इस अवसर पर राजनाथ, रामदुलारे, राजेश कुमार, सुखदेव, बसंतलाल, रमेश कुमार, श्रीकांत, अलीहसन, छोटेलाल, राम अशीष आदि किसान मौजूद रहे।

# जनचौपाल में ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाओं की मिली जानकारी

जनसंदेश न्यूज

**सकलडीहा।** चलो चंदौली प्रशासन आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को विकास खंड के पदुमनाथपुर और फुल्ली गांव में जन चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजना के तहत जानकारी देते हुए योजनाओं लिये पंजीयन कराया। कार्यक्रम में अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया।

जनचौपाल में भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी ने खाद्य रसद विभाग, पंचायत विभाग, स्वच्छ भारत मिशन, बेसिक शिक्षा विभाग, पशुधन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रिय लोक अदालत, कृषि विभाग सहित अन्य विभागों के बारे में विस्तार से जानकारी देत हुए दो बच्चों को अन्नप्राशन व दो महिलाओं का गोद भराई का रस्म पूरा कराया। भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी ने कहा कि देश में मोदी व प्रदेश में योगी के नेतृत्व में देश प्रदेश नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। प्रदेश में योगी जी के नेतृत्व में जो बजट पेश किया गया वह आजादी के अमृतकाल का स्वर्णिम बजट है। केंद्रीय मंत्री व सांसद चंदौली डा. महेंद्रनाथ पांडेय के नेतृत्व में विकास की लंबी रेखा खींची जा रही है। मटकुट्टा रेलवे ओवरब्रिज, चंदौली ओवरब्रिज, चंदौली का मेडिकल कॉलेज, चंदौली सैदपुर रोड एवं अन्य ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं। इस मौके पर डीडीओ लक्ष्मण प्रसाद, बीडीओ अरुण पाण्डेय, केके सिंह, ग्राम प्रधान रवि पाण्डेय, सचिव महेंद्र यादव, संजय यादव, एडीओ दुर्गेश सिंह, रोहित पाण्डेय, विजय गुप्ता, विनय तिवारी, रणजीत सिंह, मुरली राय, रजनीकांत पाण्डेय, दिलीप राय, बंटी पाण्डेय, रामसनेही राय आदि लोग उपस्थित रहे।

अवसर

### दो बच्चों के अन्नप्राशन व दो महिलाओं की गोद भराई की हुई रस्म

# विकास के बल पर पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा ने फहराया परचम

जनसंदेश न्यूज


सकलडीहा में विजय जुलूस निकालकर मिठाई खिलाकर खुशी जताते हुए भाजपा नेता।

**सकलडीहा।** पूर्वोत्तर राज्य त्रिपुरा, नागालैंड में भाजपा की जीत पर भाजपाइयों में हर्ष है। शुक्रवार को सकलडीहा कस्बा के डा. आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए भाजपाईयों ने विजय जुलूस निकालकर खुशी मनाया। इस दौरान भाजपाइयों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर केन्द्र और प्रदेश सरकार को बधाई दी। भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी ने कहा कि आज देश के पूर्वोत्तर राज्यों में भी मोदी जी के नेतृत्व में कमल खिल गया है। आम जनमानस का सरकार के प्रति विश्वास बढ़ रहा है। त्रिपुरा व नागालैंड की जनता ने विकास को स्वीकार किया है। आज मोदी के नेतृत्व में एक भारत श्रेष्ठ भारत का सपना साकार हो रहा हैं। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता विजय गुप्ता, रामसुंदर चौहान, अरुण मिश्रा, शैलेंद्र पांडेय, सौरभ सिंह, रतेंद्र राजभर, रमाशंकर खरवार, शेरू पाठक, मोनू, संतोष राजभर, दीपक सिंह, अमित सैनी, पूनम चौहान, आनंद सिंह मौजूद रहे।

# स्पोर्ट्स

## लियोनेल मेस्सी को बंदूकधारियों ने दी धमकी परिवार के सुपर मार्केट में गोलीबारी



**ब्यूनस आयर्स।** बंदूकधारियों ने अर्जेंटीना के फुटबॉल सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी को एक लिखित संदेश में धमकी देने के साथ उनके परिवार से जुड़े एक सुपरमार्केट में गोलियां चलाईं। यह जानकारी स्थानीय पुलिस ने दी। गुरुवार की सुबह के हमले में हालांकि किसी को कोई चोट नहीं आई है। यह स्पष्ट नहीं था कि हमलावरों ने देश के तीसरे सबसे बड़े शहर रोसारियो में यूनिको सुपरमार्केट को क्यों निशाना बनाया। यह सुपरमार्केट उनकी पत्नी एंटोनेला रोकुजो के परिवार के स्वामित्व में है। शहर के महापौर पाब्लो जावकिन ने रोसारियो में इस सुपर मार्केट का दौरा किया और मादक पदार्थ से संबंधित हिंसा को रोकने में विफलता को लेकर संघीय अधिकारियों को खरी खोटी सुनाई। रोसारियो देश की राजधानी ब्यूनस आयर्स से उत्तर-पश्चिम में लगभग 190 मील (300 किलोमीटर) की दूरी पर स्थित है। पुलिस ने कहा कि एक मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों ने तड़के यूनिको सुपरमार्केट में 12 से ज्यादा गोलियां चलाईं।

# इंदौर टेस्ट में टीम इंडिया की हार, ऑस्ट्रेलिया ने 9 विकेट से रौंदा...डब्ल्यूटीसी फाइनल में हुई एंट्री

## अगर-मगर के फेर से बचने के लिए भारत को जीतना होगा अहमदाबाद टेस्ट मैच

**इंदौर।** ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट मैच में शुक्रवार को यहां भारत को नौ विकेट से शिकस्त दी। ऑस्ट्रेलिया ने जीत के लिए मिले 76 रन के लक्ष्य को 18.5 ओवर में एक विकेट गंवा कर हासिल कर लिया। इस मुकाबले को गंवाने के बाद भी चार मैचों की श्रृंखला में भारतीय टीम 2-1 से आगे है। शानदार जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में भी अपनी जगह पक्की कर ली।



ट्रेविस हेड (नाबाद 49) और मार्नस लाबुशेन (नाबाद 28) ने पारी की शुरूआती ओवरों में मुश्किल परिस्थितियों का सामना करने के बाद 18.5 ओवरों में ऑस्ट्रेलिया को जीत दिला दी। भारत में जीत मेहमान टीमों के लिए दुर्लभ होती है और ऑस्ट्रेलिया के लिए भी यह अलग नहीं था, जिसने छह साल में भारतीय धरती पर अपनी पहली जीत दर्ज की। भारत के लिए पिछले 10 वर्षों में यह केवल तीसरी हार है। टीम को नौ मार्च से अहमदाबाद में शुरू होने वाले अंतिम टेस्ट से पहले अपनी योजनाओं पर फिर से काम करने की आवश्यकता होगी। श्रृंखला में इस्तेमाल हुई पिचों की भी तीखी आलोचना हुई है और यह देखाना दिलचस्प होगा कि क्या भारत स्पिन के अनुकूल पिचों की प्राथमिकता को जारी रखेगा क्योंकि घरेलू टीम के बल्लेबाज भी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से निपटने के लिए बुरी तरह संघर्ष करते दिखे हैं। भारत अपनी दो पारियों में केवल 109 और 163 रन ही बना सका। ऑस्ट्रेलिया टीम जिस तरह से नागपुर और दिल्ली की दूसरी पारी लड़खडायी थी उससे लग रहा था कि शुक्रवार को पहले सत्र में कुछ भी हो सकता है। जीत के लिए 76 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को रविचंद्रन अश्विन ने दिन की दूसरी गेंद पर उस्मान ख्वाजा को कैच आउट कराकर चमत्कार की उम्मीद जगाई।

अश्विन की यह गेंद तेजी से टर्न लेते हुए ख्वाजा के बल्ले का किनारा लेते हुई विकेट कीपर कोना भरत के दस्तानों में चली गयी। स्कोर बोर्ड पर बिना किसी रन के पहला विकेट गंवाने के बाद टीम दबाव में थी लेकिन लाबुशेन ने रविंद्र जडेजा की गेंद पर चौका लगाकर दबाव कम किया। हेड और लाबुशेन को आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाना जाता है लेकिन दोनों ने बिना कोई जोखिम लिए शुरूआती 10 ओवर में सिर्फ 13 रन बनाये। पारी के 10वें ओवर में गेंद बदलने के बाद मैच का रूख ऑस्ट्रेलिया की ओर मुड़ गया। अश्विन इस गेंद से संतुष्ट नहीं थे और हेड ने उनके ओवर में चौका और छक्का जड़कर अपने इरादे जात दिये। हेड और लाबुशेन ने इसके बाद जडेजा के खिलाफ चौके लगाये और फिर मैच पर ऑस्ट्रेलिया की पकड़ बन गयी। लाबुशेन ने चौका लगाकर ऑस्ट्रेलिया को यादगार जीत दिलायी।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंदौर टेस्ट में नौ विकेट की करारी शिकस्त झेलने के बाद भारतीय टीम को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में स्वतः जगह बनाने के लिए नौ मार्च से अहमदाबाद में खेले जाने वाले चौथे टेस्ट मैच को जीतना होगा। ऑस्ट्रेलिया ने इंदौर में जीत के साथ ही डब्ल्यूटीसी फाइनल का टिकट पक्का कर लिया जहां उसके सामने भारत या श्रीलंका की चुनौती होगी। भारतीय टीम बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट मैच में अगर ऑस्ट्रेलिया को हरा देती है तो वह फाइनल के लिए क्वालीफाई कर जाएगी। इस मुकाबले में अगर भारत को शिकस्त मिली या मैच डॉ या टाई पर छूटा तो उसे फाइनल के टिकट के लिए श्रीलंका के न्यूजीलैंड दौरे पर खेलने जाने वाले दो टेस्ट मैचों के परिणाम का इंतजार करना होगा।

भारतीय टीम अगर इस मैच को जीतने में विफल रहती है और श्रीलंका न्यूजीलैंड को 2-0 से हरा दे तो वह फाइनल में पहुंच जायेगा। ऑस्ट्रेलिया 68.52 प्रतिशत अंकों (पीसीटी) के साथ डब्ल्यूटीसी तालिका में सबसे ऊपर है। प्रतिशत अंकों की गणना किसी टीम द्वारा अर्जित अंकों को कुल अंक के आधार पर किया जाता है। इसमें टीम को जीत के लिए 12 अंक, ड्रॉ के लिए चार और टाई होने की स्थिति में छह अंक मिलते है। मौजूदा चक्र में ऑस्ट्रेलिया के 18 मैचों में 11 जीत और चार ड्रॉ के आधार पर 148 अंक हैं।

# आईपीएल की तैयारी के लिए चेन्नई पहुंचे कप्तान महेंद्र सिंह धोनी

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 16वें सीजन का आगाज 31 मार्च को होगा। पहले मैच में चार बार की चैंपियन टीम चेन्नई सुपरकिंग्स का सामना गत विजेता गुजरात टाइटंस से होगा। टूर्नामेंट के शुरू होने में अब एक महीने से भी कम समय बचा है। ऐसे में ज्यादातर टीमों ने अभ्यास शुरू कर दिया है। चेन्नई सुपरकिंग्स के भी ज्यादातर खिलाड़ी चेन्नई पहुंच गए हैं।

कप्तान महेंद्र सिंह धोनी जब गुरुवार (दो मार्च) को चेन्नई पहुंचे तो एयरपोर्ट से लेकर टीम होटल तक उनका जोरदार स्वागत है। कोरोना महामारी के कारण तीन साल तक चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम अपने होम ग्राउंड पर कोई आईपीएल मैच नहीं खेल पाई। फैंस को तीन साल से स्टेडियम में धोनी सहित पूरी टीम को देखने का इंतजार है। धोनी पर फूलों की बारिश हुई। चेन्नई सुपरकिंग्स ने सोशल मीडिया पर वीडियो भी शेयर किया है।



***धोनी ने छोड़ी थी कप्तानी***

41 साल के महेंद्र सिंह धोनी का यह आखिरी आईपीएल हो सकता है। उन्होंने अगस्त 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। धोनी ने 2010, 2011, 2018 और 2021 में चेन्नई सुपरकिंग्स को चैंपियन बनाया है। हालांकि, पिछले साल मेगा ऑक्शन के बाद टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। वह अंक तालिका में नौवें स्थान पर रही थी। धोनी ने टूर्नामेंट शुरू होने से पहले कप्तानी भी छोड़ी थी। उनकी जगह रवींद्र जडेजा को कमान मिली थी, लेकिन वह दबाव को नहीं झेल पाए। ऐसे में धोनी को फिर से कमान सौंपी गई।

### सीएसके ने किया जोरदार स्वागत

***पिछले सीजन में सिर्फ दो मैच जीत सकी थी चेन्नई की टीम***

चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम पिछले सीजन में 14 में से 10 मैचों में हारी थी। उसे सिर्फ चार जीत मिली थी। चेन्नई के आठ अंक थे। उसके चिर-प्रतिद्वंद्वी मुंबई इंडियंस के भी आठ ही अंक थे, लेकिन वह नेट रनरेट में पीछे रहा था। मुंबई की टीम 10वें पायदान पर रही थी। टॉप-4 में दो नई टीमें गुजरात टाइटंस और लखनऊ सुपरजाएंट्स रही थीं। गुजरात ने फाइनल में राजस्थान रॉयल्स को हराकर खिताब पर कब्जा किया था।

चेन्नई सुपरकिंग्स की टीमः महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान), रवींद्र जडेजा, डेवोन कॉन्वे, ऋरुतुराज गायकवाड़, अंबाती रायुडू, शुभ्रांशु सेनापति, मोइन अली, शिवम दुबे, राजवर्धन हंगरगेकर, ड्वेन प्रीटोरियस, मिचेल सेंटनर, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मथीशा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, महीश तीक्ष्णा, अजिंक्य रहाणे, बेन स्टोक्स, शेख राशिद, निशांत सिंधू, अजय मंडल, भगत वर्मा।

## बॉलीवुड न्यूज

### संदीप रेड्डी वांगा के साथ आए सुपरस्टार अल्लू अर्जुन

**मुंबई।** भारत के तीन पॉवरहाउस - निमार्ता भूषण कुमार, निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा और भारतीय सुपरस्टार अल्लू अर्जुन एक बड़े सहयोग के लिए एक साथ आए हैं। इस एसोसिएशन के तहत फिल्म का निर्माण टी-सीरीज फिल्म्स प्रोडक्शन और भद्रकाली पिक्चर्स द्वारा किया जाएगा। निमार्ता भूषण कुमार, प्रणय रेड्डी वांगा, सह-निमार्ता शिव चानना के साथ निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा और सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने हाल ही में इस बड़े सहयोग पर मोहर लगाने के लिए मुलाकात की। अल्लू अर्जुन स्टारर इस फिल्म की शूटिंग संदीप वांगा की स्पिरिट को रैप करने के ठीक बाद शुरू होगी, जिसे टी-सीरीज फिल्म्स प्रोडक्शन और भद्रकाली पिक्चर्स द्वारा निर्मित किया गया है।




### हैप्पी फैमिली: कंडीशंस अप्लाई का ट्रेलर किया पेश

**मुंबई।** प्राइम वीडियो ने आज अपनी पारिवारिक कॉमेडी, अमेजॅन ओरिजिनल सीरीज हैप्पी फैमिली: कंडीशंस अप्लाई के अपने क्विर्की और रोमांचक ट्रेलर के लॉन्च के साथ इसके ग्लोबल प्रीमियर की घोषणा की। इस सीरीज में राज बब्बर, रत्ना पाठक शाह, अतुल कुलकर्णी और आयशा जुल्का जैसे स्थापित कलाकरों के साथ रौनक कामदार, मीनल साहू, सनाह कपूर और अहान साबू जैसे युवा अभिनेताओं का पूरा जमावड़ा है। आतिश कपाड़िया और जेडी मजेठिया द्वारा निर्मित और निर्देशित, और हैट्स ऑफ प्रोडक्शंस के बैनर तले निर्मित, हैप्पी फैमिली: कंडीशंस अप्लाई एक एपिसोडिक रिलीज होगी। पहले चार एपिसोड प्राइम वीडियो पर 10 मार्च को 240 से अधिक देशों और टेरीटरीज में एक्सक्लूसिवली प्रीमियर किये जायेंगे , और उसके बाद 31 मार्च तक प्रत्येक शुक्रवार को 2 एपिसोड रिलीज होंगे। ठहाकों से भरपूर यह ट्रेलर दर्शकों को ढोलकियाज के परिवार की दुनिया में ले जाता है जहां एक ही घर में चार पीढ़ियाँ जीवन में आने वाले उतार-चढ़ाव का सामना एक साथ करती हैं। दुनिया के लिए, ढोलकियाज भले ही पिक्चर-परफेक्ट हैं लेकिन किसी भी आम परिवार की तरह वे भी बेतरतीब हैं ; हर एक की अपनी अनूठी सनक है, धुन है और बोली है। लेकिन ये सारी खामियां ही उन्हें एक ऐसे अनूठे बंधन में बांधती है जो उन्हें मजबूती से जोड़े रखता है ।




### सृष्टि सिंह ने ऐश्वर्या राय के किरदार पारो से ली प्रेरणा

मुंबई। स्टार प्लस अपने दर्शकों के लिए लुभावने और दिलचस्प कहानी के लिए जाना जाता है। अब चैनल अपने एक और नए शो चाशनी के साथ दर्शकों के लिए एक धामाकेदार या कहे की मसालेदार कहानी लेकर सामने आया है जो अपने नाम से एकदम अलग है और मनोरंजन से भरपूर है। यह शो दो बहनों, चांदनी और रोशनी के बीच एक असामान्य और उलझे हुए बंधन पर आधारित होगा। ये शो 9 मार्च रात 11 बजे से स्टार प्लस पर प्रसारित होगा। इस नए शो के साथ स्टार प्लस एक नई और मसालेदार कहानी के जरिए भारतीय टेलीविजन में अपना स्तर और बढ़ा रहा है, जो दो बहनों पर बेस्ड है, जो बाद में सास-बहू बन जाती है। बहुत सारे ट्विस्ट और टर्न्स से भरपूर, स्टार प्लस दर्शकों के लिए एक नई कहानी लाने वाला है, जो इस नए शो चाशनी के साथ टेलीविजन पर पहले कभी नहीं देखी गई है। इस शो में अमनदीप सिद्धू, चांदनी की भूमिका निभा रही हैं।



# शासन की योजनाओं से जनमानस को कराएं अवगत: राहुल सागर

**नियामताबाद।** क्षेत्र के पचोखर ग्राम सभा में शुक्रवार की दोपहर जन चौपाल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी राहुल सागर थे। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी ने उपस्थित लोगों से आवास, पेंशन, स्वयं सहायता समूह, सड़क, नाली, स्वास्थ्य, राशन कार्ड, शिक्षा, राजस्व, किसान सम्मान निधि सहित जनहित की सभी योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही लाभार्थी अपना आवास पूर्ण करें, जिससे कि उन्हें दूसरी किस्त मुहैया करा दी जाए और समय से उनका आवास पूर्ण हो जाए। राहुल सागर ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से कहा कि आप लोग नए रोजगार का सृजन करें, जिससे कि आपकी आय बढ़े और आपके जीवन स्तर में सुधार हो।

कहा कि स्वयं सहायता समूह के लिए सरकार अधिकांश योजनाएं चलाई हैं। शीघ्र ही आप लोग रोजगार चयन कर उसके बारे में बताएं सभी महिलाओं को वाराणसी प्रशिक्षण के लिए विभाग भेजेगा। जन चौपाल में लोगों ने खंड विकास अधिकारी से स्वास्थ्य, शिक्षा, सफाई सभी मुद्दों पर चर्चा की। बीडीओ ने बताया कि शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को आम जनों से अवगत कराना ही जन चौपाल का मुख्य उद्देश्य है, जिससे कि ग्राम वासियों को शासन द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी हो सके। इस मौके पर ज्वाइंट खंड विकास अधिकारी शरद कुमार शुक्ला, ग्राम प्रधान माधुरी श्रीवास्तव, महेंद्र लाल श्रीवास्तव, सचिव आरबी सिंह, देवमणि सिंह, प्रमोद माथुर, संजय तिवारी, नितेश जायसवाल, नवीन श्रीवास्तव राजू तिवारी, कैलाश जायसवाल, मुकुट बिहारी पांडेय उपस्थित रहे।



चौपाल में सरकारी योजनाओं की जानकारी देते बीडीओ।

# प्रशिक्षण से मिली जानकारी से संवारें बच्चों का भविष्य

**चंदौली।** नई शिक्षा नीति के तहत कक्षा 4 व 5 के बच्चों के शिक्षण के लिए बुनियादी साक्षरता संख्या ज्ञान पर आधारित शिक्षक प्रशिक्षण के दूसरे बैच का शुभारंभ शुक्रवार को सदर बीआरसी सभागार में हुआ। दो दिवसीय प्रशिक्षण में सदर विकासखंड के कक्षा-4 व 5 में पढ़ाने वाले शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों ने भाग लिया।

इसका उद्घाटन बीईओ सुरेंद्र बहादुर सिंह व एसआरजी सुभाष सिंह यादव ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा की मजबूती के लिए एफएलएन प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण लेने वाले सभी शिक्षक प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान का उपयोग करके शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाएं। सुभाष सिंह यादव ने प्रशिक्षण से प्राप्त अनुभव के आधार पर विद्यालय में कार्ययोजना बनाने का भी सुझाव दिया। साथ ही शिक्षकों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को भाषा एवं गणित में दक्ष बनाने की विधियां बतायी।



सदर बीआरसी पर प्रशिक्षण प्राप्त करते शिक्षक व शिक्षामित्र।

तत्पश्चात कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य पर चर्चा की गई। इसके बाद बच्चों के पढ़ने के स्तर को समझना और उनका समूह बनाना बेसिक और एडवांस, मनोरंजन गतिविधियां कराई गयी। साथ ही बेसिक व एडवांस स्तर के फ्रेम वर्क पर चर्चा की गई। वहीं छोटे-छोटे समूह में विषय वस्तु पर विस्तृत चर्चा की गई। बाद में सभी समूहों द्वारा गतिविधियों का प्रस्तुतिकरण भी किया। इस मौके पर एआरपी रिंकू यादव, उमाशंकर यादव, सत्येंद्र शर्मा, रविंद्र कुमार सिंह, साक्षी गुप्ता, ज्योति यादव, गुरुचरण सिंह यादव, सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# जश्न के रूप में मनेगा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**चंदौली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आठ मार्च को इस साल पूरे प्रदेश में एक जश्न के रूप में मनाया जाएगा। इसके तहत आठ मार्च तक जिलों में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इन कार्यक्रमों की रूपरेखा इस साल की थीम- डिजिट ऑल लैंगिक समानता हेतु नवाचार और प्रौद्योगिकी को ध्यान में रखते हुए तय की गयी है। इसका उद्देश्य सभी महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण व लैंगिक समानता के लिए डिजिटल युग में नवाचार, तकनीकी परिवर्तन और शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता लाना है।

महिला कल्याण विभाग की निदेशक सरनीत कौर ब्रोका ने इस सम्बन्ध में प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को पत्र भी भेजा है। पत्र के मुताबिक डिजिटल प्रौद्योगिकी प्रगति-2030 के लिए लक्षित सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के अपार अवसर भी प्रदान करती है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस बार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक से आठ मार्च तक की गतिविधियाँ तय की गयीं। इसके तहत एक और दो मार्च को जिलों में ह्यहममें है दमह्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत उन महिलाओं को जिन्होंने समाज की रुढियों और पूर्वाग्रहों से संघर्ष कर खुद से शुरू किये गए नवाचारों, तकनीक का प्रयोग या डिजिटल शिक्षा के माध्यम से खुद या समाज में दूसरी महिलाओं की प्रेरणास्त्रोत बनीं उनके बारे में समाज को अवगत कराया गया। इसके लिए सोशल मीडिया कैम्पेन भी चलाया गया। शुक्रवार को ह्यआसमां है आगेह्न कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अंतर्गत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विद्यालयों, कालेजों, विश्वविद्यालयों, आंगनबाड़ी, महिला शरणालय, बालिका गृहों और संरक्षण गृहों आदि के स्तर पर किशोरियों तथा महिलाओं के साथ डिजिटल शिक्षा और स्वावलंबन की चुनौतियों पर चर्चा आयोजित की जायेगी। चार मार्च को जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में समुदाय की प्रेरक महिलाओं (गैर राजनीतिक) के लिए ह्यगपशप लंचह्न का आयोजन किया जायेगा। आयोजन में स्थानीय कलाओं और कलाकारों को शामिल कर भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। पांच मार्च को कार्यस्थल पर लैंगिक समानता विषय पर जनपदस्तरीय सेमिनार, गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। आयोजनों में प्रशासनिक अधिकारियों और विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जायेगा। छह मार्च को मेगा इवेंट ह्यअनंताह्न का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत समाज में बदलाव लाने के लिए प्रयासरत महिलाओं जैसे-नवाचारों, तकनीक या डिजिटल शिक्षा का इस्तेमाल कर समाज या अपने जीवन में बदलाव लाने वाली महिलाओं की प्रेरक कहानियों को जनपद स्तर पर टीवी, रेडियो, एफएम, कम्युनिटी रेडियो, टॉक शो आदि के माध्यम से जन-जन तक प्रसारित किया जाएगा।

इसमें एंटरप्रेन्योरर, उद्यमी, चेंज एजेंट्स, समाजसेवी या समाज की रूढ़ियों व पूर्वाग्रहों से संघर्ष कर आगे सफल जीवनयापन करने वाली महिलाओं की प्रेरक कहानियों को भी शामिल किया जा सकता है। जनपद स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की इन महिलाओं को सम्मानित भी किया जाएगा। सात या आठ मार्च को सुविधा के अनुसार शुभ होली कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

**कार्यक्रम**

**आठ मार्च तक पूरे प्रदेश में आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम**

## अगलगी से रिहायशी मड़ई जलकर खाक

**कमालपुर।** क्षेत्र के आलमखातोपुर गांव में गुरुवार के दिन धर्मेन्द्र बनवासी के झोपड़ी में आग लगने से घर गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। बताते हैं कि दोपहर में खाना बनाने के बाद महिला पशुओं को चारे के लिए घास काटने चली गयी थी। बच्चे पास के बगीचे में खेल रहे थे, तभी अचानक कुश से बनी मड़ई में आग लग गयी। मड़ई में घर गृहस्थी का सामान जल कर खाक हो गया। अगलगी की घटना के बाद पीड़ित परिजनों को ग्रामीणों की सहायता से मिले राशन से रात्रि भोजन नसीब हुआ। ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है कि खुले आसमान के नीचे रहने वाले बनवासी परिवार को राशन सहित छत मुहैया कराया जाय।

## सड़क हादसे में खलासी घायल

**नौगढ़।** थाना क्षेत्र के नौगढ़-मद्धूपुर मार्ग पर चोरमरवां नाला के समीप ट्रकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में खलासी जितेंद्र जायसवाल 18 वर्ष निवासी ग्राम नेवारीं थाना पन्नूगंज जनपद सोनभद्र गंभीर रूप से घायल हो गया।

# श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से सुना रुक्मिणी विवाह प्रसंग

**चहनियां।** क्षेत्र के लोलपुर मथेला में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन पांच मार्च तक चलेगा। कथा के 6वें दिन कथावाचक मुक्ति नारायण स्वामी राधा स्वामी मंदिर प्रयागराज के पीठाधीश्वर द्वारा श्रीमद भागवत कथा में श्रीकृष्ण व रुक्मिणी के विवाह का विस्तृत प्रसंग सुनाया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह को एकाग्रता से सुना। श्रीकृष्ण-रुक्मणि का वेश धारण किए बाल कलाकारों पर भारी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने विवाह के मंगल गीत गाए। कथा के मुख्य यजमान गणेश तिवारी जुलुम तिवारी, जमुना पाण्डेय, जालिम तिवारी ने दीप प्रज्जवलित किया। प्रसंग में जगतगुरु मुक्ति नारायण स्वामी ने कहा कि रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी का अवतार थी। रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो उसने मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया। रुक्मणी का बड़ा भाई रुक्मी श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था और अपनी बहन का विवाह चेदिनरेश राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से कराना चाहता था। रुक्मणी को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने एक ब्राह्मण संदेशवाहक द्वारा श्रीकृष्ण के पास अपना परिणय संदेश भेजवाया। तत्पश्चात श्रीकृष्ण ने द्वारिका में अपने संबंधियों के समक्ष रुक्मणी से विवाह किया। इस दौरान भाजपा नेता सूर्यमुनि तिवारी, जिला पंचायत सदस्य संजय पाण्डेय, कृपाचार्य त्रिपाठी, ओमप्रकाश पांडेय, मनोज पांडेय, मिथलेश पांडेय, रमाकांत तिवारी, सिंटू सिंह, गंगा पाण्डेय, हरिद्वार तिवारी, राजनारायण पाण्डेय, शिवमूरत पाण्डेय, विजय पाण्डेय, सौरभ त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित रहे।



लोलपुर में श्रीमद भागवत कथा सुनाते जगतगुरु मुक्ति नारायण स्वामी, रुक्मिणी विवाह विवाह की झांकी प्रस्तुत करते नन्हे बच्चे।

# गांव की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास: प्रो. निर्मला एस. मौर्य

**जनसंदेश न्यूज**

**आयोजन**

**महिला अध्ययन केंद्र ने संकाय भवन में मनाया होलिकोत्सव**

**हस्त निर्मित सामान के स्टाल पर दस हजार की हुई खरीदारी**



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कला संकाय में महिला अध्ययन केंद्र की ओर से पांच दिवसीय प्रशिक्षण के बाद शुक्रवार को होलिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नमकीन, गुझिया समेत होली में इस्तेमाल होने वाले कई खाद्य पदार्थों के स्टाल लगाए गए थे। स्टाल और होलिकोत्सव पर्व का उद्घाटन कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने किया। स्टाल पर लोगों ने दस हजार रुपये के सामान की खरीदारी की।

कुलपति प्रो. मौर्य ने कहा भारतीय त्योहारों में होली का बहुत महत्व है। होली को फाल्गुन या वसंत ऋतु के आगमन के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। उन्होंने कहा कि पुरानी परंपरा जो लोकप्रिय है। विश्वविद्यालय उसे अपने परिसर में मनाने का हर प्रयास करेगा। उन्होंने कहाकि यह पर्व बुराई पर अच्छाई का भी पर्व है। कार्यक्रम संयोजक और प्रभारी महिला अध्ययन केंद्र ने कहा कि स्टाल में बने सभी सामान पास के गांव की महिलाओं के द्वारा बनाए गए हैं। इस स्टाल को लगाने का मतलब उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास है। स्टाल में आए लोगों ने जमकर खरीदारी की। कुल दस हजार के सामान आगन्तुकों ने खरीदे। इस अवसर पर शिक्षकों और बच्चों ने एक दूसरे को अबीर और गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। संगीत की धुन पर विद्यार्थियों ने जमकर नृत्य किया। कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को होली की शुभकामना दी। इस अवसर पर प्रो. वंदना राय, प्रो. अजय प्रताप सिंह, डा. मनोज मिश्र, डा. सुनील कुमार, डा. मंगला प्रसाद, कुलपति के निजी सचिव डा. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, ईश्वर श्रीवास्तव, डा. वनिता सिंह, डा. प्रियंका कुमारी, डा. पूजा सक्सेना, डा. जया शुक्ला, डा. रेखा पाल, डा. विनय वर्मा आदि शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत अलग-अलग स्थानों पर सड़क दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। सरपतहां थाना क्षेत्र के बघरवारा गांव निवासी 19 वर्षीय विनय कुमार पुत्र फिरतू शुक्रवार को बाइक से बाजार करने आ रहा था कि बड़गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने इलाज हेतु चिकित्सालय में भर्ती कराया। वहीं असरफपुर गांव निवासी 17 वर्षीय शिवम पुत्र संतोष की बाइक की चपेट में आने से दिपाईपुर गांव निवासी 18 वर्षीय शिवम पुत्र सूर्य प्रकाश दोनों घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। उक्त घायलों की हालत गंभीर देख बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

# प्रतिदिन एक घंटा जनता दर्शन में बैठें अधिकारी :जिलाधिकारी

**निर्देश**

**अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर योजनाओं की ली जानकारी**



कलेक्ट्रेट भवन का निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त करते नवागत डीएम

**जौनपुर।** नवागत जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों से परिचय प्राप्त करते हुए जनपद में चल रहे प्रमुख निर्माण कार्यों एवं योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रतिदिन 1 घण्टा जनता दर्शन में अवश्य बैठें और आम जनमानस की समस्याओं को सुनते हुए शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये। उन्होंने कहा कि कार्यालय के बाहर बैठने का समय अनिवार्य रूप से अंकित कराए, जिससे आमजनमानस को समस्या न उत्पन्न हो। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके विभाग द्वारा किये जा रहे अच्छे कार्यों से अवश्य अवगत कराएं। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय पोर्टल पर डाटा फिडिंग का कार्य ससमय कराया जाये और समस्त अधिकारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन इमानदारी और निष्ठा पूर्वक करें। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। इस दौरान जिलाधिकारी ने आकांक्षात्मक ब्लाकों के प्रगति की समीक्षा की और जनपद में चल रही बड़ी परियोजनाओं की जानकारी सम्बन्धित अधिकारीगण से प्राप्त की। गो-आश्रय स्थलों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि नोडल अधिकारी, एडीओ पंचायत एवं पशुधन प्रसार अधिकारी की संयुक्त टीम पशु आश्रय स्थल का निरीक्षण करें। इसके उपरान्त डीएम ने ऐतिहासिक कलेक्ट्रेट भवन एवं अधिकारियों के न्यायालयों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस अवसर पर सीडीओ साईं तेजा सीलम, राम अक्षयबर चौहान, गणेश प्रसाद, सुनील कुमार, मनोकामना राय, आरडी यादव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विद्यालय अध्यापकों पर परिसर में झाड़ू लगवाने का लगाया आरोप

**जनसंदेश न्यूज**

**मांग**

**रसोइयां संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**



**बदलापुर।** उत्तर प्रदेश रसोईया संघ के प्रांतीय अध्यक्ष शिव शंकर उपाध्याय की अध्यक्षता में शुक्रवार को विकास खंड के दर्जनभर रसोइया संघ की महिलाओं ने तहसील परिसर में पहुंचकर नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी के नाम पांच सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम रिषभ देशराज पुंडीर को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से रसोइया संघ की महिलाओं ने आरोप लगाया कि कुछ विद्यालय के अध्यापकों द्वारा हम लोगों से विद्यालय परिसर में झाड़ू लगवाया जाता है और विद्यालय में बच्चों का खाना अलग तथा अध्यापकों का नाश्ता व खाना अलग से बनवाया जाता है। हमें साल में कुछ अवकाश दिया जाय, रूका हुआ बेतन दिया जाय, हमारा मानदेय शिक्षामित्र एवं अनुदेशकों की तरह माह की 10 तारीख तक खाते में भेजा जाय सहित आदि मांगों को अवगत कराया। इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष शिव शंकर उपाध्याय, सुबाष खरवार, गया प्रसाद, सुनीता,शीला, कंचन, प्रेमा, रामचंदर सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# नये डीएम अनुज झा ने संभाला कार्यभार

**जनसंदेश न्यूज**



कोषागार में चार्ज लेते नवागत जिलाधिकारी अनुज कुमार झा

**जौनपुर।** नवागत जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने कोषागार के डबल लॉक में जिलाधिकारी जौनपुर का पदभार ग्रहण किया। वे वर्ष 2009 बैच के आईएएस अधिकारी है। अनुज कुमार झा मूल रूप से बिहार के मधुबनी जिले के मूल निवासी है। उन्होंने बताया कि 2002 में स्नातक की पढ़ाई के उपरान्त 2003 से विभिन्न क्षेत्रों में सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ।

उन्होंने बताया कि नौकरी करने के दौरान ही यूपीएससी की तैयारी की। 2009 में भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन हुआ। उन्होंने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी के रुप में जनपद झासी में, ज्वाइट मजिस्ट्रेट के रुप में जनपद मुरादाबाद में, यूपीआरआरडीए के सीईओ, एडिशनल कमिश्नर मनरेगा, निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, निदेशक, पंचायती राज उ.प्र. लखनऊ एवं मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के रुप में सेवा दे चुके है। जिलाधिकारी के रूप में अयोध्या, महोबा, बुलन्दशहर, कन्नौज, रायबरेली में सेवा दे चुके है। पदभार ग्रहण करने के उपरान्त जिलाधिकारी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि मेघालय चुनाव में वे प्रेक्षक तैनात थे। चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने के बाद ही वे यहां के जिलाधिकारी के रूप में चार्ज लिया है। उन्होंने कहा कि जन समस्यायों को त्वरित गति से समाधान करना, केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई सभी योजनाओं का लाभ शासन की मंशा के अनुकूल जनता तक पहुंचना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि जनता दर्शन, थाना दिवस, सम्पूर्ण समाधान दिवस के माध्यम से जन समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयबर चौहान, वरिष्ठ कोषाधिकारी सुनील कुमार, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## ट्रक से दबकर बाइक सवार युवक की मौत

**पिकअप से पास लेते समय हुई घटना**

**मुफ्तीगंज।** गौराबादशाहपुर थाना के क्षेत्र के केराकत-जौनपुर मार्ग पर हनुआडीह मोड़ के पास ट्रक से दबकर एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। बताया जाता है कि देवगांव थाना क्षेत्र के देवगांव निवासी (बुढ़हू बाबा) नन्हकू यादव का पुत्र सोनू 30 वर्ष जौनपुर की तरफ से अपने घर देवगांव बाइक से जा रहा था। केराकत-जौनपुर मार्ग पर सीताराम इण्टर कालेज के पास पिकअप से पास लेते समय बाइक सटने के कारण असंतुलित होकर वह गिर गया और सामने से आ रही ट्रक उसके सर को कुचलते हुए भाग गयी। सूचना पर गौराबादशाहपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना देने के पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## संक्षेप

### चार वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा चालान



**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत अलग-अलग गांव से न्यायालय में चल रहे मुकदमे में हाजिर न होने पर न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने चार आरोपितों को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया। पखनपुर गांव निवासी दुर्गा पुत्र जेठू यादव, संगला प्रसाद पुत्र कालिका यादव, हुसेनाबाद गांव निवासी हेमंत कुमार पुत्र राम प्रताप व पूर्वी कौड़िया मोहल्ला निवासी संजय जायसवाल पुत्र स्व. नन्दलाल को न्यायालय में चल रहे मुकदमे में हाजिर न होने पर न्यायालय के आदेश पर कोतवाली निरीक्षक सदानंद राय ने मयफोर्स के साथ शुक्रवार को सभी आरोपितों के घर पर दबिश दे गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया गया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच एनएसएस शिविर का समापन

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय सिद्दीकपुर में सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रमों के बीच राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन किया गया। सात दिवसीय शिविर में स्वयंसेवकों ने जागरूकता अभियान के साथ-साथ गांव में जल संचय, दहेज प्रथा, मौसमी बीमारियों से बचने की जागरूकता फैलाई और लोगों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया। इसके साथ ही स्वरोजगार सृजन के भी तरीके बताए। वृक्षारोपण के साथ-साथ वृक्ष बचाने के लिए भी नसीहत दी। समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रबंधक डॉ. स्वतंत्र कुमार ने सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर व जागरूकता अभियान का समापन किया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राकेश कुमार सरोज, डा. लालचंद, सरवन कुमार मौजूद रहे।

### बीडीओ ने नैपुरा गांव में लगाई चौपाल

**मुफ्तीगंज।** स्थानीय विकास खंड के नैपुरा गांव में पंचायत भवन के सामने ग्राम प्रधान चंदादेवी की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि के रूप में खण्ड विकास अधिकारी रवि कुमार सिंह ने जन सामान्य की शिकायतें और समस्याओं को सुनकर उनको संतुष्ट किया। उन्होंने पंचायत भवन को देखा और उसकी जमीन वगैरह को तुरन्त पूरा करने का प्रधान को समय दिया। उन्होंने दलित बस्ती में बनी नाली का भी निरीक्षण किया। गांव के मुसाफिर नागर ने आवास न मिलने की शिकायत पर उन्होंने बताया कि यदि आपके पास चार बेटे है तो तीन को ही मिलेगा उनके द्वारा जो भी बातें थी उनको संतुष्ट किया। उनके पेंशन हेतु फॉर्म भरवाकर प्रधान से दिलाने की बात कहकर उनकी समस्या का विधिवत निदान किया। उन्होंने सभी आई हुई जनता से पूछा कि किसी की कोई भी समस्या हो वह पूछ सकता है। गांव के ही दशरथ ने अपनी समस्या बताई जिसको ब्लॉक पर आकर सुलझाने की बात कही। उन्होंने दक्षिण भारत के केरल कर्नाटक व तामिलनाडु देशों की सफलता की बाते बताई और कहा कि मनरेगा कार्य हो या नाली, सड़क, आवास जैसी कोई समस्या हो तो मिलजुल कर कार्य करें जिससे सरकार की उपलब्धि के साथ साथ आपका विकास हो और देश का विकास हो। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कृष्ण मोहन नागर उर्फ छोटू, सेक्रेटरी हरिहर राम, विकास, प्रभु नरायन राय, गोविंद राय उर्फ गोलू, रविकांत राय, श्याम विहारी, रमेश, फूलचंद, खुशबू नागर, कलाम एवं आशा कार्यकत्री मौके पर मौजूद रहीं।

### वारंटी गिरफ्तार

**पवांरा।** पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा के आदेश के अनुपालन में चलाये जा रहे अभियान के तहत वसूली वारंटी अभिजीत यादव पुत्र जीतलाल यादव निवासी रामपुर सवाई थाना पवांरा को थानाध्यक्ष राज नरायन चौरसिया, उपनिरीक्षक मंजय यादव ने पुलिसटीम के साथ शुक्रवार की सुबह उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

### हादसे में बाइक सवार युवक घायल

**बदलापुर।** कोतवाली क्षेत्र के रैभानीपुर ग्राम निवासी एक बाइक सवार युवक निलेश शर्मा भलुआही रेलवे क्रासिंग के समीप स्थित एक स्कूल के पास बच्चे को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां डाक्टर द्वारा बेहतर उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया।

### करंट की चपेट में आए बंदर का हुआ इलाज

**शाहगंज।** नगर के पुरानी बाजार में गुरूवार को करेंट की चपेट में आने से एक बन्दर झुलस गया। आनन फानन में उसे पशु चिकित्सा अधिकारी डाक्टर आलोक सिंह पालीवाल के यहां ले जाया गया जहां चिकित्सक ने तत्परता दिखाते हुए उसका उपचार किया। बता दे कि नगर के पुरानी बाजार में एक तीन माह का बन्दर का बच्चा कूदते वक्त करेंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी हालत गम्भीर हो गयी। बाजार निवासी युवक डिम्पल ने मानवता दिखाते हुए उक्त चिकित्सक के पास ले गया, जहाँ डाक्टर पालीवाल ने उसका उपचार किया।

### जमीन बंटवारे को लेकर हुई मारपीट

**पवांरा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत कुंवरपुर गांव में बीते 27 फरवरी की सुबह करीब साढ़े दस बजे जमीन बंटवारे को लेकर एक पक्ष के विशाल उपाध्याय, मधु उपाध्याय, सुमन उपाध्याय व शारदा देवी ने मिलकर जय प्रकाश उपाध्याय को गाली देते हुए मारने-पीटने लगे और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतहरिया ले जाकर प्राथमिक उपचार करवाया एवं पीड़ित जय प्रकाश उपाध्याय की तहरीर के आधार पर उपरोक्तगण के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्जकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गयी है।

### विश्व श्रवण दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

**जौनपुर।** विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन मुख्य चिकित्साधिकारी डा. लक्ष्मी सिंह की अध्यक्षता में सभागार कक्ष में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा बताया गया कि विश्व स्तर पर हर साल 3 मार्च को बहरेपन और सुनवाई की हानि को रोकने और दुनिया भर में कान और सुनने की क्षमता की देखभाल को बढ़ावा देने के बारे में जागरुकता फैलाने के प्रयासों पर विश्व श्रवण दिवस मनाया जाता है। नोडल अधिकारी एनपीपीसीडी कार्यक्रम डा. राजीव कुमार द्वारा बताया गया कि बहरापन ऐसी समस्या है जो उम्र बढ़ने के साथ होने वाली समस्या न होकर बचपन में शुरू होने वाली परेशानी है। दुनिया भर में लगभग 466 मिलियन लोगों को सुनने मे दुर्बलता यानि बहरापन होता है, जिनमे से 34 मिलियन बच्चे है। दुनिया में लगभग 32 मिलियन बच्चों में सुनने की क्षमता में कमी है और प्रत्येक 1000 में से 1 बच्चा जन्मजात सुनने की दुर्बलता के साथ पैदा होता है। बचपन की सुनवाई हानि में से 60 प्रतिशत ऐसे कारणे से होती है जिन्हे टाला जा सकता है। उक्त गोष्ठी में अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एसपी मिश्रा, डा. नरेन्द्र सिंह जिला कार्यक्रम प्रबन्धक सत्यव्रत त्रिपाठी, जयप्रकाश गुप्ता, अजय सिंह एवं कार्यालय के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन

**जनसंदेश न्यूज**



शिविर के समापन मौके पर सम्बोधित करते डा. रमेश मणि त्रिपाठी

**पराऊगंज।** कुटीर पीजी कॉलेज चक्के में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के समापन अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य मेजर डॉ. रमेश मणि त्रिपाठी ने कहा कि छात्र जीवन को सार्थक बनाये। वे अपने जीवन में हमेशा देने की प्रवृत्ति रखनी चाहिए ताकि आपकी पहचान समाज मे बन सके।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रोफेसर डॉ. आरके पांडेय, विशिष्ठ अतिथि डॉ. अमरेश एवं लेफ्टिनेंट डॉ. चित्रसेन गुप्ता, पूनम सिंह ने स्वयं सेवकों को सुव्यवस्थित जीवन कैसे जिए इस पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। स्वयंसेवकों के उम्दा प्रदर्शन को देखते हुए प्राचार्य ने सभी स्वयं सेवकों को मेडल देकर पुरस्कृत किया। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. एनपी मिश्र ने शिविर कर रहे स्वयंसेवकों को शिविर करने के महत्व को बताया। आभार ज्ञापन डॉ. संजय यादव ने किया वहीं स्वयंसेवकों ने रंगोली एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में देश भक्ति गीत एवं लोकगीत तथा जल संरक्षण एवं दहेज उत्पीड़न आदि सामाजिक कुरीतियों पर नाटक भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं संस्थापक की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुआ। उक्त अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

## होली पर17994 अंत्योदय कार्ड धारकों को मिलेगी 3 किलो चीनी

**बदलापुर।** तहसील क्षेत्र के अंत्योदय कार्ड धारकों को होली पर 3 किलो चीनी मिलेगी। यह जानकारी पूर्ति निरीक्षक विजय साहनी ने दी है। उन्होंने बताया कि गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले अंत्योदय कार्ड धारकों की मिठास होली पर बनी रहे इसलिए सरकार द्वारा उन्हें उन्हें मात्र 18 रूपए प्रति किलो की दर से 3 किलो चीनी होली के अवसर पर दिया जा रहा है जो 17994 अन्तोदय कार्ड धारकों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कार्ड धारकों से अपील भी किया है कि ऐसे कार्ड धारक अपनी चीनी लेना किसी भी दशा में ना भूलें। यदि कहीं किसी कोटेदार द्वारा चीनी का वितरण उक्त कार्ड धारकों में नहीं किया जा रहा है तो वह तुरंत कार्यालय में सूचित करें शिकायत मिलने पर कार्यवाही की जाएगी। सभी सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों पर 5 मार्च को चीनी वितरित किया जाएगा।

## यातायात नियमों के प्रति बच्चों को किया गया जागरूक



बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देते निरीक्षक जीडी शुक्ला

**सिरकोनी।** यातायात के नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए शुक्रवार को राष्ट्रीय पब्लिक इंटर कालेज हुंसेपुर के बच्चों व अध्यापकों को प्रभारी निरीक्षक यातायात जीडी शुक्ला ने यातायात के नियमों की विस्तार से जानकारी दी।

जीडी शुक्ला ने कहा कि हेलमेट व सीटबेल्ट लगाकर वाहन चलायें व मोटरसाइकिल पर तीन सवारी न बैठाए। तेज रफ्तार से वाहन न चलाये, गलत दिशा में वाहन न चलाये, शराब का सेवन कर गाड़ी कदापि न चलाये साथ में उससे हो रही दुर्घटनाओं को कम करने पर बल दिया। साथ ही बच्चों को इस बात के लिए भी प्रेरित किया कि बच्चे अपने जीवन में स्वभाव के अनुशासन को आत्मसात करें तथा प्रभाव के अनुशासन से दूर रहे। हेलमेट चालान से ही नहीं अपितु यमराज से भी बचाता है। कार्यक्रम के अंत मे स्कूल के प्रधानाचार्य विनय श्रीवास्तव ने सबके प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर अनिल , चंद्रभान , गौरव , एखलाक अहमद, देवेंद्र यादव, शशांक तिवारी, संजय सिंह, रामबचन, किरण सिंह, रेनु यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# मृतक शिक्षामित्र के पति को सौंपी सहायता राशि



मृतक शिक्षामित्र के पति को सहायता राशि सौंपते लोग

**जनसंदेश न्यूज**

**नौपेड़वा।** क्षेत्र में शुक्रवार को कम्पोजिट विद्यालय महिमापुर डीह विकासखंड बक्शा में तैनात शिक्षामित्र आशा मौर्या की विगत दिनों हृदय गति रुकने से मौत हो गई थी। परिवार की स्थिति बेहद ही दयनीय है। उनके पति कामता प्रसाद मौर्य किसी तरह दो बेटियों के साथ जीवन यापन कर रहे हैं। बेटी की पढ़ाई लिखाई में खर्च को लेकर के कुछ और अध्यापकों ने मदद की पेशकश की। संगठन के अध्यक्ष अच्छेलाल गौतम, ओमप्रकाश यादव, दुर्गा मौर्य, कोषाध्यक्ष विवेक कुमार विद्यालय के सभी अध्यापक महेंद्र कुमार यादव, राजेश कुमार यादव, नरेंद्र कुमार यादव, एकता गुप्ता, रजनीश, विजय कृष्ण यादव के सहयोग से 21200 रूपये इकट्ठा हुआ। इस राशि को खंड शिक्षा अधिकारी उदय भान कुशवाहा और बक्शा ब्लॉक के प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सरोज कुमार सिंह के द्वारा मृतक शिक्षामित्र के पति कामता प्रसाद मौर्य को दिया गया।

## अनियंत्रित ऑटो पलटने से पूर्वांचल विश्वविद्यालय की 6 छात्रायें घायल

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के सिद्दीकपुर में शुक्रवार की दोपहर जौनपुर-शाहगंज मार्ग सिद्दीकपुर में आटो पलटने से पूर्वांचल विश्वविद्यालय की 6 छात्रायें घायल हो गई। स्थानीय लोग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करंजाकला ले गए जहां पर डॉक्टरों ने इलाज करके छोड़ दिया। जानकारी के अनुसार जौनपुर-शाहगंज मार्ग सिद्दीकपुर में दोपहर पूर्वांचल विश्वविद्यालय की 6 छात्रायें प्रीति, श्रेया और साथ ही चार लोग आटो में बैठकर जौनपुर की तरफ आ रही थी कि सिद्दीकपुर पहुंचते ही आटो अनियंत्रित होकर पलट गया। स्थानीय लोगों ने घायल छात्राओं को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करंजाकला ले गए और परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और उपचार के बाद घर ले गए।

# जो भक्तों के पापों का हरण कर ले वही हरि : प्रमोद त्रिवेदी

**धर्म कर्म**

**श्रीमद् भागवत कथा में छठे दिन श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह में हुआ कन्यादान का आयोजन श्रोताओं ने लगाए ठुमके**




**जलालपुर।** सर्वेश्वर भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रज में अनेकानेक बाल लीलाएं कीं, जो वात्सल्य भाव के उपासकों के चित्त को अनायास ही आकर्षित करती हैं। जो भक्तों के पापों का हरण कर लेते हैं, वही हरि है। क्षेत्र के तालामझवारा ग्राम सभा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन वृहस्पतिवार को कथा का काशी से पधारे कथावाचक पंडित आचार्य प्रमोद त्रिवेदी महाराज द्वारा कथा रसपान कराते हुए कहा। कथा आरंभ रविशंकर, हरिशंकर, रमेश धर्मेंद्र चौबे द्वारा व्यास पूजन किया गया तत्पश्चात कथा रसपान कराया गया। कहा कि नंदालय में गोपियों का तांता लगा रहता है। हर गोपी भगवान से प्रार्थना करती है कि किसी न किसी बहाने कन्हैया मेरे घर पधारें जिसकी भगवान के चरणों में प्रगाढ़ प्रीति है, वही जीवन्मुक्त है। एक बार माखन चोरी करते समय मैया यशोदा आ गईं तो कन्हैया ने कहा कि मैया तुमने इतने मणिमय आभूषण पहना दिए हैं जिससे मेरे हाथ गर्म हो गए हैं तो माखन की हांडी में हाथ डालकर इन हाथों को शीतलता प्रदान कर रहा हूं। कथा में श्रीकृष्ण-रूक्मणि के विवाह का आयोजन किया गया। भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कालयवन का वध, ऊधव गोपी संवाद, ऊधव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका की स्थापना एवं रुक्मणि विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया गया। आचार्य ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला के द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ। जीव और ब्रह्म के मिलने को ही महारास कहते है। कथा पंडाल में पडित राजेश मिश्रा पूर्व प्रधान, आरती चौबे पूर्व प्रधान, सुषमा चौबे, राहुल यादव, संदीप उपाध्याय, भोले मास्टर, संजय सिंह, जयशंकर यादव, देवेश मिश्रा समेत भारी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे।

# सिलेंडर के बढ़े दामों को लेकर आप का प्रदर्शन

जनसंदेश न्यूज



सिलेंडर के दाम में वृद्धि को लेकर प्रदर्शन करते आप कार्यकर्ता

**जौनपुर।** गैस सिलेंडर के बढ़े दाम के विरोध में आम आदमी पार्टी द्वारा शुक्रवार को खाली सिलेंडर लेकर उसके ऊपर लकड़ी और कच्चा चूल्हा बनाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान पुतला जलाने की भी कोशिश की गयी। पुलिस वालों से हुई नोकझोंक में जिलाध्यक्ष के पैर में चोट भी लगी। उक्त प्रदर्शन पार्टी के जिलाध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना की अध्यक्षता में किया गया।

जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह ने कहा कि केंद्र में बैठी भाजपा की सरकार ने बढ़ती मंहगाई के साथ अब दुबारा गैस सिलेंडर के दामों में रु. 50 की बढ़ोतरी कर दी। मोदी सरकार की वादा खिलाफी के खिलाफ आज सभी जिलों में प्रदर्शन किया जा रहा है। महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अनीता मिश्रा ने कहा कि जबसे भाजपा सरकार आई है महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है जिससे देश की जनता बहुत परेशान हो चुकी है। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष वंदना मिश्रा ने कहा कि बढ़ती मंहगाई बहुत चिंता का विषय है क्योंकि जिस तरह लगातार हर चीज महंगी होता जा रहा है उससे देश की गरीब जनता बेहाल हो रही है। कार्यक्रम का नेतृत्व महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अनीता मिश्रा एवं जिला उपाध्यक्ष वंदना मिश्रा द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम की सूचना पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी अतुल कुमार तिवारी द्वारा दिया गया। वंदना मिश्रा, हिंच नारायण तिवारी, इसरावती बिंद, पंकज चौहान, अतुल कुमार तिवारी, इसरार अहमद, राजेश विश्वकर्मा, इस्लाम खान, अमित विश्वकर्मा आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

# खेल से जीवन में बढ़ता है हौसला : पंकज शुक्ला

जनसंदेश न्यूज

**आयोजन**

### सांसद खेल स्पर्धा में प्रतिभागियों ने दिखाया कौशल



**बरसठी।** स्थानीय विकास खंड के गनेशपुर गांव में शुक्रवार को सांसद खेल स्पर्धा के तहत खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपना कौशल दिखाया।

मुख्य अतिथि सांसद बीपी सरोज व प्रमुख प्रतिनिधि पंकज शुक्ला ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कहा कि प्रतिस्पर्धाओं से जीवन में निखार आता है और आगे बढ़ने का हौसला मिलता है। बीडीओ प्रवीण त्रिपाठी व बीईओ शशांक सिंह जिला युवा कल्याण अधिकारी वैभव सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। सांसद बीपी सरोज ने प्रतिभागी खिलाड़ियों को पुरस्कार व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। भूमि विकास चेयरमैन अजय सिंह, एडीओ पंचायत मुन्नीलाल यादव, सचिव अजय मिश्रा, नितेश पाठक, शुभम तिवारी, विनोद चंद पाण्डेय, अश्वनी सिंह, प्रधान गुलाब चंद यादव, प्रधान अरुण सिंह, तकनीकी सहायक एचपी, वीरेंद्र पटेल, प्रदीप सिंह व क्षेत्र के समस्त सम्मानित लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### बंद रेलवे फाटक को खुलवाने के लिए सांसद ने डीआरएम से की वार्ता



**गौराबादशाहपुर।** जौनपुर-औड़िहाड़ रेलवे प्रखंड स्थित राजेपुर गांव में लगे रेलवे फाटक को एक सप्ताह पूर्व रेलवे विभाग द्वारा बंद कर दिया गया है जिससे आने-जाने वाले लोगों को काफी दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों द्वारा इस समस्या की जानकारी सांसद बीपी सरोज को दी गई। जिस पर क्षेत्रीय सांसद बीपी सरोज राजेपुर गांव पहुचे और रेलवे विभाग के डीआरएम से वार्ता की। बता दें कि जौनपुर-औड़िहार रेलवे प्रखंड पर स्थित राजेपुर गांव के पास बने रेलवे फाटक को एक सप्ताह पूर्व रेलवे विभाग ने लोहे का खम्भा लगाकर बंद कर दिया। फाटक को बंद किये जाने से आजमगढ़ मार्ग पर आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानी होने लगी। इस समस्या को गांव के लोगों ने सांसद मछलीशहर बीपी सरोज को अवगत कराया जिसके मद्देनजर गुरुवार की शाम सांसद बीपी सरोज रेलवे फाटक राजेपुर पहुंचे और उन्होंने वहीं से डीआरएम वाराणसी से फोन कर इस फाटक को खुलवाने के लिए कहा। सांसद ने उपस्थित ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि जल्द ही इस समस्या का समाधान कर लिया जाएगा। इसी रेलवे फाटक से होते हुए हर रोज राजेपुर, धर्मापुर, कबीरुद्दीनपुर, विथार, केशवपुर, तरसंड आदि गांव के सैकड़ों लोग आते जाते हैं। फाटक बंद होने की वजह से लोगों को काफी दूरी तय करके जाना पड़ रहा है। इस दौरान उनके साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष राधेश्याम विश्वकर्मा, भाजपा नेता विकास सिंह, उमाकांत यादव, बंटी मिश्रा, गुड्डू सिंह, सुरेश यादव आदि मौजूद रहे।

### बाइक की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**सुइथाकला।** थाना क्षेत्र के खानपुर चौरवा के पास गुरूवार की सुबह बाइक की चपेट में आने से मार्निग वाक पर निकला एक अधेड़ गंभीर रूप से घायल होने के उपरान्त उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। इधर पुलिस बाइक समेत चालक को हिरासत में ले लिया है। बताया जाता है कि क्षेत्र के रामनगर गांव निवासी राजेश पाण्डेय 48 पुत्र स्व. राजेन्द्र प्रसाद गुरूवार सुबह मार्निग वाक के लिए निकला था। वापसी के दौरान खानपुर चौरवा के पास पीछे से आ रही बाइक की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। लोगों द्वारा मामले की जानकारी परिजनों के साथ पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायल को प्राथिमक उपचार हेतु शाहगंज भेजवाते हुए बाइक समेत सवार को अपनी हिरासत में ले लिया। उधर शाहगंज में चिकित्सकों ने स्थिति गम्भीर देख उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने वाराणसी ले जाने की सलाह दी। परिजन वाराणसी स्थित ट्रामा सेण्टर ले गए जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। इधर मौत की खबर पर परिजनों में कोहराम मच गया। पति की मौत की खबर पर पत्नी सबिता बेसुध हो गयी। मृतक एक बेटा और एक बेटी का पिता है। थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### सीएचसी में तीन महीने से नहीं है शुगर जांच किट

मुफ्तीगंज। स्थानीय विकास खंड के सीएचसी पर शुगर जांच करने की किट तीन महीने पहले से समाप्त हो गयी है। तीन महीने से मरीज हास्पिटल का चक्कर लगा रहे है। जांच प्रभारी की लापरवाही से मरीजों की सांसत हो रही है। इस बात की जानकारी जब जांच प्रभारी संजय सिंह से की गयी तो उनका पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। उन्होंने कहा कि जो लिखना है लिख दीजिए इस बात से उन पर कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। सीएचसी के अधिकारी व कर्मचारी तानाशाह हो गये हैं और सरकार की योजनाओं की धज्जियां उड़ा रहे हैं। दिसम्बर माह से शुगर जांच किट खत्म हो गयी और मार्च महीना शुरू हो गया है लेकिन मरीज हास्पिटल का चक्कर लगा रहे है। एक तरफ सरकार क्षेत्र की जनता के लिए हर एक सुविधा उपलब्ध करा रही है वहीं विभाग के कर्मचारी सरकार की योजनाओं पर पलीता लगाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहे हैं। सीएचसी प्रभारी डा. एसके यादव से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि जो सामान नहीं रहता है तो जिनका जो विभाग है वह अपनी डिमान्ड नोट बना कर देते है मैं साइन उस डिमांड पर कर देता हूं सामान लाने की जिम्मेदारी उसी विभाग की होती है।

# बीपी सरोज ने दिव्यांगजनों में वितरित किया ट्राई साइकिल

जनसंदेश न्यूज



दिव्यांगजनों में ट्राइसाइकिल का वितरण करते सांसद

**बरसठी।** स्थानीय विकास खंड में शुक्रवार को दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की संचालित ट्राईसाइकिल योजनांतर्गत विकास खंड परिसर में 57 दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मछलीशहर सांसद बीपी सरोज रहे। ट्राई साइकिल को वितरण करने के पश्चात बीपी सरोज ने दिव्यांगजनों को फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया व हरी झंडी दिखाकर उन्हें रवाना किया।

इस मौके पर सांसद बीपी सरोज ने संबोधित करते हुए कहा कि पहले के समाज में दिव्यांग जनों के प्रति लोगों में संकीर्ण मानसिकता थी किंतु अब केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा उनके हित में चलाई गई विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं के द्वारा उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ा गया जिससे लोगों को उनके प्रति सोच में बदलाव हुआ है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग जनों को स्वावलंबी बनाने तथा उनके स्वावलंबन हेतु हर संभव प्रयास किया जा रहा है इसमें दिव्यांग जनों द्वारा भी सहयोग किया जाए। कहा कि ट्राई साइकिल दिव्यांगजनों के विकास को नई गति प्रदान करेगी जिससे वे विकास की मुख्यधारा में सहजता से जुड़ सकेंगे। कार्यक्रम का संचालन अश्वनी सिंह ने किया। इस मौके पर जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी दिव्या शुक्ला, उपजिलाधिकारी मड़ियाहू लाल बहादुर, बीडीओ प्रवीण कुमार त्रिपाठी, सचिव अजय मिश्रा सहित दर्जनों दिव्यांगजन लोग मौजूद रहे।

### जनचौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को दी गयी जानकारी

**गौराबादशाहपुर।** शुकवार को स्थानीय विकासखंड धमार्पुर के ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर कांध और चौकीपुर में ग्राम की समस्या ग्राम में समाधान विषय पर जनचौपाल का आयोजन किया गया। मोहम्मदपुर कांध में कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड विकास अधिकारी काशीनाथ सोनकर और चौकीपुर में एडीओ पंचायत लालजी राम ने की। एडीओ आईएसबी संजय श्रीवास्तव ने मौके पर शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास योजना, फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम, आयुष्मान योजना, एकल पाइप पेयजल योजना, स्वच्छ भारत मिशन, पेंशन योजना, पंचायत कार्यालय से मिलने वाली सुविधाओं के विषय में लोगों को जानकारी दी। एडीओ एजी राम आजाद ने लोगों को कृषि विभाग से संबंधित योजनाओं के विषय में बताया। ग्राम पंचायत अधिकारी स्वतंत्र कुमार ने कन्या सुमंगला योजना की जानकारी दी। मौके पर चौपाल में आई शिकायतों का निस्तारण भी किया गया। इस अवसर पर संयुक्त खण्ड विकास अधिकारी सुबास चंद्र, सचिव, अरविंद यादव, प्रधान रूपेश राव, मनोज मौर्य, लेखपाल हरिकेश, आंगनबाड़ी, आशा अन्य विभागों के कर्मचारी, अधिकारी और भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# होली के हुड़दंग पर विवाद करने वालों पर होगी कार्रवाई

जनसंदेश न्यूज

**बैठक**

### शांति समिति की बैठक में प्रभारी निरीक्षक ने कहा



**खुटहन।** होली का त्योहार सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाए जाने को लेकर शुक्रवार को थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक राजेश यादव की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए इंस्पेक्टर ने कहा कि होली की हुड़दंग के बहाने त्योहार पर आपसी सौहार्द्र बिगाड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि होली, समानता, प्रेम और सौहार्द का त्योहार है। इस पर्व पर हम पुरानी रंजिश तक भूल आपस में एक दूसरे को एक रंग में रंगकर अपनी एकता और अखंडता को प्रदर्शित करते हैं। कभी कभी कुछ अराजकतत्वों के द्वारा ब्यवधान पैदा कर दिया जाता है। अंदेशा होने पर घटना की तत्काल सूचना थाने पर दें। इसके अलावा कहीं अवैध तरीके से मादक पदार्थ बेचना जा रहा हो तो इसकी भी जानकारी अवश्य दें। सूचना दाता का नाम गुप्त रखा जायेगा। इस मौके पर संतलाल सोनी प्रधान, विकास सिंह, राजकुमार नाविक, सुभाष यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### जश्न के रूप में मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**भदोही।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को इस साल पूरे प्रदेश में एक जश्न के रूप में मनाया जाएगा। इसके तहत आठ मार्च तक जिलों में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इन कार्यक्रमों की रूपरेखा इस साल की थीम डिजिटऑल लैंगिक समानता हेतु नवाचार और प्रौद्योगिकीह्न को ध्यान में रखते हुए तय की गयी है। इसका उद्देश्य सभी महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण व लैंगिक समानता के लिए डिजिटल युग में नवाचार, तकनीकी परिवर्तन और शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता लाना है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर संतोष कुमार चक ने बताया कि महिला कल्याण विभाग की निदेशक सरनीत कौर ब्रोका ने इस सम्बन्ध में प्रदेश के सभी जिलाधिकारी को पत्र भी भेजा है। पत्र के मुताबिक डिजिटल प्रौद्योगिकी प्रगति-2030 के लिए लक्षित सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के अपार अवसर भी प्रदान करती है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस बार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक से आठ मार्च तक की गतिविधियाँ तय की गयीं। इसके तहत एक और दो मार्च को जिलों में ह्नहममें है दमह्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत उन महिलाओं को जिन्होंने समाज की रुढियों और पूर्वाग्रहों से संघर्ष कर खुद से शुरू किये गए नवाचारों, तकनीक का प्रयोग या डिजिटल शिक्षा के माध्यम से खुद या समाज में दूसरी महिलाओं की प्रेरणास्रोत बनीं उनके बारे में समाज को अवगत कराया गया।

### तीन सौ बच्चों को निःशुल्क कापी पेन का समाजसेवी ने किया वितरण

**ज्ञानपुर।** स्थानीय क्षेत्र के अजयपुर प्राथमिक विद्यालय पर तीन सौ बच्चो को निःशुल्क कापी पेन का वितरण समाजसेवी राजेन्द्र दुबे ने किया। समाजसेवी के हाथों पाठन सामग्री पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल गये। इस अवसर पर साथ मे हजारी तिवारी, हरिश्चन्द्र दुबे, बाबा यादव, अजय दुबे, संतोष सिंह, मनोज सिंह, कामेश्वर पाल मौजूद रहें।

### सोलर वाटर पंप खोलकर गायब हुआ ठेकेदार

**सुरियावां।** प्राथमिक विद्यालय अभिया के प्रांगण में लगा सोलर पंप लगने के तुरंत बाद ही बंद हो गया।पंप गारंटी अवधि में रहने के कारण शिकायत करने पर बनवाने के लिए खोल तो दिया, लेकिन मोटर खोल कर ले जाने के बाद स्थानीय ठेकेदार लापता हो गया। विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों और बाजार वासियों के लिए पेयजल का एकमात्र सहारा सोलर वाटर पम्प बंद पड़ा है। पेयजल की व्यवस्था बन्द होने से विद्यालय के बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों ने उच्च अधिकारियों का इस विकट समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट किया है।

### राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन

**भदोही।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा एक दिवसीय शिविर का ग्राम राघोपुर में आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन प्राचार्य प्रो डॉ मुरलीधर राम ने किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में स्वयंसेवकों को सामाजिक समस्याओं और बुराइयों के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के लिए प्रेरित किया समाज सेवा का लाभ समाज के साथ-साथ स्वयं को भी मिलता है। उन्होंने धरती को बचाने के लिए पर्यावरण की समस्याओं और उनके निराकरण के लिए प्रयास करने के लिए कहा। प्लास्टिक का न्यूनतम प्रयोग अधिकाधिक वृक्षारोपण और प्रकृति के अनुसार जीवन शैली विकसित करने पर बल दिया। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर पाल और हरिजन बस्ती में जागरूकता रैली को प्रस्थान कराया। रैली के माध्यम से पर्यावरण बचाओ और स्वच्छता का संदेश दिया गया। पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गौतम गुप्ता ने छात्रों को राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना तथा विकास से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक आपदा और दुर्घटना के समय आगे आकर के राहत और बचाव कार्य में संलग्न होते हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रुस्तम अली और डॉ श्वेता सिंह के नेतृत्व में छात्रों ने श्रमदान किया। शिविर में डॉ. माया यादव, अनुराग सिंह, राजकुमार सिंह यादव, डॉ. रणजीत सिंह, बृजेश कुमार, डॉ. भावना सिंह, डॉ. अंकिता तिवारी, आशीष जायसवाल, डॉ. शिखा तिवारी, डॉ. अमित तिवारी आदि प्राध्यापकगणों ने छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# होलिकादहन स्थलों व रूटों का भ्रमण कर आयोजकों को दिए दिशा-निर्देश

**चौकसी**

### संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की सघन चेकिंग

### पुलिस बल के साथ कोतवाल ने किया पैदल मार्च



**गोपीगंज।** पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में आगामी त्यौहारों होलिका, होली व शब-ए-बरात के दौरान चाक चौबन्द सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत नगर कोतवाल सदानंद सिंह चौकी प्रभारी मनोज राय सहित थाना के सभी सब इंस्पेक्टर, कांस्टेबलों, महिला कांस्टेबलों द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए पैदल गश्त किया। गोपीगंज क्षेत्र अन्तर्गत होलिका दहन रूटों का भ्रमण एवं पैदल गस्त किया गया। इसी क्रम में थाना क्षेत्र अंतर्गत होलिकादहन स्थलों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए संबंधित आयोजकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। पैदल गश्त के दौरान प्रमुख मार्गो, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई। गोपीगंज पुलिस द्वारा पैदल गस्त के दौरान आम जन को आश्वस्त कराया जा रहा है, कि जनपद भदोही पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है।

# प्रेस वार्ता के दौरान सपा नेता ने बीजेपी पर साधा निशाना

**आरोप**

### बीजेपी झूट बोलने वालों की गैंग: राजपाल कश्यप



स्व. फूलन देवी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते सपाई

**भदोही।** बीजेपी ने हमेशा पिछड़ों, शोषितों, वंचितों के कंधों पर अपनी सियासी बंदूक चलाई है। आज अधिकार और संख्या बताने की बारी आयी तो सरकार जातीय जनगणना से बच रही है। बीजेपी सरकार जाति को जाति से लड़ा रही है, धर्म को धर्म से और लोगों को लोगों से लड़ा कर अपनी राजनीति चला रही है। बीजेपी झूट बोलने वालों की गैंग है। उक्त बातें 'जातीय जनगणना' संगोष्ठी कार्यक्रम के आठवे दिन पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजपाल कश्यप द्वारा शुक्रवार को नगर ने पकरी तिराहा स्थित के एक प्रतिष्ठान में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। उन्होनें कहा कि बीजेपी ने सिलेंडर 400 से 1200 पहुंचा दिया, बिजली बिल लगातार बढ़ता जारहा है, डीजल पेट्रोल के दाम आसमान छू रही है। देश विरोधी और आरक्षण विरोधी बीजेपी 5 किलो अनाज दे कर लोगों को गुलाम बनाना चाहती है। समाजवादियों की पुरानी मांग रही है कि जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी। उन्होनें कहा कि जातीय जनगणना के प्रति संगोष्ठियों के माध्यम से हम प्रदेश भर की जनता को जागरूक करेंगे। इसी कड़ी में दो दिनों तक भदोही में जगह जगह संगोष्ठी कर लोगों को जागरूक किया जारहा है। प्रेस वार्ता के बाद पकरी तिराहे पर स्थित फूलन देवी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर मांग किया कि मिर्जापुर और भदोही में महिला सशक्तिकरण की प्रतीक फूलन देवी की मूर्ति लगायी जाए। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष मोहम्मद आरिफ सिद्दीकी, पूर्व जिलाध्यक्ष विकास यादव, विजय सोनकर, अली शेर खान, प्रदीप यादव, महेंद्र कुमार गोंड़, जईम बेग, राजकुमार यादव, अयूब अंसारी उर्फ बाबू भाई, प्रमोद , सुनील यादव और आशीष कुमार गोंड़ आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# रसोई गैस के दाम में बढ़ोत्तरी के खिलाफ आप ने किया प्रदर्शन

**रोष**

### मूल्य वृद्धि वापस नहीं हुई तो आंदोलन तेज करने की चेतावनी



अजीमुल्लाह चौराहा पर गैस सिलेंडर रख प्रदर्शन करते आप कार्यकर्ता

**भदोही।** आम आदमी पार्टी भदोही के कार्यकर्ताओ व पदाधिकारियों ने बढ़े हुए गैस सिलेंडर के विरोध में भदोही स्थित अजमुल्हा चौराहे पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और चेतावनी भी दिया कि यदि शीघ्र ही मूल्य वृद्धि वापस नहीं ली गई तो और तेज आंदोलन किया जाएगा।

इस दौरान आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष ने कहा कि जिस तरह 2022 में चुनावी रैलियों में अमित शाह जीने चिल्ला चिल्ला कर गला फाड़ फाड़ कर रैलियों में चिल्ला रहे थे कि भाइयों और बहनों एक बार 10 मार्च को हमारी सरकार बनवाई तो हम आपको हर होली और हर दीपावली पर एक एक गैस सिलेंडर मुफ्त देने का काम करूंगा। उत्तर प्रदेश की भोली-भाली व मासूम जनता अमित शाह के बहकावे में आकर मोदी और योगी की उत्तर प्रदेश में दोबारा सरकार बनवाई उसके बदले में मोदी और योगी सरकार अपनी बहनों को होली में फ्री सिलेंडर देने के बजाय उल्टा गैस सिलेंडर का दाम 50 रुपया बढ़ाकर के होली का रिटर्न गिफ्ट दिया है। प्रधानमंत्री अपने मित्र अडानी को फायदा पहुंचाने के लिए जो गैस का दाम बढ़ाया है उसका जवाब आपको आने वाले चुनाव में जनता भली-भांति आपको देगी। आम आदमी पार्टी बीजेपी को सत्ता से बेदखल कर देगी। प्रदर्शन के दौरान जितेंद्र उपाध्याय, बालकृष्ण, इजहार अहमद, चांद मंसूरी, फैजान अंसारी, सादिक अंसारी, जावेद अली, नवाज सिद्दीकी, प्रियांशु गुप्ता, प्रदीप मौर्या, विनय कुमार बिंद, रोशन अली, आसिफ शेख, राजकुमार सिंह, राजीव कुमार पाल, आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

# घर का ताला तोड़ बकरी व बकरा उठा ले गए चोर

**भदोही।** औराई क्षेत्र अन्तर्गत विलपुर गांव में अज्ञात चोरों द्वारा दो बकरा एक बकरी चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार विलपुर निवासी अख्तर अली 11 फरवरी को रात में दो बकरा एक बकरी बांधकर घर का ताला बंद करके अपने परिवार के साथ पास के कमरे सोया हुआ था। भोर में करीब चार बजे अज्ञात चोरों ने चार पहिया वाहन से पहुंचकर उसके घर का कुंडी लगा दिया। तत्पश्चात बकरी बंधे घर का ताला तोड़कर दो बकरा व एक बकरी वाहन से लेकर फरार हो गए। सुबह बहुत खोजबीन के बाद भी बकरी व बकरा नहीं मिला। अख्तर अली ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ. उमेश्वर प्रभात सिंह को प्रार्थना पत्र दिया है। कोतवाली प्रभारी नागेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# उच्च पौष्टिक आहार व स्वच्छ खाद्य आदतों के उन्नयन पर आधारित है ईट राइट मेला : डीएम

जनसंदेश न्यूज

**मीटिंग**

### 14 मार्च को वूडवर्ड पब्लिक स्कूल में आयोजित होगा भव्य ईट राइट मेला

**भदोही।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जनपद भदोही में लगाए जा रहे ईट राइट मेले के संबंध में विभागीय अधिकारियों से समन्वय के संबंध में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में जूम मीटिंग का आयोजन हुआ।

बैठक का संचालन सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के द्वारा किया गया। सहायक आयुक्त ने समस्त अधिकारियों को अवगत कराया कि वर्ष 2021 के दिसंबर महीने में विभाग द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में ईट राइट मेले का आयोजन हुआ था। जिसमें समस्त जिला स्तरीय अधिकारी द्वारा सहयोग प्रदान किया गया था। जिससे मेले का संपादन बहुत ही अच्छे तरीके से हुआ। इस मेले में विभाग द्वारा जनपद के कम से कम 5000 व्यक्तियों तक विभाग को पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इस मेले का आयोजन 14 मार्च 2023 को भदोही नगर पालिका क्षेत्र स्थित वूडवर्ड पब्लिक स्कूल के ग्राउंड में किया जाएगा। मेले में सरकारी एवं गैर सरकारी लगभग 25 स्टाल लगाए जाएंगे। मेले के संबंध में विभाग के जागरूकता कार्यक्रम भी प्रगति पर है। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा जिनका उद्देश्य आम जनमानस के खाने की आदतों के संबंध में रहेगा। खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के संबंध में आम जनमानस को अवगत कराया जाएगा एवं विभाग की खाद्य पदार्थ परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से बच्चों एवं आम जनमानस को खाद्य पदार्थों में मिलावट एवं उनकी गुणवत्ता से भी अवगत कराया जाएगा।

# ‘लकड़ी नइखे त गोहरी दाऽ, गोहरी नइखे त...दाऽ’

जितेंद्र श्रीवास्तव

**लुप्त हो गई परम्परा**

**शहरों में नहीं निकलती फगुआ गाने वाली टोलियां**

**गलियों में अब नहीं सुनाई देते हुलियारों के शोर**

**गांवों में भी पुराने रीति-रिवाजों का बस हो रहा निर्वाह**

**वाराणसी।** पहले बंसत पंचमी के दिन होलिका के लिए निर्धारित स्थानों पर अरण्डी यानि रेड के डण्डे गाड़ कर होलिका की स्थापना की जाती थी। इसके साथ ही होलिका के लिए हरियाली से इतर का ईंधन जुटाने में गांव-मोहल्लों के युवा प्रतिदिन सायंकाल ‘ए फलनवां तोहरा सोने के केवाड़ी दूगो लकड़ी दाऽ, लकड़ी नइखे त गोहरी दाऽ, गोहरी नइखे त... दाऽ, ...नइखे त पइसा दाऽ’ गाते हुए घर-घर घूमते थे। जिस परिवार से कुछ भी नहीं मिलता था, उसके दरवाजे पर ‘तोहरा दुवरिया पर छेरे बकरी’ कह कर चिढ़ाते थे। लेकिन हुलियारों की यह आवाज अब सुनाई नहीं देता है। शहरों में नहीं निकलती फगुआ गाने वाली टोलियां। गांवों में भी बस हो रहा पुराने रीति-रिवाजों का निर्वाह।



जी हां, फगुआ गाने वालों की टोलियां, जिसमें कमर में ढोलक, हारमोनियम बांधकर छाल, करताल के साथ साज बजाने वाले और नाचने के लिये नचनिया होते थे, गांव हो या शहर के गली-मोहल्ले, सभी जगह हुलियारों की टोलियां निकलती थी। जो हर दरवाजे पर होली और गारी गाते हुए पैसे या गोहरी वसूलते थे। होली के दिन रंग-गुलाल के साथ युवाओं की टोलियों की बारात निकलती थे। समय के साथ बहुत बदलाव आ गया मगर आज भी शहर में इक्का-दुक्का जगह होलिका में हरियाली होम करने से बेहतर लोग गोइठा यानि गोबर से बना हुआ उपले का प्रयोग करते हैं।



होलिका दहन पर परंपराओं में आज भी प्राथमिकता लोगों की गोहरी ही है, इसके पीछे मंशा यह भी कि हरियाली बनी और बची रहे। होलिकादहन के दिन घरों में उबटन लगाने की परम्परा रही है।

बुजुर्गों का कहना है कि उबटन से शरीर से निकली झिल्ली और गोइठा या लकड़ी के साथ लोग परिवार सहित होलिका में अपनी बुराइयों को होम करते तथा आरोग्यप्रद नए साल की कामनाओं के साथ। होलिका में नवान्न गेहूं-जौ की बालियों को भूनकर परिक्रमा करते और धूलिवंदन (होलिका की राख लगाने) के साथ रंग गुलाल की होली शुरू हो जाती थी। लेकिन अब यह परम्परा भी टूट रही है। भागमभाग भरी जिंदगी का बहाना हो या फिर आज की युवा पीढ़ी। वह तो इन परम्पराओं का निर्वाह करने में भी संकोच करने लगी है। यहीं वजह है कि अधिकांश होलिकाओं में गोइठा की जगह कबाड़ ही नजर आते हैं। इसका पर्यावरण भी असर साफ नजर आता है।



## आधुनिकता की दौड़ में कम हो गई फाग गीत की गूंज

बड़े-बुजुर्ग बताते हैं कि होली का त्योहार आते ही कभी ढोलक की थाप व मंजीरों पर चारों ओर फाग गीत गुंजायमान होने लगते थे, लेकिन आधुनिकता के दौर में आज के समय में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की यह परंपरा लुप्त सी हो गई है। दो-ढाई दशक पूर्व तक माघ महीने से ही गांव में फागुनी आहट दिखने लगती थी, लेकिन आज के जमाने में फागुन माह में भी गांव फागुनी महफिलों से अछूते नजर आ रहे हैं। आज जहां पुष्प मंजरी, बसंत की अंगड़ाई, पछुआ हवा की सरसराहट फागुन का स्पष्ट संकेत दे रही है, लेकिन इस आधुनिकता की दौड़ में हमारी परंपराएं निढाल हो गई है। फागुन महीने में शहरों से लेकर गांवों तक में फाग गाने और ढोलक की थाप सुनने को लोगों के कान तरस रहे हैं। महाशिवरात्रि का पर्व आते-आते फाग गीतों की धूम मचती थी। ढोल मंजीरे व करताल की आवाजों के बीच फगुआ के गाने गूंजते थे। लेकिन आज भेदभाव व वैमनस्यता के चलते अब त्योहारों के भी कोई मायने नहीं रह गए हैं। लोगों का मानना है कि मोबाइल संस्कृति के चलते जहां पुरानी परंपराएं दम तोड़ रही है। वहीं आज की युवा पीढ़ी पुरानी संस्कृतियों को सीखना नहीं चाहती है। यही कारण है कि होली के त्योहार पर फाग गायन अब धीरे-धीरे खत्म सा होता जा रहा है। होली के त्योहार पर फाग गायन का विशेष महत्व है। फाग गायन संगीत की एक विशेष कला है। जिसमें रागों के साथ ताल का भी मेल होता है। गांवों में लंगड़ी व अन्य प्रकार की फाग गायी जाती है।

### एक माह पूर्व से होलिका दहन की होती थी तैयारी

बड़े-बुजुर्गों ने बताया कि होलिका दहन के बाद हिदू रीति-रिवाज के अनुसार नये साल का आगाज होता है। गुजरे जमाने में गांव हो या मोहल्ला, एक ही स्थान पर होलिका दहन किया जाता था। इसके लिए करीब एक माह पूर्व से तैयारी की जाती थी। शाम होते ही ढोल-बाजे के साथ युवाओं की टोली निकलती थी और लोगों के घर पहुंचकर होली गीत गाते थे। इसके साथ ही गोहरी और लकड़ी का संग्रह किया जाता था। होलिका दहन के दिन बुजुर्ग, युवा, बच्चे व महिलाओं की भीड़ जुटती थी और देवी-देवताओं का सुमिरन कर ब्राह्मणों के मंत्रोच्चारण के बीच होलिका दहन किया जाता था। सुबह होने के बाद लोग होलिका दहन स्थल पर पहुंचकर राख की टिक लगाते थे। इसके साथ ही होली खेलने का दौर शुरू होता था। लेकिन आज यह परम्परा लगभग विलुप्त सी हो गयी है। अब तो एक ही गांव और मोहल्ले में कई-कई जगह होलिका दहन किया जाने लगा है। इसमें लकड़ी ही नहीं कबाड़ और खर-पतवार भी लोग डाल देते हैं। अब होली ने अश्लीलता का रूप ले लिया है। यहीं कारण है कि आज समाज में तमाम विकृतियां फैल रही है। आपसी भाईचारा भी समाप्त हो चुका है। लोग होली के बहाने आपसी दुश्मनी तक निकालने लगे हैं।

# घर के जैसे पकवान बाजार में भी उपलब्ध

**होली बाजार**

**रेडीमेड पारम्परिक पकवानों का लोगों में बढ़ा क्रेज**


**तैयार परिधानों से लेकर जरूरत के सामानों की खरीदारी**

**वाराणसी।** रंगीला पर्व होली सन्निकट है। एक तरफ, घर की रसोइयों से निकलने वाली सोंधी महक फिजाओं में तैर रही है। वहीं दूसरी तरफ, तमाम लोगों ने रेडीमेड पकवानों की भी राह पकड़ ली है। जिन परिवारों में बड़े-बुजुर्ग नहीं है या फिर सभी नौकरीपेशा में हैं तो ऐसे लोग रेडीमेड पकवानों पर भी फिदा है। बाजार पर गहरी पैठ रखने वाली कंपनियों ने इसका फायदा उठाते हुए इस बार भी तैयार गुझिया से लेकर हर वह आइटम उतारे हैं, जिसकी चाहत होली पर होती है।

बात हम करें रेडिमेड गुझिया तो खोआ, बेसन निर्मित यह आइटम लोगों को खूब लुभा रहा है। नामी-गिरामी कंपनियों के अलावा स्थानीय निमाताओं ने भी तैयार गुझिया संग नमकीन, रंग-अबीर-गुलाल का गिफ्ट पैक बाजार में उतारा है। बाजार सूत्रों की मानें तो एक किलो गुझिया के साथ आधा किलो नमकीन पैकेट संग अबीर-गुलाल व रंग का गिफ्ट पैक खूब बिक रहा है। कारोबारियों की माने तो काशी में राजस्थान, दिल्ली, आंध प्रदेश, पंजाब, महाराष्ट्र आदि प्रांत के रहने वालों को ध्यान में रखकर गुझिया बाजार में उतारा गया है। बाजार में लौंगकली, समोसा गुझिया, पंजाबी गुझिया से लेकर स्ट्रॉबेरी, चॉकलेटी, कैलोरी फ्री, रोस्टेट, खोआ, पिश्ता गुझिया उपलब्ध है। इसके अलावा आलू व मूंग पापड़, तरह-तरह के चिप्स, साबुदाना के आइटम, मैदा वाला सादा व रंगीन भिंडी, फिंगर, कमल का फूल, चावल पापड़, चटाई, रिंग, करैला, पोहा, सेव, जलेबी आदि तैयार आइटम भी बाजार में लोगों को लुभाने में कामयाब है। हर कोई अपने सामर्थ्य के अनुसार खरीदारी करने में मगशूल है। थोक बाजार समेत गली-कूचों में खुली स्थायी और अस्थायी दुकानों पर सामानों की खरीदारी से माहौल रंगीन हो गया है।



# भारत ऐसा देश, जहां कपड़ा भी कलरफुल



बेंजामिन पूटर

**संस्कृति की बहार**

**बनारस एकमात्र ऐसा शहर, जहां हम सब एक है**

**भारत ने संस्कृति को जीवन से जोड़ा है**

**हम पुराना कपड़ा पहन कर होली खेलेंगे**


**कलर फेस्टिवल सेलिब्रेट करने जर्मनी से आये बेंजामिन**

राधेश्याम कमल

**वाराणसी।** बनारस एकमात्र ऐसा शहर है जहां पर हम सब एक हैं। यह नारा यहां पर चरितार्थ होता हुआ दिखता है। काशी सत्य की नगरी है। देखा जाय तो बनारस ही पूरी तरह से इंडिया है। जब हम मणिकर्णिकाघाट पर शव का अंतिम संस्कार करते हुए देखते हैं तो उनसे हमारी आत्मीयता जुड़ जाती है। उसी में हम विलीन हो जाते हैं। यह कहना है जर्मनी से आये बेंजामिन पूटर का जो कलर फेस्टिवल सेलिब्रेट करने के लिए अपनी बड़ी बहन एमली के साथ बनारस आये हैं। इस दौरान उनसे बातचीत हुई। कहा कि बनारस की होली बहुत ही खास होती है। हम होली पर यहां पुराना कपड़ा पहन कर होली खेलेंगे। भारत एक ऐसा देश है जहां पर कपड़ा भी कलरफुल पहनते हैं। मकान भी कलरफुल है। यह देश कलर से भरा हुआ है। हमें खुशी है कि भारत एक एशाा देश है जहां पर अपनी संस्कृति के साथ-साथ पूरी दुनिया को जोड़ कर रखता है। यह बहुत बड़ी महनाता है जो भारत आज भी संस्कृति को जीवनशैली से जोड़ा है। कहा कि हम भगवान शिव व पार्वती के विवाह पर काशीवासियों को बधाई व शुभकामना देते हैं।

बेंजामिन पूटर ने कई किताबें भी लिखी हैं जिसमें व्हाट गांधी मीन्स टू मी तथा चाइल्ड लेबर पुस्तक हैं। इस पुस्तक में उन्होंने गांधी क्या है के बारे में लिखा है। उनके मुताबिक गांधीजी की जो जो सोच है वह हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। बेंजामिन पूटर व उनकी बहन एमली का काशी के प्रसिद्ध सरोदवादक पं. विकास महराज के साथ बरसों पुराना संबंध है। वे बताते हैं कि बनारस घराने के संगीतज्ञ पं. विकास महराज का जर्मनी समेत कई देशों में ख्याति है। भारतीय शास्त्रीय संगीत यूनिवर्सल है।

भारतीय शास्त्रीय संगीत की कोई सीमा नहीं है। पं. विकास महराज सरोद बजाते हैं। यह अफगानिस्तान से आया है लेकिन इन्होंने जो उंचाई दी है वह हमें पसंद है। हमारे लिए संगीत जीवन जीने की कला है। वे बताते हैं कि वह पहली बार 1980 में भारत आये। वे अब तक 91 बार भारत आ चुके हैं। कहा कि हम भारत को बहुत ही पसंद करते हैं। अगर हम इसे पसंद नहीं करते तो कभी नहीं आते। बेंजामिन अंग्रेजी के साथ ही हिंदी भी बोलते हैं। कभी कभी वे हिंदी में भी बात करने लगते हैं। कहा कि भारत संगीत व सभ्यता का देश है। वे महात्मा गांधी से इतने ज्यादा प्रभावित है कि वे अक्सर खादी कपड़ा पहनते हैं। कहा कि खादी गांधी के शांतिदूत के रूप में प्रचार करता है। हम उनको हृदय से मानते हैं। कहा कि भारत ने दुनिया को बहुत कुछ दिया लेकिन आज भी बहुत कार्य ऐसे हैं जो नहीं हो पा रहे हैं। हम बहुत दुःखी है कि शिक्षा के प्रति यह देश उतना ध्यान नहीं दे रहा है। यही वजह है कि हम बच्चों को समान शिक्षा मिले यह चाह रहे हैं। अगर सभी बच्चों को शिक्षा मिलने लगे तो कोई भी देश जल्द ही ऊपर आ जायेगा। इसलिए भी चाइल्ड लेबर के खिलाफ लड़ाई लड़ते हैं। इसको लेकर हम पूरे विश्व में चाइल्ड एजुकेशन पर अभियान चला रहे है।



एमिली

# बनारसी टोपियां पड़ोसी देश नेपाल में भी प्रचलित

**टोपी बाजार में फैशन की बहार**

**जोगिरा सरारारारा...के आगे कीमत की परवाह नहीं**

**सीजन में बिक जाती हैं 70-75 लाख की टोपियां**

**वाराणसी।** फागुनी बयार के साथ ही बाजार में होली के सामानों की बिक्री भी तेज हो गयी है। फैशन की बहार के बीच टोपी बाजार में भी रौनक बढ़ने लगी है। तरह-तरह की रंग-बिरंगी टोपियां ग्राहकों को अपनी ओर खींच रही है। कारोबारियों की माने तो पड़ोसी देश नेपाल में भी बनारसी टोपियां काफी प्रचलित है।

हड़हासराय और राजादरवाजा टोपियों की थोक मंडी है। कपड़े की टोपी छोड़कर अन्य सभी प्रकार की टोपियां बनारस में ही बनती है। सीजन के करीब चार-पांच पांच माह पूर्व ही कारीगर इसकी तैयारी शुरू कर देते हैं और एक महीना पूर्व सजधज कर टोपियां बाजार में उतार जाती है। फैशन का रंग इन पर चढ़ा है। उपभोक्ताओं की पसंद को ध्यान में रखकर कारीगरों ने तरह-तरह की टोपियां बाजार में उतारी है। थोक मंडी में पन्नी वाली टोपियों की भरमार है। इसके अलावा कपड़ा, दफ्ती, फोम, मखमल, वेलवेट, सितारा, मोती, गोटा आदि की बनी टोपियां भी है। कोई ‘रंगीला’ को पसंद करता दिखता तो किसी की चाहत में ‘अनारकली’ बसती।

विक्रेताओं की माने तो ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए कारीगर अपने-अपने हिसाब से टोपियों का नामकरण कर देते हैं। कपड़े वाली टोपियां दिल्ली एवं मुम्बई से मंगाई जाती है। लेकिन अब बनारस में भी ऐसी टोपियां तैयार होने लगी है। पूर्वांचल के विभिन्न जिलों के अलावा बिहार, मध्य प्रदेश, आसाम आदि प्रांतों के फुटकर कारोबारी यहां से टोपियों की खरीदारी करते हैं। कारोबारियों की माने तो सीजन में 70-75 लाख रुपये से अधिक की टोपियां बिक जाती है।



# रंगभरी एकादशी पर रथयात्रा से निकली निशान यात्रा

**खाटू श्याम के भजनों पर खूब नाचे**

**भजनों व ध्वजा के साथ हजारों की संख्या में श्रद्धालु रहे शामिल**

**वाराणसी** । रंगभरी एकादशी पर श्री श्याम मंडल की ओर से रंगभरी एकादशी पर शुक्रवार को रथयात्रा स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर से भव्य निशान शोभायात्रा निकाली गई। फागुन महोत्सव के तहत संजय पुजारी ने निशान ध्वज की पूजन अर्चन कर आरती उतारी। इसके बाद संस्था के अध्यक्ष दीपक बजाज मंत्री ने भक्तों को ध्वजा देकर शोभा यात्रा का शुभारंभ किया। शोभायात्रा में लोग खाटू श्याम के भजनों पर नाचते गाते चल रहे थे। संयोजक अमन अग्रवाल जागृत गाड़ोदिया के नेतृत्व में यात्रा गुरूबाग होते हुए लक्सा स्थित श्याम मंदिर पहुंची। जहा पर श्याम प्रभु के श्रीचरणों में निशान अर्पण की गई। शोभायात्रा में श्री कृष्ण स्वरूप खाटू श्याम बाबा की अलौकिक प्रतिमा सजाई गई थी। भजनों पर महिलाएं व पुरुष थिरके हुए चल रहे थे। मारवाड़ी युवक संघ के पुरुषोत्तम, महेश चौधरी गौरव अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, कृष्ण कुमार काबरा, मनीष गिनोडिया ने एल पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा में गणेश लोहिया बंटी, राजेश तुलस्यान, सुरेश तुलस्यान, प्रमोद बजाज पवन कुमार अग्रवाल, प्रवीण भाखरिया, विजय खेमका भगवती शर्मा, गोपाल आदि शामिल रहे।



# विश्वनाथ धाम में पूरे भारत के व्यंजनों का स्वाद मिलेगा

**प्रसाद**

**फूड कोर्ट में 150 से अधिक व्यंजन श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध**

**वाराणसी।** काशी विश्वनाथ धाम के मंदिर चौक क्षेत्र में फूड कोर्ट की शुरूआत हो गई। काशी विश्वनाथ पूजन करने के बाद भोग चढ़ाकर फूड कोर्ट रंगभरी एकादशी से शुरू हो गया। धाम में संचालित होने वाले फूड कोर्ट में 150 से अधिक व्यंजन श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध कराये गये हैं। काशी विश्वनाथ धाम में अब श्रद्धालुओं को संपूर्ण भारत के व्यंजनों का स्वाद चखने को मिलेगा। एकादशी की तिथि पर उडुपी टू मुंबई फूड कोर्ट का संचालन शुरू हो गया है। उडुपी से लेकर मुंबई तक के विभिन्न राज्यों का स्वाद एक ही छत के नीचे धाम में आने वाले श्रद्धालुओं को मिलेगा। धाम में संचालित होने वाले फूड कोर्ट में 150 से अधिक व्यंजन श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध हैं। इसमें बनारसी चाट, बेकरी कार्नर, जूस काउंटर, मुंबई काउंटर सहित कई कॉर्नर बनाए गए हैं। मंगला आरती करके आने वाले श्रद्धालुओं के लिए फूड कोर्ट पर नाश्ते की व्यवस्था होगी। फूड कोर्ट का संचालन प्रातः छह बजे से रात्रि 11 बजे तक किया जाएगा। व्यंजन तैयार करने वाले सभी कारीगर उडुपी से ही बुलाए गए हैं। धाम में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए फूड कोर्ट में हर तरह के व्यंजन उपलब्ध हैं। धाम के अनुसार भोजन में शुद्धता का ख्याल रखा गया है।



# हरिश्चन्द्र घाट पर जलती चिताओं के बीच खेली भस्म की होली

**अनूठा आयोजन**

**क्रीकुंड से औघड़ संतों ने निकाली शोभायात्रा**

**वाराणसी।** रविन्द्रपुरी स्थित भगवान कीनाराम स्थली क्रीं कुंड से औघड़ संतों ने शुक्रवार को विशाल शोभायात्रा निकाली। जिसमें हजारों की संख्या में लोग नाचते-गाते नजर आए। इसमें भूत-प्रेत-पिशाचों की टोली भी शामिल थी। शोभायात्रा क्रीकुंड स्थित रवीन्द्रपुरी से प्रारंभ होकर शिवाला, सोनारपुरा होती हुई हरिश्चन्द्रघाट पहुंची। शोभायात्रा में नाचते गाते हुए लोग चल रहे थे। जबकि गानों पर भूत-प्रेत-पिशाच की टोलियां नृत्य कर रही थीं। शोभायात्रा के हरिश्चंद्र घाट पर पहुंचने पर सभी ने जलती हुई चिताओं के बीच भस्म की होली खेली। इसमें चारों तरफ भस्म उड़ाया गया। इसे देखने के लिए घाट के ऊपर व इधर-उधर भारी संख्या में लोग मौजूद थे। रंगभरी एकादशी के एक दिन बाद यानी चार मार्च को महाश्मशान मणिकर्णिका घाट पर चिता भस्म की होली खेली जाएगी।

